आषाढ़ कृष्ण पक्ष द्वादशी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 3 जुलाई 2024
वर्ष 4, अंक 136, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

हल्द्वानी

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



शूटआउट में जीता पुर्तगाल, क्वार्टर फाइनल में 15

शाहरुख को मिलेगा करियर अचीवमेंट अवॉर्ड 16

# सत्संग के बाद भगदड़, 116 की मौत

## हाथरस में भोले बाबा के कार्यक्रम में लाखों की संख्या में जुटी थी भीड़

## सरकार आयोजकों के विरुद्ध केस दर्ज कर बड़ी कार्रवाई करने की तैयारी में

## मुख्यमंत्री के निर्देश पर तीन मंत्री, मुख्य सचिव, डीजीपी दुर्घटनास्थल को रवाना

### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज घायलों का हाल लेने हाथरस जाएंगे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/एजेंसी

**अमृत विचार** : हाथरस जिले के सिकंदराराऊ तहसील के ग्राम पंचायत रतिभानपुर के मजरा फुलरई में आयोजित एक सत्संग में मंगलवार को मची भगदड़ में 116 लोगों की मौत हो गई और कई घायल हो गए। मृतकों में सात बच्चे और एक पुरुष के अलावा अन्य महिलाएं हैं। मृतकों में 72 की पहचान हो चुकी है। दुर्घटना उस वक्त हुई जब, नारायण साकार विश्व हरि के नाम से प्रसिद्ध भोले बाबा के कार्यक्रम में लाखों की संख्या में भक्तों की भीड़ जुटी थी। कार्यक्रम स्थल पर प्रशासन की अनुमति से ज्यादा भक्त पहुंचे। मुख्य सचिव मनोज सिंह और डीजीपी प्रशांत कुमार दुर्घटनास्थल के लिए रवाना हो गए हैं। घायलों को इलाज के लिए एटा और अलीगढ़ भेजा गया। राज्य सरकार कार्यक्रम आयोजकों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर बड़ी कार्रवाई करने की तैयारी में है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी बुधवार को घायलों का हाल लेने हाथरस जाएंगे। इस बीच प्रधानमंत्री मोदी ने मुख्यमंत्री योगी को फोन कर हादसे के बाबत जानकारी ली और मृतकों के परिवार और घायलों के प्रति संवेदना प्रकट की।

कुछ प्रत्यक्षदर्शियों ने एटा के अस्पताल में 60 से अधिक शव लाए जाने का दावा किया। पीड़ितों को मृत अवस्था में या बेहोशी की हालत में ट्रकों और अन्य वाहनों में लाद कर सिकंदराराऊ ट्रामा सेंटर लाया गया। शवों को स्वास्थ्य केंद्र के बाहर रखा गया, जहां लोगों की भारी भीड़ एकत्र है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर लखनऊ से मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी, असीम अरुण और संदीप सिंह दुर्घटनास्थल के लिए रवाना हो चुके हैं। मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह एवं पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार को भी दुर्घटनास्थल पर पहुंचने के निर्देश दिए गए हैं। सत्संग में शामिल होने के लिए सपरिवार जयपुर से आई एक प्रत्यक्षदर्शी शकुंतला देवी ने न्यूज एजेंसी को बताया कि सत्संग खत्म होने के बाद लोग जब आयोजन स्थल से निकल रहे थे, तो उसी समय भगदड़ मची। उन्होंने बताया कि लोग एक दूसरे के ऊपर गिरते चले गए। एटा के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह ने बताया कि यह घटना फुलरई में सत्संग में हुई, जिसमें शामिल होने के लिए बड़ी संख्या में लोग आए थे। जिलाधिकारी आशीष कुमार ने बताया कि घटना में अब तक लगभग 60 लोगों की मौत होने की जानकारी मिली है। कइयों की हालत गंभीर है। ऐसे में मृतकों की संख्या बढ़ सकती है। सिकंदराराऊ थाने के एसएचओ आशीष कुमार ने कहा कि भगदड़ अत्यधिक भीड़ होने की वजह से हुई है। सुरक्षा व्यवस्था और बचाव, राहत कार्य के लिए आगरा, एटा और अलीगढ़ से पीएसी की तीन कंपनियां हाथरस पहुंच गई हैं। एसडीआरएफ की दो कंपनियां भी पहुंच रही हैं।



मंगलवार को एटा में एक अस्पताल के बाहर जुटी परिजनों व रिश्तेदारों की भीड़, जहां हाथरस में सत्संग के दौरान मची भगदड़ के पीड़ित भर्ती हैं, भगदड़ में 100 से अधिक लोग मारे गए हैं कई घायल हैं। ● एजेंसी

### अलीगढ़ मंडलायुक्त ने की 116 मौतों की पुष्टि, 18 घायल अस्पताल में भर्ती

सत्संग के दौरान मची भगदड़ में मरने वालों की संख्या बढ़कर 116 हो गई है। अलीगढ़ की मंडलायुक्त चैत्रा वी ने देर शाम पत्रकारों को बताया कि अभी तक की प्राप्त जानकारी के अनुसार हादसे में 116 लोगों की मृत्यु हुई है जबकि 18 घायल लोग है जिनका इलाज अलीगढ़ में चल रहा है। मामले की प्रारंभिक जांच के बाद अग्रेतर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम की अनुमति जिला प्रशासन से ली गई थी मगर अभी यह जांच का विषय है। आयोजकों के खिलाफ भी एफआईआर दर्ज की जाएगी। मुख्यमंत्री ने घटना का संज्ञान लेते हुए मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक समेत तमाम उच्च अधिकारियों को हाथरस जाने के निर्देश दिए हैं और घायलों के समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री खुद राहत एवं बचाव कार्य की पल पल की जानकारी ले रहे हैं। अलीगढ़ के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी जोन) शलभ माथुर ने भी 116 मृतकों की पुष्टि की है।



हादसे के बाद रोते-बिलखते परिजन। ● एजेंसी

### राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री ने जताया शोक

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भगदड़ की घटना में लोगों की हुई मौत को हृदय विदारक बताया और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। मुर्मू ने एक्स पोस्ट में कहा, मैं उन लोगों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करती हूं, जिन्होंने अपने परिवार के सदस्यों को खो दिया और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करती हूं। वहीं, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोकसभा में चल रही चर्चा के बीच कहा, मुझे अभी एक दुखद खबर दी गई है। उत्तर प्रदेश के हाथरस में एक कार्यक्रम में भगदड़ मचने से कई लोगों की दुखद मृत्यु की सूचना आ रही है। मैं मृतकों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करता हूं। मैं सभी घायलों के जल्द से जल्द ठीक होने की कामना करता हूं। इधर, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी दुख व्यक्त करते हुए अधिकारियों को राहत कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। बाद में मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर अपने संदेश में कहा, दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना में हुई जनहानि अत्यंत दु:खद एवं हृदय विदारक है।

### मृतकों के परिजनों को 4-4 लाख, घायलों को 1-1 लाख की मदद

प्रधानमंत्री कार्यालय ने मृतकों के परिजनों के लिए दो-दो लाख रुपये और घायलों के लिए 50-50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता दिए जाने की घोषणा की। वहीं, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी भगदड़ में मारे गए लोगों के परिजनों को दो-दो लाख रुपये और घायलों को 50-50 हजार की आर्थिक सहायता देने के निर्देश दिए हैं।

### योगी ने गठित की जांच कमेटी, 24 घंटे में तलब की हादसे की रिपोर्ट

मुख्यमंत्री ने एडीजी आगरा और कमिश्नर अलीगढ़ के नेतृत्व में जांच टीम गठित कर दुर्घटना के कारणों की 24 घंटे में जांच कर रिपोर्ट तलब की है। राज्य सरकार के एक प्रवक्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री ने घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर जिला प्रशासन के अधिकारियों को उनके समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं।

### जिला प्रशासन ने जारी किया हेल्पलाइन नंबर

जिला प्रशासन ने आम लोगों की सहायता के लिए हेल्पलाइन नंबर 05722227041 तथा 05722227042 जारी किए हैं।

## एक नजर

### शूटिंग के दौरान सलमान पर हमले की थी साजिश

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान की हत्या की कथित साजिश मामले में शामिल एक आरोपी ने एक फिल्म की शूटिंग के दौरान उन पर हमला करने का षडयंत्र रचा था। यह जानकारी पुलिस के एक अधिकारी ने आरोप पत्र के हवाले से मंगलवार को दी। अधिकारी ने बताया कि मामले की जांच के दौरान पता चला कि जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई ने अपने गिरोह के सदस्यों को अभिनेता पर हमला करने के लिए 25 लाख रुपये की सुपारी दी थी।

### पासपोर्ट मामले में सीबीआई ने 1.59 करोड़ जब्त किए

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने मुंबई के पासपोर्ट सेवा केंद्रों से जुड़े भ्रष्टाचार गिरोह का भंडाफोड़ करने के बाद तीन दिन तक चले तलाशी अभियान में 1.59 करोड़ रुपये नकद और अहम डिजिटल सबूत जब्त किए हैं। लोअर परेल और मलाड के पासपोर्ट सेवा केंद्रों के 14 अधिकारियों और 18 दलालों के खिलाफ 28 जून को 12 मामले दर्ज करने के बाद सीबीआई ने मुंबई और नासिक में तलाशी अभियान शुरू किया।

### शपथ लेने को रशीद को मिली दो घंटे की पैरोल

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी की एक अदालत ने मंगलवार को कश्मीरी नेता शेख अब्दुल रशीद को पांच जुलाई को लोकसभा सदस्य के रूप में शपथ लेने के लिए दो घंटे की पैरोल प्रदान की। रशीद, 'इंजीनियर रशीद' के नाम से भी जाने जाते हैं। वह लोकसभा चुनाव में बारामूला सीट से निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर चुने गए थे। उन्हें 2017 में जम्मू-कश्मीर में आतंक के वित्तपोषण के मामले में गिरफ्तार किया गया था।

### प्रधानमंत्री मोदी ने धन्यवाद प्रस्ताव पर लोकसभा में हुई चर्चा पर दिया जवाब

# कांग्रेस परजीवी पार्टी, सहयोगी दलों की कीमत पर फल-फूल रही

● संबोधन के दौरान नारेबाजी करता रहा विपक्ष, अध्यक्ष को टोकना पड़ा

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस पर अराजकता फैलाने की साजिश रचने का आरोप लगाते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि मुख्य विपक्षी दल को अब से परजीवी पार्टी के रूप में जाना जाएगा जो अपने सहयोगी दलों की कीमत पर फलती-फूलती है। राष्ट्रपति के अभिभाषण पर सदन में लाए गए धन्यवाद प्रस्ताव पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए प्रधानमंत्री ने कांग्रेस को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी 2024 से परजीवी कांग्रेस पार्टी के रूप में जानी जाएगी। परजीवी वो होता है जो जिस शरीर के साथ रहता है, उसी को खाता है। कांग्रेस भी जिस पार्टी के साथ गठबंधन करती है, उसी के वोट खा जाती है। प्रधानमंत्री ने मुख्य विपक्षी दल को घेरते हुए कहा कि कांग्रेस के नेता दक्षिण भारत में उत्तर के खिलाफ बोलते हैं तो उत्तर में पश्चिम के खिलाफ जहर उगलते हैं, ये महापुरुषों के खिलाफ बोलते हैं। प्रधानमंत्री के पूरे भाषण के दौरान विपक्षी नेता नारेबाजी करते रहे। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने नेता प्रतिपक्ष (राहुल गांधी) से कहा कि सदन के नेता बोल रहे हैं और आप अपने सदस्यों को आसन के पास आने का निर्देश देते हैं। यह तरीका सही नहीं है और संसदीय परंपराओं के विरुद्ध है।

### हिंदुओं को हिंसा फैलाने वाला बताना गहरी साजिश



प्रधानमंत्री मोदी ने नेता प्रतिपक्ष के हिंदुओं को हिंसक बताने संबंधी कथित बयान पर कहा कि हिंदुओं को हिंसक बताना बहुत गंभीर बात है और इसमें कोई गहरी साजिश नजर आ रही है। हिंदुओं को हिंसक कहा जा रहा है, अपमानित किया जा रहा है और गाली दी जा रही है। हिंदुओं को गाली देने का चलन बनाया जा रहा है इसलिए इस बारे में हिंदुओं को भी सोचना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि क्या हिंदू हिंसक होता है। क्या यह आपकी यही सोच है, क्या यह आपकी नफरत है। क्या यही है आपका संस्कार। देश हिंदुओं को हिंसा फैलाने वाला कहकर संबोधित करने वालों और हिंदू आतंकवाद जैसे शब्द गढ़ने की कोशिश करने वालों को भूलेगा नहीं।

### बालकबुद्धि कह राहुल पर कसा तंज

प्रधानमंत्री ने राहुल गांधी का नाम लिए बिना उन पर तंज कसते हुए कहा कि आजकल बच्चे का मन बहलाने का काम चल रहा है। कांग्रेस के लोग और उनका तंत्र आजकल ये मन बहलाने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कांग्रेस को मिलीं 99 सीटों का जिक्र करते हुए कहा कि ऐसा संदेश दिया जा रहा है मानो उन्हें '100 में से 99 अंक मिले हों, जबकि ये अंक उन्हें 543 में से मिले हैं। उन्होंने कहा कि अब उस बालकबुद्धि को कौन समझाए कि तुमने फेल होने का विश्व रिकार्ड बना दिया है। उन्होंने राहुल गांधी के भाषण का परोक्ष जिक्र करते हुए कहा कि हमने कल सदन में यही बचकाना हरकत देखी है। आज देश इनसे कह रहा है कि तुमसे ना हो पाएगा।

### हमें तीसरी बार चुनने से कुछ को पीड़ा

मोदी ने कहा कि देश की जनता ने भाजपा को तीसरी बार चुना है और कुछ लोगों की पीड़ा समझी जा सकती है कि लगातार असत्य चलाने के बावजूद उनकी घोर पराजय हुई। कहा कि इस देश ने लंबे अरसे तक तुष्टीकरण की राजनीति देखी, लंबे समय तक तुष्टीकरण का शासन का मॉडल देखा। हम तुष्टीकरण नहीं, संतुष्टीकरण के विचार को लेकर चले हैं। उन्होंने कहा कि मैं देशवासियों को विश्वास दिलाता हूं कि विकसित भारत के जिस संकल्प को लेकर हमें चले हैं, उसकी पूर्ति के लिए भरसक प्रयास करेंगे, पूरीनिष्ठा, ईमानदारी से करेंगे और हमारा समय का पल-पल, हमारे शरीर का कण कण विकसित भारत के सपने को पूरा करने में लगाएंगे।

# जिला आबकारी अधिकारी रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार

संवाददाता, रुद्रपुर



● शराब ठेकेदार से मांगी थी 70 हजार रुपये की रिश्वत

**अमृत विचार** : हल्द्वानी विजिलेंस टीम ने जिला आबकारी अधिकारी अशोक मिश्रा को 70 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया और साथ में हल्द्वानी ले गई। जिला आबकारी अधिकारी खटीमा के शराब ठेकेदार से रिश्वत का दबाव बना रहा था।

खटीमा के शराब ठेकेदार ने एसपी विजिलेंस हल्द्वानी को लिखित शिकायत दी थी कि जिला आबकारी अधिकारी अशोक मिश्रा रिश्वत मांग हैं। डीएसपी अनिल मनराल ने जांच कराई तो शिकायत सही पाई गई। इसके बाद विजिलेंस निरीक्षक विनोद कुमार यादव के नेतृत्व में ट्रैप टीम का गठन किया। योजना के मुताबिक शिकायतकर्ता रिश्वत के 70 हजार रुपये लेकर आबकारी कार्यालय पहुंचा। जैसे ही जिला आबकारी अधिकारी अशोक मिश्रा को रकम थमाई, विजिलेंस टीम ने उन्हें दबोच लिया। जिला आबकारी अधिकारी ने माल उठाने के अधिभार की रकम पर दस फीसदी रिश्वत मांगी थी।

# थाने की दीवार में करंट आने से एएसआई की मौत

संवाददाता, रुद्रपुर/किच्छा



● ऊधमसिंह नगर जिले के पुलभट्टा थाने की घटना

**अमृत विचार** : ऊधमसिंह नगर जिले के पुलभट्टा थाने की दीवार में उतरे करंट से एएसआई की मौत हो गई। आला अधिकारियों ने अस्पताल पहुंचकर घटना की जानकारी ली। पुलिस लाइन में दिवंगत एएसआई के पार्थिव शरीर पर पुष्प चक्र अर्पित कर अंतिम सलामी दी गई फिर शव को परिजनों के सुपुर्द किया गया।

पौड़ी जिले के ग्राम नैणी थाना पट्टी लंगूर बडके निवासी 42 वर्षीय सुरेश पसबोला पुलभट्टा थाने में एएसआई थे। मंगलवार की सुबह वे सुबह साढ़े आठ बजे उठे और नहाने चले गए। नहाने के बाद वे धुले हुए जूते दीवार पर रखने लगे, तभी करंट की चपेट में आ गए। वहां मौजूद पुलिसकर्मी उन्हें रुद्रपुर स्थित निजी अस्पताल ले गए। जहां सुरेश ने दम तोड़ दिया। एएसआई की मौत की सूचना पर एसएसपी मंजूनाथ टीसी, एसपी क्राइम चंद्रशेखर घोडके, सीओ सितारगंज बीएस चौहान, किच्छा कोतवाल सुंदरम शर्मा सहित आला अधिकारी अस्पताल पहुंचे।

# फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़, तीन गिरफ्तार

ब्यूरो, देहरादून

● बग/वायरस ठीक करने की आड़ में विदेशों में लोगों से करते थे ऑनलाइन ठगी

● मौके से 36 लैपटॉप मय माउस, चार्जर, 31 हेडफोन, 5 मोबाइल व 2 मॉडेम बरामद

**अमृत विचार** : देहरादून पुलिस ने फर्जी इंटरनेशनल कॉल सेंटर का भंडाफोड़ कर तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपी खुद को विदेशी सॉफ्टवेयर कंपनी का प्रतिनिधि बताकर कंप्यूटर सिस्टम में बग/वायरस ठीक करने के बहाने विदेश में लोगों से ऑनलाइन ठगी करते थे। उनके कब्जे से 36 लैपटॉप मय माउस, चार्जर, 31 हेडफोन, 05 मोबाइल व 02 मॉडेम बरामद किए गए हैं।

राजपुर क्षेत्र में पुलिस को अवैध इंटरनेशनल कॉल सेंटर संचालित होने की सूचना मिली थी। इस पर मसूरी के डीएसपी व राजपुर थानाध्यक्ष पीडी भट्ट के नेतृत्व में टीम ने बीती रात कॉल सेंटर (टेकिनियो बिजनेस सॉल्यूशन प्रालि.) पर दबिश दी। कुछ युवक/युवतियां लैपटॉप व कंप्यूटर सिस्टम के सामने बैठकर हैडफोन लगाकर बात कर रहे थे। वे स्वयं को विदेशी सॉफ्टवेयर कंपनी का प्रतिनिधि बताकर लोगों से उनके कंप्यूटर सिस्टम से वायरस/ बग हटाकर उनके बैंक खातों की जानकारी ले रहे थे। पूछताछ में बताया कि सभी सार्थक, शाहरुख, खुशनूर व करुणेश उर्फ करन नाम के व्यक्तियों के लिए काम करते हैं। कॉल सेंटर से वे एंटी वायरस तकनीकी सपोर्ट हेतु विदेशी नागरिकों को सपोर्ट देने के नाम पर उनसे गिफ्ट कार्ड का समस्त विवरण लेते हैं। इसके बाद विदेश में रहने वाला करुणेश का साथी विदेशी नागरिकों का पैसा निकाल लेता है, जोकि डॉलर में होता है। पुलिस के मुताबिक विदेशी कॉल आने पर वे विदेशी कस्टमर से कंप्यूटर सिस्टम में वायरस होने व हैक होने से संबंधित जानकारी लेते हैं। इसके बाद उसे ठीक करने के एवज में उनके सिस्टम में अल्ट्रा व्यूवर के माध्यम से सिस्टम की एक्सेस प्राप्त करते हैं। फिर पूर्व में उन्हीं के द्वारा भेजे गए वायरस को ठीक करने की बात कहकर उनसे गिफ्ट कार्ड तथा क्रिप्टो करेंसी में पेमेंट प्राप्त कर धोखाधडी करते हैं। पुलिस ने कॉल सेंटर संचालक सार्थक निवासी कालरी जम्मू, शाहरुख निवासी केदारवाला देहरादून व खुशनूर निवासी संगम विहार, दिल्ली को गिरफ्तार कर लिया। करुणेश उर्फ करन नहीं मिल सका। इन सभी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## सार-संक्षेप



रोडवेज बस स्टैंड में बने भवन का निरीक्षण करते अधिकारी। ● अमृत विचार

### पोस्ट ऑफिस का जल्द होगा अस्थाई स्थानांतरण

**नैनीताल :** जाम की समस्या से निपटने के लिए शहर के सभी चौराहों का चौड़ीकरण किया जा रहा है। तल्लीताल में स्थित पोस्ट ऑफिस कार्यालय चौड़ीकरण की जद में है, जिसे स्थानांतरित किया जाना है। इसको लेकर मंगलवार को प्रशासन की टीम ने रोडवेज बस स्टैंड में बने भवनों का निरीक्षण किया। जल्द ही पोस्ट ऑफिस के स्थाई स्थानांतरण को लेकर निर्णय लिया जायेगा। इस दौरान एसडीएम प्रमोद कुमार, एडीएम पिंचाराम, पर्यटन अधिकारी अतुल भंडारी, पोस्ट आफिस एसएसपी जितेंद्र सिंह, एसपी प्रकाश चन्द्र पांडे, पटवारी प्रकाश सैनी मौजूद रहे।

### वर्षभर पर्यटन गतिविधियां संचालित करने की मांग



कार्तिक कर्नाटक।

**भीमताल :** बरसात शुरू होते ही नगर और आसपास के क्षेत्रों में पर्यटकों की संख्या कम हो गई है। जिसका असर व्यापार पर पड़ता नजर आ रहा है। ऐसे में नगर के व्यापारियों ने ऑफ सीजन में भी पर्यटन गतिविधियां संचालित करने की मांग उठाई है। कारोबारी कार्तिक कर्नाटक ने बताया कि गर्मी के सीजन में दो माह पर्यटन सीजन जोरों पर होता है पर पूरे वर्ष नहीं चल पाता है। पर्यटन विभाग को ऑफ सीजन में भी पर्यटक आएं, इसके लिए क्षेत्र में विभिन्न प्रतियोगिताएं, खेल, या फिर कोई महोत्सव संचालित करना चाहिए। उन्होंने इस संबंध में पर्यटन मंत्री को भी अवगत कराया है।



नगर पालिका के लेखाकार को ज्ञापन देते लोग। ● अमृत विचार

### दुर्गापुरी, भरतपुरी के लोगों ने दिया सांकेतिक धरना

**रामनगर :** दुर्गापूरी, भरतपुरी क्षेत्र के लोगों ने नगर पालिका में सांकेतिक धरना देते हुए नारेबाजी की। साथ ही पालिका के लेखाकार संजय मिश्रा को ज्ञापन दिया। पूर्व छात्र संघ सचिव नवीन सुनेजा ने कहा कि एचपी गैस पाइप लाइन के ठेकेदार द्वारा सड़क-गलियों के पुनर्निर्माण एवं गड्ढों के भरान में लापरवाही की जा रही है। जिस कारण पम्पापुर क्षेत्र में हालत पहले की अपेक्षा और खराब हो गई है। मानसून सत्र में लोगों में भय का माहौल व्याप्त है। उन्होंने स्ट्रीट लाइट व्यवस्था में सुधार की भी मांग उठाई। इस दौरान राम सिंह डंगवाल, प्रकाश सत्यवाली, मनवर सिंह रावत, हरिदत्त रेखाडी, सूरज रावत, राधावल्लभ पांडे, बीएस रावत, आरएस भाकुनी, चंदन सिंह रावत मौजूद रहे।

### मृतक आश्रितों को मिलेगा स्वरोजगार

**नैनीताल :** 17 नवम्बर 2023 को ओखलकांडा के छीड़ाखान डालकन्या में हुए सड़क हादसे में मारे गए 10 लोगों के आश्रितों को स्वरोजगार से जोड़ने और उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत करने के लिए डीएम की पहल पर ग्राम विकास विभाग, मत्स्य पालन तथा पशुपालन विभाग के माध्यम से स्वरोजगार दिया जाएगा। डीएम के निर्देश पर जिला विकास अधिकारी गोपाल गिरी गोस्वामी व ग्राम विकास विभाग के अधिकारियों ने डोर टू डोर सर्वे कर आश्रितों के द्वारा चाही गई स्वरोजगार योजनाओं के सम्बन्ध में जानकारी जुटाई।

### मतदाता सूची में नाम दर्ज करवाने का मौका

**नैनीताल :** एक जुलाई को 18 वर्ष पूर्ण हो चुके युवाओं को मतदाता सूची में जोड़ने का काम शुरू हो गया है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी पीआर चौहान ने बताया कि जिन लोगों को 18 वर्ष की पूर्ण हो चुके हैं उनकी फोटोयुक्त विधानसभा निर्वाचक नामावली बनाई जानी है। साथ ही मृत, शिफ्ट मतदाताओं को हटाना, मतदाता सूची में अशुद्ध प्रविष्टि को शुद्ध व खो गये पहचान पत्रों को पुन : बनाने का कार्य किया जाएगा। मतदाता सूची में नाम दर्ज करवाने, शुद्ध करवाने या पता बदलवाने के प्रपत्र तहसील व जिला निर्वाचन कार्यालय से निशुल्क प्राप्त किये जा सकते हैं।



लोनिवि में कैलाश जोशी को विदाई देते विभागीय अधिकारी व कर्मचारी।

### सेवानिवृत होने पर कैलाश जोशी को दी भावभीनी विदाई

**रामनगर :** लोक निर्माण विभाग में स्टोर इंचार्ज के पद पर 42 वर्ष की सेवा देने के बाद कैलाश चंद्र जोशी को विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भावभीनी विदाई दी। सभी ने उनके कार्यकाल की सराहना करते हुए उज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान एई नाजिम हुसैन, अजय प्रकाश टम्टा, नेहा शर्मा, मनोज कुमार जैन, लेखाकार नारायण सिंह मेहता, सीडीओ खीम सिंह पंवार मौजूद रहे। उधर, सिक्सटी प्लस क्लब ने देर सायं एक रिजॉर्ट में कार्यक्रम के दौरान जोशी को सेवानिवृत्त होने पर बधाई दी। कार्यक्रम में जोशी की पत्नी दीपा जोशी, संदीप जोशी, कल्याणी जोशी, दिनेश भट्ट, उर्वशी भट्ट, धनवीं जोशी, काव्या भट्ट, शुभी भट्ट, भगत सिंह बिष्ट, अशोक खुल्वे, विजय पपनै, किशन डसीला, रमेश जुयाल, अमित लोहनी, डीसी हरबोला, दरबान सिंह कडाकोटी मौजूद रहे।

### नगर पालिका में रिक्त पदों को भरने की मांग

**नैनीताल :** नगर पालिका में लंबे समय से आधा दर्जन रिक्त पदों के चलते काम प्रभावित हो रहा है। जिससे कर्मचारियों सहित लोगों को परेशानी हो रही है। इसको लेकर भाजपा नगर महामंत्री मोहित लाल साह ने मंगलवार को देहरादून में शहरी विकास मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल से मुलाकात की। साथ ही उन्होंने पालिका में रिक्त पदों को भरने की मांग को लेकर ज्ञापन दिया। जिस पर मंत्री ने शीघ्र समस्या का निस्तारण करने का आश्वासन दिया।

### मिनी स्टेडियम की दीवार को शीघ्र बनाने की मांग

**भीमताल :** नगर के एकमात्र खेल मैदान की दीवार पहली बरसात में ढह गई। करीब तीन माह पूर्व लोक निर्माण विभाग ने लगभग 3 लाख रुपये की लागत से पत्थर की दीवार का निर्माण कराया था। जिसका एक हिस्सा पहली बारिश में गिर गया है। नगर पंचायत के निवर्तमान अध्यक्ष देवेंद्र चनौतिया ने बताया कि दीवार का निर्माण होना अति आवश्यक है। खेल मैदान में इन दिनों जहां विभिन्न प्रतियोगिताओं की तैयारियां चल रही हैं।

### दो कार आपस में भिड़ीं, पुलिस ने मामला किया शांत

**नैनीताल :** तल्लीताल डांठ में दोपहर के समय दो कारें आपस में भिड़ गई। दोनों कार स्वामी आपस में भीड़ गए। पुलिस ने बीच बचाव कर मामले को शांत कराया। तल्लीताल निवासी अभय सुबह कलेक्ट्रेट रोड से डांठ की ओर आ रहे थे तभी हल्द्वानी से तेज गति में आई एक कार डांठ में उनकी कार से टकरा गई। जिससे अभय की कार क्षतिग्रस्त हो गई। कार की टक्कर के बाद दोनों वाहन स्वामियों के बीच कहासुनी होने लगी। मामला बढ़ता देख मौके पर मौजूद पुलिस ने कार सड़क से हटा दी। जिसके बाद दोनों पक्ष चौकी में पहुंच गए। लंबी बहस के बाद हल्द्वानी से आ रहे कार स्वामी ने अपनी गलती मान ली। एसओ रमेश बोरा ने बताया कि दोनों पक्षों में वाहन का कार्य कराने को लेकर समझौता हो गया है।

# सूखाताल झील में सौंदर्यीकरण पर लगी रोक हटी

## हाईकोर्ट ने की सुनवाई, कुमाऊं मंडल विकास निगम को बचा हुआ निर्माण तीन माह में पूरा करने को कहा

विधि संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट ने नैनीताल के सूखाताल झील में सौंदर्यीकरण के नाम पर भारी भरकम निर्माण पर लगी रोक हटाने के आदेश दिए हैं। साथ ही कुमाऊं मंडल विकास निगम को बचा हुआ निर्माण तीन माह में पूरा करने को कहा है।

मंगलवार को मुख्य न्यायाधीश रितु बाहरी व न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ ने सूखाताल झील में सौंदर्यीकरण की आड़ में निर्माण व अतिक्रमण हटाने को लेकर स्वतः संज्ञान वाली जनहित याचिका पर सुनवाई की। जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण की तरफ से शपथ पत्र पेश कर कहा गया कि निर्माण पर लगी रोक हटाई जाए। क्योंकि झील का 20 करोड़ की लागत से लगभग 70 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। इस पर खंडपीठ ने पूर्व के आदेश को संशोधित करते हुए सभी निर्माण तीन माह के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए। नैनीताल निवासी डॉ. जीपी साह व अन्य ने हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को पत्र लिखकर सूखाताल में हो रहे भारी भरकम निर्माण से झील के प्राकृतिक जल स्रोत बन्द होने सहित कई अन्य बिंदुओं से अवगत कराया था। पत्र में कहा था कि सूखाताल नैनी झील का मुख्य रिचार्जिंग केंद्र है, उसी स्थान पर अवैज्ञानिक ढंग से निर्माण हो रहा है।

पत्र में यह भी कहा कि झील में पहले से ही अतिक्रमण कर पक्के मकान बना दिए गए जिनको अभी तक नहीं हटाया गया है। झील के जल स्रोत सूख चुके हैं, जिसका असर नैनी झील पर देखने को मिल रहा है। कई गरीब परिवार जिनके पास पानी के कनेक्शन नहीं हैं, मस्जिद के पास जल स्रोत से पानी पिया करते हैं। अगर वो भी सूख गया तो पानी नहीं मिलेगा। उन्होंने कहा कि इससे पूर्व जिलाधिकारी व मंडलायुक्त को ज्ञापन दिया था, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। पूर्व में कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश ने इस पत्र का स्वतः संज्ञान लेकर इसे जनहित याचिका के रूप में सुनवाई के लिए पंजीकृत करवाया था।

### नदियों के चैनलाइजेशन पर दो सप्ताह में मांगा जवाब



**नैनीताल :** हाईकोर्ट ने नंधौर सहित प्रदेश की अन्य नदियों का चैनलाइजेशन, बाढ़ राहत कार्य व नदियों से मलबा नहीं हटाने के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायाधीश रितु बाहरी व न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ ने राज्य सरकार से दो सप्ताह में स्थिति स्पष्ट करने को कहा है। अब इस मामले की अगली सुनवाई जुलाई माह के अंतिम सप्ताह में होगी। मंगलवार को हुई सुनवाई में याचिकाकर्ता भुवन चंद्र पोखरिया ने कहा कि पूर्व के आदेश पर राज्य सरकार ने अभी तक अपना शपथ पत्र पेश नहीं किया है। सरकार पिछले एक साल से शपथ पत्र देने के लिए समय मांग रही है। अब मानसून सत्र शुरू हो चुका है। पहली बारिश में ही नंधौर नदी में आई बाढ़ ने भूकटाव शुरू कर दिया है। कभी भी बाढ़ आबादी की ओर रुख कर सकती है। नदी के किए भूकटाव के फोटोग्राफ कोर्ट में पेश किए गए हैं। इस पर कोर्ट ने राज्य सरकार से स्थिति से अवगत कराने को कहा। साथ ही सुनवाई के लिए इस माह के अंत की तिथि नियत की है।

### महाबीर के खिलाफ हो रही जांच की स्थिति स्पष्ट करें

**नैनीताल :** हाईकोर्ट ने गढ़वाल मंडल के तत्कालीन अपर निदेशक और वर्तमान में माध्यमिक शिक्षा निदेशक महाबीर सिंह बिष्ट के खिलाफ कानूनी कार्यवाही नहीं किए जाने के मामले में दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। मुख्य न्यायाधीश रितु बाहरी व न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ ने राज्य सरकार से 4 जुलाई तक बिष्ट के खिलाफ हो रही जांच पर स्थिति स्पष्ट करने को कहा है।

मामले के अनुसार देहरादून निवासी बेरोजगार संगठन के अध्यक्ष बॉबी पंवार ने हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर कर कहा कि गढ़वाल मंडल के अपर निदेशक पद पर रहते हुए महाबीर सिंह बिष्ट पर गंभीर आरोप लगे हैं। विभागीय जांच में उनपर लगे आरोपों की पुष्टि हुई है, लेकिन शासन ने अभी तक बिष्ट के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की। यही नहीं आरोपी को सरकार ने निदेशक माध्यमिक शिक्षा बना दिया। याचिकाकर्ता का कहना है कि बिष्ट पर बीते वर्ष सहायक अध्यापकों की स्थानांतरण सूची में छेड़छाड़, अपने नजदीकी रिश्तेदार की नियुक्ति प्रक्रिया तथा बिना विधि की डिग्री पाए व्यक्ति को विधि अधिकारी नियुक्ति करने में अनियमितता के आरोप लगे हैं। । जनहित याचिका में आरोपित के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की गई है।

## पर्यटन अधिकारी पर लगाया धोखाधड़ी का आरोप, तहरीर दी

**नैनीताल, अमृत विचार :** उत्तराखंड परिवहन बुकिंग लिपिक राकेश कुमार ने पर्यटन अधिकारी पर धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है।

कहा कि उत्तराखंड परिवहन निगम तल्लीताल नैनीताल के पुराने बस स्टेशन का सौंदर्यीकरण करने के बाद मुख्य भवन स्थित संपूर्ण प्रथम तल निगम को आवंटित कर दिया गया। आंवटित कक्षों की चॉबियां निगम को दी गई थी, लेकिन मंगलवार को जिला पर्यटन अधिकारी ने प्रथम तल की चॉबी फर्नीचर रखवाने के बहाने से अपने कार्यालय के कार्मिक से मंगवाई। बाद में उक्त चॉबी निगम को वापस न देकर प्रथम तल में उसके स्थान पर नया ताला लगा दिया। उन्होंने जिला पर्यटन अधिकारी के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज करने की मांग की है।

इधर, एसओ रमेश बोरा ने बताया कि शिकायत के आधार पर मामले में जांच की जा रही है।

# तीनपानी में फिर से सरकारी जमीन पर कब्जा

**मामला**

- यहां भी बंद हो चुकी नहर पर किया जा रहा कब्जा
- सूचना पर पहुंची पटवारी ने रुकवाया अवैध निर्माण

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी



10 जून को ये थी तस्वीर। ● अमृत विचार



मंगलवार को टंकी के ऊपर शुरू कर दिया गया निर्माण।

**अमृत विचार :** सरकारी जमीनों पर कब्जा करने वाले बेखौफ हैं। तीनपानी में कब्जे के खेल का मामला उजागर होने के बावजूद भू-माफिया कब्जा करने से बाज नहीं आ रहे। एक बार फिर ग्राम अर्जुनपुर में निर्माण शुरू कर दिया गया है। इस बार एक नया भू-माफिया सामने आया है।

जून माह के पहले सप्ताह में अमृत विचार ने अर्जुनपुर ग्राम सभा के पूर्णानंद गांव में सरकारी भूमि पर खड़े सेमल के पेड़ को काटने का भंडाफोड़ किया था। भू-माफिया ने पटवारी की मिलीभगत से सिंचाई विभाग की जमीन को अपना बता दिया और सेमल का पेड़ काटना शुरू कर दिया।

इसी भूमि के ठीक आगे श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर है। यह मंदिर भी सरकारी भूमि पर बना है। अब इसी मंदिर के बगल में एक भू-माफिया निर्माण करा रहा है। पहले उसने मंदिर के पीछे भवन बनाया और अब मंदिर के बगल में टंकी बनाकर उस पर निर्माण कर रहा है। मंगलवार को स्थानीय निवासी गजेंद्र पाल सिंह की सूचना पर पटवारी ज्योति जोशी मौके पर पहुंची और निर्माण रुकवा दिया। साथ ही चेतावनी दी कि जब तक सिंचाई विभाग की भूमि की पैमाइश नहीं होती तब तक भूमि पर कोई कार्य नहीं होगा।

## चिकित्सक को दिखाने गए कारोबारी की मौत

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- सुशीला तिवारी अस्पताल में कुर्सी पर बैठे-बैठे तोड़ा दम

**अमृत विचार :** चिकित्सक को दिखाने गए एक कारोबारी की मौत हो गई। डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल (एसटीएच) में कुर्सी पर बैठ कर वह अपनी बारी का इंतजार कर रहे थे, तभी उनकी सांस थम गई। मौत के बाद शाम शव की शिनाख्त हो सकी। मंगलवार को पोस्टमार्टम कर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।

आवास विकास निवासी गुरदीप गुलाटी (57 वर्ष) की तिकोनिया में टायर की दुकान है। घर में पत्नी व दो बेटियां हैं। बताया जाता है कि सोमवार को अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई। वह एक निजी चिकित्सक के पास गए, लेकिन उसकी दवा से आराम नहीं मिला। जिस पर वह डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल गए। पर्चा कटवाकर वह चिकित्सक की ओपीडी के बाहर कुर्सी में बैठ कर अपनी बारी का इंतजार करने लगे। तभी अचानक वह सुन्न पड़ गए। चिकित्सकों ने जांच की तो उनकी मौत हो चुकी थी। देर शाम शव की शिनाख्त के बाद पुलिस ने परिजनों को सूचना दी। मेडिकल चौकी प्रभारी प्रवीण तेवतिया ने बताया कि शिनाख्त न हो पाने की वजह से सोमवार को पोस्टमार्टम नहीं हो सका। मंगलवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।

# 20 व 21 जुलाई को धूमधाम से मनाया जाएगा हरेला महोत्सव

**आयोजन**

- सात जुलाई से हरेला बुवाई से होगी शुरुआत
- लेक सिटी वेलफेयर क्लब ने शुरू की तैयारियां

संवाददाता, नैनीताल



लेक सिटी वेलफेयर क्लब की बैठक में मौजूद महिलाएं। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** लेक सिटी वेलफेयर क्लब इस वर्ष हरेला महोत्सव हर्ष और उल्लास के साथ मनाएगा। 7 जुलाई से शुरू हो रहे हरेला उत्सव को लेकर क्लब ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। इस दौरान सप्ताह भर तक क्लब की ओर से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।

मंगलवार को गोवर्धन हाल में क्लब की बैठक अध्यक्ष ज्योति ढोंडियाल की अध्यक्षता में हुई। जिसमें सचिव दीपा पांडे ने बताया कि 7 जुलाई को होटल पवेलियन में हरेला बुवाई से हरेला उत्सव की शुरुआत होगी। 20 व 21 जुलाई को सीआरएसटी इंटर कॉलेज नैनीताल में हरेला महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। हरियाली दिवस के रूप में 14 जुलाई को गेठिया में वृहद पौधरोपण किया जाएगा।

कार्यक्रम की सफलता के लिए प्रगति जैन को संयोजक बनाया गया है। दीपा पांडे ने बताया कि इस बार सांस्कृतिक दलों के रूप में अल्मोड़ा, देहरादून, चमोली, तथा पंजाब, राजस्थान की टीम में आमंत्रित की गई हैं। स्थानीय महिलाओं व छात्र-छात्राओं द्वारा 20 जुलाई को शोभायात्रा निकाली जाएगी। बैठक में हेमा भट्ट, मीनू बुधलाकोटी, जीवंती भट्ट, सीमा सेठ, कंचन जोशी, रमा भट्ट, कविता त्रिपाठी, विनीता पांडे, दीपिका बिनवाल, मीनाक्षी कीर्ति, कविता गंगोला, तनु सिंह, जया वर्मा, पल्लवी गहतोड़ी, मधुमिता, रमा तिवारी, रेखा पंत, विनीता रावत, सरिता त्रिपाठी, खष्टी बिष्ट, तुसी साह, लीला राज मौजूद रहीं।

## दहेज हत्या मामले में पति सास और ससुर को सजा

**नैनीताल, अमृत विचार :** जिला एवं सत्र न्यायाधीश नैनीताल सुबीर कुमार की अदालत ने मंगलवार को दहेज हत्या के मामले में पति, सास-ससुर को दोषी ठहराते हुए पति को दस साल व सास-ससुर को 7-7 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। अभियुक्तों को जेल भेज दिया है। काजीबाग काशीपुर निवासी अनवार हुसैन ने 29 सितम्बर 2021 को हल्द्वानी पुलिस में रिपोर्ट लिखाई कि उसकी पुत्री शबाना की शादी वर्ष 2015 में मो. इरशाद पुत्र छोटे निवासी इंदिरानगर के साथ हुई। जिसमें उन्होंने सामर्थ्यानुसार दहेज दिया, लेकिन उसका पति इरशाद, सास सलमा व ससुर छोटे इस दहेज से खुश नहीं थे। वह शबाना को प्रताड़ित करते थे। शबाना की दो पुत्रियां हुई तो लड़की पैदा करने के लिये उसे और प्रताड़ित किया। 29 सितम्बर 2021 को उसकी गला घोंटकर हत्या कर दी। मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से पैरवी करते हुए जिला शासकीय अधिवक्ता सुशील कुमार शर्मा ने 11 गवाह पेश कर सभी आरोपी को सही साबित किया।

प्रवेश प्रारम्भ

बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली

फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज

उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त

- बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
- बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
- एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज

- बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
- एम.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (2 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल

उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त

- डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज

उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त

- डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)

For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-

डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

# पंपिंग योजना को चार लाख देने की घोषणा

संवाददाता, भवाली



भवाली में विभिन्न विभागों के अधिकारियों की बैठक लेतीं विधायक सरिता आर्या। ● अमृत विचार

- विधायक सरिता आर्य ने अधिकारियों के साथ की बैठक

**अमृत विचार :** नैनीताल विधायक सरिता आर्या ने मंगलवार को भवाली में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने अधिकारियों को जनसमस्याओं का प्राथमिकता से निराकरण करने के निर्देश दिये।

भवाली टीआरसी में बैठक के दौरान विधायक सरिता आर्य ने पेयजल आपूर्ति में सुधार करने तथा नगर पालिका परिषद को नदी-नालों की सफाई कराने के आदेश दिये। उन्होंने जल संस्थान के कार्यों की समीक्षा करते हुए पंपिंग योजना के लिए चार लाख रुपये देने की घोषणा की। कहा कि जल्द पेयजल योजना का पुनर्गठन किया जाएगा। वहीं नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी संजय कुमार को जल संचय सहित नदी-नालों की साफ-सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में मंडल अध्यक्ष पंकज अद्वैती ने नगर में हो रही विभिन्न समस्याओं की जानकारी विधायक को दी। जिस पर विधायक ने उचित कार्यवाही के निर्देश अधिकारी को दिए। बैठक में जल संस्थान के सहायक अधियंता रवि डोबाल, सहायक अभियंता जल निगम संजय कुमार, अधिशासी अभियंता अशोक प्रजापाति, पंकज अद्वैती, प्रकाश आर्या, शिवांशु जोशी, जुगल मठपाल, मुकेश गुर्रानी, अखिलेश सेमवाल, पवन भाकुनी, विक्रम क्वीरा, पूरन जोशी, तरुण जोशी, अंशुमान दफौटी, संजय जोशी, विक्रम क्वीरा, आशु चंदोला, शैलेष टंडन, नरेश पांडे, महेश जोशी मौजूद रहे।

प्रवेश प्रारम्भ

बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली

बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ ह्यूमनटीज एण्ड जर्नलिज्म

- बी.ए. (जर्नलिज्म)
- बी.ए. (मास कम्युनिकेशन)
- एम.ए. (जर्नलिज्म)
- एम.ए. (मास कम्युनिकेशन)
- एम.ए. (अंग्रेजी)
- एम.ए. (मनोविज्ञान)

बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट

- बी.कॉम. (ऑनर्स)
- बी.बी.ए. (फाइनेन्स एण्ड टेक्सेशन)
- बी.सी.ए. (आई.टी. एंड मल्टीमीडिया)
- एम.कॉम.
- एम.बी.ए.

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-

डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) श्री अतुल बाबू (7409998289)

**आज का मौसम**

छिटपुट गरज के साथ आंधी-पानी।

| 29.0° | 26.0° |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
| सूर्योदय 05.17 | सूर्यास्त 07.15 |

## एक नजर

### समिति का चुनाव आज

**हल्द्वानी :** वरिष्ठ नागरिक जनकल्याण समिति का द्विवार्षिक चुनाव बुधवार (आज) को रोडवेज स्टेशन के पास स्थित गोविंद बल्लभ पंत पुस्तकालय में होगा। कार्यक्रम सुबह 10 :30 बजे से 2 बजे तक चलेगा। इस दौरान समिति के पदाधिकारी विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करेंगे।

### दिव्यांग छात्रा के कमरे में लगी आग

**हल्द्वानी :** मंदिर में रखे दीए से दिव्यांग छात्रा के कमरे में आग लग गई। वह उस वक्त कोचिंग गई थी। आग से छात्रा के कमरे में रखा काफी सामान जलकर राख हो गया। मूलरूप से चौखुटिया निवासी दिव्यांग बबीता एमए की छात्रा है और वह नवाबी रोड स्थित जय दुर्गा कॉलोनी में किराए पर रहती है। मंगलवार को मंदिर में दीया जलाने के बाद वह कोचिंग चली गई। कुछ देर बाद मकान मालिक ने कमरे से धुआं निकलता देखा। लोगों की मदद से उसने कमरे का ताला तोड़कर आग पर काबू पाया। बताया जा रहा कि छात्रा मंदिर के पास लटक रहे पर्दे में दीए की वजह से आग लग गई। जिसमें जरूरी कागजात, प्रमाण पत्र, किताबें, बिस्तर व घरेलू सामान के साथ दो हजार की नगदी जल गई।

### वाहन छोड़कर भागा चालक, लाइसेंस निरस्त

**हल्द्वानी :** एआरटीओ प्रवर्तन रश्मि भट्ट मंगलवार को कालाढूंगी रोड पर चेकिंग कर रहीं थी तभी उन्होंने एक वाहन चालक को चेकिंग के लिए रोकना चाहा तो उसने अपना वाहन तेजी से भगा दिया। प्रवर्तन टीम के पीछा करने पर वाहन चालक कुछ दूरी पर अपना वाहन छोड़कर भाग गया। इसके बाद वाहन को उठाकर आरटीओ कार्यालय ले जाकर सीज किया और उसका लाइसेंस निरस्त कर दिया। प्रवर्तन टीम ने मंगलवार को 6 वाहन सीज किये और कुल 22 वाहनों का चालान किया। साथ ही 3 चालकों के लाइसेंस निरस्त करने की कार्रवाई की गई।

# उफनाए रकसिया नाले ने हिम्मतपुर बैजनाथ में मचाई तबाही

## जिलाधिकारी वंदना सिंह के निर्देशों के बाद भी वन, सिंचाई विभाग और नगर निगम ने नहीं की रकसिया नाले की ढंग से सफाई, लोगों को हुई परेशानी

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** नैनीताल डीएम वंदना के मानसून तक रकसिया नाले की सफाई के निर्देश नगर निगम, वन और सिंचाई विभाग ने हवा में उड़ा दिए। समय से रकसिया नाले की सफाई नहीं हो सकी, कहीं हुई तो कूड़ा निकालकर नाले की बाउंड्री वॉल पर ही रख दिया गया। फिर वही हुआ जिसका डर था, बारिश में रकसिया नाला उफान पर आने से नाले से सटी कॉलोनियों के घरों व खेतों में पानी व कचरा घुस गया। इससे घरेलू सामान के साथ ही फसल को भी नुकसान पहुंचा है। इस बार भी अधिकारी निरीक्षण और निर्देशों की औपचारिकता तक ही सिमट कर रह गए हैं।

हिम्मतपुर बैजनाथ में लोगों के घरों व खेतों में बारिश में रकसिया नाले के उफान पर आने से पानी, मलबा और कचरा घुस गया। खेतों में दूर-दूर तक कूड़ा और पानी भरा हुआ है। सड़कें भी जलमग्न हैं। सड़क पर हर जगह गंदगी फैली है। रविवार व सोमवार को भारी बारिश से रकसिया नाला उफान पर आ गया। नाले की सफाई नहीं होने से पानी की निकासी नहीं हो सकी। कहीं-कहीं जेसीबी लगाकर सफाई की, लेकिन सरकारी विभागों की लापरवाही का आलम यह रहा कि नाले के अंदर से कूड़ा निकालकर नाले की ही बाउंड्री पर रख दिया। जब बारिश हुई तो कूड़ा बहकर फिर से नाले में पहुंच गया। बाद में बारिश में नाला उफनाया तो कूड़ा-कचरा लोगों के खेतों, घरों और दुकानों में घुस गया। तबाही के डर से लोगों ने रात जागकर काटी। सुबह होने पर जिम्मेदारों को सूचना दी, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। लोगों ने खुद ही पानी और कचरा निकालना शुरू किया। सरकारी स्कूल के सामने भी कूड़े का ढेर लगा है। इधर, गोरापड़ाव के ग्राम हरिपुर तुलाराम में सोमवार रात हुई बारिश से क्षेत्र में पानी घुस गया। ग्रामीण तारादत्त हरबोला ने बताया कि पटवारी ने क्षेत्र का निरीक्षण किया है।



प्रेमपुर लोशज्ञानी में राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गेट के सामने लगा कूड़े का ढेर। ● अमृत विचार



रकसिया नाले में कूड़े के ढेर आने से सड़कों पर बहता है पानी। ● अमृत विचार



हिम्मतपुर बैजनाथ में बारिश आने से नीचे बने गोदाम में भरा पानी। ● अमृत विचार



"प्रारंभिक सूचना में सिंचाई विभाग को आवंटित भाग में लापरवाही सामने आई है। सिंचाई विभाग के अधिकारियों का स्पष्टीकरण लिया जा रहा है। इसके लिए सिटी मजिस्ट्रेट को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए हैं। **-वंदना**, डीएम नैनीताल

"अभी हिम्मतपुर बैजनाथ में पानी के बहाव जो समस्या सामने आई है वह बारिश के पानी की दिख रही है। फिर भी बुधवार को स्थिति का जायजा लेने के लिए सिंचाई विभाग की ओर से अधिकारी जाएंगे। **-बीसी नैनवाल**, अधिशासी अभियंता, सिंचाई विभाग



बारिश के बाद प्रेमपुर लोशज्ञानी से हिम्मतपुर बैजनाथ तक कूड़े के ढेरों से पटी सड़क।

### लोगों ने बताई पीड़ा



"नालों से पानी घरों में अभी भी घुस रहा है। अगर रकसिया नाले की सफाई होती तो ऐसा नहीं होता। सरकारी विभाग झूठ बोल रहे हैं कि सफाई ठीक तरह से हुई है। **-नंद किशोर पांडे**, हिम्मतपुर बैजनाथ



"हर साल यही होता है। हमारे घरों में पानी घुसता है, गंदगी भरती है। सड़क पर चलना मुश्किल हो जाता है। अब तो सोचते हैं कि यहां रह ही क्यों रहे हैं। **-नवीन बिष्ट**, हिम्मतपुर बैजनाथ



"जैसे ही बारिश तेज हुई सड़कों पर पानी बहने लगा। दोनों नालों से पानी ऊपर आकर बहने लगा। हर जगह अब कूड़े के ढेर लग गए हैं। स्थिति बहुत ही खराब है। **-रंजीत, हिम्मतपुर** बैजनाथ



"मेरी दुकान के बेसमेंट में पानी घुस गया है। यहां खेतों में भी पानी घुस रहा है। गंदगी और पॉलीथीन की वजह से खेतों में पैदावार भी चौपट हो गई है। **-चंदन बिष्ट**, पूर्व प्रधान, हिम्मतपुर बैजनाथ

# आपदा झेल रहे लोग, नहीं पहुंची जेसीबी

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत बनाए गए स्यूड़ा, कौंता, पटरानी और हरीशताल मोटर मार्ग मलबा आने से बंद हो गये हैं। इस मार्ग के निर्माण के दौरान नाली और कलमठ नहीं बनाए गए थे। इस वजह से मार्ग में जगह-जगह दीवारें टूट गई हैं। बारिश में मलबा आने की वजह से मार्ग बंद हो गया है। मलबा आने के तीन दिन बाद भी जेसीबी नहीं पहुंची है।

इस वजह से लोगों की आवाजाही बंद हो गई है। वाहनों का आवागमन भी बंद हो गया है। पूर्व प्रधान कौंता अंजू बिष्ट ने बताया कि नाली निर्माण की जगह ठेकेदारों ने ट्रकों से रोड़ी के ढेर डाल दिए थे। जिस वजह से पानी का निकास नहीं होने से ग्राम पंचायत कौंता के काश्तकारों की जमीन व मकान और मंदिरों पर खतरा बना हुआ है। कहा कि पूर्व में भी मकान, मंदिरों को भी खतरा बना हुआ है। इधर, भूस्खलन से एक गोठ में मौजूद गाय की भी मौत हो चुकी है। स्थानीय लोगों ने मामले को लेकर राजस्व उप निरीक्षक रारगड़ी को ज्ञापन भी दिया है।



कौंता से हरीशताल मार्ग की दुर्दशा दिखाते स्थानीय लोग। ● अमृत विचार

### वन चौकी के पास आ रहे नाले से बिठौरिया के लोग परेशान

**हल्द्वानी :** दमुवाढूंगा में वन चौकी के पास बरसाती नाले की वजह से बिठौरिया में लोगों का नुकसान हो रहा है। समस्या को लेकर बिठौरिया नंबर एक के काश्तकारों व अन्य लोगों ने क्षेत्र में एक बैठक की। बैठक में भूपेंद्र तिवारी ने कहा कि बारिश के दिनों में वन चौकी के पास के नाले में उफान बढ़ जाता है। नाले का अंतिम छोर अब सीधे बिठौरिया की तरफ है। किशोरी लाल ने कहा कि खेतों में मलबा, गंदगी और पानी घुस रहा है। लोगों की खेती चौपट हो गई है। लोगों की शिकायत रही कि बिठौरिया एक राजस्व क्षेत्र है और नाला गैर राजस्व क्षेत्र से आता है। इसके बावजूद प्रशासन, सिंचाई विभाग इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। लोगों को बारिश के समय में रात को जागना पड़ रहा है। लोगों ने मांग करी कि नाले को फिर से पुराने बहाव क्षेत्र हरिपुरगंगू से कठघरिया की ओर किया जाए। इस दौरान किशन सिंह, देवेंद्र बिष्ट, ललित प्रसाद, धर्मेंद्र, लक्ष्मण प्रसाद, हरीश कुमार, दौलत चंद्र आदि थे।

### नैनीताल जिले में सात सड़कें बंद

बारिश और भूस्खलन की वजह से नैनीताल जिले में सात सड़कें बंद हो गई हैं। प्रशासन और लोक निर्माण विभाग सड़कों को शीघ्र खुलवाने की बात कह रहा है। सोमवार को डोला न्याय पंचायत मार्ग, फतेहपुर-पीपल अणिया मार्ग और हरीश ताल मोटर मार्ग बंद हो गया था, जो मंगलवार को भी बंद रहे हैं। इसी तरह सिमलखेत-सामड़ा मार्ग, मंगोली खमारी-जलालगांव मार्ग, नोनिया विनायक-अंबेडकर मार्ग और देवलीधार-सूईं मार्ग मंगलवार को बंद हो गए हैं। इन्हें भी खुलवाने का काम चल रहा है।

### कैसे हो पानी निकासी...नाला ही बंद कर दिया

हिम्मतपुर बैजनाथ में दो जगह नाले बने हुए हैं। एक नाले के ऊपर पुलिया है। जिसके नीचे मलबा भरा हुआ है। पुलिया के नीचे नाले को साफ नहीं किया गया। अगर नाला साफ किया होता तो पानी का बहाव सड़क पर नहीं आता। इसी तरह एक और नाले को बंद कर दिया गया है। जिस वजह से पानी का बहाव सड़क पर आ रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि विभागों ने काम करने में केवल खानापूर्ति की है। अगर ठीक से काम किया होता तो समस्या का कुछ तो समाधान होता।

# इंटर कॉलेज में शिफ्ट होंगे 66 परिवार

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** जिले में बारिश के रेड अलर्ट के बाद प्रशासन मुस्तैद हो गया है। आपदा आने पर कलसिया नाले के किनारे बसे 66 संवेदनशील घरों के लोगों को नगर निगम इंटर कॉलेज काठगोदाम में शिफ्ट करने का फैसला लिया गया है। साथ ही लोगों से घर छोड़कर सुरक्षित स्थान पर जाने की अपील की जा रही है।

एसडीएम परितोष वर्मा ने मंगलवार को पुलिस फोर्स के साथ कलसिया नाले का स्थलीय निरीक्षण किया। नाले के किनारे 100 से अधिक घर बने हुए हैं, लेकिन 66 घर आपदा के लिहाज से संवेदनशील हैं। सभी घरों में रह रहे लोगों से मकानों को खाली कर सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट होने की अपील की गई। बारिश के समय खासकर रात में विशेष अलर्ट रहने को कहा गया। एसडीएम वर्मा ने बताया कि पिछले साल अगस्त में अतिवृष्टि से आई आपदा से कई घर चपेट में आ गए थे। इसी के मद्देनजर नाले के किनारे के घरों को खाली करने के लिए नोटिस दिया गया है। बाढ़ आने पर संवेदनशील घरों के लोगों को नगर निगम इंटर कॉलेज में शिफ्ट किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पहाड़ी क्षेत्रों में बारिश होने से अचानक नाला उफान पर आता है और दिक्कतें बढ़ जाती हैं। इसलिए सभी से सतर्कता बरतने की अपील की गई है।



कलसिया नाले का निरीक्षण करते एसडीएम परितोष वर्मा। ● अमृत विचार

# हल्द्वानी में दिनभर छाए रहे मेघ, शाम को बूंदाबांदी

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून ने मंगलवार को नैनीताल जिले में भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया था, लेकिन हल्द्वानी में बारिश नहीं हुई। हालांकि दिनभर घने बादल छाए रहने से लोगों को गर्मी से राहत मिली और मौसम सुहावना बना रहा।

मंगलवार को हल्द्वानी में सुबह से ही धूप नहीं निकली। सुबह होने के साथ ही आसमान में काले बादल छाए हुए थे। पूरे दिन बारिश होने की संभावना बनी रही, लेकिन बारिश नहीं हुई। मौसम विज्ञान केंद्र ने भी भारी बारिश की चेतावनी दी थी। हालांकि लोगों को गर्मी से काफी राहत मिली है। दोपहर के समय भी लोगों को गर्मी का अहसास नहीं हुआ और मौसम सुहावना बना रहा। अधिकतम तापमान 30.5 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 25.8 डिग्री सेल्सियस रहा। अधिकतम तापमान सामान्य से 3.2 डिग्री सेल्सियस कम था। मौसम विज्ञान केंद्र ने बुधवार को भी भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। इधर, मुक्तेश्वर में भी मंगलवार को बारिश नहीं हुई। यहां अधिकतम तापमान 23.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।



मंगलवार को नैनीताल में छाया कोहरा। ● अमृत विचार

### कोहरे के आगोश में सरोवर नगरी

**नैनीताल :** सरोवर नगरी में अलर्ट के बावजूद मंगलवार को रिमझिम बारिश हुई। मगर दिनभर नगर में कोहरा छाया रहा। आने वाले दिनों में भारी बारिश की संभावना को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर है। मौसम विज्ञान केंद्र जीआईसी के अनुसार मंगलवार को नगर का अधिकतम तापमान 19 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 14 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इधर, पिछले 10 दिनों से नगर में हो रही बारिश के बाद भी सैलानियों की संख्या में कम नहीं आई है। अधिकांश होटल और पार्किंग अभी भी पैक हैं। होटल कारोबारियों का कहना है कि भीड़-भाड़ पसंद नहीं करने वाले लोग जुलाई माह के बाद नैनीताल पहुचंते हैं।

**नियमों को ढेंगा** | जिला विकास प्राधिकरण ने छह माह पूर्व किया था चालान, फिर भी कथित नेता धड़ल्ले से करता रहा निर्माण

# प्राधिकरण के चालान के बाद भी बन गए कमरे और दुकान

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** सरकारी भूमि पर निर्माण का पता प्रशासन को छह माह पहले ही लग गया था, लेकिन प्रशासन ने सिर्फ चालान काटने की सरकारी कार्रवाई की इतिश्री कर चुप्पी साध ली। वहीं अपने सरपरस्तों की आड़ में इस कथित नेता ने अवैध निर्माण धड़ल्ले से जारी रखा। अब मौके पर एक नवनिर्मित भवन तैयार है, जिसकी रंगाई-पुताई भी कर दी गई है।

वार्ड 36 जवाहर ज्योति दमुवाढूंगा में सरकारी भूमि पर पोखर था। जिसे छुटभैया नेता ने पाट दिया। इसका करीब छह फीट भरान कर मुख्य सड़क के बराबर किया गया। छह माह पहले जब प्रशासन को अवैध निर्माण की भनक लगी तो टीम मौके पर पहुंची। प्रशासन ने निर्माण करा रहे इस कथित नेता का चालान काटा और तत्काल निर्माण रोकने को कहा।

लेकिन, कई बड़े नेताओं की सरपरस्ती में पल रहे इस व्यक्ति पर चालान का कोई असर नहीं पड़ा। निर्माण रोकना तो दूर उसने और जोर-शोर से निर्माण कराना शुरू कर दिया। चालान के बाद प्रशासन ने इस तरफ मुड़कर नहीं देखा। वहीं अब मौके पर नवनिर्मित भवन तैयार है, उसकी रंगाई-पुताई भी करा दी गई है। अवैध निर्माण को लेकर क्षेत्र के लोग भी हैरान हैं। अब देखना होगा कि आगे क्या कार्रवाई होती है।



"अवैध निर्माण की सूचना पर टीम को मौके पर भेजा गया था। टीम ने अवैध निर्माण रुकवाया और चालानी कार्रवाई की। मामला विचाराधीन है और जल्द ही इसमें फैसला किया जाएगा। **- एपी वाजपेई**, सिटी मजिस्ट्रेट

### 2019 में एसडीएम से की थी शिकायत, नहीं सुनी



**हल्द्वानी :** सामाजिक कार्यकर्ता लक्ष्मीकांत आर्य ने बताया कि वर्ष 2019 में उन्होंने एसडीएम को पानी के पोखर पर हो रहे अवैध अतिक्रमण की शिकायत दी, लेकिन किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की गई। मैं आभारी हूं अमृत विचार न्यूज पेपर का, जिन्होंने इस अवैध अतिक्रमण के खिलाफ खबर लिखी। इस अवैध अतिक्रमण को हटाकर जनहित में बच्चों के खेलने का पार्कबनादेनाचाहिए।

### यहां पानी का बहुत बड़ा पोखर था



**हल्द्वानी :** पूर्व पार्षद महेशानंद का कहना है कि मेरी याददाश्त में यहां बहुत बड़ा पानी का पोखर हुआ करता था, लेकिन वर्तमान में अतिक्रमण कर पानी के पोखर को घेरा गया और अवैध निर्माण कर लिया गया। इस पोखर से जानवर अपनी प्यास बुझाते थे। ग्रामीण यहां कपड़े भी धोते थे। पोखर में निरंतर पानी रहने से भू-जल स्तर भी बढ़ता था, लेकिन सब ताक पर रख पोखर पर कब्जा कर लिया गया। हमारी प्रशासन से मांग है कि इस अवैध अतिक्रमण को हटाकर जनहित में पार्क या मंदिर बना देना चाहिए।

### 2009 में पुलिस चौकी बनाने का था प्रस्ताव



**हल्द्वानी :** पूर्व प्रधान दमुवाढूंगा खाम काठगोदाम महेश जोशी का कहना है कि जनप्रतिनिधि होने के नाते ग्रामीणों की सुविधा के लिए पेयजल टैंक का निर्माण किया था। किसी दानदाता ने अपनी भूमि पोखर के लिए दान दी थी। भिवालगाड़ी के जानवर इसी पोखर से पानी पीते थे। करीब डेढ़ बीघा उक्त जमीन क्षेत्र वासियों के लिए थी। इस पर अतिक्रमण करना सरासर गलत है। अतिक्रमण की सम्भावना को देखते हुए वर्ष 2009 में पुलिस चौकी के लिए प्रस्ताव बनाकर तत्कालीन एसएसपी को दिया था और जिस पर पुलिस ने मौका मुआयना भी किया था।

# समोसा खिलाने के बहाने बच्चे से कुकर्म

**हल्द्वानी:** बनभूलपुरा में समोसा खिलाने के बहाने कूड़ा बीनने वाला बच्चे को घर ले गया और उसके साथ कुकर्म किया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के मुताबिक बनभूलपुरा निवासी एक महिला घरों में काम कर अपने पांच बच्चों को पाल रही है। घटना के दिन महिला घरों में काम करने गई थी। उनका आठ साल का बेटा घर पर था। इस बीच कूड़ा बीनने वाला इंदिरानगर निवासी मो. जकी उनके घर आया और बेटे को समोसा खिलाने के बहाने अपने साथ ले गया। इस बीच जकी ने बच्चे के साथ जबरन कुकर्म किया। बेटे ने घर पहुंचकर बात मां को बताई। महिला मंगलवार को थाने पहुंची। थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी के अनुसार मामला 30 जून से पहले का है। इसलिए आरोपी पर कुकर्म की पुरानी धारा में मुकदमा दर्ज किया गया है। बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।



निर्माणाधीन बलियानाला। ● अमृत विचार

# बारिश में बलिया नाले का मरम्मत कार्य बंद

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** बारिश के चलते बलियानाले की मरम्मत का कार्य बंद कर दिया गया है। सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता अनिल कुमार वर्मा के अनुसार भूस्खलन प्रभावित क्षेत्र का 15 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। शेष कार्य बरसात के बाद किया जायेगा। फिलहाल पानी की निकासी का ध्यान रखा जायेगा।

बलियानाला क्षेत्र में 24 जनवरी से भूस्खलन को रोकने का कार्य शुरू किया गया था। अब तक स्लोप जेंटल, माईक्रो पाइल्स, शॉट रिटिंग और आवश्यक दीवारों का लगभग 15 प्रतिशत काम पूरा कर दिया गया है। प्रोजेक्ट के अनुसार तीन वर्ष में कार्य पूरा किया जाना है। इधर, सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता डीडी सती ने बताया कि तीन माह पूर्व ठंडी सड़क की मरम्मत का कार्य शुरू किया गया था। जिसमें अब तक सुरक्षा दीवारों और माइक्रो पाइलिंग का 40 प्रतिशत काम पूरा हो गया है। लगभग 6 माह में मरम्मत कार्य पूरा हो जायेगा।

# लगेज कैरियर उतारने से भड़के चालक

## एआरटीओ कार्यालय पर टैक्सी चालकों ने किया धरना-प्रदर्शन, एआरटीओ को ज्ञापन सौंपा

संवाददाता, रामनगर


रामनगर में धरनास्थल पर एआरटीओ को ज्ञापन देते टैक्सी चालक। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** सल्ट की मां मौन देवी गुजडू गढ़ी टैक्सी वैलफेयर सोसाइटी मैनाकोट के टैक्सी ऑपरेटरों ने मंगलवार को टैक्सियों की छतों से लगेज कैरियर उतारने के खिलाफ एआरटीओ कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन किया। उन्होंने पूर्व ब्लॉक प्रमुख संजय नेगी के नेतृत्व में प्रदर्शन करते हुए टैक्सियों से उतारे गए कैरियर वापस करने और कैरियर को लेकर किए गए चालान निरस्त करने की मांग की।

धरनास्थल पर हुई सभा के दौरान वक्ताओं ने लोक चुनाव में लगाई गई टैक्सियों को तुरंत भुगतान करने, ओखलढूंगा-बेतालघाट क्षेत्र समेत कई स्कूलों में चल रही निजी गाड़ियों को हटाने, निजी वाहनों का व्यावसायिक प्रयोग बंद करने की भी मांग की। कहा कि कोटद्वार एआरटीओ कार्यालय वाहनों को राज्य परमिट दे रहा है, जबकि हल्द्वानी आरटीओ कार्यालय मंडलीय परमिट दे रहा है। ऐसे में हल्द्वानी-रामनगर से भी राज्य परमिट दिए जाएं। उन्होंने ऑल इंडिया या राज्य परमिट की गाड़ियों को नैनीताल जाने से न रोकने, बाहरी राज्यों से आ रही गाड़ियों के चालकों के पास हिल ड्राइविंग लाइसेंस अनिवार्य करने, ऑलओवर एप की गाड़ियों का यहां प्रवेश रोकने और रामनगर एआरटीओ में पंजीकृत गाड़ियों का फिटनेस यहीं से बनाने की मांग की। एआरटीओ संदीप गुप्ता ने टैक्सी चालकों व मालिकों को आश्वस्त किया कि उनके स्तर की जो समस्या है, उसका निदान किया जाएगा। लोकसभा चुनाव में लगे वाहनों के भुगतान संबंधित समस्या के निदान के लिए निर्वाचन आयोग को अवगत कराया जाएगा।

### यूनियन ने डीएम व आरटीओ को भेजा ज्ञापन

**हल्द्वानी :** महासंघ टैक्सी यूनियन कुमाऊं मंडल ने मंगलवार को डीएम वंदना और आरटीओ संदीप सैनी को संबोधित ज्ञापन एआरटीओ बीके सिंह को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा कि टैक्सी संचालकों को राष्ट्रीय सेवा संघ के नाम से संगठन बनाकर बहकाया जा रहा है और उनसे अवैध वसूली भी की जा रही है। संगठन संचालकों को फेसबुक और व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से जोड़ रहा है और एक लिंक के माध्यम से 501 रुपये अपने खाते में डलवा रहा है। संगठन के संरक्षक महेश पांडे ने कहा कि महासंघ परिवहन विभाग के साथ है और विभाग की ओर से लगेज कैरियर के मानकों का पालन करने के लिए एक माह का समय दिया गया है, जिसके लिए वह तैयार हैं। अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज भट्ट ने कहा कि संगठन हमेशा प्रशासन और परिवहन विभाग के निर्देशों का पालन करता है। किसी भी प्रकार का विरोध करने से पहले उन्हें सूचित किया जाता है।


तहसीलदार को ज्ञापन देते हिंदूवादी संगठन के लोग। ● अमृत विचार

# चारधाम यात्रा का संचालन रामनगर से करने की मांग

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** चारधाम यात्रा को रामनगर से जोड़ने की मांग को लेकर विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को तहसीलदार कुलदीप पांडे के माध्यम से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को ज्ञापन भेजा। कार्यकर्ताओं ने मांग को लेकर सरकार के समर्थन में नारेबाजी भी की। साथ ही शीघ्र यात्रा का संचालन रामनगर से करने की मांग की।

विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के जिला उपाध्यक्ष सूरज चौधरी ने कहा कि वह इस संबंध में संगठन के वरिष्ठ अधिकारियों के माध्यम से मुख्यमंत्री तक बात पहुंचाने का प्रयास करेंगे। कहा कि चारधाम यात्रा का संचालन रामनगर से होने पर गढ़वाल और कुमाऊं से जुड़े असंख्य गांवों का विकास होगा। रोजगार के संसाधन बढ़ेंगे और क्षेत्र की आर्थिकी सुदृढ़ होगी। क्षेत्र में व्यापार की संभावनाओं को बढ़ाने के लिए यात्रा मील का पत्थर साबित होगी। ज्ञापन देने वालों में प्रखंड अध्यक्ष हृदयेश शर्मा, किशोर शर्मा, फूल कुमार, राजेश शर्मा, अश्वनी कश्यप, सोनू प्रजापति मौजूद रहे।

# भाजपा सरकार ने जोशीमठ के साथ किया सौतेला व्यवहार


बद्रीनाथ के एक गांव में महिलाओं के साथ हल्द्वानी विधायक सुमित हृदयेश।

ब्यूरो, बद्रीनाथ/हल्द्वानी

**अमृत विचार :** हल्द्वानी विधायक सुमित हृदयेश कांग्रेस प्रत्याशी लखपत सिंह बुटोला के समर्थन में बद्रीनाथ पहुंचे और पीपलकोटी, गडोरा, लुहा, दिगोली, माणा, जोशीमठ के ग्राम सेलंग, पैनी में घर-घर जाकर वोट मांगे।

विधायक सुमित ने कहा कि पिछले वर्ष एनटीपीसी की ओर से बनाई जा रही टनल से कई घरों में दरार आ गई थी। राज्य सरकार ने उन्हें अनदेखा किया और अब प्रभावित घरों की संख्या 1200 के पास पहुंच चुकी है, लेकिन सरकार को उनकी परेशानी से कोई लेना देना नहीं है। सरकार ने आस्था के केन्द्र जोशीमठ के साथ सौतेला व्यवहार किया है। इस बार बद्रीनाथ ने कांग्रेस प्रत्याशी को विजय बनाने का मन बना लिया है। इस दौरान कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन महरा, उप नेता सदन भुवन कापड़ी, रणजीत रावत, विधायक ललित फर्सवान आदि मौजूद रहे।

# रेस्क्यू के समय युवक को सांप ने डसा, मौत

**रामनगर, अमृत विचार :** ग्राम चिलकिया क्षेत्र में रहने वाले एक युवक की सांप को रेस्क्यू करने के दौरान मौत हो गई।



चिलकिया गांव में रहने वाला 21 वर्षीय अल्ताफ सुबह किसी के घर में सांप होने की सूचना पर सांप को रेस्क्यू करने के लिए गया था। बताया जाता है कि रेस्क्यू के दौरान सांप ने अल्ताफ को डस लिया। इसके बाद उसकी मौत हो गई। घटना के बाद मृतक के परिवार में कोहराम मच गया। अल्ताफ का परिवार लंबे समय से सांपों को रेस्क्यू करने का काम कर रहा है। चार दिन पूर्व ग्राम पीरूमदारा क्षेत्र में भी दो मासूम भाई बहनों की सांप के डसने से मौत हो गई थी। मृतक अल्ताफ के चाचा तालिव ने बताया कि उसने ही अपने भतीजे को सांप को रेस्क्यू करने के लिए भेजा था। भतीजे को सांप ने रेस्क्यू करने के दौरान काट लिया, जिससे उसकी मौत हो गई।

# बोरिंग के कारण भवाली में तेजी गिर रहा जलस्तर, जताई चिंता


जल संर्वधन को लेकर आयोजित आम बैठक में मौजूद सामाजिक कार्यकर्ता व व्यापारी। ● अमृत विचार

संवाददाता, भवाली

**अमृत विचार :** जल संवर्धन को लेकर मंगलवार को सरताज सभागार नैनीताल रोड में आम बैठक का आयोजन हुआ। जिसमें समाजसेवी खष्टी बिष्ट के नेतृत्व में व्यापारियों, जनप्रतिनिधियों व सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भवाली में लगातार हो रहे जल संकट पर चिंता जताई और अपने विचार साझा किये।

पूर्व पालिकाध्यक्ष भुवन सिंह अधिकारी, कंचन साह व खष्टी बिष्ट ने कहा कि नगर क्षेत्र में जिस तरीके से लगातार बोरिंग हो रही है, उससे जलस्तर गिरता जा रहा है। लिहाजा बोरिंग न करवाना समाधान हो सकता है। नरेश पांडे ने कहा कि श्यामखेत क्षेत्र में जो बोरिंग है उन बोरिंग से कनेक्शन लेकर भवाली जल संस्थान की टंकियों में डाला जाए। रोहित शाह ने कहा कि पानी की बर्बादी को रोका जाए और हर घर में जिस तरह विद्युत विभाग ने मीटर लगाए हैं, उसी तरह पानी का मीटर भी लगाया जाए। प्रवक्ता केसी लोहनी ने कहा कि जो लोग बोरिंग का पानी इस्तेमाल करते हैं, वह जल संवर्धन अवश्य करें। इसकी मॉनिटरिंग प्रशासन करें। वक्ताओं ने विशेषज्ञ से सर्वे कराकर भविष्य को देखते हुए योजनाएं बनाने की मांग की। संतोष तिवारी व प्रमोद पांडे ने कहा कि किसी भी गधेरे या नदी पर कंक्रीट का जल न बिछाया जाए। इस दौरान नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी संजय कुमार, हरेन्द्र कुमार, संतोष तिवारी, शेर सिंह बिष्ट, प्रमोद पांडे, कंचन शाह, उषा कनौजिया, इंद्र कपिल ने भी विचार रखे।

# लाखों की लागत से बना पशु अस्पताल व स्कूल हुआ विरान

संवाददाता, गरमपानी

**अमृत विचार :** बेतालघाट ब्लॉक के सूदूर जिनौली ग्राम पंचायत के लोधिया तोक में लाखों रुपये की लागत से बना पशु अस्पताल व विद्यालय भवन जिम्मेदारों की अनदेखी से विरान पड़ा है। ग्रामीणों ने दोनों भवनों के निर्माण पर सवाल उठाते हुए जांच की मांग की है।

लोधिया तोक में साढ़े छह लाख रुपये की लागत से वर्ष 2007 में पशु अस्पताल का भवन बना। वहीं वर्ष 2014 में लाखों रुपये की लागत से प्राथमिक विद्यालय का भवन बना। दोनों भवनों के निर्माण के बाद विभागीय अधिकारियों ने सुध नहीं ली। देखरेख के अभाव में अब दोनों भवन जर्जर हालत में पहुंच चुके हैं। स्थानीय कैलाश चंद्र बुधलाकोटी ने आरोप लगाया की महज ठेकेदारों को फायदा पहुंचाने व बजट ठिकाने लगाने को भवनों का निर्माण कर दिया गया। यदि जरुरत के हिसाब से निर्माण किया गया होता तो दोनों भवनों में अस्पताल व विद्यालय संचालित हो रहे होते। भवनों के लिए भूमि दान देने वाले भूपाल सिंह ने भी अनदेखी पर रोष जताया है। दानदाता ने भूमि पर बने भवनों में अब गौशाला संचालित करने की मांग उठाई है। वहीं ग्रामीणों ने मामले की जांच कर दोषियों को दंडित करने की मांग की है।

### सीएचसी में पूर्व स्वास्थ्य महानिदेशक के सहारे अल्ट्रासाउंड सेवा

**गरमपानी, अमृत विचार :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) गरमपानी में अल्ट्रासाउंड सेवा स्वेच्छा की व्यवस्था पर गतिमान है। सप्ताह में दो दिन पूर्व स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ. जेपी भट्ट हल्द्वानी से गरमपानी की दूरी तय कर निशुल्क सेवा दे रहे हैं। फरवरी 2023 में डॉ. जेपी भट्ट का अनुबंध समाप्त हो गया। अनुबंध समाप्त होने के बाद डॉ. भट्ट भी वापस लौट गए। व्यवस्था चरमराने व अल्ट्रासाउंड सेवा ठप हो जाने से कोसी घाटी के वाशिंदे दूर-दराज रुख करने को मजबूर हो गए। लगातार मांग भी उठी पर सरकार व स्वास्थ्य विभाग ने एक न सुनी। परेशानी की गूंज डॉ. जेपी भट्ट के कानों तक पहुंची तो उन्होंने तत्काल अस्पताल प्रबंधन से संपर्क साधा निशुल्क सेवा देने की इच्छा जताई। अस्पताल प्रबंधन से हरी झंडी मिलने के बाद डॉ. जेपी भट्ट तकरीबन डेढ़ वर्ष से सप्ताह में दो दिन अल्ट्रासाउंड सेवा के लिए सीएचसी में मुस्तैद रहते हैं।

# नायकगोठ गांव में सर्पदंश से युवक और महिला की मौत

**टनकपुर, अमृत विचार:** नगर से लगे ग्राम सभा नायकगोठ में सर्पदंश से युवक और महिला की मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक मंगलवार को गांव नायक गोठ निवासी सुजल टम्टा पुत्र सुरेश टम्टा (19) व रेखा देवी पत्नी भगवान राम (47) को सांप ने डस लिया। परिजन दोनों को उप जिला चिकित्सालय टनकपुर ले गए जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर कैम्प कार्यालय टनकपुर के नोडल अधिकारी केदार सिंह बृजवाल ने मृतकों के घर जाकर परिवार जनों के समक्ष शोक संवेदना व्यक्त की। साथ ही पीड़ित परिवार की हर संभव सहायता एवं उचित मुआवजा देने के निर्देश वन क्षेत्राधिकारी और स्थानीय प्रशासन को दिए।

# क्रश बैरियरों की बुनियाद दरकने से लोगों में नाराजगी

संवाददाता, गरमपानी

**अमृत विचार :** बेतालघाट ब्लॉक मुख्यालय से भतरौजखान समेत तमाम गांवों को जोड़ने वाले महत्वपूर्ण मोटर मार्ग पर भारी भरकम बजट से सुरक्षित यातायात को लगाए जा रहे क्रश बैरियरों की बुनियाद में दरारें गहराने का मामला तूल पकड़ गया है।

बेतालघाट से भतरौजखान समेत तमाम गांवों को जोड़ने वाले मोटर मार्ग पर लगभग चार करोड़ रुपये की लागत से क्रश बैरियर निर्माण का कार्य गतिमान है पर कार्य के शुरुआती चरण में ही सवाल उठने लगे हैं। क्रश बैरियरों के लिए जमीन के अंदर डाले गए स्टैंड को बनाए गए गड्ढे के चारों ओर लगाए गए सीमेंट पर दरारें गहराने लगी हैं। यह हालत तब है जब अभी कार्य को हुए एक माह का समय भी नहीं बीता है। पंचायत प्रतिनिधियों के मामला उठाने के बाद अब क्षेत्रीय जन विकास संघर्ष समिति व व्यापारिक संगठनों से जुड़े लोगों ने भी रोष जताया है। व्यापार मंडल प्रदेश उपाध्यक्ष विरेन्द्र सिंह बिष्ट व समिति अध्यक्ष मनीष तिवारी ने जनहित से जुड़े कार्यों में गुणवत्ता का ध्यान न रखे जाने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। इधर, लोनिवि के अधिक्षण अभियंता राजेंद्र सिंह के अनुसार घटिया कार्य कतई बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। यदि गुणवत्ता विहीन कार्य हुआ तो उसे तुड़वाने के साथ ही भुगतान रोकने समेत नियमानुसार अन्य कार्रवाई की जाएगी।

## स्वीकृत मिनी स्टेडियम में अराजक तत्वों का डेरा, ज्ञापन सौंपा

**कालाढूंगी :** राजकीय इंटर कॉलेज मैदान में स्वीकृत मिनी स्टेडियम का काम कछुआ गति से होने पर क्षेत्रीय विकास एवं स्पोर्ट्स समिति के सदस्यों व खिलाड़ियों ने रोष व्यक्त किया है। समिति के सदस्यों ने मंगलवार को तहसील पहुंचकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। कहा कि स्वीकृत मैदान में अराजक तत्वों का डेरा रहता है, कांच की बोतल फोड़ दी जाती है, जिस वजह से बच्चों के खेल अभ्यास में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। कई बार खेल अभ्यास करने वाले बच्चे चोटिल भी हो चुके हैं। इसी के साथ यहां न बच्चों के लिए पानी की व्यवस्था है और न ही शौचालय की, जिस कारण बच्चे परेशान रहते हैं। स्टेडियम मैदान के मुख्य गेट को भी किसी ने तोड़ दिया गया है। ज्ञापन देने वालों में अध्यक्ष राजेंद्र सिंह नेगी, मनमोहन बसेड़ा, गोविंद पांडे, मनोज पंत, कमल जोशी मौजूद रहे।


गुमशुदा



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पत्नी दिव्यांशी उर्फ निकिता दिनांक 03.05.2024 को 04 वर्ष की पुत्री को साथ लेकर घर से बिना बताये कहीं चली गयी है जो अभी तक वापस लौटकर नहीं आयी है। हुलिया : उम्र लगभ 25 वर्ष, रंग गोरा, हरा सूट, लाल दुपट्टा पहने है। अगर किसी व्यक्ति को मिले या दिखे तो निम्न नम्बर/पते पर सूचित करने की कृपा करें। सूचना देने वाले को उचित इनाम दिया जायेगा।

दिव्यांशी उर्फ निकिता

जितेन्द्र कुमार निवासी मेडिसिटी के पास, श्री नगर कालोनी, थाना बारादरी बरेली
मो. 9997222364, 8057204035


पुस्तक समीक्षा | श्रीराम कथा के विभिन्न प्रसंगों पर आधारित पुस्तक का हुआ लोकार्पण

# राम वन गये तो बन गये : वनवासी राघवेन्द्र

विनोद पपनै, रामनगर



पुरतक वनवासी राघवेंद्र। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** केदारनाथ आपदा पर पांच कविताओं की सीरीज से चर्चा में आये सन्तोष कुमार तिवारी (सन्तोष कुमार दास शास्त्री) वैसे तो पेशे से हिन्दी के प्रवक्ता हैं, लेकिन 30 वर्षों के साहित्य लेखन से वे अब उत्तराखंड के अग्रणी साहित्यकारों में शुमार हो गये हैं। हाल ही में उनकी श्रीराम कथा के विभिन्न प्रसंगों पर आधारित पुस्तक वनवासी राघवेंद्र का लोकार्पण हुआ।

यह लेखक की तीसरी कृति है। पुस्तक के आरंभ में गुरु-वंदना और सरस्वती-स्मरण के पश्चात् श्रीराम के अनुपम चरित्र, उनके औदार्य व विचार तथा सामाजिक उपादेयता का सम्यक् विवेचन है। 126 पृष्ठ में 30 लेख सूर्य और सूर्यपुत्र वैवस्वत मनु की उपासना, राम सरिस कोउ नाहीं, आज राम कै जनमवाँ है रंग बरसे, भये प्रगट कृपाला, जेहि मंडप दुलहिनि वैदेही, सिया संग यै भांवरि घूमिहैं कइके भंग पिनाका, सीताष्टमी, विहरत गलबाही दिये सिय रघुनंदन भोर, महामोह उपजा उर तोरे, पक्षी भ्राता जटायु और संपाती, राम वन गये तो बन गये आदि एकाधिक लेख नवीन कलेवर, विषयवस्तु तथा कथा-मर्म के अभिनव प्रयोग व विश्लेषणात्मक अध्ययन की दृष्टि से सराहनीय कृत हैं।

### उत्तराखंड साहित गौरव सम्मान से सम्मानित


लेखक सन्तोष तिवारी।

पुस्तक में लेखों का आधार ग्रंथ श्रीरामचरितमानस है। इसमें कथा-प्रवाह पर भाषाई बोझ न के बराबर है। लेखक की यही निपुणता है कि उसके नायक तो श्रीराम हैं, परंतु वे संघर्षशील व दयालु हैं। लेखक का मानना है कि समाज में अधैर्य और अविवेकी मन की उपज हैं, ऐसे श्रीराम के चरित्र को अपने जीवन में बिना आत्मसात किये घर, परिवार, समाज व राष्ट्र का उत्कर्ष सम्भव नहीं है। संतोष वर्ष 2023 में उत्तराखंड साहित्य गौरव सम्मान से नवाजे जा चुके हैं। कुल मिलाकर बनवासी राघवेंद्र पुस्तक श्री राम के जीवन चरित्र को दर्शाने के साथ-साथ वर्तमान समाज को भी एक संदेश देने में पूर्णतया सफल रही है।







## एक नजर

### राजेंद्र अग्रवाल बने वैश्य महासभा के कोषाध्यक्ष

**हल्द्वानी :** वैश्य महासभा के अध्यक्ष रामबाबू जायसवाल की संस्तुति के बाद महामंत्री तनुज गुप्ता ने राजेन्द्र अग्रवाल मुन्ना को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया है। उन्होंने कहा कि वैश्य समाज ने जो उनको जिम्मेदारी दी है, वह उसको पूरी ईमानदारी से निभाएंगे। वह हमेशा समाज के हित में काम करेंगे। मनोनयन पर भगवान सहाय अग्रवाल, बद्री प्रसाद गुप्ता, आलोक शारदा, सौरभ अग्रवाल, राजेन्द्र जायसवाल, विनय लहौटी, अशोक वार्ष्णेय, सुशील अग्रवाल ने शुभकामनाएं दी हैं।

### सोनिया विलास राय को मिली पीएचडी की उपाधि



**रामनगर :** पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग की शोध छात्रा सोनिया विलास राय को उनके शोध विषय कुमाऊं मंडल के औद्योगिक विकास में सिडकुल का योगदान पर कुमाऊं विश्वविद्यालय ने पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। सोनिया ने अपना शोध वाणिज्य विभाग के डॉ. किरन कुमार पंत के निर्देशन में पूर्ण किया। उनकी उपलब्धि पर प्रोफेसर अतुल जोशी, महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. एमसी पांडे, चम्पावत महाविद्यालय चंपावत के प्राचार्य डॉ. चंद्राराम, डॉ. भावना पंत ने बधाई दी है।

# जल संस्थान में गरजीं महिलाएं, ईई का किया घेराव

## जवाहर नगर और वारसी कॉलोनी में दो माह से पानी की किल्लत से जूझ रहे लोग, आपूर्ति सुचारू न होने पर दी आंदोलन की चेतावनी

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** पिछले दो माह से पानी की किल्लत से जूझ रहीं जवाहर नगर और वारसी कॉलोनी की महिलाओं का गुस्सा मंगलवार को फूट पड़ा। उन्होंने तिकोनिया स्थित जल संस्थान कार्यालय में प्रदर्शन करते हुए ईई का घेराव किया। साथ ही जल्द पानी की आपूर्ति सुचारू न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी।

क्षेत्र की दर्जनों महिलाएं मंगलवार को जल संस्थान कार्यालय पहुंची, जहां उन्होंने अधिशासी अभियंता के सामने पेयजल किल्लत को लेकर आक्रोश प्रकट किया। उनका कहना था कि पिछले दो माह से जवाहर नगर सहित टनकपुर रोड, गौला गेट, नजाकत खान का बगीचा, जाम फैक्ट्री एवं वारसी कॉलोनी में पेयजल की किल्लत बनी हुई है। कई बार शिकायत करने के बाद भी अधिकारियों ने समस्या का समाधान नहीं किया है। इस कारण क्षेत्र के करीब 300 परिवार पानी के लिए तरस रहे हैं। उन्हें हर दिन आसपास के क्षेत्रों से ढोना पड़ रहा है। पानी की आपूर्ति के लिए जल संस्थान की ओर से टैंकर भी नहीं भेजे जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र से निकली पेयजल लाइन से दूसरे इलाके के लिए कनेक्शन जोड़ दिया गया है, जिससे सुबह के समय एक घंटे मिलने वाले पानी की आपूर्ति भी बंद हो गई है। कहा कि यदि जल्द ही विभाग ने पानी के लिए वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की तो क्षेत्रवासी आंदोलन के लिए मजबूर होंगे। जिसकी पूरी जिम्मेदारी जल संस्थान की होगी। प्रदर्शन करने वालों में नूर बेगम, शबनम, सानिया, अखतरी बेगम, उवैस, इमरान, नाजिम जहां, अक्सरीन समेत कई महिलाएं मौजूद रहीं।



जल संस्थान कार्यालय में प्रदर्शनी करतीं जवाहर नगर क्षेत्र की महिलाएं। ● अमृत विचार



अधिशासी अभियंता का घेराव करते वारसी कॉलोनी के लोग। ● अमृत विचार

> पेयजल लाइन में लीकेज के चलते दिक्कत बनी हुई है। जिसको ट्रैक कर लिया गया है। जल्द ही लीकेज ठीक कर पेयजल आपूर्ति सुचारू कर दी जाएगी। **-आरएस लोशाली, ईई जल संस्थान**

### जल्द बदली जाएंगी पुरानी पेयजल लाइनें

**हल्द्वानी :** शहर में 60 साल पुरानी पेयजल लाइनों को जल्द बदला जायेगा। इन लाइनों के जगह-जगह लीकेज होने से कई इलाकों में दूषित पानी पहुंच रहा है। जिससे लोग परेशान हैं। पेयजल निगम के ईई एके कटारिया ने बताया कि विभाग की ओर से पुरानी पेयजल लाइनों को बदलने के लिए प्रस्ताव बनाया गया है। वार्ड एक से 33 तक सभी इलाकों में लाइनों को बदलने का कार्य शुरू कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि पेयजल निगम की ओर से 50 करोड़ की लागत से शहर की 172 किलोमीटर वितरण प्रणाली की पेयजल लाइनों की मरम्मत और पुनरुद्धार किया जाएगा। इससे आने वाले समय में जमरानी पेयजल योजना शुरू होने के बाद निर्बाध पेयजल की आपूर्ति हो पाएगी। इसके लिए विभाग की ओर से प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजा गया है।

### बरसात में जल संकट से लोग परेशान

**हल्द्वानी :** जून में भीषण गर्मी के कारण जहां कई क्षेत्रों में पानी का संकट बना हुआ था, वही स्थिति वर्तमान में भी बनी हुई है। बारिश होने से लोगों को उम्मीद थी कि पानी की समस्या से निजात मिलेगी, लेकिन ऐसा नहीं हो रहा है। जल संस्थान वर्तमान समय में पानी संकट वाले इलाकों में 23 टैंकरों से पानी वितरित करा रहा हैं। राजपुरा, इंदिरानगर, गौजाजाली, वारसी कॉलोनी, दमुवाढुंगा, ईसाई कॉलोनी, भगवानपुर समेत अन्य इलाकों में लोग टैंकरों पर ही पेयजल आपूर्ति के लिए निर्भर हैं।

### शीतलाहाट फिल्टर प्लांट में नहीं हुई पंपिंग, जलापूर्ति बाधित

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** मंगलवार को शीतलाहाट स्थित फिल्टर प्लांट में पंपिंग नहीं हुई, जिस कारण कई क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति बाधित रही। वहीं पहाड़ों में हो रही बारिश से फिल्टर प्लांटों में सिल्ट व गाद आने का क्रम जारी है। जिस कारण फिल्टर प्लांटों से 60 प्रतिशत तक ही पानी की आपूर्ति हो पा रही है। शीतलाहाट फिल्टर प्लांट से मंगलवार की सुबह आंशिक पेयजल आपूर्ति ही हो पाई। जिससे कई स्थानों पर लोगों को पानी से वंचित रहना पड़ा। वहीं बारिश की वजह से कई घरों में दूषित पानी पहुंचा। जिससे लोगों को परेशानी उठानी पड़ी। शीतलाहाट फिल्टर से जुड़े नई बस्ती, काठगोदाम, रानीबाग, चांदमारी, नरीमन चौराहा, काल टैक्स समेत कई इलाकों में पिछले 4 दिनों से पेयजल आपूर्ति सुचारू रूप से नहीं हो पा रही है। इन इलाकों में 24 घंटे में एक ही बार जलापूर्ति हो रही है। वहीं शीशमहल फिल्टर प्लांट से शहर की एक बड़ी आबादी को पेयजल आपूर्ति होती है, लेकिन फिल्टर प्लांट से मौजूदा समय में सिल्ट व गाद के चलते 100 फीसदी पानी का शोधन नहीं हो पा रहा है। इससे शहर के अंतिम छोर तक के इलाकों में पानी नहीं पहुंच पा रहा है। इंदिरानगर, लालाडांठ, कुमुमखेड़ा, कठघरिया, दमुवाढूंगा समेत कई क्षेत्रों में नियमित रोस्टर के हिसाब से पानी नहीं पहुंच रहा है। जल संस्थान के ईई आरएस लोशाली ने बताया कि बारिश से फिल्टर प्लांट में सिल्ट व गाद आने से पानी शोधन की क्षमता पर असर पड़ा है।

# साहब...सरकारी स्कूलों में बच्चों का नहीं हो रहा दाखिला

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** एसडीएम परितोष वर्मा ने मंगलवार को तहसील कार्यालय में तहसील दिवस में जन समस्याएं सुनीं। इस अवसर पर बिजली, पानी, स्कूल में एडमिशन समेत 34 और पूर्ति विभाग की 13 समस्याएं दर्ज हुईं। उन्होंने अधिकांश समस्याओं का समाधान किया।

एसडीएम वर्मा ने पूर्ति निरीक्षक को राशन कार्डों का सत्यापन तेज करने व प्रत्येक जरूरतमंद को राशन कार्ड मुहैया कराने के निर्देश दिए। पूर्व पार्षद शकील अहमद सलमानी ने कहा कि 14 वर्ष के बच्चों को सरकारी स्कूलों में प्रवेश नहीं दिया जा रहा है। इस पर एसडीएम ने खंड शिक्षा अधिकारी को प्रत्येक बच्चे को दाखिला दिलवाने के निर्देश दिए। निवर्तमान पार्षद फईम जेबा ने इंदिरानगर में क्षतिग्रस्त नालियों-पुलिया व खराब स्ट्रीट लाइटों को चालू कराने की मांग की। युवक कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष हेमंत साहू व प्रीती आर्या ने राजेंद्र नगर, राजपुरा में विद्युत कटौती, बंद स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत, बेस अस्पताल में डायलिसिस सेंटर की व्यवस्थाओं को सुधारने की मांग की। इस दौरान जल संस्थान, विद्युत विभाग व सिंचाई की दो-दो, शिक्षा विभाग की 14 शिकायतें मिलीं।



तहसील दिवस में लोगों की समस्या सुनते एसडीएम परितोष वर्मा।

## संपादक राकेश पांडेय के निधन पर जताया शोक



**हल्द्वानी, अमृत विचार :** देवभूमि पत्र संवाहक कल्याण समिति की ओर से मंगलवार को शोक सभा कर वितरक परिवार को एक साथ जोड़ने वाले वितरक आवाज के संपादक राकेश पांडेय के निधन पर शोक जताया और उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी।

समिति के अध्यक्ष चन्दन सिंह राणा ने कहा कि समाचार पत्र वितरकों ने एक ऐसे शख्स को खो दिया, जिसने दूर-दराज के वितरकों को एक पहचान दिलाई। वह हमेशा वितरकों के दिलों में रहेंगे। शोक जताने वालों जगदीश सिंह बिष्ट, केएन जोशी, श्याम भोज, नीरज पंत, विवेक गुप्ता, दलप्रीति सिंह प्रिंस, भास्कर भट्ट, शहजादे आलम, बालादत्त नैनवाल आदि शामिल थे।

# शिक्षा विभाग व मंत्री पर लगाए भ्रष्टाचार के आरोप

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** टिहरी लोकसभा से पूर्व सांसद प्रत्याशी व उत्तराखंड बेरोजगार संघ के अध्यक्ष बॉबी पंवार ने शिक्षा विभाग और शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए हैं।

उन्होंने पत्रकार वार्ता में कहा कि बीआरपी व सीआरपी के 955 पदों को भरने के लिए मानक पूरा नहीं करने के बाद भी एक बाहरी कंपनी अलंकित लिमिटेड का चयन किया गया है, जबकि उत्तराखंड की एक अन्य स्थानीय कंपनी को मानक पूरे करने के बाद भी बाहर कर दिया गया। उन्होंने कहा कि हाईकोर्ट की डबल बेंच ने भी चयन को गलत करार दिया। इसके बावजूद शिक्षा विभाग ने बाहरी कंपनियों से करोड़ों की वसूली कर गैर मानक पूर्ण कंपनी को बीआरपी-सीआरपी के पदों को भरने की जिम्मेदारी सौंपी है। उन्होंने आउटसोर्सिंग एजेंसी के माध्यम से होने वाली नियुक्तियों का विरोध किया और कहा कि यदि कामचलाऊ व्यवस्था के तहत नियुक्तियां की जा रही हैं तो ऐसी व्यवस्था को पूरी तरह पारदर्शी बनाया जाना चाहिए। उन्होंने माध्यमिक शिक्षा निदेशक महावीर बिष्ट पर लगे भ्रष्टाचार के आरोप और हाईकोर्ट में उनकी जनहित याचिका के बाद शिक्षा निदेशक को लगी फटकार का भी उल्लेख किया। इस मौके पर संघ के उपाध्यक्ष राम कंडवाल, सह संयोजक सुशील कैंतूरा, संरक्षक यशपाल रावत, जसपाल चौहान आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### प्रेशर हॉर्न व रेट्रो साइलेंसर लगाने पर 71 का चालान

**हल्द्वानी :** पुलिस ने विशेष चेकिंग अभियान के दौरान रेट्रो साइलेंसर और प्रेशर हॉर्न लगाकर सड़कों पर उधम काटने वाले 71 लोगों के खिलाफ चालान की कार्रवाई की। साथ ही 75 हजार रुपये का जुर्माना वसूला। एसएसपी पीएन मीणा के निर्देश पर इस साप्ताहिक अभियान की मंगलवार से शुरुआत की गई। पुलिस ने मोडिफाइड (रेट्रो) साइलेंसर वाले 23 और प्रेशर हॉर्न लगे 48 वाहनों का चालान पहले दिन काटा।



वाहनों से निकाले गए रेट्रो साइलेंस और प्रेशर हार्न के साथ काठगोदाम पुलिस।

### राज्य आंदोलनकारियों ने सीएम से की मुलाकात

**हल्द्वानी :** चिन्हित उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी संयुक्त समिति (वंचित प्रकोष्ठ) एवं उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी मंच के प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात की। उन्होंने सीएम से राज्य आंदोलनकारियों के चिन्हीकरण, 10 प्रतिशत आरक्षण, समान पेंशन, भूकानून और मूल निवास आदि की मांग की। इस पर सीएम ने समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। इस दौरान दीपक रौतेला, नरेश चंद्र भट्ट शामिल थे।

### एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए कल तक करें आवेदन

**हल्द्वानी :** 13वीं राष्ट्रीय जूनियर पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में प्रतिभाग करने के लिए खिलाड़ी 4 जुलाई तक आवेदन कर सकते हैं। पैरालंपिक एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के कार्यालय सचिव अमिता ने बताया कि 15 से 17 जुलाई तक बेंगलुरु में प्रतियोगिता का आयोजन होगा। इसमें 19 वर्ष से कम उम्र के पैरा एथलीट प्रतिभाग कर सकेंगे। पैरा खिलाड़ी को राज्य से संबंधित खेल में क्लासीफाइड होना जरूरी है। प्रतिभागी खिलाड़ी आवेदन राज्य पैरा एथलेटिक्स एसोसिएशन को भेज सकते हैं।



ग्राम दुकान के उद्घाटन के अवसर पर मौजूद लोग। ● अमृत विचार

### ग्राम दुकान का किया उद्घाटन

**हल्द्वानी :** स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को स्थानीय स्तर पर बाजार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रथम ग्राम दुकान गिरिजा बुटीक एवं महिला विकास संस्था के अंतर्गत रचिता स्वयं सहायता समूह लामाचौड़ को आवंटित की गयी है। ग्राम दुकान का उद्घाटन मुख्य अतिथि नाबार्ड के मुख्य महाप्रबंधक विनोद कुमार बिष्ट ने किया। इस दौरान डीडीएम नाबार्ड मुकेश बेलवाल, ग्राम प्रधान कमल पडलिया रचिता समूह की अध्यक्ष पुष्पा बिष्ट, रचिता, हर्षिता कुरिया, चंदन सिंह, रेखा कैड़ा, बसंती नेगी मौजूद रहे।

### फैटी लीवर से कई गंभीर बीमारियों का बढ़ रहा खतरा



**हल्द्वानी :** गैस्ट्रो फिजिशियन डॉ. (मेजर) अजय कांडपाल ने फैटी लीवर की समस्या पर आमजन को जागरूक करते हुए बताया कि पूरे विश्व में फैटी लीवर की समस्या का इलाज नहीं होने पर लीवर सिरोसिस जैसी गंभीर बीमारी बन रही है। खासकर डायबिटीज, बीपी एवं अधिक मोटापे से इस बीमारी के होने का खतरा बढ़ जाता है। फैटी लीवर एक साइलेंट बीमारी है, जिसके शुरुआत में कोई लक्षण नहीं होते हैं। यदि इसका इलाज समय रहते नहीं किया जाए तो लीवर सिरोसिस और उससे पेट में सूजन, पीलिया, खून की उल्टी होना जैसी समस्याएं हो सकती हैं। इससे बचाव के लिए नियमित आधे घंटे व्यायाम, फैटी फूड, फास्ट फूड, जंक फूड एवं पैकेट का फूड को छोड़कर घर का खाना, फल, हरी सब्जियां खाएं।

### लोनिवि ने जेसीबी से हाईवे किनारे खोद दिया नाला

**कालाढूंगी :** कालाढूंगी-रामनगर मुख्य हाईवे के किनारे जिओ मॉल के सामने बरसात का पानी एकत्र होता है। जिसकी निकासी के लिए लोक निर्माण विभाग ने जेसीबी से खुदाई कर एक नाले का रूप दे दिया है। उक्त स्थान को खोदकर इसी हालत में छोड़ दिया गया है। जिससे एक समस्या का तो शायद समाधान हो गया, मगर कई लोगों के सामने समस्या खड़ी हो गई। मुख्य हाईवे किनारे जहां भूमि खोदकर पानी निकासी का समाधान का प्रयास किया गया, वहां घर और कई दुकानें भी हैं। घरों में वृद्ध जन और छोटे-छोटे बच्चे हैं। दुकानों में ग्राहक भी आते जाते हैं। जिस वजह से कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है।



हाईवे किनारे खोदा गया नाला। ● अमृत विचार



युद्धाभ्यास में शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि देते पूर्व सैनिक। ● अमृत विचार

### युद्धाभ्यास में शहीद हुए जवानों को दी श्रद्धांजलि

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** लद्दाख के न्योमा-चुशूल इलाके में लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल (एलएसी) के पास श्योक नदी में भारतीय सेना का युद्ध टैंक बहने से पांच जवान 28 जून को शहीद हो गए थे। मंगलवार को जिला सैनिक लीग कार्यालय में पूर्व मेजर बीएस रौतेला व संगठन के पदाधिकारियों ने शहीद रिसलदार एमआरके रेड्डी, हवलदार सुब्हान खान, दफादार भूपेंद्र नेगी, लांस दफादार अकदुम तैयबम, हवलदार ए खान और नागराज पी को श्रद्धांजलि दी। मेजर केएस महर ने कहा कि लीग हमेशा शहीद जवानों के परिजनों के साथ है। इस दौरान पूर्व कैप्टन सुरेश भट्ट, सूबेदार मेजर जय दत्त, सूबेदार प्रहलाद सिंह परिहार, कैप्टन महेंद्र सिंह कोश्यारी, गौरव सेनानी प्रमोद सिंह, हवलदार भगवान सिंह, हवलदार मनोज सिंह सहित अनेक गौरव सेनानी मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारियों को मिला धारा 152 में पहला नोटिस

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**कार्रवाई**
- निर्माण सामग्री सड़क पर फेंकने व गूल बंद करने पर कार्रवाई
- रुद्रपुर कोतवाल को तामीली के लिए भेजा गया नोटिस

**अमृत विचार :** जिला प्रशासन ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों पर रेलवे ओवर ब्रिज निर्माण के दौरान हरिपुर पूर्णानंद गांव में निर्माण सामग्री सड़क पर फेंकने और गूल बंद करने पर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा-152 में आदेश दिया गया है। यह नैनीताल जनपद का पहला आदेश है, जो नई संहिता में दिया गया है।

सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी ने बताया कि एनएचएआई हरिपुर पूर्णानंद गांव में बाईपास/रेलवे ओवर ब्रिज बना रहा है। इसके निर्माण की सामग्री सड़क व यहां वहां पड़ी हुई है। इससे गूलें बंद हो गई है और पानी की निकासी नहीं हो रही है। पानी घरों में घुस रहा है।

उच्चाधिकारियों ने निर्देश दिए, फिर भी निर्माण सामग्री नहीं हटाई गई और लोगों को परेशानी हुई। तहसीलदार ने इसकी जांच की और भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 152 में चालानी कार्यवाही के लिए रिपोर्ट सौंपी। उन्होंने कहा कि प्रशासन के साथ स्थलीय निरीक्षण में भी इसकी पुष्टि हो गई। जलभराव से आमजन के स्वास्थ्य पर दुष्प्रभाव पड़ रहा है।

सिटी मजिस्ट्रेट ने एनएचएआई के अधिकारियों को जल्द से जल्द तीनपानी व हरिपुर पूर्णानंद गांव में सड़कों व यहां-वहां की निर्माण सामग्री हटाने और बंद गूलों को खोलने के निर्देश दिए हैं। साथ ही परियोजना निदेशक को निर्देशित किया है कि 11 जुलाई को उपस्थित होकर इस प्रकरण में जवाब देंगे कि क्यों न इस आदेश को परिवर्तित कर दिया जाए। यह नई कानून प्रणाली भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता में पहला आदेश है। इसी के साथ ही यह नोटिस रुद्रपुर कोतवाल को तामीली के लिए भेजा गया है।

## दिव्यांग रियायती कार्ड के लिए जाना होगा इज्जतनगर

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** पूर्वोतर रेलवे इज्जतनगर मंडल के इलाकों में दिव्यांगजनों को रेलवे रियायती कार्ड बनवाने के लिए प्राप्त आवेदनों के आधार पर इज्जतनगर कार्यालय जाना होगा। इसमें कन्नौज, कासगंज, हाथरस सिटी, बदायूं, काठगोदाम, पीलीभीत, काशीपुर और रुद्रपुर सिटी रेलवे स्टेशनों पर स्थानीय केंद्र के तौर पर आवेदनों की प्राप्ति और कार्ड वितरण के लिए नामित किए गए हैं। इधर, इज्जतनगर मंडल के पीआरओ राजेंद्र सिंह ने बताया कि नामित स्टेशनों में शामिल दिव्यांगजनों के आवेदनों को अंकित कर और सूची तैयार कर मुख्य चिकित्साधिकारी से सत्यापन के बाद मंडल वाणिज्य कार्यालय इज्जतनगर भेजा जाएगा।

## पत्रकार उमेश का हृदय गति रुकने से निधन

**लालकुआं, अमृत विचार :** वरिष्ठ पत्रकार उमेश राणा का मंगलवार को हृदय गति रुकने से निधन हो गया। गमगीन माहौल में मुक्ति धाम में अंतिम संस्कार किया गया। राणा को सांस लेने में दिक्कत हो रही थी, जिसके बाद परिजन उन्हें सेंचुरी पेपर मिल की डिस्पेंसरी लेकर पहुंचे।

इसके बाद उन्हें हल्द्वानी के निजी अस्पताल में ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उनका निधन हो गया। उनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर है। 58 वर्षीय राणा अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनके निधन पर तहसीलदार मनीषा बिष्ट, पूर्व विधायक नवीन दुम्का, सेंचुरी पेपर मिल के महाप्रबंधक नरेश चंद्रा, रामबाबू मिश्रा, पवन कुमार चौहान, लालचंद सिंह, बीसी भट्ट, धन सिंह बिष्ट, दीवान समेत कई लोगों ने शोक व्यक्त किया है।

# नई संहिता के पहले मुकदमे में झोल, क्षेत्राधिकारी का घेराव

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** मंडी में कैंटर चालक से मारपीट के मामले ने तूल पकड़ लिया है। इस मामले में मुकदमा दर्ज हुआ था और नई धाराओं के तहत यह पहला मुकदमा था। नाराज लोगों ने मामले में पुलिस क्षेत्राधिकारी का घेराव किया और हल्की धाराओं में कार्रवाई करने का आरोप लगाया।

भीमताल ब्लॉक के चांफी गांव निवासी नकुल शर्मा कैंटर लेकर रविवार को बृजवासी एंड संस पहुंचा था। यहां किसी बात पर मुनीम से उसका विवाद हो गया। मुनीम ने साथियों के साथ मिलकर उसे पीट दिया और उस पर चाकू से हमला कर दिया। घटना में वह बुरी तरह घायल हुआ। पुलिस ने आरोपियों को हिरासत में लेकर उनपर मारपीट, गाली-गलौज व धमकी की धारा में मुकदमा भी दर्ज किया। जिससे नाराज कैंटर चालक साथियों के साथ कोतवाली पहुंचा। उन्होंने पहले कोतवाल उमेश कुमार मलिक का घेराव किया। बाद में पुलिस क्षेत्राधिकारी नितिन लोहनी से मिले। कहा कि पुलिस की कार्रवाई आरोपियों को लाभ पहुंचाने वाली है। क्षेत्राधिकारी ने उचित कार्रवाई का भरोसा दिया है।



पीड़ित लोगों को आश्वासन देते कोतवाल उमेश कुमार मलिक। ● अमृत विचार

# दिव्यांग परीक्षा में ले सकते हैं दूसरे छात्र का सहयोग

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** प्रारंभिक शिक्षा के दिव्यांग छात्र-छात्राओं को अब परीक्षा में विशेष छूट दी जाएगी। छूट के तहत कक्षा 5 से 8 तक का दिव्यांग छात्र परीक्षा देने के लिए अन्य छात्र का सहयोग ले सकते हैं। जिसमें सहयोग करने वाला छात्र श्रुत लेखक के तौर पर काम करेगा।

नियमानुसार दिव्यांग छात्र केवल एक कक्षा नीचे के छात्र की मदद ले सकता है। साथ ही छात्र को प्रश्न पत्र के लिए 20 मिनट का अतिरिक्त समय भी दिया जाएगा। दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम के अंतर्गत विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को यह छूट दी जाएगी। कक्षा तीन और चार में पढ़ने वाले छात्रों की मौखिक परीक्षा लेकर परीक्षा परिणाम घोषित किया जाएगा। दिव्यांगता जैसे अंधापन, कम-दृष्टि, कुष्ठ रोग से पीड़ित व्यक्ति, बहरा और सुनने में कठिन, लोकोमोटर दिव्यांगता, बौनापन, बौद्धिक दिव्यांगता, मानसिक बीमारी, ऑटिज्म के साथ ही स्पेक्ट्रम विकार, सेरेब्रेल पाल्सी, मस्कुलर डिस्ट्राफी, जीर्ण तंत्रिका संबंधी स्थिति, विशिष्ट सीखने की अक्षमता, मल्टीपली स्कलेरोसिस, भाषा दिव्यांगता, थैलेसीमिया, हीमोफीलिया, सिकल सेल रोग, बहरापन सहित कई दिव्यांगता, एसिड अटैक, पीड़ित पार्किंसंस रोग से पीड़ित छात्र छूट में शामिल हैं। सचिव रामनाथ रामन ने बीते दिन प्रारंभिक शिक्षा के निदेशक रामकृष्ण उनियाल को पत्र लिखा है।

## फरियादियों ने रखी स्थायी निवास प्रमाण पत्र समेत 38 समस्याएं, 26 समस्याएं संबंधित विभागों को हस्तांतरित

# 12 फरियादियों की समस्याएं मौके पर निस्तारित

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद ऊधमसिंह नगर के रुद्रपुर तहसील में पहला तहसील दिवस आयोजित हुआ। इस दौरान फरियादियों ने स्थायी निवास प्रमाण पत्र, राशन कार्ड समेत करीब 38 समस्याएं रखीं। मौके पर 12 समस्याओं का निस्तारण किया गया, जबकि अन्य 26 समस्याओं को संबंधित विभागों को हस्तांतरित किया गया। जिलाधिकारी ने तहसील दिवस में प्राप्त शिकायतों व निस्तारण को सीएम समर्पण पोर्टल में अपलोड करने के निर्देश दिए।

मंगलवार को तहसील दिवस पर जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने कहा कि सभी अधिकारी तहसील दिवसों में उठी जन समस्याओं को संवेदनशील होकर और गंभीरता से निस्तारण करें। जो शिकायतें विभागों को निस्तारण के लिए दी गयी हैं उनका अधिकारी स्वयं मॉनिटरिंग करें और समय पर निस्तारित करें। इस दौरान संकल्प पवार ने स्थायी निवास प्रमाण पत्र का आवेदन होने के बाद भी जारी नहीं करने की समस्या रखी। जिलाधिकारी के निर्देश पर तत्काल स्थायी निवास प्रमाण पत्र जारी किया गया।

इसी तरह सुभाष कॉलोनी की संजीदा बेगम व प्रीत विहार की सबरा अंत्योदय राशन कार्ड बनाने का अनुरोध किया। जिस पर जिलाधिकारी ने मानकों के अनुसार त्वरित कार्य करने के निर्देश दिये। इसी तरह अन्य फरयादियों ने भी अलग-अलग समस्या रखी। तहसील दिवस में राजस्व विभाग की 6, पूर्ति विभाग की 7, स्वास्थ्य विभाग की 2, नगर निगम की 4, आवास विभाग की 5, ओसी की 3, एसडीएम काशीपुर की 1, बाजपुर की 1, किच्छा की 1, जिला प्राधिकरण की 1, जल निगम की 1, सिंचाई विभाग की 2, लोनिवि की 1, पुलिस विभाग की 2 और जिला सैनिक कल्याण विभाग की 1 समस्या प्राप्त हुई।



तहसील दिवस पर फरियादियों की समस्या सुनते डीएम उदयराज सिंह। ● अमृत विचार

### ये अधिकारी रहे मौजूद

वीसी जिला विकास प्राधिकरण अभिषेक रुहेला, डीएफओ यूसी तिवारी, मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार, अपर जिलाधिकारी अशोक कुमार जोशी, पीडी अजय सिंह, सीएमओ डॉ. मनोज शर्मा, उप जिलाधिकारी मनीष बिष्ट, उप नगर आयुक्त शिप्रा जोशी, जिला शिक्षा अधिकारी डीएस राजपूत, जिला समाज कल्याण अधिकारी अमन अनिरुद्ध, जिला युवा कल्याण अधिकारी बीएस रावत, अधिशासी अभियंता सिंचाई पीसी पांडे, पेयजल ज्योति पालनी, जल संस्थान तरुण शर्मा, अधिशासी अभियंता विद्युत विजय सकारिया आदि मौजूद थे।

# काशीपुर में 28 फरियादी पहुंचे

**तहसील दिवस**

▸▸ गैरहाजिर अधिकारियों को नोटिस भेजकर किया जवाब-तलब

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचारः** तहसील दिवस पर तहसीलदार ने लोगों को समस्याएं सुन अधीनस्थ अधिकारियों को उनके यथासंभव निस्तारण के आदेश दिए। इस दौरान 28 फरियादी अपनी समस्या लेकर पहुंचे।

मंगलवार को तहसील सभागार में आयोजित दिवस में वैशाली कॉलोनी निवासी रुप सिंह ने कहा कि शिवलालपुर अमरझंडा में उसकी गौशाला है। एक सप्ताह पूर्व गौशाला में आग लगने से उसकी गाय जलकर मर गई थी। इस घटना में उसे चार लाख रुपये से अधिक का नुकसान हुआ था। रूप सिंह ने प्रशासन से मुआवजे की मांग की। किलावली निवासी ओमप्रकाश आदि ने भू कटाव रोकने के लिए ढेला नदी पर पक्की पीचिंग लगाने की मांग की है। इसके अलावा बांसखेड़ा निवासी राजकुमार ने भूमि पर कब्जा दिलाने, कुंडा निवासी खिलाफत ने फोर लाइन में अधिग्रहित की गई जमीन का मुआवजा दिए जाने और गिरीताल कॉलोनी निवासी राकेश ने खतौनी दिलाने के लिए प्रार्थना पत्र दिया। इसके अलावा लोगों ने सड़क, बिजली, पानी और खड़ंजे से संबंधित शिकायतें भी रखीं। तहसीलदार पंकज चंदोला ने बताया कि तहसील दिवस में जो अधिकारी अनुपस्थित रहें हैं, उन्हें नोटिस भेजा जाएगा। तहसीलदार ने वहां मौजूद सभी विभागों के अधिकारियों को समस्याओं के निस्तारण के निर्देश दिए। वहां नायब नाजिर जाकिर हुसैन, आरके अकरम अली आदि रहे।


तहसील दिवस पर समस्याएं सुनते तहसीलदार पंकज चंदोला। ● अमृत विचार

# आपदा में आपसी समन्वय बनाकर कार्य करें अधिकारी: रुहेला

## सीएम धामी के वीडियो संदेश से प्रारंभ हुई समीक्षा बैठक, राज्य आपदा प्रबंधन उपाध्यक्ष से डीएम ने की न्यूनीकरण निधि में 5 करोड़ की धनराशि आवंटन की मांग

**तैयारी**

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** राज्य आपदा प्रबंधन उपाध्यक्ष विनय रुहेला की अध्यक्षता में आपदा प्रबंधन एवं मानसून सत्र की तैयारियों की समीक्षा बैठक एपीजे सभागार में आयोजित हुई। इस दौरान उन्होंने कहा कि आपदा प्रबंधन एवं न्यूनीकरण अति महत्वपूर्ण है। इसलिए सभी अधिकारी कार्ययोजना बनाकर समन्वय बनाते हुए कार्य करें।

मंगलवार को समीक्षा बैठक मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के वीडियो संदेश से प्रारंभ की गई। सीएम ने वीडियो संदेश में कहा कि पूर्व आपदाओं के देखते हुए आपदा से पूर्व सभी तैयारियां कर ली जाएं। समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने उपाध्यक्ष राज्य आपदा प्रबंधन को बताया कि सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। जनपद स्तर पर न्यूनीकरण निधि में बहुत कम धनराशि आवंटित की जाती है जो जनपद को आपदा से बचाव कार्यों के लिए पर्याप्त नहीं हो पाती। न्यूनीकरण निधि में 5 करोड़ रुपये की धनराशि आवंटन की जाने की मांग की। साथ ही जनपद स्तरीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण व आपातकालीन परिचालन केंद्र का सुदृढ़ीकरण और तहसील स्तर पर भी आपातकालीन परिचालन केंद्रों की स्थापना का सुझाव दिया।

इस दौरान राज्य दर्जा मंत्री उत्तम दत्ता, जिलाध्यक्ष भाजपा कमल जिंदल, गुंजन सुखीजा, मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार, अपर जिलाधिकारी अशोक कुमार जोशी, प्रभागीय वनाधिकारी यूसी तिवारी, मुख्य चिकित्साधिकारी मनोज कुमार शर्मा, उपजिलाधिकारी मनीष बिष्ट, गौरव पांडे उपस्थित थे।


काशीपुर में आयोजित बैठक के दौरान कार्यकर्ताओं से मिलते दर्जा राज्य मंत्री विनय रुहेला। ● अमृत विचार

### मानसून को लेकर अलर्ट मोड पर रहें अधिकारी

**काशीपुर :** आपदा प्रबंधन उपाध्यक्ष उत्तराखंड सरकार एवं दर्जा राज्य मंत्री विनय रुहेला ने मंगलवार को काशीपुर मंडी में अधिकारियों व भाजपा के प्रतिनिधियों के साथ मानसून के हालात को लेकर समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। इस दौरान उन्होंने मानसून के दौरान अधिकारियों को अलर्ट मोड पर काम करने के निर्देश दिए। उन्होंने इस दौरान कहा कि किसी हालत में कोताही सामने नहीं आनी चाहिए। मानसून के दौरान नदियों के तटीय क्षेत्रों में 24 घंटे अलर्ट मोड पर काम करना होगा। इस दौरान कहीं भी लापरवाही सामने आती है तो कार्रवाई के लिए तैयार रहें। काशीपुर के मंडी में आयोजित बैठक के दौरान ढेला नदी व बहला के क्षेत्र रहने वाले लोगों के लिए मॉनिटरिंग करने के टीमें गठित रखने के निर्देश दिए गए। इस दौरान विनय रुहेला ने कहा कि मानसून को लेकर लगातार पूरे प्रदेश में नजर रखी जा रही है। इस दौरान भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी पुष्कर सिंह बिष्ट ने बहला नदी के किनारे रहने वालों लोगों की समस्याओं को लेकर उनका ध्यान आकर्षित किया। इस अधिकारियों को क्षेत्र के लोगों के समस्याओं का जल्द से जल्द निस्तारण करने के निर्देश दिए गए। इस दौरान प्रदेश मंत्री गुरविंदर सिंह चंडोक, जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा, जिला महामंत्री मोहन सिंह बिष्ट, जिला महामंत्री डॉक्टर सुदेश चौहान, जिला मीडिया प्रभारी पुष्कर सिंह बिष्ट, पूर्व मेयर उषा चौधरी, डॉक्टर गिरीश तिवारी, राम मल्होत्रा, रवि प्रजापति, रजत सिद्धू आदि मौजूद रहे।

### सरकार की प्राथमिकता-बारिश से न हो जनहानि

**रुद्रपुर :** कुमाऊं भ्रमण पर आए राज्य आपदा प्रबंधन उपाध्यक्ष विनय रुहेला ने कहा कि मानसून ने दस्तक दे दी है। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि बरसात के समय किसी भी प्रकार की कोई जनहानि न हो। इसको लेकर अधिकारियों को अलर्ट मोड में रहने के निर्देश दिए गये हैं। मंगलवार को यह बात उपाध्यक्ष राज्य आपदा प्रबंधन रुहेला ने भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित एक पत्रकार वार्ता के दौरान कही। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री प्रदेश में आपदा को लेकर कई दौर की बैठक कर चुके हैं। हालातों पर नजर बनाए हुए हैं। उन्होंने जिला प्रशासन से आपदा को लेकर अपनी तैयारी पूरी रखने और बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों मे राहत सामग्री बचाव कार्य के लिए टीमें पहले से तैयार रखने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं बरसात के बाद उन क्षेत्रों में होने वाली बीमारियों को लेकर सीएमओ स्तर पर दवाइयों की व्यवस्था करने को कहा गया है। इससे पूर्व भाजपा जिला कार्यालय में कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से उनका स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने पार्टी कार्यकताओं की समस्याओं को सुना। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष कमल जिंदल, दर्जामंत्री उत्तम दत्ता, निवर्तमान मेयर रामपाल, अनिल चौहान, महामंत्री अमित नारंग, जिला मीडिया प्रभारी मयंक कक्कड़, कार्यालय मंत्री गजेंद्र प्रजापति, रश्मि रस्तोगी, कुदीप गंगवार, धीरेश गुप्ता, अक्षय अरोरा, इंद्रपाल, राजेश तिवारी, शाहखान, परवेज खान, अनमोल विर्क, गोल्डी मुंजाल, जीतेंद्र संधू बिट्टू चौहान, आदेश भारद्वाज, राधेश शर्मा, राजन राठौर, मुकेश रस्तोगी, तरुण दत्ता व अन्य लोग मौजूद रहे।

### आपदा प्रबंधन उपाध्यक्ष ने पुलिया का किया निरीक्षण

**गदरपुर :** आपदा प्रबंधन उपाध्यक्ष ने गूलरभोज रोड पर मानसूनी बारिश के दौरान पानी की निकासी न होने पर पुलिया का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि अधिकारियों से मामले की जानकारी लेकर जल्द निकासी का प्रबंध किया जाएगा। मंगलवार को आपदा प्रबंधन दर्जा राज्य मंत्री विनय रुहेला मुख्य बाजार स्थित गूलरभोज रोड पहुंचे जहां उन्होंने भाजपा जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा मंडल अध्यक्ष सुरेश खुराना और भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ मानसूनी बरसात की पुलिया का निरीक्षण किया। कार्यकर्ताओं का कहना था कि पुलिया नीची होने के कारण पानी की निकासी नहीं हो पा रही है, जिससे गूलरभोज रोड और आवास-विकास में पानी भर जाता है। लाखों रुपये का व्यापारियों को नुकसान होता है। इस पर दर्जा राज्य मंत्री विनय रुहेला ने मामले को गंभीरता से लेते हुए अधिकारियों से वार्ता करने की बात कही। उन्होंने कहा कि जल्द ही पुलिया निर्माण किया जाएगा। इस मौके पर सागर कोचर, अभिषेक वर्मा, राजेश गुंबर, अरविंद पाल, राजू शर्मा, सुभाष गुंबर आदि मौजूद थे।

### बाजपुर में आठ शिकायतें प्राप्त हुईं

**बाजपुर :** तहसील दिवस में चकबंदी भूमि की पैमाइश, नाले को अतिक्रमण मुक्त करवाने, आय, जाति, स्थायी निवास प्रमाणपत्र एवं जलभराव से निजात दिलाने समेत कुल आठ शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। उन्हें मौके पर मौजूद संबंधित विभागों को समयसीमा में निस्तारित करने के निर्देश के साथ सौंपे गए। मंगलवार को एसडीएम राकेश चंद्र तिवारी की अगुवाई में तहसील सभागार में लगे तहसील दिवस में विभिन्न विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों ने शिरकत की। इस मौके पर तहसीलदार अक्षय कुमार भट्ट, राजस्व निरीक्षक सुनीतिपाल सैनी, नगरपालिका के अधिशासी अधिकारी मनोज कुमार दास, उपजिला चिकित्सालय के सीएमएस डा.पीडी गुप्ता आदि मौजूद रहे।

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
05946-292618, 8954474523

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम MANWENDRA SINGH से बदलकर MANVENDRA SINGH कर लिया है भविष्य में मुझे MANVENDRA SINGH S/O HANSNATH SINGH वर्तमान पता ग्राम तिलियापुर, सितारगंज (उधम सिंह नगर) के नाम से जाना पहचाना जाए।

# अश्लील वीडियो के नाम पर युवक से ठगे साढ़े तीन लाख

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचारः** साइबर क्राइम अधिकारी बनकर युवक के साथ करीब साढे. तीन लाख रुपये की धोखाधड़ी किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित युवक की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस को दी शिकायत में पीड़ित युवक मनोज कुमार ने बताया कि विगत 24 फरवरी 2024 को उनके नंबर पर वीडियो कॉल आया था तथा उसकी अश्लील वीडियो बना ली गई। पीड़ित के अनुसार अश्लील वीडियो को वायरल करने की धमकी देकर अज्ञात व्यक्ति ने 10 हजार




रुपये ठग लिए। पीड़ित ने बताया कि 26 फरवरी को साइबर क्राइम अधिकारी बनकर अज्ञात व्यक्ति ने जेल भेजने की धमकी दी। इसके बाद पीड़ित घबरा गया और फर्जी अधिकारी के कहने पर अलग-अलग बैंक खाते में 3 लाख 50 हजार 560 रुपये की धनराशि ट्रांसफर कर दी। पीड़ित ने बताया कि अज्ञात साइबर ठगों द्वारा उसके साथ लाखों रुपये की धोखाधड़ी कर ली गई है।

# हाथ लगाते ही करंट ने ली एएसआई की जान

**दुखद**

▸▸ पुलभट्टा थाने में करंट से एएसआई की मौत का मामला

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** थाना पुलभट्टा परिसर में जहां पानी की टंकी लगी है, उसके नजदीक ही लोहे का सोलर लाइट पोल भी लगा हुआ है। इसके जरिए थाना परिसर में प्रकाश व्यवस्था की गई थी। बताया जा रहा है कि बारिश आने के बाद विद्युत पोल में आया करंट दीवार पर भी आने लगा था और जैसे ही एएसआई सुरेश पसबोला ने गिले जूते सुखाने के लिए रखा। वैसे ही करंट ने अपनी चपेट में ले लिया।

बताया जा रहा है कि करंट इतना घातक था कि हाथ लगाते ही एएसआई दीवार से ही चिपक गए और गश खाकर जमीन पर गिर गए थे। धड़ाम की आवाज आने पर पुलिसकर्मी दौड़ पड़े और करंट संचार को रोकने के बाद एएसआई को लेकर निजी अस्पताल दौड़े।


करंट लगने से मृतक एएसआई को अंतिम सलामी देते पुलिस अधिकारी। ● अमृत विचार

### पसबोला वर्ष 2002 में हुए थे उत्तराखंड पुलिस में भर्ती

**रुद्रपुर :** पुलभट्टा थाने में तैनात एएसआई सुरेश पसबोला काशीपुर में अपने परिवार के साथ रहते थे, जबकि पत्नी शिक्षिका हैं। बताया कि वे वर्ष 2002 में उत्तराखंड पुलिस में भर्ती हुए थे। कुछ माह पहले ही पुलभट्टा थाने में स्थानांतरण हुआ था। मृदुभाषी होने के कारण सुरेश कभी विवादों में नहीं रहे। मौत की खबर मिलते ही परिवार के लोग पुलिस लाइन पहुंच गए।

दैनिक समाचार पत्र
कम खर्च, ज्यादा मुनाफा
अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
आवश्यकता, सूचना, नाम परिवर्तन, खोया-पाया, संबंध विच्छेद, शिक्षा, मेडिकल, टावर, व्यापार, बिक्री, प्रोपर्टी, लोन, बिकाऊ, ज्योतिष, टूर एण्ड ट्रैवल्स, मशीनरी के क्लासीफाइड बुक कराने हेतु सम्पर्क करें।

साइज व रेट

| | | |
|---|---|---|
| साइज | 4x5 सेमी | 600/- रु. |
| साइज | 4x6 सेमी | 720/- रु. |
| साइज | 4x7 सेमी | 840/- रु. |

स्कीम - 2+1, 5+3, 9+6, 15+15

अमृत विचार
क्लासीफाइड

विज्ञापन प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
मो. 8077909468, 9837058539, 8954474523
नैनीताल : 6397067668, 8171371321, अल्मोड़ा : 9412962333
रूद्रपुर : 8476843488 काशीपुर : 7906999205, रामनगर : 9012387222
किच्छा : 9837777817, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

**सतर्कता**

## सीएमओ ने निजी लैब संचालकों को प्रशिक्षण में दिए निर्देश

# आईएचआईपी पोर्टल में अंकित करें रिपोर्ट

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** ऊधमसिंह नगर में संचालित अटल आयुष्मान के तहत पंजीकृत निजी चिकित्सालयों में संचालित पैथोलॉजी लैब संचालकों का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान लैब संचालकों को एकीकृत रोग निगरानी कार्यक्रम द्वारा सभी संचारी रोगों की निगरानी के साथ ही आवश्यक कार्रवाई करने की जानकारी दी गई। साथ ही बताया कि इस प्रकार के मरीजों की जांच रिपोर्ट का विवरण आईएचआईपी पोर्टल में प्रतिदिन अंकित किया जाना जरूरी है।

मंगलवार को सीएमओ कार्यालय सभागार में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएमओ डॉ. मनोज कुमार शर्मा ने कहा कि निजी लैब संचालकों को आईएचआईपी में प्रतिदिन लैब फार्म में एंट्री करने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि राष्ट्रीय कार्यक्रम में किसी प्रकार की लापरवाही के लिए नियमानुसार कार्यवाही अमल में लायी जाएगी। सीएमओ ने लैब संचालकों से कहा कि डेंगू की रोकथाम के लिए होने वाली जांच की दर जनपद में एक समान होनी चाहिए। जांच दर पठनीय और बड़े अक्षरों में होनी चाहिए। इसके अलावा डेंगू की रोकथाम के लिए क्या करें और क्या न करें लैब के मुख्य मार्ग में पोस्टर के माध्यम से प्रदर्शन होना चाहिए। जिला सर्विलांस अधिकारी आईडीएसपी डॉ. राजेश आर्या ने संचार रोगों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर एसीएमओ डॉ. एसपी सिंह, चांद मिया, तौफीक अहमद, मनोज आर्या आदि उपस्थित रहे।



प्रशिक्षण में निजी लैब संचालकों को जानकारी देते सीएमओ डॉ. मनोज कुमार शर्मा। ● अमृत विचार

# वनखंडी महादेव मंदिर क्षेत्र में एक बार फिर बाघ का खौफ



**खटीमाः** वनखंडी महादेव मंदिर चकरपुर के आसपास के क्षेत्र में पिछले दो दिनों से बाघ के देखे जाने पर ग्रामीणों में दहशत है। जबकि पिछले दिनों ही वन विभाग की टीम ने रेस्क्यू कर एक बाघ को रामनगर भेजा है।

पिछले एक माह में बाघ द्वारा दो ग्रामीणों को मौत के घाट उतार देने के बाद ग्रामीणों में वन विभाग के प्रति आक्रोश था। दो लोगों की जान जाने के बाद वन विभाग ने मामले को गंभीरता से लेते हुए बाघ को पकड़ने की योजना बनाई। बाद में वन विभाग के चिकित्सकों की टीम ने बाघ को लोकेशन को सर्च कर उसे ट्रेंकुलाइज कर पिंजरे में बंद कर रामनगर भिजवा दिया गया है। इधर पिछले दो दिनों से पुनः एक बाघ की चहलकदमी ने ग्रामीणों में दहशत बढ़ा दी है। ग्रामीणों में यह चर्चा होने लगी है कि कहीं रेस्क्यू किया गया बाघ दूसरा न हो। इस बात को लेकर ग्रामीणों ने वन विभाग से सुरक्षा की गुहार लगाई है।

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
कुमाऊं संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी

साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।

शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
हल्द्वानी : 8077909468, 8954474523, नैनीताल : 8171371321
अल्मोड़ा : 9412962333, रुद्रपुर : 8476843488
काशीपुर : 7906999205, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

## एक नजर

### दिनेशपुर पुलिस ने चार वारंटी किए गिरफ्तार

**दिनेशपुर :** पुलिस टीम ने अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर चार वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। मंगलवार को थानाध्यक्ष नंदन सिंह रावत के नेतृत्व में पुलिस टीम ने वीरेंद्र सिंह निवासी-अर्जुनपुर थाना- रुद्रपुर, सजल राय निवासी वार्ड -06 दिनेशपुर थाना- दिनेशपुर, आशीष हालदार निवासी वार्ड-03 सांवरिया मार्केट थाना दिनेशपुर व सपन राय निवासी मोहनपुर नंबर- 1 थाना दिनेशपुर को न्यायालय में चल रहे वादों में उपस्थित न होने पर गिरफ्तार किया और न्यायालय में पेश किया। पुलिस टीम उप निरीक्षक मनोज कुमार, अपर उप निरीक्षक अनवर अहमद, कांस्टेबल श्याम सुंदर बिष्ट, गोविंद आर्य, कमलेश सिंह नेगी आदि शामिल थे।

### धरने पर बैठे दंपति ने भूख हड़ताल की दी चेतावनी

**काशीपुर :** एसडीएम कार्यालय के बाहर धरने पर बैठे दंपति ने मांगें पूरी नहीं करने पर प्रशासन को भूख हड़ताल पर बैठने की चेतावनी दी है। उन्होंने अपनी मांगों को जल्द पूरा करने की मांग की है। मंगलवार को भी काशीपुर के ग्राम ढकिया नंबर एक निवासी राजकुमार गिरी अपनी पत्नी के साथ धरने पर डटे रहे। इस दौरान उन्होंने कहा कि ढकिया क्षेत्र में उनकी जमीन है। जिसमें उनका परिवार खेती का कार्य करता है, लेकिन बीते साढ़े तीन साल पहले खेत से सटाकर एक सरकारी नाला बनाया गया। नाले के बनने से आए दिन उनके खेत में पानी भर जाता है। इससे फसल बर्बाद हो जाती है। वहीं उन्होंने समस्या के समाधान नहीं होने पर प्रशासन को भूख हड़ताल की चेतावनी दी है।

### चोरी के बाद अपना घर सोसायटी में चलाया सत्यापन अभियान

**काशीपुर :** कुंडेश्वरी रोड स्थित अपना घर सोसायटी में असिस्टेंट प्रोफेसर बृजेश सिंह के घर हुई चोरी की वारदात के बाद पुलिस ने कॉलोनी में सत्यापन अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने बिना सत्यापन किराएदार रखने पर एक मकान मालिक का दस हजार रुपये का चालान भी किया है। साथ ही सोसायटी के लोगों को दुकान व मकान में किसी को भी रखने से पूर्व सत्यापन कराए जाने की हिदायत दी। उन्होंने कहा कि पुलिस की कार्रवाई आगे भी इसी तरह जारी रहेगी।

**जिला आबकारी अधिकारी के रिश्वत मांगने का मामला : एक नहीं बल्कि दो ठेकेदार थे लंबे समय से परेशान, आवेदन के बाद भी कार्यालय के चक्कर काट रहे थे**

# खटीमा के शराब ठेकेदार हो चुके थे बार-बार रिश्वत देने से परेशान

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** एक नहीं, बल्कि खटीमा के दो शराब ठेकेदार जिला आबकारी अधिकारी के बार-बार रिश्वत मांगने से परेशान हो चुके थे। पारदर्शी तरीके से कार्य करने के बाद भी जब जिला आबकारी अधिकारी की रिश्वत नीति बंद नहीं हुई तो एक ठेकेदार ने कार्रवाई का मन बना लिया। यही कारण है कि पिछले साल का बचा लाखों का माल उठाने का आवेदन करने के बाद भी ठेकेदार आबकारी कार्यालय के चक्कर काटने को मजबूर था।

मंगलवार को हल्द्वानी विजिलेंस की टीम द्वारा जिला आबकारी अधिकारी अशोक कुमार मिश्रा को रंगे हाथ गिरफ्तार किए जाने के बाद पता चला कि जिला आबकारी


जिला आबकारी कार्यालय के मुख्य गेट के बाहर तैनात पुलिस बल। ● अमृत विचार

अधिकारी की रिश्वत नीति से एक नहीं, बल्कि दो शराब ठेकेदार परेशान थे। इसमें से एक का मेला घाट और दूसरे का झनकईया में शराब का ठेका है। बताया जा रहा है कि सुरेंद्र चौधरी नाम के ठेकेदार ने जब आबकारी कार्यालय में आवेदन किया था। उसकी वर्ष 2023-24 में देशी शराब की दुकान आवंटित हुई थी। जिसको पुनः वर्ष 2024-25 में नवीनीकरण किया था। पिछले साल का सारा अधिभार जमा कराने के बाद पिछले वर्ष का 10.21लाख रुपये का माल बचा हुआ था।

इस पर जिला आबकारी अधिकारी ने कुल अधिभार का माल उठाने की एवज में 10 फीसदी रिश्वत देने की मांग की और अंत में 70 हजार रुपये देने का दबाव बनाया। वहीं दूसरे ठेकेदार का मामला भी यहीं था और उससे भी 1.90 लाख रुपये देने की डिमांड की गई। लेकिन सुरेंद्र नाम के ठेकेदार ने बार-बार रिश्वत देने के खिलाफ आवाज उठाई और सतर्कता अधिष्ठान को शिकायत पत्र भेज दिया। शिकायतकर्ता का आरोप था कि बार-बार नियमानुसार कार्य करने के बाद भी रिश्वत देने का दबाव बनाया जाता था। जिससे अजीज आकर उसने कार्रवाई की ठान ली थी।

#### भागने का भी नहीं दिया मौका

**रुद्रपुर :** मंगलवार को जब विजिलेंस की टीम ने रिश्वत लेते हुए जिला आबकारी अधिकारी अशोक कुमार मिश्रा को रंगे हाथो 70 हजार रुपये लेते पकड़ा। इसके बाद जिला आबकारी अधिकारी उठकर भागने की कोशिश करने लगे, लेकिन विजिलेंस की टीम ने उन्हें पकड़ लिया और नोटों की गड्डी को बरामद करने के बाद तत्काल कार्रवाई में जुट गई और दोपहर तीन बजे हुई पकड़ने की कार्रवाई शाम छह बजे तक चलती रही। इसके बाद जिला आबकारी अधिकारी को गिरफ्तार कर हल्द्वानी ले जाया गया।

#### काशीपुर-पॉश कॉलोनी में भी मारा छापा

**रुद्रपुर :** विजिलेंस हल्द्वानी की टीम ने जिला आबकारी अधिकारी को ट्रैप करने से पहले तीन टीमों का गठन किया। विजिलेंस के पास पुख्ता सबूत थे कि रिश्वत कांड के आरोपी अशोक कुमार मिश्रा का काशीपुर और रुद्रपुर स्थित एक पॉश कॉलोनी में भी मकान है। दोपहर तीन बजे विजिलेंस की टीम ने रंगे हाथों गिरफ्तार किया। उसी समय विजिलेंस की एक टीम ने काशीपुर और पॉश कॉलोनी स्थित घर पर कार्रवाई शुरू कर दी और परिजनों से पूछताछ कर संपत्ति का ब्यौरा मांगा।

#### जब बिगड़ी आबकारी अधिकारी की तबीयत

**रुद्रपुर :** दोपहर तीन बजे जब हल्द्वानी विजिलेंस की टीम ने जिला आबकारी अधिकारी अशोक कुमार मिश्रा को रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया और पूछताछ शुरू की तो साढ़े चार बजे के करीब सांस लेने में तकलीफ होने लगी। पता चला है कि जिला आबकारी अधिकारी के हार्ट की बाईपास सर्जरी हुई है और किडनी व लीवर रोग से भी ग्रस्त हैं। जिसका उपचार भी चल रहा है। जिसकी जानकारी मिलते ही विजिलेंस की टीम ने जिला आबकारी अधिकारी के एक रिश्तेदार को फोन कर हार्ट चैकअप मशीन मंगाई और जांच की। इसके बाद ही हालत में सुधार आया।

#### छावनी में बदल गया आबकारी कार्यालय

**रुद्रपुर :** रिश्वत कांड का पर्दाफाश करने से पहले विजिलेंस की टीम ने गोपनीय तरीके से एसएसपी को सूचना दी और उसके बाद सिडकुल चौकी प्रभारी प्रदीप कुमार सहित भारी पुलिस बल के साथ आबकारी कार्यालय पहुंचे। जहां रंगे हाथ पकड़ने के बाद कार्यालय परिसर की नाकेबंदी कर दी और मुख्य गेट पर पुलिस बल तैनात कर आवाजाही पूर्णतया ठप कर दी गयी। किसी भी बाहरी व्यक्ति का प्रवेश वर्जित कर दिया। यहां तक कि आबकारी विभाग में कार्यरत सभी कर्मचारियों को भी नजरबंद कर दिया गया।

# सफाई नहीं होने पर भड़के ट्रांजिट कैंप के व्यापारी

**प्रांतीय व्यापार मंडल के नेताओं ने काटा हंगामा, सहायक नगर आयुक्त का किया घेराव, आंदोलन की चेतावनी**

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** थाना ट्रांजिट कैंप इलाके में कई स्थानों पर पड़ा कूड़ा कचरा और सफाई व्यवस्था चरमराने पर भड़के व्यापारियों ने हंगामा काटा और प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के नेताओं के साथ प्रदर्शन किया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची सहायक नगर आयुक्त का व्यापारियों ने घेराव किया और व्यवस्था दुरुस्त नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी।

मंगलवार को प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के महानगर अध्यक्ष संजय जुनेजा, महामंत्री मनोज छाबड़ा और कोषाध्यक्ष संदीप राय सहित ट्रांजिट कैंप के दुकानदार चामुंडा मंदिर के सामने एकत्रित हुए और प्रदर्शन किया। सूचना मिलने पर मौके पर नगर निगम की उप नगर आयुक्त राजू नबियाल भी टीम के साथ पहुंचे। व्यापारियों ने उनका घेराव करते हुए बताया कि पिछले कई दिनों से ट्रांजिट कैंप वार्ड में कूड़ा एकत्र करने का वाहन नहीं आ रहा है। इसके अलावा इलाका गंदगी से पटा हुआ है।

उन्होंने बताया कि बरसात का मौसम आने के बाद इलाके में संक्रामक बीमारी फैलने की संभावना बढ़ती जा रही है। मंदिर के सामने कूड़े का ढेर लगा रहता है। उन्होंने आगाह किया कि यदि क्षेत्र में सफाई व्यवस्था दुरुस्त नहीं हुई तो व्यापारी आंदोलन करने को बाध्य होंगे। इस अवसर पर लघु उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष संजीव गुप्ता, विकास बंसल, सुरेंद्र गुप्ता, विशाल गुप्ता, राकेश अधिकारी, सचिन सक्सेना, राजकुमार सिंह, मिस्त्री लाल, जितेंद्र राठौर, वीरपाल सिंह, कमल सोनकर, राजू सक्सेना, धर्मवीर सिंह आदि मौजूद रहे।


सहायक नगर आयुक्त राजू नबियाल का घेराव कर ज्ञापन देते व्यापारी। ● अमृत विचार

#### कूड़ेदान हटाने की मांग को लेकर नगर आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

**काशीपुर :** काशीपुर नगर निगम के वार्ड नंबर 40 कचनालगाजी में लगे कूड़ेदान का स्थानीय लोगों ने विरोध किया है। उन्होंने नगर आयुक्त को ज्ञापन देकर कूड़ेदान का जल्द हटाने की मांग की है। मंगलवार को सौंपे ज्ञापन में कचनालगाजी के स्थानीय लोगों ने कहा कि कचनालगाजी में स्थित मानपुर रोड पर नगर निगम का एक बड़ा कूड़ेदान है। इसके चलते लोग बड़ी संख्या में कूड़ा कूड़ेदान में फेंक रहे हैं। जबकि कूड़ेदान की सफाई समय से नहीं होने से कूड़े से दुर्गंध व बीमारी फैल रही है। साथ ही कूड़ेदान के मुख्य रोड पर होने के चलते वाहनों व पैदल चलने वाले लोगों के आगमन पर भी इसका प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने कूड़ेदान को वहां से जल्द ही हटाने की मांग की है। इस दौरान परशुराम यादव, डीआर भट्ट, रजनीश यादव, सुमित, रोहित आदि मौजूद रहे।

# फांसी लगाने के पांच माह बाद विवाहिता की मौत

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** पांच माह पहले बागेश्वर में पारिवारिक कलह के चलते फांसी लगाने वाली विवाहिता की अचानक तबीयत बिगड़ी तो परिजन उसे निजी अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर थाना ट्रांजिट कैंप पुलिस ने घटना की जानकारी ली और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।


प्रियंका (फाइल फोटो)।

थाना ट्रांजिट कैंप के जगतपुरा निवासी 22 वर्षीय प्रियंका की शादी वर्ष 2022 में रानी कॉलोनी पीलीभीत निवासी कृष्णा राय के साथ हुई थी। शादी के बाद दोनों बागेश्वर जाकर सिलाई का काम करने लगे। बताया कि पांच माह दांपत्य जीवन ठीक ठाक चला। इसके बाद पारिवारिक कलह के कारण प्रियंका ने फांसी लगा दी, लेकिन समय रहते देख लेने पर उसे बचा लिया गया और मायके वाले उसे रुद्रपुर अपने घर ले आए। फांसी लगाने के कारण अक्सर विवाहिता की तबीयत खराब रहने लगी। इस कारण मायके वालों ने कई बड़े डॉक्टरों से उसका उपचार कराया।

बताया जा रहा है कि सोमवार की देर शाम अचानक प्रियंका की हालत बिगड़ने लगी तो परिजन आनन-फानन में उसे निजी अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर थाना ट्रांजिट कैंप पुलिस ने घटना की जानकारी ली और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों का आरोप था कि ससुरालियों को सूचना देने के बाद कोई नहीं पहुंचा। उधर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

**मामला**

- लगातार खराब हो रही थी विवाहिता की तबीयत
- चल रहा था उपचार, पुलिस ने ली जानकारी

# थानाध्यक्ष के खिलाफ धरना आज

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचार:** कांग्रेस नगर अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी बबलू ने कहा कि भाजपा शासन में पंतनगर थाना अध्यक्ष ने पीड़ित युवती के साथ अश्लील वार्ता कर देवभूमि उत्तराखंड को शर्मसार करने का काम किया है, जिसकी जितनी निंदा की जाए कम है।

उन्होंने कहा कि विधायक तिलकराज बेहड़ के नेतृत्व में किच्छा - रुद्रपुर क्षेत्र के सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता रुद्रपुर स्थित पुलिस मुख्यालय पर 3 जुलाई को प्रातः 11 बजे सांकेतिक रूप से धरना प्रदर्शन करेंगे। आवास विकास स्थित कार्यालय में मीडिया से वार्ता करते हुए नगर अध्यक्ष चौधरी ने कहा कि कांग्रेस के भारी दबाव के बाद पुलिस विभाग द्वारा आरोपी थाना प्रभारी को निलंबित कर दिया गया है, लेकिन लगातार मांग के बावजूद अभी तक उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज नहीं किया गया। उन्होंने आरोपी थाना अध्यक्ष के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने, थाना अध्यक्ष को देहरादून मुख्यालय से अटैच करने सहित अन्य मांगों को लेकर प्रस्तावित धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं आम जनता से अधिक से अधिक संख्या में रुद्रपुर पहुंचने की अपील की है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर जल्द ही थानाध्यक्ष के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई तो कांग्रेस प्रदेश हाईकमान सहित पार्टी के सभी वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों एवं विधायकों के साथ प्रदेश में विशाल आंदोलन शुरू किया जाएगा। वार्ता के दौरान वरिष्ठ कांग्रेसी नेता हाजी सरवर यार खान, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष दर्शन कोली, कांग्रेसी नेता ओमप्रकाश दुआ आदि मौजूद रहे।


किच्छा में जानकारी देते वरिष्ठ कांग्रेसी नेता। ● अमृत विचार

### रक्षक का भक्षक बनना दुर्भाग्य

**किच्छा:** भाजपा शासन में महिलाएं एवं बच्चियां सुरक्षित नहीं हैं और रक्षक ही भक्षक बन जाए तो इससे बड़ा देश का दुर्भाग्य नहीं हो सकता। महिला कांग्रेस प्रदेश महासचिव सुनीता कश्यप ने उक्त विचार व्यक्त करते हुए कहा कि महिला सुरक्षा और बेटियों व महिलाओं की सुरक्षा करने का दावा करने वाली भाजपा सरकार का झूठ पंतनगर मामले से सामने आ गया है। उन्होंने कहा कि कई दिनों तक सत्ता पक्ष एवं पुलिस विभाग द्वारा मामले को दबाने का प्रयास किया गया। उन्होंने कहा कि अभी भी पीड़िता को पूरा न्याय नहीं मिला है।


सुनीता कश्यप।

# कार्मिकों का दूसरे दिन भी दो घंटे कार्य बहिष्कार

**लामबंद**

- जीएसटी कार्यालय पर किया धरना प्रदर्शन
- 50 फीसदी पदोन्नति देने की उठाई मांग

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** जीएसटी विभाग के तृतीय श्रेणी के लिपिक कर्मियों की पदोन्नति राज्य कर अधिकारी के पद समाप्त किए जाने के विचाराधीन निर्णय के खिलाफ जीएसटी कर्मियों ने दो घंटे का कार्य बहिष्कार व धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है। उन्होंने प्रदेश सरकार से पदोन्नति समाप्त करने का निर्णय वापस करने और कर्मियों को 50 फीसदी पदोन्नति किए जाने का मुद्दा उठाया। उन्होंने आगाह किया कि यदि सरकार ने अपना निर्णय नहीं बदला तो आंदोलन को वृहद किया जाएगा।

मंगलवार को उत्तराखंड राज्य कर मिनिस्ट्रीयल स्टाफ एसोसिएशन के प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष विशाल अग्रवाल और प्रवक्ता संजय उपाध्याय के आह्वान पर दूसरे दिन भी कर्मचारी सुबह 11 बजे कार्यालय से बाहर निकले और मुख्य गेट पर दोपहर एक बजे तक धरना प्रदर्शन कर रोष जताया। उनका कहना था कि प्रदेश सरकार राज्य कर अधिकारी के पदों की कटौती कर, संयुक्त आयुक्त, उपायुक्त और सहायक आयुक्त के पदों में बढ़ोतरी करने का निर्णय लेने जा रही है। इसमें प्रदेश सरकार द्वारा राज्य कर अधिकारी के पदों को समाप्त करने की प्रबल संभावनाएं दिख रही हैं।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने 50 फीसदी पदों को समाप्त करने की कोशिश की तो मिनिस्ट्रीयल स्टाफ एसोसिएशन प्रदेश व्यापारी आंदोलन करने को बाध्य होगा। इस अवसर पर शाखा अध्यक्ष भीम सिंह, शाखा मंत्री चंद्र सेन सागर, संरक्षक अरविंद सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष कुसुम वर्मा, राकेश जखमोला, शेखर सिंह, दीपक राणा, हेमचंद्र लोहनी, रवि प्रकाश, नीतीश कुमार, किरन भंडारी, कहकशा कुरैशी, शबा रानी, लोकेश चंद्र आदि मौजूद रहे।


जीएसटी कार्यालय पर धरना प्रदर्शन करते जीएसटी कर्मचारी। ● अमृत विचार

**रोष** — **प्रशासन ने भेजा था सैकड़ों लोगों को नोटिस, कल्याणी और बैगुल नदी के किनारे बसे हैं परिवार**

# चिन्हित लोगों के साथ पूर्व विधायक ने डीएम का किया घेराव

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** विगत दिनों जिला प्रशासन द्वारा कल्याणी नदी किनारे बसे लोगों को चिह्नित कर नोटिस दिए जाने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। इसके चलते पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल सैकड़ों लोगों के साथ डीएम कार्यालय पहुंचे और जिलाधिकारी का घेराव कर ज्ञापन सौंपा।

मंगलवार को ज्ञापन सौंपते हुए पूर्व विधायक ठुकराल ने बताया कि 1984 को तत्कालीन उपजिलाधिकारी द्वारा रविंद्र नगर और खेड़ा बस्ती के सैकड़ों लोगों को कल्याणी नदी के किनारे बसाया था। उस वक्त कल्याणी नदी के किनारे कोई भी अतिक्रमण की जगह नहीं थी। बताया कि विगत दिनों जिला प्रशासन ने कल्याणी नदी के मध्य से 120 मीटर का दायरा बनाते हुए लोगों को अतिक्रमणकारी घोषित कर दिया और नोटिस देकर खाली करने की हिदायत दी है। ऐसे में वर्षों से काबिज लोग बेघर हो जाएंगे, क्योंकि ज्यादातर लोग मेहनत मजदूरी कर आजीविका चला रहे हैं। इस कारण पिछले कई दिनों से सैकड़ों परिवारों के सामने बेघर होने का भय सता रहा है।

उन्होंने कहा कि यदि कल्याणी नदी की सफाई व्यवस्था दुरुस्त हो जाए तो बहाव निरंतर चलता रहेगा और बेघर लोगों के घर बच सकते हैं। उन्होंने डीएम से सैकड़ों नोटिस प्राप्त परिवारों को राहत देने की मांग की। साथ ही आगाह किया कि यदि प्रशासन ने गरीबों की ओर ध्यान नहीं दिया तो आंदोलन किया जाएगा। इस अवसर पर पूर्व सभासद फुदेना साहनी, आनंद शर्मा, शिवपद सरकार, ललित सिंह बिष्ट, मान सिंह, फुल कुमारी, जयपाल सिंह, समर बाला, राजकुमार, विश्वजीत सरकार, तपन मंडल, रूपा बाला, परितोष कुमार आदि मौजूद रहे।


डीएम का घेराव कर ज्ञापन देते पूर्व विधायक ठुकराल व बस्तियों के लोग। ● अमृत विचार

### कुंडेश्वरी में 17 ओवरलोड वाहनों के काटे चालान

**काशीपुर:** कुंडेश्वरी चौकी पुलिस ने अभियान चलाकर 17 ओवरलोड वाहनों के चालान काटे। चेकिंग के दौरान टीम ने एक कार को सीज भी कर दिया है। खनन सामग्री लदे ओवरलोड वाहनों पर रोक के लिए ग्राम ब्रह्म नगर में पिछले एक सप्ताह से आंदोलन चल रहा है। ग्रामीणों की समस्या को देखते हुए नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य भी मौके पर पहुंचे थे। उन्होंने ओवरलोड वाहनों पर अंकुश लगाने के लिए एसएसपी ऊधमसिंहनगर व एसडीएम से भी बात की थी। लोगों के आक्रोश को देखते हुए एसएसपी मंजूनाथ टीसी के निर्देश पर कुंडेश्वरी चौकी प्रभारी राजेंद्र प्रसाद मुनियाल व एसआई संतोष देवरानी ने कुंडेश्वरी चौक, ढकिया रोड पर चेकिंग अभियान चलाया। पुलिस ने 17 ओवरलोडिड वाहनों का चालान किया। इस दौरान टीम ने एक कार को भी सीज किया है। एसआई राजेंद्र ने बताया कि ओवरलोड वाहनों के खिलाफ अभियान जारी रहेगा।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
• बी. फार्मा (4 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
• एम.एच.ए. (2 वर्षीय) • एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

### पांच सालों में 31 प्रतिशत बढ़ी छात्राओं की संख्या, पुरुष-प्रधान कक्षाओं में लैंगिक समानता लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा संस्थान

# आईआईएम के नए बैच में 42 प्रतिशत छात्राओं को मिला प्रवेश

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार :** भारतीय प्रबंधन संस्थान काशीपुर व्यावसायिक शिक्षा के पुरुष-प्रधान कक्षाओं में लैंगिक समानता लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। अपने प्रमुख पाठ्यक्रमों में आईआईएम काशीपुर ने 2024-26 के समूह में 42 प्रतिशत महिला प्रतिनिधित्व दर्ज किया है, जोकि पिछली साल की तुलना में 7 प्रतिशत अधिक है।

संस्था ने अपने प्रमुख पाठ्यक्रम मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (एमबीए) और मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन एनालिटिक्स (एमबीए - ए) में नामांकित कुल 471 छात्रों में से 196 महिला छात्रों को प्रवेश दिया है। शैक्षणिक विविधता के मुद्दे पर नए बैच में 37 प्रतिशत छात्र इंजीनियरिंग पृष्ठभूमि से और 33 प्रतिशत वाणिज्य से हैं। 12 प्रतिशत से अधिक विज्ञान से, 6 प्रतिशत कला से और शेष 11 प्रतिशत छात्र चिकित्सा, संचार और अन्य विभिन्न पृष्ठभूमि से हैं। जबकि बैच का कुल कार्य अनुभव 13 महीने का है। भौगोलिक विविधता के मामले में, नए बैच में 28 राज्यों का प्रतिनिधित्व है, इसमें महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व सबसे अधिक है, जहां 63-63 छात्र हैं। इस दौरान एमबीए और एमबीए एनालिटिक्स के अलावा डॉक्टरेट कार्यक्रम में 15 उम्मीदवारों ने दाखिला लिया। जिनमें से चार महिलाएं हैं। अध्यक्ष एडमिशन प्रो. अभ्रदीप मैती ने इस बात पर प्रकाश डाला कि न केवल संस्थान शीर्ष गुणवत्ता वाले अगली पीढ़ी के नेताओं को आकर्षित करने में सफल रहा है, बल्कि आईआईएम काशीपुर ने 2024 कॉमन एडमिशन प्रोसेस का भी सफलतापूर्वक संचालन किया है। लैंगिक विविधता पर उन्होंने कहा कि आईआईएम काशीपुर में पिछले कुछ वर्षों में महिला छात्रों की संख्या में तेजी से वृद्धि देखी गई है। 2019 में 11 प्रतिशत से बढ़कर अब नए बैच में 42 प्रतिशत छात्राएं हैं।



नए बैच के स्वागत कार्यक्रम में मौजूद छात्र-छात्राएं व अतिथि। ● अमृत विचार

### सेतु आयोग के उपाध्यक्ष ने दिए सफलता के मंत्र

**काशीपुर।** आईआईएम काशीपुर में नए बैच का स्वागत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि उत्तराखंड सेतु आयोग के उपाध्यक्ष राज शेखर जोशी थे। नए छात्रों का स्वागत करते हुए मुख्य अतिथि सेतु आयोग के उपाध्यक्ष राज शेखर जोशी ने नेतृत्व, प्रौद्योगिकी और थिंक टैंक की उभरती भूमिका के महत्व को रेखांकित किया और डिजिटल परिवर्तन की चुनौतियों पर बात की। उन्होंने कहा कि सफल प्रबंधन के लिए चार प्रमुख तत्वों की पहचान करें, जो उद्देश्यपूर्ण प्रामाणिक नेतृत्व, सहयोगात्मक नेतृत्व, प्रौद्योगिकी और ऊर्जा या दृष्टिकोण का उपयोग है। उन्होंने कहा कि सेतु आयोग का गठन उत्तराखंड सरकार द्वारा प्रदेश के विकास के लिए राज्य नीति आयोग की तर्ज पर किया गया है। आईआईएम काशीपुर के प्रभारी निदेशक प्रो. सोमनाथ चक्रवर्ती ने कहा कि हमारे छात्र हमारे ब्रांड एंबेसडर हैं। न केवल महिला प्रतिनिधित्व, बल्कि हर शैक्षणिक वर्ष में आवेदनों की संख्या भी बढ़ रही है। कहा कि जेंडर से लेकर भौगोलिक विविधता, रैंकिंग से लेकर विदेशी कॉलेजों और विश्वविद्यालयों के साथ गठजोड़ तक, आईआईएम काशीपुर शीर्ष 10 आईआईएम बनने के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है।

# आईएमटी के विद्यार्थियों ने किया शानदार प्रदर्शन

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार :** एससी गुड़िया आईएमटी के विद्यार्थियों ने परीक्षा परिणामों में फिर शानदार प्रदर्शन हासिल किया है। साथ ही बीबीए, बीसीए एवं बीकॉम (ऑनर्स) अंतिम वर्ष का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा है।

काशीपुर के बाजपुर रोड स्थित सत्येन्द्र चंद्र गुड़िया आईएमटी के विगत दिवस आए परीक्षा परिणामों में संस्थान के छात्र-छात्राओं ने बेहतर प्रदर्शन को दोहराया है। उन्होंने कुमाऊं विश्वविद्यालय में संस्थान का परचम लहराया है। संस्थान के यूजी विभाग की प्राचार्य डॉक्टर निमिशा अग्रवाल ने बताया कि बीबीए, बीसीए एवं बीकॉम (ऑनर्स) अंतिम वर्ष के परीक्षा परिणामों में विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। बीकॉम (ऑनर्स) के परिणामों में वंशिका वर्मा ने सर्वाधिक 75.07 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं रंगोली सक्सेना 73.23 एवं विशाल सुखीजा 70.53 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। बीसीए में काव्य शर्मा ने सर्वाधिक 71.7 प्रतिशत अंकों के साथ संस्थान में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। वहीं द्वितीय स्थान पर 69.43 प्रतिशत अंक प्राप्त कर आयुषी अग्रवाल रही, और प्रियांशु चौधरी 69.2 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं बीबीए अंतिम वर्ष में कमलदीप कौर ने सर्वाधिक 74.02 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं कनिका 72.41 एवं ध्रुव चौहान 68.89 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। इस दौरान विमला गुड़िया, डॉ. दीपिका गुड़िया मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### काशीपुर में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आज

**काशीपुर।** लायंस क्लब काशीपुर ग्रेटर की ओर से बुधवार 3 जुलाई को स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन रामनगर रोड स्थित सरकारी अस्पताल में किया जाएगा। क्लब अध्यक्ष सौरभ शर्मा व सचिव मयंक वर्मा ने उक्त रक्तदान शिविर में पहुंचकर सभी से रक्तदान करने की अपील की है।

### प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए पंजीकरण आज

**बाजपुर।** पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष गुरजीत सिंह 'गित्ते' ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्धन व्यक्ति जिनके पास अपना मकान नहीं है तथा वह किराए पर निवास करते हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ लेने के लिए अपना पंजीकरण करवा सकते हैं। पूर्व चेयरमैन गित्ते ने बताया कि रजिस्ट्रेशन के लिए 3 जुलाई को प्रात: 10 बजे से नगरपालिका कार्यालय में शिविर का आयोजन किया जा रहा है। चेयरमैन गित्ते ने क्षेत्रवासियों से शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।

### होम्योपैथिक एवं योग शिविर का आयोजन

**बाजपुर।** होम्योपैथिक के जनक डा.फैडरिक सैमुअल हैनीमैन की 181वीं पुण्यतिथि पर मंगलवार को नि:शुल्क आउटरीच होम्योपैथिक एवं योग शिविर वार्ड नंबर-5 मुडिया पिस्तौर, केशव नगर में आयोजित किया गया। शिविर में होम्योपैथिक परामर्श, पोषण जागरूकता अभियान, औषधीय पौध का वितरण एवं लाइफ स्टाइल मोडिफिकेशन अभियान चलाया गया। योगा सत्र योगा अनुदेशक कुलदीप सिंह द्वारा आयोजित किया गया जिसमें 25 लाभार्थी रहे। शिविर में 32 लोगों का ब्लड प्रेशर एवं ब्लड शुगर की जांच की गई। शिविर में आयुष्मान आरोग्य मंदिर बाजपुर की प्रभारी चिकित्साधिकारी डा.शिखा सम्मल द्वारा पंजीकृत 103 मरीजों का चेकअप कर उचित परामर्श एवं फार्मासिस्ट वतन कुमार द्वारा औषधियों का नि:शुल्क वितरण किया गया। इस मौके पर आशा कार्यकर्ता योगमाया वर्मा भी मौजूद रही।


राजकीय आईटीआई कॉलेज बाजपुर में प्रचार-प्रसार की सामग्री के साथ अधिकारी।

### आईटीआई प्रशिक्षणार्थियों को तीन माह का एडवांस कोर्स

**बाजपुर।** आईटीआई उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थियों को तीन माह का एडवांस कोर्स करवाया जाएगा, ताकि प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को रोजगार के बेहतर अवसर प्राप्त हो सकें। साथ ही यह प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले युवाओं की आर्थिकी में भी सुधार होगा। यह जानकारी राजकीय आईटीआई कॉलेज बाजपुर पहुंची अपर निदेशक प्रशिक्षण एवं सेवायोजन ऋचा सिंह ने दी। यह भी कहा गया कि सात जुलाई तक नवयुवक फीटर, इलेक्ट्रीशियन, फेशन डिजाइनिंग, बेल्डर, पेंटर जनरल, ड्राफ्ट मैकेनिकल, पिलंबर आदि ट्रेडों में प्रशिक्षण के लिए आनलाइन पंजीकरण करवा प्रवेश प्राप्त कर सकते हैं। इस मौके पर उपनिदेशक प्रशिक्षण एवं सेवायोजन स्मिता गुप्ता, प्रधानाचार्य राजीव पुष्पांकर, इंस्पेटर क्रांति रौतेला, कार्यदेशक शिवकुमार आदि मौजूद रहे।

### लायंस क्लब खटीमा सिटी ने हाईवे किनारे रोपे पौधे

**खटीमा।** लायनिस्टिक वर्ष के पहले दिन लायंस क्लब खटीमा सिटी के तत्वावधान में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। क्लब के सदस्यों ने सितारगंज रोड स्थित सिटी कान्वेंट स्कूल ने नेशनल हाईवे के दोनों ओर पौधे लगाए। इस दौरान टीम ने संकल्प लिया कि क्लब द्वारा 15 हजार पेड़ लगाए जाएंगे। इस अवसर पर पूर्व क्लब के सदस्यों को उनके लाइनस्टिक वर्ष 2023-24 के सफल संचालन हेतु पुष्पगुच्छ देकर एवं शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। सभी क्लब सदस्य घर-घर जाकर 15 अगस्त तक महा अभियान चलाएंगे। इस अवसर पर चेयरपर्सन प्रवीण उपाध्याय, सचिन जितेंद्र बत्रा, कोषाध्यक्ष संजय गुप्ता, भुवन चंद्र जोशी मौजूद रहे।


खटीमा में पौधरोपण करते लायंस क्लब के पदाधिकारी।

# हिंदू समाज पर आपत्तिजनक टिप्पणी से भड़के भाजपाई

### लोकसभा में हिंदुओं को हिंसक कहे जाने पर नेता विपक्ष राहुल गांधी का पुतला फूंका, कार्यकर्ताओं ने हिंदुओं के अपमान का लगाया आरोप


गदरपुर में सकेनिया मोड तिराहे पर नेता विपक्ष राहुल गांधी का पुतला फूंकते भाजपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार


किच्छा में प्रदर्शन करते भाजपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

संवाददाता, गदरपुर

**अमृत विचार:** लोकसभा में हिंदुओं को हिंसक कहे जाने पर भाजपा कार्यकर्ताओं में आक्रोश है। उन्होंने नेता विपक्ष राहुल गांधी के पुतले को आग के हवाले किया।

मंगलवार को भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेश खुराना के नेतृत्व में दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता सकेनिया मोड तिराहे पर एकत्रित हुए। खुराना ने कहा कि राहुल गांधी अल्पसंख्यकों को खुश करने के लिए हिंदुओं को हिंसक बता रहे हैं। भाजपा मंडल महामंत्री अभिषेक वर्मा ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी की ऐसी भाषा को भाजपा कार्यकर्ता कभी बर्दाश्त नहीं करेंगे। पुतला फूंकने वालों में राजेश गुंबर, अरविंद पाल, परमजीत पम्मा, नरेश हुंडिया, सागर कोचर, सुभाष गुंबर, राजू शर्मा, सौरभ शर्मा, हरीश रहलन, पंडित राजेश शर्मा, गौतम पपनेजा मौजूद थे।

### दिनेशपुर में पूर्व सैनिकों व भाजपाइयों का प्रदर्शन

**दिनेशपुर:** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी द्वारा हिंदुओं पर टिप्पणी करने से आक्रोशित पूर्व सैनिक संगठनों, भाजपा कार्यकर्ताओं व हिंदूवादी संगठनों के कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। मंगलवार शाम गौरव सेनानी वीरनारी उत्थान समिति गदरपुर व अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद संगठनों के साथ भाजपा कार्यकर्ता झंडा चौक पर एकत्र हुए। यहां उन्होंने सांसद राहुल गांधी का पुतला फूंका। इस मौके पर जिलाध्यक्ष सूबेदार मेजर नंदन सिंह कोश्यारी, ब्लॉक अध्यक्ष पूर्व कै. धन सिंह कोरंगा, महासचिव सूबेदार भगत सिंह धर्मशक्तू, ब्लॉक अध्यक्ष सूबेदार मेजर हिम्मत सिंह कुंवर, कैलाश पाठक, सेना मेडल गोविंद सिंह चौहान, उप प्रधान गोपाल सिंह ठठोला, भगवत सिंह पांगती, देव सिंह धर्मशक्तू, रमेश कन्याल आदि मौजूद थे।

### किच्छा में भी फूंका राहुल गांधी का पुतला

**किच्छा।** नेता विपक्ष राहुल गांधी की हिंदू समाज पर आपत्तिजनक टिप्पणी से भड़के भाजपा कार्यकर्ताओं ने महाराणा प्रताप चौक पर जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान राहुल गांधी का प्रतीकात्मक पुतला दहन किया। भाजपाइयों ने सांसद राहुल गांधी से सार्वजनिक रूप से देश की जनता से माफी मांगने की मांग की। भारतीय जनता पार्टी के मंडल कोषाध्यक्ष राम अवतार अग्रवाल के नेतृत्व में प्रदर्शन करने वालों में भाजपा नेता महेंद्र पाल, संजीव कुमार, राकेश गुप्ता, मुन्ना लाल पाठक, देवेंद्र कुमार, चूड़ामणि, मनमोहन सक्सेना, राजेश कुमार आदि मौजूद रहे।

### धर्मयात्रा महासंघ ने जताया रोष

**काशीपुर।** बीते दिनों कांग्रेस के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के सदन में दिए बयान को लेकर धर्मयात्रा महासंघ ने रोष जताया है। इस दौरान उन्होंने एसडीएम अभय प्रताप के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजकर राहुल गांधी से माफी मांगने की मांग की है। मंगलवार को एसडीएम को दिए ज्ञापन में धर्मयात्रा महासंघ के राष्ट्रीय महामंत्री कृष्ण कुमार अग्रवाल ने कहा कि सोमवार को नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने संसद भवन में हिन्दूओं के विरोध में बयान दिया। उन्होंने बयान की निंदा की है।


दिनेशपुर के चक्कीमोड़ झंडा चौक पर राहुल गांधी का पुतला फूंकते पूर्व सैनिक व भाजपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### खटीमा में पूर्व सैनिक संगठन ने राहुल गांधी के बयान पर जताया आक्रोश

**खटीमा।** पूर्व सैनिक संगठन से जुड़े पूर्व सैनिकों ने लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान नेता विपक्ष राहुल गांधी द्वारा हिन्दुओं के खिलाफ की गई बयानबाजी की कड़ी निन्दा की है। उन्होंने मुख्य चौक पर एकत्र होकर राहुल गांधी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और पुतला फूंका। इस अवसर पर नारायण सिंह सोन, मनोहर सिंह ज्वाला, धन सिंह सामंत, हीरा सिंह, लक्ष्मण सिंह, पुष्कर सिंह सामंत, हीरा सिंह रावत, फकीर सिंह, कल्याण सिंह, टीकाराम, गणेश राम, खुशाल सिंह, उमेद सिंह, शिव चंद, सुरेंद्र सिंह, धन सिंह ज्याला, जनक चंद, पार्वती देवी, कैलाश, बंशीधर जोशी, शिवराम जोशी, मोहन धामी आदि थे।

# आज व कल लगेगा सदस्यता कैंप

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचार :** प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के चुनाव की प्रक्रिया लगातार विरोध के बावजूद जारी है। व्यापारियों की मांग के बाद चुनाव संचालन समिति ने तीन एवं चार जुलाई को दो दिवसीय शिविर लगाकर सदस्यता अभियान जारी रखने की घोषणा कर दी है। चुनाव संचालन समिति संयोजक सतपाल गाबा ने बताया कि प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल की नगर इकाई के चुनाव को लेकर विगत कई दिनों से सदस्यता अभियान जारी है।

नगर के तीन निर्धारित स्थानों पर सदस्य बनाने की प्रक्रिया चल रही है। बावजूद इसके कुछ व्यापारियों द्वारा शिविर के माध्यम से सदस्यता अभियान चलाने का आग्रह किया गया था। व्यापारियों की मांग पर नगर के पुरानी गल्ला मंडी स्थित मारवाड़ी मंदिर धर्मशाला में तीन एवं चार जुलाई को कैंप लगाकर व्यापारियों के सदस्यता फॉर्म भरे जाएंगे और अभिलेखों की जांच की जाएगी। उन्होंने सभी व्यापारियों से अपील करते हुए कहा कि आवेदन फॉर्म प्राप्त होने के बाद आवेदनों की जांच कर सदस्यता सूची जारी की जाएगी तथा आपत्तियां आमंत्रित की जाएंगी।


सतपाल गाबा।

### कांग्रेस ने अलका पाल को दिया मंगलौर उपचुनाव का दायित्व

**काशीपुर।** काशीपुर की वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री अलका पाल को कांग्रेस हाईकमान ने हरिद्वार की मंगलौर विधानसभा में होने वाले उपचुनाव में प्रचार अभियान का दायित्व सौंपा है। अलका पाल पूर्व में पंजाब, कर्नाटक, मध्य प्रदेश राजस्थान, अमेठी में आब्जर्वर भी रह चुकी हैं। हरिद्वार की मंगलौर विधानसभा सीट पर जल्द ही उपचुनाव होने जा रहे हैं। इसके लिए कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा व प्रदेश प्रभारी कुमारी शैलजा की संस्तुति पर पीसीसी सदस्य अलका पाल को आगामी नौ जुलाई तक प्रचार अभियान का दायित्व सौंपा है। कांग्रेस पार्टी ने मंगलौर विधानसभा से काजी निजामुद्दीन को अपना प्रत्याशी बनाया है। वहीं अलका पाल ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी का आभार जताया है।

# साइबर फिजिकल सिस्टम क्षेत्र में अब बढ़ेंगे अवसर


त्रिपक्षीय समझौते के दौरान मौजूद तीनों संस्थाओं के अधिकारी। ● अमृत विचार

संवाददाता पंतनगर

**आईआईटी रोपड़, कृषि मौसम विज्ञानी संघ गुजरात और पंत विवि के बीच त्रिपक्षीय समझौता**

**अमृत विचार:** जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, आईआईटी रोपड़ और अवध कृषि मौसम विज्ञानी संघ आणंद (गुजरात) की बीच त्रिपक्षीय समझौता (एमओयू) हुआ। इसका उद्देश्य कृषि, जल, बागवानी क्षेत्र में प्रौद्योगिकी और नवाचारों से छात्रों व किसानों के हित को मजबूती प्रदान करने सहित साइबर-भौतिक प्रणालियों को तैनात करना है।

मंगलवार को हुए एमओयू पर आईआईटी रोपड़ की डॉ. राधिका त्रिखा, अवध कृषि मौसम विज्ञानी संघ के अध्यक्ष डॉ. केके सिंह व सचिव डॉ. एसबी यादव और पंतनगर विवि की ओर से निदेशक शोध डॉ. अजीत सिंह नैन ने हस्ताक्षर किए। एमओयू का लक्ष्य जल/उद्योग उत्सर्जन, मूल्यांकन, उपचार व प्रबंधन, भूमि संसाधनों का उन्नयन व कृषि की तैयारी, कृषि स्वचालन व परिशुद्धता खेती, कृषि व्यवसाय बाजार, कृषि एवं जल क्षेत्र में इंटरनेट आफ थिंग्स प्रणालियों का अनुप्रयोग, संयुक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम और संयुक्त सहयोगी परियोजनाएं हैं।

विवि के कुलपति डॉ. मनमोहन सिंह चौहान ने वर्चुअल माध्यम से इस सहमति पत्र को निष्पादित करने पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि इस त्रिपक्षीय सहयोग से छात्रों, संकाय सदस्यों और तकनीकी कर्मचारियों सहित कर्मियों का आदान-प्रदान होगा। कुलसचिव डॉ. दीपा विनय ने हर्ष व्यक्त करते हुए उम्मीद जताई कि इस समझौते से नई शिक्षा प्रणाली को विवि में प्रभावी रूप से लागू करने में मदद मिलेगी। आईआईटी रोपड़ की डॉ. त्रिखा ने बताया कि ऐसे सभी स्टार्टअप को संस्थान धन मुहैय्या कराने सहित पंतनगर विवि के विद्यार्थियों को प्रशिक्षण प्रदान करेगा।

**लापरवाही** — जगह-जगह लीकेज से लोगों के घरों में आ रहा नाले का दूषित पानी

# पहले आधी सड़क खोदी, बाद में नाले के ऊपर डाल दी पानी की लाइन

**अधिकारियों के सुध न लेने से दूषित पानी पीने को मजबूर लोग**

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार :** काशीपुर के कुंडेश्वरी क्षेत्र में जल संस्थान की एक बड़ी लापरवाही सामने आई है। जहां जल संस्थान ने लोगों को पानी के कनेक्शन देने के लिए पहले सड़क खोदी, लेकिन सड़क खोदने में अधिक खर्च होने पर संबंधित ठेकेदार ने सड़क किनारे स्थित नाले में लाइन बिछा दी। इसके बाद जल संस्थान ने लाइन में पानी देना शुरू कर दिया।

आलम ये है कि लाइन में पानी शुरू हुए चार माह ही हुए हैं, लेकिन पाइप लाइन जगह-जगह से क्षतिग्रस्त हो चुकी है। जल जीवन मिशन के अंतर्गत कुंडेश्वरी के मोहल्ला स्थित नई बस्ती में विगत वर्ष पाइप लाइन बिछाने का कार्य शुरू हुआ था। संबंधित ठेकेदार ने लाइन बिछाने के लिए रोड के बीच खुदाई शुरू कराई, लेकिन खुदाई के काम में लीपापोती कर ठेकेदार ने सड़क किनारे बहने वाले नाले में हुक के सहारे पानी की लाइन डाल दी।

लेकिन संस्थान के पानी की सप्लाई शुरू करते ही पानी की लाइन कई जगह से हुक समेत नाले में गिर गई। इसके चलते कई जगहों से पानी की लाइन क्षतिग्रस्त हो चुकी है। ऐसे में क्षतिग्रस्त लाइनों से नाले का गंदा पानी लोगों के घरों तक पहुंच रहा है। वहीं लोग नाले का गंदा पानी पीने को मजबूर हैं।


कुंडेश्वरी नई बस्ती में नाली के सहारे बिछाई पाइप लाइन दिखाती महिला। ● अमृत विचार


"जो टंकी की नई लाइन डाली गई थी। वो सब डैमेज हो गई जिससे घरों में गन्दा पानी आ रहा है। जिसे पीने से मैं बीमार हो गया हूँ। घर में बच्चे बीमार ना हो जाए इसलिए टंकी का पानी पीना ही बंद कर दिया है।
**-सुभाष चंद**, नई बस्ती कुंडेश्वरी, निवासी


"टंकी का पानी घर तक नही पहुंच रहा है, थोड़ा बहुत पहुंच रहा है, तो वो भी गन्दा पानी पहुंच रहा है। जिसे पीना तो दूर बर्तन भी नहीं धो रहे हैं। पानी की समस्या के लिए काशीपुर समेत देहरादून तक शिकायत कर चुके हैं।
**- रोशनी देवी**, नई बस्ती कुंडेश्वरी, निवासी


"इस टंकी के पानी में तमाम कीड़े आ रहे हैं, जिसे पीकर बच्चे भी बीमार हो जाएंगे। इसलिए हम इस पानी की लाइन का पानी नहीं पी रहे हैं। बर्तन धोने के लिए भी पड़ोस में लगे दूसरों के नल से पानी भरकर ला रहे हैं।
**-ब्रजवाला देवी**, नई बस्ती कुंडेश्वरी, निवासी


"नई बस्ती में टंकी के पानी में कीड़े आ रहे हैं और नाले का गन्दा पानी लोगों के घरों में आ रहा है। इसके लिए टोल फ्री नंबर पर चार महीने पहले कॉल भी की थी। उसके बाद जल संस्थान के संबंधित अधिकारी से फोन पर वार्ता भी की, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई।
**- सुशील कुमार**, नई बस्ती कुंडेश्वरी, निवासी

"कुंडेश्वरी नई बस्ती में जो लाइन बिछाई गई, इसकी जानकारी नहीं है। पता कर जांच कराई जाएगी।
**-नरेंद्र सिंह रिखाडी**, अधिशासी अभियंता, जल संस्थान काशीपुर।

# स्कूल बस ने सड़क किनारे खड़ी छह महिलाओं को रौंदा, एक की मौत

## रुद्रपुर से गदरपुर की ओर जा रही थी स्कूल बस, चालक हिरासत में, तीन घायलों को किया हल्द्वानी रेफर, टक्कर इतनी तेज थी कि महिलाएं छिटककर दूर जा गिरीं

हादसा

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** मंगलवार की दोपहर को एनएच-74 काशीपुर हाईवे पर एक स्कूल बस के चालक ने अपना नियंत्रण खो दिया और मजदूरी करने वाली छह महिलाओं को रौंद दिया। आनन-फानन में घायलों को जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां एक महिला ने दम तोड़ दिया, जबकि तीन महिलाओं की नाजुक हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने हल्द्वानी रेफर कर दिया। सूचना मिलते ही एसएसपी सहित आला अधिकारी जिला अस्पताल पहुंचे और घटना की जानकारी लेने के बाद राहत कार्य प्रारंभ कर दिया। बताया जा रहा है कि पुलिस ने चालक को हिरासत में ले लिया।

मंगलवार की शाम चार बजे के करीब गंगापुर रोड़ स्थित सेंट मैरी स्कूल की बस संख्या यूके-06 पीए-1112 रुद्रपुर से गदरपुर एनएच-74 काशीपुर हाईवे की ओर जा रही थी। अचानक चालक ने बस पर अपना नियंत्रण खो दिया और तेज गति बस ने हाईवे किनारे सवारी वाहन का इंतजार कर रही छह महिलाओं को रौंद दिया। टक्कर इतनी तेज थी कि महिलाएं छिटक कर दूर जा गिरीं और हाईवे पर चीख पुकार मचने लगी। जिसे देखकर वहां मौजूद लोग घटनास्थल की ओर दौड़ पड़े और घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया।


घायलों को अस्पताल में भर्ती कराने ले जाते पुलिस कर्मी और परिजन। ● अमृत विचार


जिला अस्पताल में रोते-बिलखते घायलों के परिजन। ● अमृत विचार


घटना की जानकारी लेते एसएसपी मंजूनाथ टीसी और पूर्व विधायक ठुकराल।

जहां डॉक्टरों ने 47 वर्षीय मीनू मिस्त्री निवासी कंटोपा गदरपुर को मृत घोषित कर दिया, जबकि 55 वर्षीय पारूल विश्वास निवासी आनंद खेड़ा, 15 वर्षीय तान्या निवासी दिनेशपुर और 30 वर्षीय कविता निवासी सोडी कॉलोनी की नाजुक हालत को देखते हुए हल्द्वानी रेफर कर दिया। वहीं दो महिलाओं की हालत स्थिर बताई जा रही है। सड़क हादसे की सूचना मिलते ही एसएसपी मंजूनाथ टीसी, सीओ सिटी मनोज कत्याल, एसपी क्राइम चंद्रशेखर घोडके, सीओ सदर निहारिका तोमर, पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी लेने के बाद घायलों के परिजनों को ढांढस बंधाया। साथ ही पुलिस ने राहत कार्य शुरू कर दिया।

### स्कूली बच्चों को छोड़कर फुर्सत में था चालक

**रुद्रपुर :** एनएच-74 हाईवे पर वाहनों और छह महिलाओं को रौंदने की घटना का आरोपी चालक फुर्सत में था। बताया जा रहा है कि निजी स्कूल के विद्यार्थियों को छोड़ने के बाद चालक को दोपहर बाद फुर्सत मिल चुकी थी।

आशंका यह भी है कि चालक ने रास्ते में शराब का अत्यधिक सेवन किया हो और नशे की हालत में ही बस का संचालन किया होगा। गनीमत यह रही कि स्कूल बस में विद्यार्थी सवार नहीं थे। ऐसे में शिक्षा विभाग व पुलिस विभाग को भी ऐसे चालक पर शिकंजा कसना चाहिए। जिसकी हर किसी की जुबान पर चर्चा है।

## कहीं शराब पीकर बस तो नहीं चला रहा था चालक

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** मंगलवार को शाम चार बजे जिस प्रकार एक स्कूल बस चालक ने छह महिलाओं सहित सड़क पर खड़े वाहनों को रौंदना शुरू किया। चश्मदीदों ने आशंका जताई है कि सड़क हादसा ड्रिंक एंड ड्राइव का हो सकता है, क्योंकि हादसे के बाद चालक भी चोटिल हुआ है और पुलिस निगरानी में उसका उपचार चल रहा है। वहीं पुलिस ने भी प्रथम दृष्टया शराब के सेवन किए जाने की संभावना व्यक्त की है। मगर हादसा इतना खौफनाक था कि हर कोई सिहर उठा।

**वीभत्स**

- कई बाइक व वाहनों को पहले मारी टक्कर
- 50 फीट तक उछले वाहन और महिलाएं

मंगलवार को एनएच-74 हाईवे पर जब स्कूल बस चालक रुद्रपुर से गदरपुर की ओर जा रहा था। उसने छह महिलाओं को रौंदने से पहले हाईवे किनारे खड़े वाहनों को टक्कर मारी और उसके बाद अनियंत्रित होकर छह महिलाओं को रौंदता हुआ डिवाइडर से टकरा गया। घटनास्थल पर खड़े चश्मदीदों ने बताया कि हादसा इतना खौफनाक था कि जब बस ने हाईवे खड़े टाटा मैजिक वाहन, दो बाइकों को टक्कर मारी तो वाहन कई फीट दूर जा गिरे। गनीमत यह रही थी उस वक्त वाहन पर कोई सवार नहीं था। जब तक कोई समझ पाता, स्कूल बस चालक नियंत्रण खो बैठा और कुछ ही दूरी पर खड़ी छह महिलाओं को रौंदता हुआ डिवाइडर से टकरा गया।

टक्कर के बाद महिला 30 से 40 फीट हवा में उछली और हाईवे पर जा गिरी। जिसे देखकर चीख पुकार की आवाज गूंजने लगीं। चालक की ओर ध्यान न देकर घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाने पर ध्यान दिया गया। बताया जा रहा है कि हादसे के वक्त चालक भी चोटिल हो गया है और पुलिस ने गोपनीय तरीके से उसे अस्पताल में भर्ती कराकर अपनी निगरानी में उपचार शुरू करवा दिया है। पुलिस आरोपी का मेडिकल कराने की तैयारी कर रही है। बावजूद पुलिस का मानना है कि प्रथम दृष्टया बस चालक ने शराब का सेवन किया है। जल्द ही मेडिकल करवाकर पुष्टि की जाएगी।

### किच्छा विधायक के पुत्र के यहां काम करती थी मृतका

**रुद्रपुर :** मंगलवार को सड़क हादसे का शिकार बनी सभी महिलाएं घरों में झाड़ू-पोछा का काम करती है। बताया जा रहा है कि घायलों में मृतक महिला मीनू मिस्त्री किच्छा विधायक तिलक राज बेहड़ के छोटे पुत्र सौरभ राज बेहड़ के एलायंस स्थित आवास पर कार्य करती थी। इसके अलावा बाकी घायल पांच महिलाएं भी वही की आसपास की कॉलोनियों में झाड़ू-पोछा कर रोजमर्रा की भांति शाम को हाईवे किनारे खड़े होकर सवारी वाहन का इंतजार करती रहती है। मीनू की मौत की सूचना मिलते ही विधायक के पुत्र सौरभ बेहड़ मौके पर पहुंचे और परिजनों को ढांढस बंधाया।

> एनएच-74 हाईवे सड़क हादसे में बस द्वारा छह महिलाओं को रौंदने की सूचना मिलते ही पुलिस की टीम ने राहत कार्य शुरू कर दिया था और घायलों के उपचार की व्यवस्था शुरू कर दी थी। जिसमें से तीन महिलाओं को रेफर कर दिया है, जबकि एक महिला की मौत हो चुकी है। प्रथम दृष्टया शराब पीने की आशंका है, लेकिन फिलहाल पुलिस निगरानी में आरोपी बस चालक का उपचार चल रहा है। उपचार के बाद ही मेडिकल परीक्षण के बाद ही ड्रिंक एंड ड्राइव की पुष्टि होगी और रिपोर्ट के आधार पर पुलिस आगे की कार्रवाई करेगी।
>
> **-मंजूनाथ टीसी**, एसएसपी, ऊधमसिंह नगर

### अज्ञात वाहन की टक्कर से साइकिल सवार की मौत

**बाजपुर:** सोमवार देर रात्रि साढ़े 12 बजे मंझरा प्रभु वार्ड नंबर 1 निवासी गुड्डू अहमद (22) पुत्र इसरार केशोवाला रोड स्थित रॉयल गार्डन होटल के नजदीक पॉवर स्पैक फैक्ट्री से कार्य करके साइकिल से घर की ओर लौट रहा था। रामराज रोड स्थित बैंक ऑफ़ बड़ौदा के समीप तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया जिससे गुड्डू की मौत हो गई। जबकि दूसरी साइकिल पर सवार राजीव नगर वार्ड नंबर 13 निवासी विशाल सक्सेना (20) पुत्र रति सक्सेना बाल-बाल बच गया।


गुड्डू अहमद।

## पांच बाइकें बरामद, दो युवक गिरफ्तार

संवाददाता, जसपुर

**अमृत विचार:** पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी की 5 घटनाओं का खुलासा करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस ने 2 युवकों को गिरफ्तार कर उनसे चोरी की 5 मोटर साइकिलें बरामद की हैं।

थाना काशीपुर अंतर्गत गांव प्रतापपुर निवासी शंकर सिंह ने 1 जुलाई को तहरीर देकर कहा था कि अज्ञात चोरों ने जसपुर-भूतपुरी रोड स्थित बालाजी धर्मकांटा पास से उसकी अपाचे मोटर साइकिल संख्या यूके 06 डब्लू-2825 चोरी कर ली है। इस मुकदमे की विवेचना उप निरीक्षक धीरज टम्टा को सौंपी गई। अपर पुलिस अधीक्षक व सीओ काशीपुर के निर्देशन में 2 जुलाई को जसपुर पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर लकड़ी मंडी-पतरामपुर हाईवे के पुल के पास से युवक विशाल कुमार निवासी ग्राम जोतहिम्मा मुकर पुरी थाना स्योहारा जिला बिजनौर, उत्तर प्रदेश को चोरी की इस मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने कोतवाली में 13 जून को मोटरसाइकिल चोरी का एक अन्य मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी की इस घटना में दूसरे युवक रोहित कुमार निवासी मोहल्ला पट्टी चौहान वार्ड नंबर 9, को मोटर साइकिल संख्या यूके 18 क्यू 5287 के साथ गिरफ्तार किया। दोनों युवकों से सख्ती से पूछताछ की गई तो उनके द्वारा 3 अन्य मोटर साइकिलें भी चोरी कर छुपाने की बात कबूल की। उनकी निशानदेही पर कटारमल मंदिर से बहादरपुर गांव जाने वाले रास्ते के पास से चोरी की 3 मोटरसाइकिलें बरामद की गईं।


चोरी की मोटरसाइकिलों के साथ गिरफ्तार किए गए युवक।

### आरोपी विशाल पर अन्य थानों में सात मुकदमे दर्ज

**जसपुर :** पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी के आरोपी विशाल के आपराधिक इतिहास का पता लगा गया तो उसके खिलाफ थाना काशीपुर तथा अन्य थानों में भी मोटरसाइकिल चोरी के 7 मुकदमे दर्ज पाए गए। मोटरसाइकिल चोरियों का खुलासा करने वाली पुलिस टीम में एसएसआई राजेश पांडेय, एसआई धीरज टम्टा, एसआई सुशील कुमार, कांस्टेबल जाकिर हुसैन, अरुण कुमार, ज्ञानेन्द्र व राजकुमार शामिल रहे।

चोरी की शेष तीन मोटर साइकिलों के संबंध में अन्य थानों से जानकारी की जा रही है।

उधर, मोटरसाइकिल चोरी का मात्र 24 घंटे में खुलासा करने पर पीड़ित शंकर सिंह ने पुलिस की सक्रियता की सराहना की।

### नए कानून के तहत दो लोगों पर मारपीट का मामला दर्ज

**खटीमा :** कोतवाली पुलिस ने देश में लागू नए कानून के तहत दो लोगों पर मारपीट का पहला मुकदमा दर्ज किया है। टनकपुर जनपद चंपावत के गैड़ाखाली निवासी प्रदीप सिंह नैथानी ने पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा कि सोमवार को वह अपने साथी दीपक जोशी के साथ ड्यूटी समाप्त होने के बाद अपनी बाइक संख्या यूके03 बी4525 से घर टनकपुर जा रहे थे। बाइक दीपक जोशी चला रहा था। वह अमाऊं में हिमालयन पंजाबी ढाबा के पास पहुंचे थे कि वहां सड़क किनारे खड़ी कार के चालक ने अचानक अपनी गाड़ी दाहिनी तरफ मोड़कर उनकी बाइक में टक्कर मार दी। इससे वह बाइक सहित रोड के किनारे जा गिरे। बीच रोड पर गाड़ी खड़ी कर कार चालक अपने साथी के साथ निकलकर आया और गाली गलौज करते हुए लात-घूसों से मारपीट शुरू कर दी। इसमें उनको गुम चोटें आई। मौके पर मौजूद लोगों द्वारा किसी तरह से बीच बचाव कर उन्हें बचाया। पुलिस ने पंकज रावत व उसके साथी के खिलाफ धारा 115, 351(2), 352 बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

**सार-संक्षेप**


बाजपुर में अधिकारियों-कर्मचारियों को निर्देश देते एसडीएम आरसी तिवारी।

### बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों में सतर्कता बरतने के निर्देश

**बाजपुर :** बारिश के मौसम को देखते हुए एसडीएम राकेश चंद्र तिवारी ने विभिन्न विभागों के स्थानीय अधिकारियों-कर्मचारियों के साथ बैठक लेकर इस मानसूनी बारिश के दौरान बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों में पूरी तरह से सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इसे पूरी गंभीरता से लिया जाए। चेताया कि कार्य में कोताही बरतने पर कार्रवाई के लिए भी तैयार रहें। मंगलवार को आयोजित बैठक में उपजिलाधिकारी आरसी तिवारी ने अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देश दिए कि वह अपने-अपने क्षेत्र में बाढ़ से बचाव को जरूरी उपायों को व्यथित करने के साथ ही क्षेत्र में स्थापित बाढ़ चौकियों एवं कर्मचारियों से आपसी सामन्जस्य एवं संपर्क बनाकर रखें। इस मौके पर तहसीलदार अक्षय कुमार भट्ट, कानूनगो सुनीतिपाल के साथ ही विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

### अंतरराष्ट्रीय एथलीट ने दी खेलों के महत्व की जानकारी

**काशीपुर :** ज्ञानार्थी कॉलेज में अंतरराष्ट्रीय एथलीट वीरेंद्र चौधरी ने विशेष कार्यशाला में खेलों के महत्व की छात्रों की जानकारी दी। वीरेंद्र चौधरी ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि खेल व्यक्ति के जीवन में अनुशासन और आत्मविश्वास को बढ़ाता है। खेलों के माध्यम से न केवल शारीरिक फिटनेस प्राप्त होती है, बल्कि यह मानसिक तनाव को भी कम करता है। कार्यशाला में उपस्थित छात्रों ने चौधरी से खेलों के विभिन्न पहलुओं पर प्रश्न पूछे और उनके अनुभवों से लाभान्वित हुए। इस अवसर पर डॉ. मनोज मिश्रा ने वीरेंद्र चौधरी का आभार जताया।


कार्यशाला के दौरान अंतरराष्ट्रीय एथलीट वीरेंद्र चौधरी का स्वागत करते डॉ. मनोज मिश्रा। ● अमृत विचार

## हमलावरों की गिरफ्तारी की मांग

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार:** किसान पर जानलेवा हमले में नामजद आरोपितों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर कोतवाली पहुंचे किसानों ने पुलिस अधिकारी से मुलाकात की। उन्होंने नाराजगी जताते हुए आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए चार दिन का अल्टीमेटम दिया है। मंगलवार को भारतीय किसान यूनियन के कुमाऊं मंडल अध्यक्ष विक्की रंधावा अपने कुछ साथी किसानों के साथ कोतवाली पहुंचे, जहां मौके पर मौजूद एसएसआई विनोद कुमार फर्त्याल से वार्ता करते हुए कहा गया कि 13 जून को पुलिस चौकी सुल्तानपुर पट्टी क्षेत्रांतर्गत अपने खेत पर जा रहे किसान कोसी कांटा निवासी हरदयाल सिंह पर ग्राम धनसारा निवासी शाहरूख ने अपने दो अन्य साथियों के साथ मिलकर जानलेवा हमला कर दिया था। इतना ही नहीं इस दौरान फायरिंग कर दहशत फैलाई गई थी। इस मामले में पुलिस ने आरोपित शाहरूख, कालू व एक अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर शाहरूख को तो गिरफ्तार कर लिया था, लेकिन बाकी के दो आरोपियों को नहीं पकड़ा गया है। इस मौके पर हरप्रीत सिंह निज्जर आदि मौजूद रहे।


बाजपुर में एसएसआई विनोद कुमार फर्त्याल से मुलाकात करते किसान।

## सितारगंज चीनी मिल प्रकरण में मांगा जवाब

विधि संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** हाईकोर्ट ने सितारगंज किसान सहकारी चीनी मिल और उसकी 86 एकड़ भूमि को 100 रूपये के स्टांप पर निजी हाथों में सौंपने के मामले में प्रदेश सरकार और अन्य पक्षकारों को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने को कहा है।

सितारगंज के गन्ना उत्पादक राजेन्द्र सिंह और अन्य ने जनहित याचिका दायर कर कहा था कि अस्सी के दशक में सहकारी समिति अधिनियम 1965 के तहत सितारगंज, बरेली और पीलीभीत के किसानों की ओर सितारगंज किसान सहकारी समिति का गठन किया गया और उसके तहत सितारगंज चीनी मिल का संचालन किया जाने लगा। वर्ष 2017 में प्रदेश के गन्ना विकास सचिव की ओर से मनमाना कदम उठाते हुए चीनी मिल को बंद करने के आदेश जारी कर दिए गए। सरकार की ओर से इसके लिये किसान सहकारी समिति की अनुमति नहीं ली गयी। वर्ष 2020 में सरकार ने सितारगंज की उप जिलाधिकारी मुक्ता मिश्रा को चीनी मिल में लिक्विडेटर नियुक्त करते हुए चीनी मिल को निजी हाथों में सौंपने की प्रक्रिया शुरू कर दी। इसके लिये समाचार पत्रों में विज्ञापन जारी करते हुए निजी क्षेत्र से प्रस्ताव मांगे गए।

पिछले वर्ष सरकार ने 19 अप्रैल, 2023 को उत्तराखंड को-आपरेटिव शुगर फैक्ट्रीज फेडरेशन लिमिटेड की ओर से चीनी मिल को जेएनएन शुगर्स और बायो फ्यूल्स प्राइवेट लिमिटेड को 30 वर्ष के लिये लीज पर सौंप दिया गया। साथ ही चीनी मिल की 86 एकड़ भूमि को भी 100 रूपये के स्टांप पर कंपनी को सौंप दी गई। याचिकाकर्ताओं की ओर से अदालत से सरकार के इस मनमाने कदम पर रोक लगाने की मांग की गयी है। मंगलवार को इस प्रकरण में हुई सुनवाई के बाद मुख्य न्यायाधीश रितु बाहरी एवं न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ ने सभी पक्षकारों व राज्य सरकार से जवाब पेश करने को कहा है।

**हत्या** | मृतका के पुत्र की शिकायत पर पुलिस ने एक महिला तथा अज्ञात युवक के खिलाफ दर्ज किया मुकदमा

## पूर्व पालिकाध्यक्ष की जेठानी की मौत के मामले में नया मोड़

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचार:** पूर्व पालिकाध्यक्ष अंजू जायसवाल की जेठानी विजयलक्ष्मी देवी की तीन दिन पहले हुई संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के मामले में पुलिस ने मृतका के पुत्र की शिकायत पर एक महिला तथा अज्ञात युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। मृतका के पुत्र ने दोनो आरोपियों पर सोने के गहने तथा नगदी लूटने की मंशा से विजय लक्ष्मी देवी की हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

3 दिन पहले पंजाबी मोहल्ला, वार्ड नंबर 15, किच्छा निवासी हरीश चंद जायसवाल की 64 वर्षीय पत्नी विजयलक्ष्मी देवी का शव उनके अपने घर के कमरे में संदिग्ध परिस्थितियों में मृत मिला था। अस्थमा रोग से पीड़ित विजयलक्ष्मी देवी का शव बिस्तर पर पड़ा हुआ था जबकि बिस्तर पर नेबुलाइजर पंप तथा दवाई की गोलियां बिखरी हुई थीं। पुलिस को दी शिकायत में मृतका के पुत्र आशीष जायसवाल ने बताया कि वह वर्तमान में जयपुर में नौकरी करता है तथा उसके माता-पिता किच्छा में रहते हैं। बताया कि करीब 10 दिन पहले उसके पिता हरीश चंद कैंसर से पीड़ित भांजे को इलाज के लिए नोएडा लेकर गए थे जबकि घर पर उसकी मां विजय लक्ष्मी अकेली थीं। आशीष ने बताया कि 29 जून की सुबह उनके चाचा प्रवीण ने सूचना दी कि विजयलक्ष्मी देवी अपने कमरे में मृत अवस्था में मिली है। सूचना के बाद वह किच्छा पहुंचा। घर पहुंचने पर पता चला कि मां विजयलक्ष्मी के गले में पड़ी सोने की चेन, हाथ की सोने की अंगूठी तथा जेवर व नगदी वाली कपड़े की छोटी थैली घर से गायब है। आशीष के अनुसार घटना वाली रात मां विजयलक्ष्मी की जान पहचान वाली किच्छा स्थित पंत कॉलोनी निवासी अंजली शर्मा घर पर मौजूद थी। बताया कि अंजली शर्मा से जानकारी लेने पर वह बार-बार गुमराह करती रही और जेवर के बारे में जानकारी होने से इनकार कर दिया। पुलिस को दी शिकायत में उन्होंने कहा कि शक होने के बाद अंजली के बारे में जानकारी जुटाई तो ज्ञात हुआ कि अंजली शर्मा द्वारा पंत कॉलोनी में मकान बनवाया जा रहा है तथा उस पर लोगों की काफी उधारी भी है और वे लोग लगातार अंजली से पैसे वापस लेने का दबाव बना रहे हैं। बताया कि अंजली पर शक होने के बाद जब घर के आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरे की जांच की गई तो पता चला कि घटना वाली रात अंजली शर्मा एक अज्ञात युवक के साथ घर के पास मौजूद थी और घर के बाहर टोपी लगाकर करीब 8 बजे के समय टहल रही थी। मृतका के पुत्र ने सीसीटीवी फुटेज पुलिस को दिखाते हुए अंजली शर्मा की गतिविधियों को संदिग्ध बताया और कहा कि अंजली के साथ दिखाई दे रहा युवक मोहल्ले का नहीं है तथा रात्रि करीब 11:30 बजे तक दोनों को घर से बाहर जाते हुए देखा गया है। पुलिस ने आशीष जायसवाल की शिकायत पर आरोपी अंजली शर्मा तथा अज्ञात युवक पर हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### किच्छा पुलिस के हाथ लगे अहम सुराग

**किच्छा :** विजयलक्ष्मी देवी की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले में मिली जानकारी के अनुसार पुलिस द्वारा आरोपी महिला एवं महिला के साथ दिखाई देने वाले युवक के बारे में अहम सुराग हाथ लग गए हैं। बताया जा रहा है कि आरोपी महिला नए-नए लोगों से दोस्ती कर उनसे पैसे ऐंठने का काम करती है। सूत्रों की माने तो जांच कर रही पुलिस टीम के हाथ आरोपी महिला और युवक तक पहुंच गए हैं और बुधवार को मामले का खुलासा भी किया जा सकता है।

## दरोगा के भाई पर दुष्कर्म का आरोप

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** रंपुरा चौकी इलाके की रहने वाली एक युवती ने महिला दरोगा के भाई पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। पीड़िता का आरोप था कि कई बार शारीरिक संबंध बनाने के बाद जब शादी का दबाव बनाया गया तो आरोपी युवक ने हाथापाई कर शादी से इंकार कर दिया। वहीं बहन महिला दरोगा ने भी झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी। पीड़िता ने एसएसपी को शिकायती पत्र दिया है।

रंपुरा चौकी इलाके की रहने वाली एक युवती का कहना था कि वह किच्छा हाईवे स्थित प्राइवेट अस्पताल में कार्य करती है और उसी अस्पताल में ही छतरपुर निवासी एक युवक भी काम करता है। आरोप था कि युवक ने उसके सामने शादी का प्रस्ताव रखा और अपनी दरोगा बहन से भी मुलाकात करवाई। दोनों ने जल्द शादी करने का आश्वासन दिया। आरोप था कि इसी दौरान युवक ने उसे थाना दिनेशपुर इलाके में स्थित होटल में बुलाया और जल्द ही शादी का प्रलोभन देकर शारीरिक संबंध बनाए। युवती का आरोप है कि जब शादी का दबाव बनाया तो 23 मई 2024 को हाथापाई कर धक्के देकर बाहर निकाल दिया। धमकी दी कि यदि पुलिस से शिकायत की तो उसकी दरोगा बहन झूठे मुकदमे में फंसा देगी। पीड़िता का आरोप था कि 27 मई को जब वह पुलिस कार्यालय पहुंची तो दरोगा बहन ने व्हाट्सएप कॉल कर झूठे मुकदमे में जेल भेजने की धमकी दी।

### विवाहिता को बंधक बनाकर करता रहा शारीरिक शोषण

**रुद्रपुर :** थाना ट्रांजिट कैंप इलाके में एक विवाहिता ने युवक पर नशीला पदार्थ देकर अश्लील वीडियो बनाने और शारीरिक संबंध बनाने का आरोप लगाया है। पीड़िता का आरोप था कि आरोपी ने ब्लैकमेल कर उससे डेढ़ लाख रुपये भी हड़प लिए। पीड़िता ने एसएसपी को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। थाना ट्रांजिट कैंप की रहने वाली एक विवाहिता ने शिकायती पत्र देकर बताया कि वह नौकरी की तलाश कर रही थी कि तभी उसकी मुलाकात सितारगंज के रहने वाले एक युवक से हुई। जहां उसने पहले प्रेमजाल में फंसाया और पानी में नशीला पदार्थ पिलाकर उसके साथ शारीरिक शोषण किया। इस दौरान आरोपी ने उसकी अश्लील वीडियो भी बना ली। वह उसे ब्लैकमेल कर हरिद्वार ले गया और एक कमरे में चार दिन तक बंधक बनाकर उसका शारीरिक शोषण करता रहा।

परोक्षे कार्यहन्तारं प्रत्यक्षे प्रियवादिनम्।
वर्जयेत्तादृशं मित्रं विषकुम्भं पयोमुखम् ॥

पीठ पीछे काम बिगाड़ने वाले या सामने प्रिय बोलने वाले ऐसे मित्र को मुंह पर दूध रखे हुए विष के घड़े के समान त्याग देना चाहिए ।

## संपादकीय

# समागम में भगदड़

हाथरस में धार्मिक समागम के बाद मची भगदड़ में बड़ी संख्या में लोगों की मौत हो गई। देश में धार्मिक आयोजनों के समय भगदड़ के कारण हुई त्रासदियों में एक घटना और जुड़ गई। हादसे की जो तस्वीरें आई हैं वे विचलित कर देने वाली हैं। जान गंवाने वालों में बच्चे-बुजुर्ग महिलाएं भी शामिल हैं। भगदड़ का मुख्य कारण बताया जा रहा है कि कथावाचक भोले बाबा का काफिला निकल रहा था। इस दौरान समागम में शामिल श्रद्धालु भी अपने घर को निकल रहे थे। बाबा के काफिले को निकालने के लिए भीड़ को एक हिस्से से को रोका गया। वहां मौजूद लोग गर्मी और उमस के कारण परेशान हो रहे थे। बाबा का काफिला निकल गया तो लोग भागने लगे। हादसे के बाद प्रदेश सरकार ने जांच के लिए कमेटी का गठन किया है। मुख्यमंत्री ने 24 घंटे में जांच रिपोर्ट मांगी है। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री की ओर से मुआवजे का ऐलान कर दिया गया है। देश में यह पहली घटना नहीं है जब भगदड़ मचने से इतनी बड़ी तादाद में लोगों की मौत हुई हो। इससे पहले कई ऐसी घटनाएं घटी है जब कुछ ही घंटों में सैकड़ों लोगों ने अपनी जान गंवा दी। हादसे से साफ है कि इस प्रकार के आयोजनों के दौरान लोगों की सुरक्षा पर सजगता कितनी कम है। भीड़ भरे स्थलों को संभालने के लिए बने नियमों का उल्लंघन होता है।

सवाल उठता है कि इस तरह के धार्मिक आयोजनों में ही क्यों ज्यादा भगदड़ मचती है। दरअसल धार्मिक आयोजनों में बड़ी संख्या में लोग जमा होते हैं। लोगों की संख्या भी तय नहीं होती, जिस कारण भीड़-प्रबंधन बेहद मुश्किल हो जाता है। कार्यक्रम में राजस्थान, मध्यप्रदेश, हरियाणा समेत कई राज्यों के हजारों लोग लोग शामिल थे। कई किलोमीटर तक वाहनों की लाइन लगी थी। जापान की टोक्यो यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर क्लाउडियो फेलिचियानी और ऑस्ट्रेलिया की न्यू साउथ वेल्स यूनिवर्सिटी के डॉ. मिलाद हागानी के शोध के मुताबिक भगदड़ के दौरान ज्यादातर लोग दम घुटने से मरते हैं। जब भीड़ एक दूसरे के ऊपर चढ़ती है तो उसकी शक्ति बहुत अधिक होती है। इतनी ताकत से जब किसी का शरीर भिंचता है तो सांस लेना असंभव हो जाता है। गिरकर मरने से ज्यादा लोग खड़े-खड़े मरते हैं। जो लोग नीचे गिरकर मरते हैं, वे भी दरअसल, सांस घुटने से मरते हैं क्योंकि उनके ऊपर गिरे या भागते लोग उनका दम घोंट देते हैं। ऐसे में सुरक्षा उपायों को मजबूत करने के लिए ऐसा डेटाबेस होना और उसका विश्लेषण करना जरूरी है ताकि भविष्य में ऐसी दुर्घटनाओं को रोका जा सके।

# कभी कभार कांग्रेस का हिंदुत्व



कनक तिवारी
पूर्व महाधिवक्ता, छ.ग.

संविधान सभा में कांग्रेस कुल या उसके समर्थन के कई सदस्यों ने मजहब आधारित अधिकारों में रियायत का विरोध किया। किसी सदस्य को तो अल्पसंख्यक शब्द तक से परहेज़ था। सीपी और बरार के पीएस देशमुख ने 27 अगस्त 1947 को संविधान सभा में कहा कि भारतीय इतिहास में अल्पसंख्यक से ज्यादा राक्षसी कोई शब्द नहीं दिखा, जो देश की तरक्की में अड़ंगे अटकाएगा।

हिंदू धर्म में पाखंड देखकर विवेकानंद गरजे थे कि 33 करोड़ देवी देवताओं के बदले दलितों और अकिंचनों को उनकी जगह स्थापित कर दिया जाए। संविधान सभा में नेहरूवादी तथा हिंदू राष्ट्रवादी वैचारिकों के बीच लगातार विवाद होता रहा है। धार्मिक अल्पसंख्यकों को न तो विधायिका में आनुपातिक प्रतिनिधित्व मिला और न ही सरकारी नौकरियों और नियोजन में। अल्पसंख्यकों को दिए गए गारंटीशुदा अधिकार और समान नागरिक संहिता के संकेत मुसलमानों के खातों में रह गए। कांग्रेस आज़ादी की लड़ाई में राजनीतिक पार्टी से ज्यादा आंदोलन रही है।

हिंदुत्व शब्द का उल्लेख सावरकर और उनके भी पहले कांग्रेस नेता लाला लाजपत राय ने किया था। हिंदुत्व के नाम पर वोट मांगना कुछ मुकदमों में सुप्रीम कोर्ट ने जायज भी ठहराया लेकिन कुछ फैसलों में हिंदुत्व और हिंदुइज़्म को अलग करार दिया। रामकृष्ण मिशन ने भी एक मुकदमे में मांग की थी कि वह हिंदू धर्म का अनुयायी नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने दलील नहीं मानी। कई आदिवासी समूह हिंदू घोषित किए जाने पर कहते हैं कि वे हिंदू धर्म के अनुयायी नहीं है। संविधान में हिंदू, इस्लाम, ईसाई, बौद्ध, पारसी, सिक्ख, जैन आदि धर्मों की परिभाषा नहीं दी गई है।

विनायक दामोदर सावरकर के उल्लेख के कारण हिंदुत्व पर बहुत बहस मुबाहिसा, विचार विमर्श और चिल्लपों का भी बाजार गर्म होता रहा है। उसके उलट गांधी की हिंदू धर्म की प्रयोगधर्मी, सेक्युलर और समावेशी समझ के साथ कांग्रेस एवं अन्य लोग आज़ादी की लड़ाई के दौर में मध्यमार्गी विचारधारा की तरह विकसित होते रहे। लोकमान्य तिलक की अगुवाई में भी संतुलन रहा। जवाहरलाल नेहरू के कारण कांग्रेस को वामपंथ की ओर झुकाने का सिलसिला शुरू हुआ। गांधी, नेहरू, पटेल और मौलाना आज़ाद के कारण आंबेडकर को संविधान का खाका बनाने की केंद्रीय भूमिका सौंपी गई। संविधान में धार्मिक स्वतंत्रता की गारंटी होने के बावजूद हिंदुत्व समर्थकों का आरोप रहा है कि हिंदू कोड बिल के जरिए हिंदुओं के निजी अधिकारों में दखल दिया गया है, जबकि मुसलमानों के निजी मजहबी कानून जस के तस बने हुए हैं।

संविधान सभा में कांग्रेस कुल या उसके समर्थन के कई सदस्यों ने मजहब आधारित अधिकारों में रियायत का विरोध किया। किसी सदस्य को तो अल्पसंख्यक शब्द तक से परहेज़ था। सीपी और बरार के पीएस देशमुख ने 27 अगस्त 1947 को संविधान सभा में कहा कि भारतीय इतिहास में अल्पसंख्यक से ज्यादा राक्षसी कोई शब्द नहीं दिखा, जो देश की तरक्की में अड़ंगे अटकाएगा। आरके सिधवा ने अल्पसंख्यक शब्द को इतिहास की पोथी से ही मिटा देने की मांग की। आशंका भी जाहिर की कि अल्पसंख्यकों को तालीमी संस्थाएं स्थापित करने के अधिकार देने से राष्ट्रीय एकता खंडित होगी और सांप्रदायिक तथा राष्ट्र विरोधी दकियानूसियां पनपेंगी। 26 मई 1949 को अल्पसंख्यकों की रिपोर्ट पर बहस करते कांग्रेस सदस्यों से नाराज एंग्लो-इण्डियन फ्रैंक एन्थोनी ने कटाक्ष किया, 'बिना दुर्भावना के कह रहा हूं-बहुत से सदस्य फकत नियम भर से कांग्रेसी हैं, लेकिन दरअसल विचारों में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ और हिंदू महासभा के सदस्य हैं। उनके भाषण अखबारों में पढ़ते हैं कि भारत की आज़ादी और संस्कृति का हिंदू राज और हिंदू संस्कृति के अलावा और मायने क्या हो सकता है?

3 दिसंबर तथा 6 दिसंबर, 1948 को सबसे उत्तेजक जिरह करते कांग्रेसी लोकनाथ मिश्र ने कहा 'अनुच्छेद 13 (अब 19) स्वतंत्रता का घोषणापत्र है, लेकिन अनुच्छेद 19 (अब 25) हिंदुओं को गुलाम बनाने का घोषणापत्र। यह बेहद अपमानजनक अनुच्छेद मसौदे का सबसे काला दाग है। धर्म प्रचार के कारण ही देश पाकिस्तान और भारत में बंट गया। हर व्यक्ति को धर्म प्रचार का मूल अधिकार देना ठीक नहीं है। क्या यह सचमुच हमारा विश्वास है कि जीवन से धर्म को बिल्कुल अलग रखा जा सकता है? हज़रत मोहम्मद या ईसा और उनके विचारों और कथनों से हमारा झगड़ा नहीं है, लेकिन धर्म का नारा लगाना खतरनाक है। धर्म प्रचार शब्द के नतीजतन हिंदू संस्कृति तथा हिंदुओं की जीवन तथा आचार पद्धति के पूरे विनाश का ही मार्ग प्रशस्त होना है। इस्लाम ने हिंदू विचारधारा के खिलाफ दुश्मनी का ऐलान कर रखा है। ईसाइयों ने हिंदुओं के सामाजिक जीवन में दबे पांव प्रवेश किया है। यह इस कारण कि हिंदुओं ने अपनी हिफाजत के लिए दीवारें नहीं खड़ी कीं। हिंदुओं के उदार ख्यालों का दुरुपयोग करते राजनीति ने हिंदू संस्कृति को ही कुचल दिया। धर्म की आड़ में गरीबी और अज्ञान धार्मिक उन्माद के छाते के नीचे पनाह ले रही हैं। दुनिया के किसी संविधान में धर्म प्रचार को मूल अधिकार नहीं कहा है। धार्मिक प्रचार से लोगों में दुश्मनी बढ़ेगी।"

28 अगस्त 1947 को अल्पसंख्यकों के अधिकारों पर रिपोर्ट पेश करते सरदार पटेल ने कह दिया था कि मुस्लिम लीग के प्रतिनिधियों का संशोधन मुझे मालूम होता तो उनके किसी प्रकार के संरक्षण के लिए राजी नहीं होता। वे उन्हीं तरीकों को अपना रहे हैं जिन्हें उन्होंने पृथक निर्वाचक मंडल जारी करते वक्त अपनाया था। मुसलमानों के दो दल रहे हैं-एक राष्ट्रीय अर्थात कांग्रेसी मुसलमानों का दल और दूसरा मुस्लिम लीग का। उनमें इलाहाबाद में समझौता हो गया। हमने उस समझौते को नहीं माना। देश विभाजित हो गया। वही ढंग फिर अपनाया गया जो देश के विभाजन के लिए अपनाया गया था। तो मैं कहूंगा जो लोग इस तरह की बातें चाहते हैं उनके लिए पाकिस्तान में जगह है, यहां नहीं। कांग्रेसी गोविन्ददास ने राष्ट्रभाषा के सवाल पर जिरह करते कटाक्ष किया "उर्दू साहित्य में हिमालय का नहीं, उसकी जगह कोहकाफ़ का वर्णन मिलेगा। देश की कोयल नहीं, सिर्फ बुलबुल का वर्णन मिलेगा। भीम और अर्जुन की जगह रुस्तम का वर्णन मिलेगा। मैं कहना चाहता हूं कि हम पर सांप्रदायिकता की तोहमत लगाना बिल्कुल गलत है। मैं यह अवश्य कहूंगा कि हिंदी के समर्थक सांप्रदायिक नहीं। जो उर्दू का समर्थन करते हैं, वे सांप्रदायिक हैं।" तैश में आकर आरवी धुलेकर ने कह दिया कि कुछ मुसलमानों के अपवाद को छोड़कर ज्यादातर ने आज़ादी के आंदोलन में हिस्सा नहीं लिया था। उनमें से कई द्विराष्ट्रवाद के समर्थक भी थे। 'पिछले अड़तीस वर्षों में, जब से मैं कांग्रेस में था, इसे मानने अथवा इस मैत्री की नीति, अथवा इस हिंदुस्तानी के मामले का जो इतिहास रहा उसे कुछ याद करने की ज़रूरत है। मैं कहता हूं कि कुछ हजार मुसलमानों के अतिरिक्त, जो इस देश के सपूत हैं, और जो अब भी हमारे साथ हैं, अन्य सभी मुसलमान हमारे साथ नहीं रहे, वे इस देश को अपना देश नहीं समझते थे। इसी कारण वे पृथक होना चाहते थे। वे पृथक निर्वाचन क्षेत्र चाहते थे।

हिंदू धर्म में पाखंड देखकर विवेकानंद गरजे थे कि 33 करोड़ देवी देवताओं के बदले दलितों और अकिंचनों को उनकी जगह स्थापित कर दिया जाए। संविधान सभा में नेहरूवादी तथा हिंदू राष्ट्रवादी वैचारिकों के बीच लगातार विवाद होता रहा है। धार्मिक अल्पसंख्यकों को न तो विधायिका में आनुपातिक प्रतिनिधित्व मिला और न ही सरकारी नौकरियों और नियोजन में। अल्पसंख्यकों को दिए गए गारंटीशुदा अधिकार और समान नागरिक संहिता के संकेत मुसलमानों के खातों में रह गए। कांग्रेस आज़ादी की लड़ाई में राजनीतिक पार्टी से ज्यादा आंदोलन रही है। मदन मोहन मालवीय जैसे कद्दावर नेता कांग्रेस और हिंदू महासभा दोनों के अध्यक्ष लगभग एक समय ही रह पाए थे। नेहरूवादी दृष्टि का पूरा स्वीकार कांग्रेसियों ने अपने आचरण में नहीं किया। यही वजह है कांग्रेस आज अपने राजनीतिक आदर्शों को लेकर अतीत की अंतर्ध्वनियों को सुनती भर रहती है।

## प्रसंगवश

# हिंदू की राजनीतिक खींचातानी

प्राचीन आर्ष ग्रंथों में 'हिंदू' शब्द कहीं नहीं है। आर्य अनार्य शब्द आए हैं। गीता अध्याय2/2 में "अनार्यजुष्टमस्वर्ग्यम्" कहकर 'अश्रेष्ठ' के लिए अनार्य शब्द प्रयुक्त हुआ है। वैसे अपना प्राचीन दर्शन 'सर्वभूतहित रत' यानी सब प्राणियों के कल्याण की ही बात करता है। हिंदू शब्द 'सिंधु' से बना। कहीं इसे इंदु (चंद्रमा) और 'इण्डो आर्य' से उद्भूत भी बताया गया। जो भी हो, अब हिंदू भारत में एक बहुसंख्यक संप्रदाय है और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ 1925 में अपनी स्थापना के समय से ही इस वर्ग के हितों की बात करता रहा है।



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

सद्यः लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर बोलते हुए कहा कि 'खुद को हिंदू कहने वाले हिंसा की बात करते हैं'। इसको लेकर तूफान खड़ा हुआ है कि राहुल पूरे हिंदू समाज को हिंसक बता रहे हैं। दरअसल राहुल की बात का भावार्थ न देखकर बिना तिल के ताड़ बनाया जा रहा है। राहुल का निशाना आरएसएस और भाजपा हैं, न कि संपूर्ण हिंदू समुदाय, चूंकि ये हिंदुत्व की लाठी भांजते हैं और अपने को इस समुदाय के हितों का ठेकेदार मानते हैं। हिंदू मुस्लिम मतों के ध्रुवीकरण से लाभ इन्हीं का होता रहा है। सोचने की बात है कि जो राहुल अपने को दत्तात्रेय गोत्री जनेऊधारी ब्राह्मण कहते हैं, वे पूरे हिंदू समुदाय को हिंसाप्रिय कैसे कह सकते हैं? वे विगत में शिव मंदिरों में जाते रहे हैं और लोकसभा में भी शिव जी का चित्र लेकर आए तथा यह कहकर दिखा रहे थे कि देखो! ये अभय दान की मुद्रा में हैं। उन्होंने अन्य संप्रदायों के भी महापुरुषों को सकारात्मक रूप से उद्धृत किया। ऐसे में राहुल के वाक्य में व्याकरण दोष निकालकर उन्हें हिंदू विरोधी ठहराना तथ्यों के विपरीत होगा। अब उन्हें 'पप्पू' 'या शहजादे' कहकर खिल्ली उड़ाने से काम नहीं चलेगा। बेहतर होगा कि सत्तापक्ष वास्तविकताओं को स्वीकार कर ले और मुल्कराज आनंद की कहानी "ए पेयर आफ मुस्टैचेस"(मूछों का जोड़ा) के खान आज़म खान की तरह व्यवहार न करे, जिसका अपनी मिथ्या अकड़ में परचून वाले सेठ रामानंद के मुकाबले पतन हो गया था।

# ऊर्जा दक्षता के लिए छोटे-छोटे प्रयास जरूरी



अमित बैजनाथ गर्ग
वरिष्ठ पत्रकार

असल में देश में ऊर्जा क्षेत्र में त्वरित सुधारों की दरकार है। सबसे पहले तो आयात पर निर्भरता कम करने के लिए घरेलू कोयले की गुणवत्ता में सुधार पर ध्यान देना होगा।

हाल ही में इटली के अपुलिया में आयोजित जी-7 शिखर सम्मेलन में एक बार फिर ऊर्जा क्षेत्र को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। यह दुनिया में ऊर्जा क्षेत्र के बढ़ते महत्व को दर्शाता है। सम्मेलन में कहा गया है कि दुनिया के सात सर्वाधिक संपन्न देशों का समूह जी-7 जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम करेगा और ऊर्जा के बदलते स्रोतों को अपनाने की दिशा में तेजी से कदम बढ़ाएगा। सम्मेलन की समाप्ति पर समूह की तरफ से जारी मसौदा बयान में यह बात कही गई। मसौदे में कहा गया है कि हम जीवाश्म ईंधन पर धीरे-धीरे व्यवस्थित ढंग से निर्भरता कम करेंगे। 2050 तक शून्य कार्बन उत्सर्जन का लक्ष्य हासिल करने के लिए इस दशक में हम मिलकर गंभीरता से प्रयास करेंगे। इस दस्तावेज में कहा गया है कि 2035 तक कोयला आधारित बिजली उत्पादन में कटौती की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी और इस दिशा में ठोस कदम उठाए जाएंगे।

गौरतलब है कि बीते अप्रैल महीने में जी-7 देशों के वित्त मंत्री इस प्रस्ताव पर सहमत हुए थे। वहीं सम्मेलन में विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि ऊर्जा के क्षेत्र में भारत का दृष्टिकोण चार सिद्धांतों उपलब्धता, पहुंच, सामर्थ्य और स्वीकार्यता पर आधारित है। हम 2070 तक नेट जीरो का लक्ष्य हासिल करने की अपनी प्रतिबद्धता पूरी करने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं। मोदी ने वैश्विक नेताओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमें मिलकर आने वाले समय को हरित युग बनाने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत कॉप के अंतर्गत ली गई सभी प्रतिबद्धताओं को समय से पहले पूरा करने वाला प्रथम देश है। उन्होंने ऊर्जा क्षेत्र के महत्व को रेखांकित करते हुए यह भी कहा कि हमें मिलकर आने वाले समय को ग्रीन एरा बनाने का हर संभव प्रयास करना चाहिए।

आखिर क्यों बार-बार एनर्जी सेक्टर पर इतनी गंभीरता से बातचीत की जा रही है? क्यों वैश्विक मंचों पर इस मुद्दे को हर बार उठाया जा रहा है? असल में दुनिया ऊर्जा के क्षेत्र में संकटों का सामना कर रही है। सभी इस बात को समझ चुके हैं कि इस क्षेत्र पर अभी गंभीरता से ध्यान नहीं दिया गया, तो आने वाला समय बहुत चुनौतीपूर्ण होगा। उभरते ऊर्जा संकट, घटते जीवाश्म ईंधन संसाधनों और उच्च तेल की कीमतों के साथ जलवायु परिवर्तन की चिंताओं ने बढ़ती ऊर्जा मांगों को पूरा करने के लिए नवीकरणीय, वैकल्पिक, पर्यावरण अनुकूल और कार्बन तटस्थ ईंधन के विकास की ओर वैश्विक ध्यान आकर्षित किया है। अधिकांश ऊर्जा संकट स्थानीय कमी, युद्ध और बाजार में हेरफेर के कारण हुए हैं। कुछ लोगों ने तर्क दिया है कि कर वृद्धि, ऊर्जा कंपनियों का राष्ट्रीयकरण और इस क्षेत्र के विनियमन जैसी सरकारी कार्रवाई ने इस संकट को बढ़ाया है।

जहां तक भारत की बात है, तो इसके ऊर्जा संकट से निपटने की राह में कई चुनौतियां हैं। पहली बात तो यह है कि सभी के पास सीमित ऊर्जा संसाधन हैं। भारत के पास कोयला, तेल और गैस जैसे सीमित ऊर्जा संसाधन ही मौजूद हैं और यह अपनी बढ़ती ऊर्जा मांगों की पूर्ति के लिए आयात पर निर्भर है।

देश के ऊर्जा क्षेत्र को अपने बुनियादी ढांचे में सुधार और अपनी ऊर्जा क्षमता का विस्तार करने के लिए वृहद निवेश की आवश्यकता है, लेकिन सरकार और निजी क्षेत्र ऊर्जा क्षेत्र में पर्याप्त निवेश नहीं कर पा रहे हैं। देश की निम्न प्रति व्यक्ति आय और उच्च गरीबी दर भी लोगों के लिए स्वच्छ ऊर्जा स्रोतों का वहन कर सकना कठिन बनाती है। वहीं इस क्षेत्र में राजनीतिक और नियामक बाधाएं भी हैं। देश का ऊर्जा क्षेत्र अत्यधिक विनियमित या नियंत्रित है और इसमें सुधार की राह में उल्लेखनीय बाधाएं मौजूद हैं। इसमें एजेंसियों में समन्वय की कमी एक प्रमुख घटक है।

असल में देश में ऊर्जा क्षेत्र में त्वरित सुधारों की दरकार है। सबसे पहले तो आयात पर निर्भरता कम करने के लिए घरेलू कोयले की गुणवत्ता में सुधार पर ध्यान देना होगा। इसे कोयले के कैलोरी मान को बढ़ाने और राख की मात्रा को कम करने के लिए प्रौद्योगिकी में निवेश कर प्राप्त किया जा सकता है। वहीं नवीकरणीय ऊर्जा को प्रोत्साहित करना होगा।

## सोशल फोरम

# सत्य कहां होता है

सत्य कहां होता है, सत्य क्या भीड़ में, नेता में या मीडिया में होता है या इनके बाहर होता है? वास्तविकता यह है सत्य इन तीनों के बाहर होता है, सत्य वह नहीं है जो झुंड बोल रहा है, सत्य वह भी नहीं है तो नेता बोल रहा है या मीडिया बोल रहा है, सत्य वह है जो इन तीनों के बाहर हमारी आंखों से, हमारे विवेक से ओझल है। जीवन में देखो सत्य नजर आएगा।



प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

उपरोक्त तर्कों के आधार पर परंपरा में जाकर देखें, मसलन, राजा राममोहन राय के सती प्रथा के विरोध को देखें, जिस समय उन्होंने सती प्रथा का विरोध किया, बंगाल में अधिकांश लोग सती प्रथा समर्थक थे, अधिकांश मीडिया भी सती प्रथा समर्थकों के साथ था, अधिकांश शिक्षितलोग भी उनके ही साथ थे। लेकिन सत्य राजा राममोहन राय के पास था, उनकी नजरों से देखने पर अंग्रेजों को भी वह सत्य नजर आया वरना वे भी सती प्रथा को बंद करना नहीं चाहते थे।

कहने का आशय यह है सत्य वह नहीं होता जो भीड़ कह रही है। कल्पना करो आर्यभट्ट ने सबसे पहले जब यह कहा कि पृथ्वी घूमती है और सूर्य की परिक्रमा लगाती है तो उस समय लोग क्या मानते थे, उस समय सभी लोग यही मानते थे सूर्य परिक्रमा करता है, सभी ज्योतिषी यही मानते थे। लेकिन आर्यभट ने सत्य बोलना बंद नहीं किया, आज आर्यभट्ट सही हैं, सारी दुनिया इस बात को मानने को मजबूर है। जान लें आज भी जो ज्योतिष पढ़ाई जाती है उसमें आर्यभट्ट हाशिए पर हैं, वे न्यूनतम पढ़ाए जाते हैं लेकिन सत्य उनके ही पास था।

कहने का आशय यह कि हमें भीड़, नेता के कथन और मीडिया की राय से बाहर निकलकर सत्य जानने की कोशिश करनी चाहिए। सत्य आमतौर पर हमारी आंखों से ओझल होता है उसे परिश्रमपूर्वक हासिल करना होता है, उसके लिए कष्ट भी उठाना पड़ता है। बिना कष्ट उठाए सत्य नहीं दिखता। सत्य तो हमेशा कॉमनसेंस के बाहर होता है। कोरोना, डिजिटल इंडिया, वैक्सीनेशन आदि का सत्य वह नहीं है जो बताया जा रहा है सत्य वह है जो आने वाला है, अदृश्य है । भीड़ चेतना सत्य नहीं है।

-फेसबुक वॉल से

# ऑनलाइन फूड डिलीवरी- तौबा मेरी तौबा



डॉ. धीरज सिंह
मुंबई

आजकल ऑनलाइन फूड डिलीवरी का क्रेज बढ़ता जा रहा है लेकिन शायद ही किसी को इस बात का पता है कि ये फूड सामान्य से 60 प्रतिशत तक अधिक मंहगे होते है।

अक्सर लोग एक ही तरह का खाना खाते-खाते ऊब जाते हैं। ऐसे में कुछ स्वादिष्ट और अलग भोजन करना चाहते हैं। ऑनलाइन फूड डिलीवरी सर्विसेज आप के दरवाजे पर कई तरह के व्यंजन उपलब्ध करवाते हैं। स्थानीय से लेकर अंतर्राष्ट्रीय तक, आप जब चाहे, जहां चाहे, भोजन आप तक हाज़िर है, चाहे वह किसी भी देश का भोजन हो या फिर स्थानीय इलाके का जब चाहें स्वाद चख सकते हैं।

लॉकडाउन के दौरान ऑनलाइन फूड डिलीवरी का तेजी से विकास देखा गया, अच्छा ऑनलाइन डिलीवरी एप्प उन लोगों के लिए सबसे अच्छा विकल्प बन गया था जो उस दौरान अपने घरों से बाहर नही जा पा रहे थे। इसके अलावा कई लोगों ने उज्ज्वल भविष्य देखकर इस व्यवसाय में निवेश करना शुरू कर दिया। इस से ऑनलाइन फूड ऑर्डरिंग बाजार में जबरदस्त उछाल आया और देखते ही देखते इस क्षेत्र में कई स्टार्ट अप के लिए अवसर खुल गए। साथ ही गला काट स्पर्धा भी शुरू हो गई, इसका असर यह हुआ कि सर्विस के भाव में गिरवाट आ गई। जल्दी डिलीवरी देने के फेर में गलतियां शुरू हो गई। गलत आर्डर, गलत बिल के साथ और गैरजिम्मेदार होने लगे।

अभी हाल ही में मुंबई के मलाड इलाके में बेहद ही चौंकाने वाला मामला सामने आया है। एक डॉक्टर और उसकी पत्नी ने दावा किया है कि आइसक्रीम कोन के अंदर इंसान की एक कटी हुई उंगली मिली। महिला ने सोशल मिडिया पर इसकी तस्वीर शेयर की और पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस तहकीकात में पता चला कि बात बिल्कुल सही है। इंसानी ऊंगली का टुकड़ा वह भी आइसक्रीम में?

मुंबई से ही संबंधित एक मजेदार वाक्या है, आजकल मुंबई में मूसलाधार बारिश शुरू हो चुकी है, एक डिलीवरी ब्वाय की मोटर साइकिल खराब हो गई तो वह घोड़े पर बैठकर घर-घर डिलीवरी पहुंचाने लगा था। बात तो तब खुली जब उसका विडियो सोशल मिडिया पर वायरल हो गया। यह व्यवसाय अब मनोरंजन भी प्रदान कर रहा है।

इसी साल मार्च माह की घटना है। बैंगलुरु की एक साफ्ट वेयर इंजीनियर लड़की ने ऑनलाइन फूड एप्प से खाने का आर्डर दिया। खाना लेकर एक युवा उचित समय पर आ भी गया। लड़की ने इंसानियत के नाते उससे पानी के लिए पूछा तो लड़का बाथरूम उपयोग का बहाना बना, घर में घुस गया और लड़की के साथ अश्लील हरकत करने लगा। लड़की ने जब शोर मचाया तो डिलीवरी ब्वाय वहां से भाग गया। अकेली रहने वाली लड़कियों के लिए ऐसे अंजान फूड ऑर्डरिंग ब्वायज भी खतरनाक हो सकते हैं। उन्हे सावधान रहना चाहिए।

कुछ माह पहले निरूपमा सिंह नाम की एक महिला ने ट्विट किया था कि उसने ऑनलाइन डिलीवरी एप्प से शाकाहारी भोजन का ऑर्डर दिया था और उसे मांसाहारी भोजन भेज दिया गया। उस के घर में कुल पांच लोग है और उनमे से चार पूर्ण शाकाहारी है। हमने शुद्ध शाकाहारी खाने का ऑर्डर दिया था और हमें मांसाहारी भोजन मिला। शुक्र है कि समय पर हम चेत गए वर्ना हमारा धर्म भ्रष्ट हो जाता।

इस वजह से जबलपुर में एक डिलीवरी ब्वाय का धर्म देखकर एक व्यक्ति ने ऑर्डर कबूल करने से ही मना कर दिया था,उसे शंका थी कि उसके खाने में भी कुछ गडबड़ी हो सकती है? उस वक्त काफी हो हल्ला भी बहुत हुआ था लेकिन कंपनी की तरफ से सफाई और "भोजन का कोई धर्म नही होता", जैसा बयान देने के बाद जाकर मामला ठंडा हुआ था।

एक और अजीबो-गरीब घटना दो साल पहले भी घटी है। हरियाना के पानीपत में एक व्यक्ति ने मछली के व्यंजन का ऑर्डर दिया। ऑर्डर ठीक समय पर बताए गए पते पर डिलीवर भी हो गया लेकिन जैसे ही उसे खोला गया, उसमे एक मरा हुआ जहरीला सांप मिला। यह तो गनीमत रही कि सांप जिंदा नही था। जब यह बात सोशल मिडिया पर वायरल हुई तो एक युजर ने लिखा था, लगता है, आजकल फूड डिलीवरी वाले सीधे सुन्दर वन से ऑर्डर पैक करते है।

गोवा का माइकल भूख से तड़प रहा था, उसने ऑनलाइन फूड ऑर्डर किया था लेकिन फूड आने में देर हो रही थी। इंतजार का एक एक पल घंटों की तरह लग रहा था, तभी उसके दरवाजे की घंटी बजी और वह उस दौड़ा, दरवाजा खोला तो उसे कोई दिखाई नहीं दिया, नीचे देखा तो दरवाजे के पास भी फूड पैकेट पड़ा था लेकिन जब उसने पैकेट खोला तो उसमे खाना ही नहीं था, एक पर्ची थी जिसमे लिखा था, "अगली बार ऑर्डर देंगे तो टिप जरूर देना!" माइकल ने खाने के पैसे चुकाये थे लेकिन टिप नही जोड़ा था तो उसे खाने का खाली डिब्बा मिला। डिलीवरी ब्वाय ने रास्ते में ही खाना चट कर लिया था। ऑनलाइन फूड ऑर्डरिंग में ऐसी बहुत सी कहानियां देखने सुनने को मिल जाएंगी। बीच में तो ऐसे बहुत से विडियो भी वायरल हो रहे थे जिसमें डिलिवरी ब्वाय ऑर्डर का खाना चट करते हुए नजर आ रहे हैं।

आजकल ऑनलाइन फूड डिलीवरी का क्रेज बढ़ता जा रहा है लेकिन शायद ही किसी को इस बात का पता है कि ये फूड सामान्य से 60 प्रतिशत तक अधिक मंहगे होते है। महंगाई के साथ इसी सब अजीबो-गरीब डरावनी घटनाओं की वजह से आज लोगों ने ऑनलाइन फूड ऑर्डर देने से परहेज करना शुरू कर दिया है।

# ग्रामीण बैंकों के विलय की उठी मांग

देश की दो बड़ी अखिल भारतीय बैंक अधिकारी परिसंघ और आल इंडिया बैंक एंपलाइज एसोसिशन ने वित्त मंत्री से सभी 43 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंको को उनके प्रायोजक बैंक में विलय करने का अनुरोध किया है। बैंको की संपूर्ण प्रगति और एकरूपता के लिए ऐसा किया जरूरी बताया गया है। यह मांग यूनियंस द्वारा पहले भी उठाई जाती रही है और ग्रामीण बैंक के अधिकारियों ने इसको लेकर आंदोलन भी किए थे।



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

उल्लेखनीय है कि ग्रामीण बैंक की शाखाएं सुदूर ग्रामीण अंचल में फैली हुई हैं, जिनकी संख्या पूरे देश में 22000 के करीब है। देश भर के 702 जिलो में कुल 30 करोड़ जमा खाते और करीब 3 करोड़ लोन खाते हैं।

ऐसा माना जा रहा है कि अगर क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों का अपने स्पांसर बैंक में विलय होता है तो ग्रामीण बैंकों में विद्यमान स्टाफ की कमी की प्रबल समस्या का समाधान होगा। आपसी प्रतिस्पर्धा पर विराम लगेगा और ग्रामीण बैंक के अधिकारी और कर्मचारी बैंकिग की नई और मुख्य धारा में जुड़ेंगे जो ग्रामीण क्षेत्र के सर्वागीन विकास के लिए बेहद जरूरी भी है। साथ ही साथ लो कास्ट डिपाजिट मोबलाइज करना और ऋण के अच्छे प्रस्ताव मिलना भी आसान होगा।

यह उल्लेख करना जरूरी है कि पंजाब एंड सिंध बैंक को छोड़ कर सभी ग्रामीण बैंक किसी ने किसी राष्ट्रीयकृत बैंक से मूल रूप से जुड़े हुए हैं और देश भर में ग्रामीण बैंको की 92 प्रतिशत शाखाएं ग्रामीण और अर्ध शहरी क्षेत्र में काम कर रही हैं और स्टाफ की बेहद कमी के दौर से गुजर रही हैं। प्रायोजक बैंक में क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों का विलय बैंकिग उत्पादों को त्वरित रूप से ग्राहकों तक पहुंचाने और ग्रामीण जनता की सभी बैंकिंग आवश्यकताओं को पूरा कर सकेगा। देखना होगा कि क्या वित्तमंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमन यूनियन के प्रस्ताव को स्वीकार कर ग्रामीण बैंकों के उनके (प्रायोजक) स्पासर बैंक में विलय को तैयार होंगी।

# भद्रतुंगा में सरयू नदी पर बनी झील से खतरा

## झील बनने से सिंचाई विभाग द्वारा बनाए एक करोड़ रुपये के घाट हुए ध्वस्त, संत समाधि को भी बना है खतरा

- सड़क निर्माण को मलबा सरयू नदी में डालने से बनी पांच सौ मीटर लंबी झील
- तीन दिन बाद भी प्रशासन ने झील के पानी की निकासी के नहीं किए प्रयास

संवाददाता, बागेश्वर


भद्रतुंगा के पास सरयू नदी में बनी झील। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** वैपकास कंपनी की लापरवाही से भद्रतुंगा में सरयू नदी में तीन दिन से बनी झील के पानी की निकासी प्रशासन अब तक नहीं करा सका है। झील बनने से सरयू नदी में एक करोड़ की लागत से बने घाट नष्ट हो गए हैं। झील का पानी पौराणिक शिव व सरयू मंदिर तक पहुंचने से संत समाधि को भी खतरा हो गया है। झील से बेशकीमती देवदार व सुरई के कई पेड़ों को भी खतरा बना हुआ है।

वैपकास कंपनी द्वारा मिखिला खलपटटा के लिए मोटर रोड के निर्माण के दौरान लगातार मानकों का उल्लंघन किया जाता रहा तथा एनजीटी के नियमों को ताक में रखकर सड़क निर्माण के दौरान निकले बोल्डर व मलबे को सरयू नदी में डाला गया। जिससे भद्रतुंगा मंदिर के समीप विशालकाय झील बन गई है। भद्रतुंगा मंदिर के संत देवेंद्र दास ने बताया कि तीन दिन तक प्रशासन व कंपनी द्वारा झील को खोलने के कोई प्रयास नहीं किए गए हैं। मंगलवार को झील लगभग 500 मीटर लंबाई में बन गई है जिसकी उंचाई लगभग 25 मीटर तक हो सकती है। बताया कि झील बनने से सिंचाई विभाग द्वारा लगभग एक करोड़ की लागत से बनाए सरयू घाट ध्वस्त हो चुके हैं। साथ ही प्राचीन शिव व सरयू मंदिर को खतरा बना हुआ है। झील का पानी संत समाधि तक पहुंच चुका है। बताया कि झील के कारण यहां पर कई सालों पूर्व देवदार के पेड़ों को भी नुकसान हुआ है तथा यहां के प्राकृतिक सौंदर्य को खतरा बना हुआ है। इधर तीन दिन से प्रशासन द्वारा झील न खोलने से प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल उठ रहे हैं।

> भद्रतुंगा में लगभग एक करोड़ की लागत से घाट बनाए गए थे जो कि झील बनने से ध्वस्त हो गए हैं। इसकी भरपाई वैपकास से करवाई जाएगी। मैं स्वयं बुधवार को झील क्षेत्र में जाकर स्थिति का जायजा लूंगा।
> – **जगत सिंह बिष्ट**, अधिशासी अभियंता सिंचाई विभाग

> भद्रतुंगा में बनी झील से पौराणिक महत्व के शिव व सरयू मंदिर व संत समाधि समेत क्षेत्र को खतरा बना हुआ है। एक दशक पूर्व लगाए सुरई व देवदार के पेड़ों की जड़ें खोखली हो गई हैं। साथ ही मिखिला खलपटटा का पैदल मार्ग ध्वस्त हो गया है।
> – **देवेंद्र दास**, महंत भद्रतुंगा आश्रम

### झील टूटी तो कपकोट समेत बागेश्वर को खतरा

**बागेश्वर।** यदि प्रशासन ने समय रहते भद्रतुंगा झील की निकासी तकनीकी तरीके से नहीं कराई और झील टूटी तो इससे कपकोट समेत बागेश्वर के कुछ हिस्सों को खतरा हो सकता है। ग्रामीणों के अनुसार झील में पानी का काफी दबाब बना हुआ है जो कि कपकोट तहसील मुख्यालय समेत बागेश्वर के कई इलाकों में तबाही मचा सकता है।

## पंचायतों का कार्यकाल बढ़ाने के लिए सीएम से मिलेंगे प्रतिनिधि

**टनकपुर:** एक राज्य-एक चुनाव की मांग को लेकर पंचायत प्रतिनिधियों का एक शिष्टमंडल शीघ्र देहरादून में मुख्यमंत्री से मुलाकात करेगा।

ग्राम प्रधान संगठन की प्रदेश उपाध्यक्ष सरिता अधिकारी ने बताया कि पंचायत प्रतिनिधि लंबे समय दो साल कार्यकाल बढ़ाने की मांग कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि वर्ष 2019 में कोराना काल के दौरान पंचायतों का विकास रुक गया था। इस दौरान पंचायत प्रतिनिधि लोगों की सेवा करते रहे। उन्होंने कहा कि जहां उत्तराखंड के 12 राज्यों में एक साथ पंचायत चुनाव होंगे, वहीं हरिद्वार जिले के चुनाव उत्तर प्रदेश के साथ होंगे। इससे एक राज्य एक चुनाव की अवधारणा साकार नहीं हो पा रही है।

टनकपुर पूर्णागिरि तहसील ग्राम प्रधान संगठन के अध्यक्ष दीपक चन्द, ग्राम प्रधान राधिका चन्द, मोहिनी चन्द, नरी राम, पूजा जोशी, भावना देवी, कविता धोनी, पूनम चन्द, नारायण सिंह, सुनीता नेगी, आशा नेगी ने भी पंचायतों का कार्यकाल बढ़ाने की मांग की है।

# अल्मोड़ा में डीडीए की समाप्ति को धरना जारी



अल्मोड़ा गांधी पार्क में डीडीए के विरोध में धरना-प्रदर्शन करते संघर्ष समिति के लोग।

संवाददाता, अल्मोड़ा

- संघर्ष समिति ने सरकार के खिलाफ किया प्रदर्शन

**अमृत विचार:** पर्वतीय क्षेत्रों से जिला विकास प्राधिकरण समाप्त करने की मांग को लेकर सर्वदलीय संघर्ष समिति का साप्ताहिक धरना जारी है। विभिन्न संगठनों से जुड़े लोगों ने गांधी पार्क में सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। जल्द डीडीए समाप्ति का शासनादेश जारी करने की मांग उठाई।

मंगलवार को धरना स्थल वक्ताओं ने कहा कि लंबे समय से विभिन्न संगठन डीडीए समाप्ति को लेकर धरना प्रदर्शन कर रहे हैं, लेकिन अब तक इस मामले में सरकार की ओर से कोई भी सकारात्मक कदम नहीं उठाए गए हैं। कहा कि डीडीए समाप्ति का शासनादेश जारी होने तक विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा। धरना प्रदर्शन करने वालों में समिति के संयोजक प्रकाश चंद्र जोशी, हर्ष कनवाल, हेम चंद्र तिवारी, आनंद सिंह बगडवाल, रोबिन मनोज भंडारी, एमसी काण्डपाल, महेश आर्या, प्रत्येश पांडे, चंद्र कांत जोशी, हेम चंद्र जोशी, ललित मोहन पंत रहे।

## एक नजर

### पुलिस ने एक वारंटी को गिरफ्तार किया

**अल्मोड़ा।** न्यायालय से लंबे समय से वांछित चल रहे एक वारंटी को पुलिस ने दिल्ली से गिरफ्तार किया है। एनआई एक्ट में वारंटी बाबू लाल पुत्र अमिलाल, निवासी बी-18, आर्य विज्ञान नगर, साउथ दिल्ली लंबे समय से फरार चल रहा था। पुलिस ने वारंटी को दिल्ली से गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश करने के बाद जेल भेज दिया है।

### पुलिस ने चौपाल लगाकर नए कानूनों की दी जानकारी

**अल्मोड़ा।** एसएसपी देवेंद्र पींचा के निर्देशन पर जिलेभर के थानों में संसोधित नए कानूनों को लेकर चौपाल हुई। चौपाल में पुलिस ने एक जुलाई से पूरे देश में लागू भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम के संबंध में विस्तृत जानकारी देकर जागरुक किया गया। इस मौके पर वरिष्ठ नागरिक, व्यापारी और आम जनमानस मौजूद रहे।

# सीवर लाइन कार्य की एसआईटी जांच की मांग, आंदोलन जारी

- रानीधारा सड़क के लिए लोगों का धरना 11 वें दिन भी जारी

संवाददाता, अल्मोड़ा


रानीधारा लिंक मार्ग की एसआईटी जांच की मांग को लेकर धरना-प्रदर्शन करते लोग।

**अमृत विचार:** रानीधारा सीवर लाइन निर्माण की एसआईटी जांच की मांग को लेकर लोगों का धरना जारी है। मंगलवार को 11 वें दीन भी लोग धरने में डटे रहे।

इस दौरान शासन-प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी कर जमकर प्रदर्शन किया। जल्द एसआईटी जांच नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी। धरना स्थल पर रानीधारा संघर्ष समिति के संयोजक विनय किरौला ने सीवर लाइन की गुणवत्ता पर प्रश्नचिन्ह लगते हुए कहा कि अभी सीवर लाइन शुरू भी नहीं हुई है और सीवर लाइन के चैम्बर मलबे से पट गए हैं। कहा कि बीते कई दिनों से लोग धरना प्रदर्शन कर रहे है, लेकिन इसके बाद भी उनकी सुध नहीं ली जा रही है। वहीं, लोगों ने एक स्वर में शिव मंदिर से सेवा सदन तक पूर्ण क्षतिग्रस्त हो चुके मार्ग का निर्माण करने, सीवर लाइन निर्माण की एसआईटी जांच की मांग उठाई। जल्द मांग पूरी नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी।

यहां विनय किरौला, सुजीत टम्टा, मीनू पंत, राहुल पंत, पवन पंत, बीना पंत, कमला द्रमवाल, हिमांशु पंत, नीमा पंत, अर्चना पंत, गीता पांडे, गीता पंत, मनीषा पंत, दीपाली पांडे, दीपा बिष्ट, ज्योति पांडे, माया बिष्ट, शम्बू दत्त बिष्ट, नरेंद्र सिंह नेगी, सुमित नज्जोन, मीनाक्षी पांडे, पवन पंत, राहुल पंत, हंसी रावत, भगवती डोगरा, उमा अलमिया, पुष्पा तिवारी, सुनीता पांडे, अर्चना कोठारी, कमला बिष्ट आदि मौजूद रहे।

## उत्तराखंड व्हीलचेयर बास्केटबॉल टीम की कप्तान बनीं प्रीति

**रानीखेत :** दिव्यांग खिलाड़ी प्रीति गोस्वामी ग्राम पखुड़ा निवासी को रुद्रपुर में हुए 3 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में उत्तराखंड की व्हीलचेयर बास्केटबॉल महिला टीम का कैप्टन चुना गया। प्रीति के पिता रिटायर्ड कर्नल हैं। वह हाईकोर्ट नैनीताल में एडवोकेट हैं। प्रीति नेशनल स्विमर व मोटर स्पोटर्स में के साथ ही शॉटपुट और डिस्कस थ्रो में भी मैडल जीत चुकी हैं। व्हीलचेयर बास्केट बॉल कैंप का आयोजन हरीश चौधरी दिसबल सोसाइटी के सचिव, इंटरनेशनल खिलाड़ी शरद जोशी और सत्य प्रकाश, गोविन्द परिहार और उनके सहयोगी वरुण अहलावत, कैप्टन लेविस जॉर्ज, साक्षी चौहान ने स्टोन रिज इंटरनेशनल स्कूल रुद्रपुर में किया। यहां मेयर रामपाल सिंह, भारत भूषण चुग, अनिल चौहान, जेबी सिंह, डॉ. नागेंद्र प्रसाद शर्मा रहे।

# प्रधान पति के हत्यारोपी दोषमुक्त

संवाददाता, टनकपुर

- चम्पावत के नौलापानी गांव में 2021 में नामकरण पार्टी के दौरान हुई मारपीट में हुई थी जीवन लाल की मौत
- मृतक के चचेरे भाई थे तीनों आरोपित युवक

**अमृत विचार :** चम्पावत जिले के दूरस्थ ग्राम सभा की ग्राम प्रधान के पति की हत्या के मामले में आरोपित तीनों भाइयों को अदालत ने बरी कर दिया है। सत्र न्यायालय ने साक्ष्यों के अभाव में आरोपितों को दोषमुक्त किया है।

अभियोजन के अनुसार वादी गणेश राम निवासी नौलापानी, टनकपुर तहसील ने चल्थी चौकी में तहरीर देकर कहा था कि 14 सितंबर 2021 की रात चचेरे भाई प्रेम राम के नवजात बेटे के नामकरण पार्टी में किसी बात पर प्रेम राम के पुत्र कमल राम, महेश राम और तीसरे बेटे का उसके बेटे जीवन लाल से झगड़ा हो गया था। तीनों ने उसके बेटे को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। जख्मी जीवन को इलाज के लिए पहले टनकपुर और खटीमा और बाद में हल्द्वानी सुशीला तिवारी अस्पताल ले जाया गया। घायल जीवन ने अपने पिता को तीनों आरोपितों के नाम बताकर मारपीट करने की बात कही थी। घायल जीवन लाल की दो दिन बाद अस्पताल में मौत हो गई। मृतक जीवन ग्राम प्रधान का पति था। वादी ने बेटे ने एक अक्टूबर को तहरीर दी। जिसके आधार पर कमल राम व महेश राम के खिलाफ चम्पावत कोतवाली में मुकदमा दर्ज हुआ था। अभियुक्तों की ओर से अधिवक्ता राम सिंह बिष्ट ने पैरवी की। सत्र न्यायाधीश अनुज कुमार संगल ने साक्ष्यों और गवाहों का ध्यान में रखते हुए दोनों अभियुक्तों को दोष मुक्त करते हुए रिहा करने का निर्णय सुनाया।

## वर्ग पहेली-119

**बाएं से दाएं**

1. 1. किसी कार्य को मन लगाकर करने की क्रिया 2. मन की एकाग्रता 3. (दो या अधिक) हृदयों की एकता।
4. 1. कपड़ा रंगने का काम 2. कपड़ा रंगना।
7. 1. साफ़ करना 2. बरतन या कपड़ों को साफ़ करने के लिए पानी में डुबोकर तेज़ी से हिलाना-डुलाना 3. ख़ाली करना 4. किसी बात की जानकारी के लिए की गई छानबीन 5. सब कुछ ले लेना, सफ़ाया करना।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. आशय, तात्पर्य, मतलब 2. प्रयोजन, मकसद, उद्देश्य 3. संकल्प, इरादा, इच्छा।
2. 1. सौंफ से बनी हुई एक प्रकार की शराब 2. एक प्रकार की बीड़ी जिसकी सुरती में सौंफ का अर्क पड़ा हो।
3. ऊंचाई, उच्चता।
5. दूसरी जाति।
6. सूत आदि का काता जाना।




### वर्ग पहेली -118 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 आ | रो | पी | | 2 सी | ड़ |
| जि | | | 3 ज़िं | | |
| ज़ | | 4 आ | दा | ता | |
| | 5 ड | | दि | | 6 गो |
| | 7 प | ग | ली | | पी |
| | ट | | | | |
| | | 8 मे | घा | व | रि |

## सुडोकू -32

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 4 | | 5 | | 9 | 6 |
| | | | 8 | | 1 | | 5 | |
| 3 | | 6 | | 2 | | 4 | | |
| 5 | | | 1 | | | 9 | | 8 |
| | 9 | | | | | | 2 | |
| 7 | | 2 | | | 4 | | | 3 |
| | | 4 | | 1 | | 6 | | 5 |
| | 7 | | 5 | | 3 | | | |
| 2 | 1 | | 6 | | 7 | | | |

### सुडोकू -31 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 1 | 8 | 9 | 4 | 5 | 7 | 3 |
| 8 | 7 | 4 | 2 | 3 | 5 | 6 | 1 | 9 |
| 9 | 3 | 5 | 6 | 1 | 7 | 2 | 4 | 8 |
| 6 | 4 | 8 | 5 | 7 | 1 | 9 | 3 | 2 |
| 1 | 2 | 7 | 3 | 6 | 9 | 8 | 5 | 4 |
| 3 | 5 | 9 | 4 | 8 | 2 | 1 | 6 | 7 |
| 5 | 9 | 6 | 7 | 4 | 8 | 3 | 2 | 1 |
| 4 | 8 | 2 | 1 | 5 | 3 | 7 | 9 | 6 |
| 7 | 1 | 3 | 9 | 2 | 6 | 4 | 8 | 5 |

# फोर्ती गांव में पैदल मार्ग को पक्का करने की मांग उठाई

- युवाओं ने किया प्रदर्शन, जल्द मांग पूरी न होने पर आंदोलन की चेतावनी

संवाददाता, लोहाघाट


लोहाघाट से लगे गांव में मार्ग निर्माण को लेकर प्रदर्शन करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** नगर से लगी ग्राम सभा फोर्ती से मायावती आश्रम तक जोडने वाले पैदल मार्ग को कंक्रीट से पक्का किए जाने की मांग की है। ग्रामीणों ने अपनी इस मांग को लेकर प्रदर्शन किया। बाद में उन्होंने डीएम के माध्यम से सीएम को ज्ञापन भेजा।

ग्राम प्रधान विमला देवी, राजेश पुनेठा तथा योगी दीनानाथ के नेतृत्व में ग्रामीणों ने फोर्ती गांव को जाने वाले रास्ते में एकत्रित होकर प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि खेतीखान मोटर मार्ग से होते हुए फोर्ती गांव और अद्वैत आश्रम मायावती को जोड़ने वाला पैदल मार्ग कई जगह क्षतिग्रस्त हो गया है। कई स्थानों पर झाडियां भी उगी हुई हैं। ग्रामीणों ने बताया कि इस मार्ग से फोर्ती और मायावती आश्रम जाने वाले कई लोग और बाहर से आने वाले पर्यटक आवागमन करते हैं। उन्होंने पैदल मार्ग में इंटरलाक टायल लगाने, नाली निर्माण और झाड़ी कटान की मांग उठाई। इस मौके पर सतीश चन्द्र, रोहित पुनेठा, दीपेश पुनेठा, निर्मला पुनेठा, दीपक पुनेठा, हीरा देवी, कमला देवी, मोहन पुनेठा, कपिल पुनेठा, अजय पुनेठा, योगेश बगौली, सतीश बगौली, कीर्ति उपाध्याय रहे।

# अल्मोड़ा में गंगनाथ, उल्का देवी मंदिर में चोरों का धावा

- दोनों मंदिरों में दानपात्र तोड़ नगदी उड़ाई, घटना सीसीटीवी में कैद

संवाददाता, अल्मोड़ा

> मंदिरों में हुई चोरी की घटना में स्थानीय लोगों ने तहरीर दी है। शीघ्र ही चोरों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।
> -**रमेश नेगी**, चौकी प्रभारी एनटीडी।

**अमृत विचार:** चोरों ने नगर से सटे गंगनाथ और शैल ग्राम पंचायत के उल्का देवी मंदिर में धावा बोल दिया। उल्का देवी मंदिर में चोरी की पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हुई है। जबकि गंगनाथ मंदिर में चोरों ने दानपात्र तोड़ उसमें रखी नगदी उड़ा ली।

मंदिरों में चोरी से लोगों में आक्रोश है। सोमवार को ग्राम पंचायत के शैल स्थित उल्का देवी मंदिर में एक शख्स घुस गया। चोर ने मंदिर परिसर में प्रवेश करने से पहले वहां लोहे की एक एंगल उखाड़ ली। जिसके बाद चोर ने मंदिर के अंदर रखे दानपात्र को खंगाला। लेकिन दानपात्र खाली होने से चोर ने पुजारी के कमरे का ताला तोड़ने का प्रयास किया। लेकिन सफल नहीं हो सका और फरार हो गया। पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई। वहीं मंदिर के पुजारी योगी राजनाथ इसकी सूचना ग्रामीणों और पुलिस को दी। इधर एनटीडी के समीप गंगनाथ मंदिर में भी चोरों ने धावा बोला। चोर मंदिर का दानपात्र तोड़ नगदी उड़ा ले गए। इसके अलावा तेल, चाय पत्ती, कंबल आदि भी ले उड़े।

## आज का भविष्यफल
-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 3 जुलाई बुधवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आषाढ़, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-द्वादशी 07.10 तक तत्पश्चात त्रयोदशी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-उत्तर। **ऋतु**-वर्षा।
चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, सिंह, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-रोहिणी 04.47 तक तत्पश्चात मृगशिरा।

**मेष:** आज आप कहीं घूमने जाने का प्लान कर सकते हैं। व्यवसाय में धन लाभ के अवसर मिलेंगे लेकिन चुनौतियां भी रहेंगी। सहकर्मियों के प्रति मन में असंतोष उमड़ सकता है। अनावश्यक बातों को बार-बार दोहराने से बचना चाहिए। वैवाहिक जीवन सुखमय रहेगा।

**वृष:** आज आप समय का सदुपयोग करेंगे। आपको अपनी कार्यशैली में बदलाव करना पड़ सकता है। व्यापार के नए प्रस्ताव मिल सकते हैं। छात्रों का मन पढ़ाई में लगेगा। आपके दिमाग में नए विचार आयेंगे। वैवाहिक जीवन आनन्ददायक रहेगा।

**मिथुन:** आज अपनी दिनचर्या को संयमित रखें। गुप्त शत्रुओं से सावधान रहना होगा। घर और कारोबार में तालमेल में कमी हो सकती है। विदेश में रह रहे किसी परिजन के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। बुरी आदतों की तरफ आपका झुकाव हो सकता है।

**कर्क:** आज आपकी सोच काफी सकारात्मक रहेगी। कुछ नया सीखने का प्रयास करेंगे। लंबे समय से अटका हुआ कोई छोटा कार्य किसी मित्र के सहयोग से पूर्ण हो सकता है। खर्चों पर नियंत्रण पाने की आवश्यकता है। कारोबार में आय बढ़ने के योग बन रहे हैं।

**सिंह:** आज कारोबार की योजनाओं को भविष्य में टालने के बजाय शीघ्रातिशीघ्र क्रियान्वित करने का प्रयास करें। अपनी योग्यता को सिद्ध करने में सफल होंगे। परिवार का वातावरण शान्तिमय रहेगा। करियर को लेकर आप काफी प्रसन्न रहेंगे।

**कन्या:** आज कार्यक्षेत्र में अधिकारी वर्ग के लोग आपकी प्रशंसा करेंगे। युवा छात्रों को अपने करियर को लेकर कुछ परेशानी हो सकती है। लेकिन आपका मूड हल्का हो सकता है। अपनी उपलब्धियों के विषय में विचार करें व उसके अनुसार योजना बनाएं।

**तुला:** आज अति उत्साह में आपका काम बिगड़ सकता है। व्यावसायिक गतिविधियां समय पर पूर्ण नहीं होंगी। सरकारी अधिकारियों के कारण परेशानी उठानी पड़ सकती है। रिश्तेदारों के साथ अपने संबंध खराब न करें। खानपान में काफी संयम रखने की आवश्यकता है।

**वृश्चिक:** आज आप लोगों की मदद करने में बढ़-चढ़कर भाग लेंगे। बीमा या किसी पॉलिसी आदि से लाभ हो सकता है। जीवनसाथी की सेहत को लेकर समस्या दूर होगी। किसी दूर स्थान की यात्रा हो सकती है। नई जॉब की शुरुआत होने के योग बन रहे हैं।

**धनु:** आज यदि किसी कारणवश जीवनसाथी के साथ मनमुटाव है तो आज शाम को वो झगड़ा सुलझा सकते हैं। अपनी समस्याओं के लिए दूसरों को जिम्मेदार न ठहरायें। शेयर और स्टॉक मार्केट से आपको धन लाभ हो सकता है। परिवार जनों का भरपूर साथ मिलेगा।

**मकर:** आज आप भरपूर मात्रा में जल का सेवन करें। मित्रों से मतभिन्नता हो सकती है। रियल एस्टेट से जुड़े व्यापार में हानि हो सकती है। दस्त और कमजोरी लगने जैसी समस्या का शिकार हो सकते हैं। आपको झूठ और चुगलखोरी वाले व्यवहार से बचना चाहिए।

**कुंभ:** आज किसी भी कार्य को करने से पहले उसकी रूपरेखा अवश्य बना लें। अधीनस्थ कर्मचारी आपके व्यवहार के कारण नाराज हो सकते हैं। घर का माहौल अच्छा रहेगा। सभी कार्यों को योजनाबद्ध तरीके से करें। व्यक्तिगत जरूरतों में किसी खर्च के कारण कटौती करनी पड़ सकती है।

**मीन:** आज नए प्रकल्पों में आप रुचि ले सकते हैं। विदेश में रह रहे मित्रों से फोन पर चर्चा हो सकती है। बौद्धिक चर्चाओं में व्यस्त रहेंगे। कार्यक्षेत्र में आपकी प्रशंसा होगी। काम का दबाव कम होने से आपका दिन अच्छे से बीतेगा। आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

## आज की फिल्में

B4U Movies
लश्कर
सुबह : 08.42
सनम तेरी कसम
रात : 08.21

&pictures
जीनियस
सुबह : 08.18
जुदाई
रात : 07.30

Sony Pix
बैटमैन बिगिन्स
सुबह : 10.45
स्पाइडर मैन
शाम : 06.16

Zee Cinema
तमिलारसन
सुबह : 08.49
इंस्पेक्टर बजरंगी
शाम : 05.43

Colors Cineplex
प्रोफेसर
सुबह : 11.54
एयरलिफ्ट
रात : 08.28

### आज की सुपरहिट फिल्म



बीफोरयू मूवी पर रात : 08.21 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

मां- कल आधी रात को कमरे में आकरबोली- बेटा तुझे पता है कि पेट्रोल सस्ता हो गया है?
बेटा- हां मां फिर?
मां- चुपचाप फोन बंद करके सो जा नहीं तो तेरे इसी फोन पर पैट्रोल डाल के आग लगा दूंगी।

लड़की-क्या करते हो?
लड़का-नारी सम्मान सेवा पर काम करता हूं
लड़की- वाह सोशल वर्कर हो?
लड़का -नहीं, फेसबुक पर लड़कियों की फोटो लाइक करता हूं।

# जेवरात ठगी में गैंग की चार महिलाएं गिरफ्तार

## आमबाग और छीनीगोठ की महिलाओं को विश्वास में लेकर ठगे थे जेवरात, डेढ़ लाख रुपये के जवरात बरामद

▸▸ **नवादा बिहार की रहने वाली हैं महिलाएं, न्यायालय में पेशी के बाद चारों को भेजा गया जेल**

**संवाददाता, टनकपुर**



टनकपुर कोतवाली में जेवरात ठगने की आरोपी महिलाएं पुलिस की गिरफ्त में। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** पुलिस ने महिलाओं को झांसा देकर जेवरात ठगने वाली महिला गैंग के चार सदस्यों को गिरफ्तार कर उनके पास से डेढ़ लाख का ठगी का माल बरामद किया है। चारों ठग बिहार के नवादा जिले की रहने वाली हैं। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर चारों को जेल भेज दिया है।

22 जून को गांव छीनीगोठ निवासी ममता विलियम्स पत्नी विल्सन विलियम्स ने टनकपुर कोतवाली में आकर पुलिस को तहरीर देकर कहा था कि बर्तन बेचने वाली अज्ञात महिला ने उसे व उसकी ननद को बहला फुसलाकर पुराने बर्तन, सोने का मंगलसूत्र, दो सोने की अंगूठी व अन्य जेवरात बदलने तथा उनके बदले नए जेवरात वापस करने का लालच देकर जेवरात व बर्तन हड़प लिए। कहा गया कि महिलाएं कुछ समय से गांव में लगातार आ रही थीं, जिससे उन पर विश्वास हो गया। इस घटना से पूर्व इसी गांव से लगे गांव आमबाग में भी इन महिलाओं ने दो महिलाओं से जेवरात और बर्तन ठग लिए थे। जिसकी मौखिक सूचना उनके परिजनों ने कोतवाली में पुलिस को दी थी। इधर मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी अजय गणपति ने पुलिस को घटना का शीघ्र खुलासा करने के निर्देश दिए थे।

जिसके बाद प्रभारी निरीक्षक टनकपुर के नेतृत्व में पुलिस टीम ने टनकपुर से पश्चिमी उत्तर प्रदेश, शाहजहांपुर, बरेली, पीलीभीत, उधम सिंह नगर के मार्ग में सीसीटीवी कैमरों की मॉनिटरिंग की। पुलिस टीम ने ठगी करने वाली चार महिलाओं को ठगे गए माल के साथ सैलानीगोठ टनकपुर के जंगल बारूद कोठी के पास से गिरफ्तार कर लिया। कोतवाल योगेश उपाध्याय ने बताया कि पुलिस ने मामले में पूर्व में अज्ञात के विरुद्ध धारा 420 में मुकदमा दर्ज किया था। ठग गैंग की गिरफ्तारी के बाद इसमें धारा 380, 411, 120 भी जोड़ दी गईं। उन्होंने बताया कि महिलाओं ने आमबाग की दो महिलाओं के साथ भी ठगी की थी। इन महिलाओं के आपराधिक इतिहास की जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस टीम में कोतवाल योगेश उपाध्याय, एसएसआइ सुरेंद्र सिंह कोरंगा, एसआइ ओम प्रकाश, राकेश, मनोज जलाल, हेड कांस्टेबल मतलूब खान, एसओजी के गिरीश भट्ट, नासिर हुसैन, भावना, दीपा, होमगार्ड श्रुति पाल शामिल रहीं।

### ठग गैंग की इन महिलाओं को किया गया गिरफ्तार

गिरफ्तार महिलाओं में सविता (45) पत्नी राजदेव मल्हार, गायत्री (45) पत्नी राजेंद्र मल्हार, आरती (40) पत्नी नरसिंह तथा ममता (20) पुत्री झमलाल सभी निवासी चित्रकोली, थाना रजौली, जिला नवादा (बिहार) शामिल हैं। सविता के पास से एक मोबाइल, तीन जोड़ी सफेद धातु की पायल, गायत्री के पास से दो जोड़ी सफेद धातु की पायल, आरती के पास से एक पीली धातु का मंगलसूत्र, एक जोड़ी सफेद धातु की पायल व ममता के पास से पर्स, एक जोड़ी सफेद धातु की पायल, एक पीली धातु का मंगलसूत्र बरामद हुआ है।

# अल्मोड़ा में ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त करने खुद सड़क पर उतरे एसएसपी

**संवाददाता, अल्मोड़ा**



अल्मोड़ा में मंगलवार को यातायात व्यवस्था का जायजा लेते एसएसपी देवेंद्र पींचा।

**अमृत विचार :** अल्मोड़ा में यातायात व्यवस्था को दुरस्त करने के लिए एसएसपी ने खुद मोर्चा संभाल लिया है। मंगलवार को एसएसपी देवेंद्र पींचा ने मालरोड का भ्रमण कर अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। वहीं नो पार्किंग जोन में खड़े कई दोपहिया और चौपहिया वाहनों पर चालानी कार्रवाई की।

दरअसल, इन दिनों नगर की सड़कों में एकाएक वाहनों का दबाव बढ़ गया है। मालरोड में सुबह से शाम तक जाम की समस्या आम हो गई है। मंगलवार एसएसपी ने खुद यातायात व्यवस्था को लेकर मोर्चा संभाला। नगर के मालरोड, अपर मालरोड, एलआर साह रोड समेत अन्य स्थानों में यातायात व्यवस्था को जांचा और पुलिस टीम को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। वहीं, पुलिस ने अभियान चला सड़कों के किनारे नो पार्किंग जोन में खड़े वाहनों पर चालानी कार्रवाई की। चालकों को निर्धारित स्थानों में ही वाहनों को पार्क करने की हिदायत दी। वहीं, एसएसपी ने यातायात प्रभारी को निर्देशित करते हुए कहा कि सड़क किनारे अतिक्रमण को हटाया जाए।

दोपहिया वाहनों को एक सड़क के एक तरफ चिह्नित कर पट्टी के अंदर पार्क कराया जाए। जिससे की जाम से आम लोगों को निजात मिल सके। सड़क किनारे लंबे समय से खड़े वाहनों के स्वामियों को नोटिस जारी करने के भी निर्देश दिए। यहां यातायात निरीक्षक दरबान सिंह मेहता, एसएसआई सतीश चंद्र कापड़ी, सुनील धानिक, सुमित पांडे, हर्षपाल आदि मौजूद रहे।

# प्रदेश में स्वरोजगार से जुड़कर सशक्त होंगीं एकल महिलाएं

▸▸ **10 करोड़ रुपये से शुरू होगी मुख्यमंत्री एकल स्वरोजगार योजना**

**ब्यूरो, देहरादून**

**अमृत विचार :** प्रदेश में एकल महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए जल्द ही 'मुख्यमंत्री एकल महिला स्वरोजगार योजना' शुरू की जाएगी। इस योजना के तहत विधवा, तलाकशुदा, परित्यक्ता, किन्नर, अपराध एवं एसिड हमलों से पीड़ित महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ा जाएगा। इसके लिए 10 रुपये की धनराशि तय की गई है।

यह बात प्रदेश के वित्त मंत्री डॉ. प्रेम चन्द अग्रवाल ने विधानसभा स्थित सभागार कक्ष में 'मुख्यमंत्री एकल महिला स्वरोजगार योजना' के क्रियान्वयन के लिए गठित मंत्री मंडलीय उप समिति की पहली बैठक की अध्यक्षता करते हुए कही। मंत्री ने बैठक में 'मुख्यमंत्री एकल महिला स्वरोजगार योजना' के तहत प्रदेशभर में एकल महिलाओं की कुल संख्या तथा योजना के तहत एकल महिलाओं को मिलने वाले स्वरोजगार के निर्धारण पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि आबकारी विभाग से प्राप्त होने वाली धनराशि का 10 करोड़ रुपया मुख्यमंत्री एकल महिला स्वरोजगार योजना के लिए निर्धारित किया गया है। मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री एकल महिला स्वरोजगार योजना प्रदेश के सभी जिलों में लागू की जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य है कि हर ब्लॉक की एकल महिलाओं (विधवा, तलाकशुदा, परित्यक्ता, किन्नर, अपराध एवं एसिड हमलों से पीड़ित महिला) को इस योजना में शामिल किया जायेगा। मंत्री ने कहा कि इस योजना के तहत एकल महिलाओं के स्वरोजगार के लिए कृषि, बागवानी, पशुपालन, कुक्कुट, भेड़ पालन व बकरी पालन, उद्यान, बुटीक, टेलरिंग, जनरल स्टोर, टिफन सेवा, कैंटीन, कैटरिंग, प्लम्बर, इलेक्ट्रीशियन, डाटा एन्ट्री कार्य, कम्प्यूटर हार्डवेयर रिपेयरिंग, टेली कॉलिंग जैसे कार्यों को जोड़ा गया है। मंत्री ने कहा कि यह योजना 18 से 50 वर्ष तक की आयु वाली एकल महिलाओं के लिए है। कहा कि उप समिति की आगामी बैठक में अन्तिम रूप देने के बाद इसे शासन में भेजा जाएगा। उन्होंने कहा कि मंत्री मण्डल की समिति में पारित होने के बाद योजना को इसी साल लागू किया जायेगा।

## चरस तस्कर को 12 साल का कठोर कारावास

**चम्पावत :** विशेष सत्र न्यायाधीश की कोर्ट ने चरस तस्करी के मामले में उत्तर प्रदेश निवासी अभियुक्त को 12 वर्ष का कठोर कारावास और एक लाख रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है।

उत्तर प्रदेश के जिला पीलीभीत, थाना गजरौला, ग्राम हटुआ बिजुलहाई निवासी झांकन लाल पुत्र ननकू लाल 19 अक्तूबर 2018 को 2.5 किलो चरस के साथ पकड़ा गया था। पुलिस ने अभियुक्त को ललुवापानी रोड से गिरफ्तार किया था। प्रकरण विशेष सत्र न्यायाधीश की कोर्ट में चला। साक्ष्यों और गवाहों को ध्यान में रखते हुए विशेष सत्र न्यायाधीश अनुज कुमार संगल की कोर्ट ने अभियुक्त को दोषी ठहराते हुए 12 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई। अभियोजन पक्ष की ओर से जिला शासकीय अधिवक्ता वीडी जोशी ने पैरवी की।

# प्रदेश में बिजली उत्पादन दोगुना करने को समन्वय से काम करें तीनों निगम : धामी

**ब्यूरो, देहरादून**

▸▸ **ऊर्जा विभाग की समीक्षा में मुख्यमंत्री ने यूपीसीएल यूजेवीएनएल व पिटकुल को दिए निर्देश**



**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह ने राज्य में विद्युत उत्पादन बढ़ाने की दिशा में तेजी से कार्य किए जाने पर जोर दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी 05 साल में प्रदेश में विद्युत उत्पादन दुगुना का लक्ष्य लेकर तीनों निगम यूपीसीएल, यूजेवीएनएल और पिटकुल समन्वय के साथ कार्य करें। जिससे समयबद्धता के साथ परियोजनाओं को पूरा किया जा सके।

मुख्यमंत्री मंगलवार को सचिवालय में ऊर्जा विभाग की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड राज्य निर्माण की मूल अवधारणा में ऊर्जा और पर्यटन रहा है। उर्जा के क्षेत्र में राज्य में तेजी से कार्य करने की जरूरत बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्षाकाल को ध्यान में रखते हुए सभी ट्रांसफार्मर का सेफ्टी ऑडिट भी किया जाए। राज्य में तेजी से स्थापित हो रहे औद्योगिक संस्थानों की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए विद्युत उत्पादन बढ़ाने की दिशा में तेजी से प्रयास किए जाएं। वर्तमान में जिन लघु जलविद्युत परियोजनाओं पर कार्य किया जा रहा है, उन्हें जल्द पूरा किया जाए। सरकारी भवनों में सोलर रूफटॉप के माध्यम से विद्युत उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री सौर स्वरोजगार योजना से अधिकाधिक युवाओं को स्वरोजगार मिले, इस दिशा में और प्रयास किए जाएं। यह सुनिश्चित किया जाए कि राज्य में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का लाभ अधिक लोगों को मिले। अधिकारियों ने बताया कि राज्य में 121 मेगावाट क्षमता की 06 लघु जलविद्युत परियोजनाएं आंवटित की गई हैं, जिनमें से 24 मेगावाट की मेलेखेत और 21 मेगावाट की खुटानी जल विद्युत परियोजना दिसंबरर 2026 तक पूरी हो जाएंगी। जबकि 22.80 मेगावाट की बर्नीगाड और 06 मेगावाट की रयात जल विद्युत परियोजना पर आगामी दो वर्षों में कार्य आरंभ किया जाएगा। राज्य में पंप स्टोरेज प्रोजक्ट के तहत 200 मेगावाट की लखवाड़-ब्यासी, 150 मेगावाट की ब्यासी- कट्टा पत्थर और 168 मेगावाट की कालागढ़ परियोजना पर प्रारंभिक फिजिबिलिटी रिपोर्ट तैयार की जा रही है।

बैठक में उपाध्यक्ष अवस्थापना अनुश्रवण परिषद विश्वास डाबर, मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, प्रमुख सचिव आरके सुधांशु, सचिव आर मीनाक्षी सुंदरम, अपर सचिव रंजना राजगुरू, अहमद इकबाल, एमडी यूजेवीएनएल संदीप सिंघल, एमडी पिटकुल पीसी ध्यानी आदि उपस्थित थे।

## विक्षिप्त महिला ने मचाया उत्पात पुलिस ने परिजनों को सौंपी

**धौलछीना, अमृत विचार :** दो दिन से धौलछीना क्षेत्र में एक विक्षिप्त महिला ने जमकर उत्पात मचाया। लोगों की शिकायत पर पुलिस ने महिला को परिजनों के सुपुर्द कर दिया। धौलछीना बाजार में 2 दिन पूर्व भटकते हुए आई मानसिक रूप से विक्षिप्त महिला लोगों को मारने के लिए दौड़ती थी और गाली गलौज करती थी। महिला के हाथ में दराती नुमा एक हथियार था। सोमवार को उसने रामलीला स्टेज के निकट बने टॉयलेट के दरवाजे तोड़ डाले तथा शनि मंदिर के दरवाजे खोलकर अंदर रखा दान पात्र तोड़ दिया तथा उसमें रखे पैसे निकाल लिए। लोगों की शिकायत पर धौलछीना पुलिस ने महिला के घर का पता लगाकर परिजनों को बुलाया। मंगलवार को स्यालीधार अल्मोड़ा निवासी विक्षिप्त महिला को उसके भतीजे तथा बहू को सकुशल सौंप दिया गया। साथ ही महिला का उपचार कराने को कहा।

## सीडीओ ने एग्रो फ्रूट प्रोसेसिंग यूनिट का निरीक्षण किया

**धौलछीना, अमृत विचार।** मुख्य विकास अधिकारी अल्मोड़ा आकांक्षा कोड़े ने मंगलवार को धौलछीना ब्लॉक मुख्यालय स्थित रीप परियोजना द्वारा संचालित एग्रो फ्रूट प्रोसेसिंग यूनिट का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने समूह की महिलाओं द्वारा बनाए गए विभिन्न उत्पादों को देखा तथा महिलाओं की सराहना की। उन्होंने कहा कि पैकेजिंग की गुणवत्ता में और अधिक सुधार की आवश्यकता है तथा इसके लिए जरूरी दिशा-निर्देश भी दिए। इसके उपरांत मुख्य विकास अधिकारी ने विकासखंड कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान खंड विकास अधिकारी ताराचंद आर्य, रीप परियोजना के सहायक प्रबंधक तथा विभिन्न महिला समूह की महिलाएं मौजूद रहीं।

## उत्तर प्रदेश

# मकान ढहने से महिला व बच्चे की मौत

▸▸ **गांव सिरसा खुमार और शिकरौली मिलक में हुईं घटनाएं, तीन लोग घायल**

**कार्यालय संवाददाता, अमरोहा**

**अमृत विचार :** अमरोहा देहात क्षेत्र के गांव सिरसा खुमार और हसनपुर के शिकरौली मिलक में सोमवार देर रात व मंगलवार को बारिश के दौरान दो मकान गिर गए। मकानों के मलबे में दबने से सिरसा में आठ माह के बच्चे और सकरौली में महिला की मौत हो गई। दोनों घटनाओं में तीन लोग घायल भी हुए हैं।

गांव सिरसा खुमार में किसान नईम का परिवार रहता है। परिवार में पत्नी, एक बेटी फात्मा व बेटा हसनैन हैं। नईम, बेटे हसनैन और चार साल की बेटी फात्मा के साथ कमरे में सोए थे। जबकि उनकी पत्नी घर के बाहर थी। नईम के कच्चे मकान के पीछे काफी गहराई है। मकान में दो कमरे बने हुए थे। मंगलवार सुबह छह बजे झमाझम बारिश के दौरान उसके घर की पिछली दीवार जमीन में धंस गई। इससे पूरा मकान भरभराकर गिर गया। घर के अंदर सो रहा नई का परिवार मलबे में दब गया। मकान गिरने की आवाज सुनकर आसपास के लोग बचाव के लिए मौके पर पहुंचे।

उन्होंने मलबे में दबे परिवार के लोगों को बाहर निकाला। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने हसनैन को मृत घोषित कर दिया।

### मकान के मलबे में दबे दंपति, महिला की जान गई

**हसनपुर, अमृत विचार :** गांव शिकरौली मिलक में सोमवार रात किशोर अपनी पत्नी उषा (40) के साथ घर में सो रहे थे। मंगलवार सुबह तेज बारिश व बिजली तड़तड़ाहट के बीच उनका मकान गिर गया। इसके मलबे में पति-पत्नी दब गए। इस बीच पड़ोसी मौके पर पहुंचे और दोनों को मलबे से बाहर निकाला। घायलों कोनगर के निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सक ने उषा को मृत घोषित कर दिया। घायल किशोर का चिकित्सक ने उपचार किया। ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन को हादसे की सूचना दी। मृतका उषा ने अपने पीछे तीन बेटी व दो बेटों को रोते हुए छोड़ा है।

## बौद्ध कथा पंडाल में सोये युवक की हत्या

**आगरा, अमृत विचार:** बरहन थाना क्षेत्र के गांव आंवलखेड़ा में जूनियर हाईस्कूल के सामने चार दिन से चल रही बौद्ध कथा के पंडाल के स्टेज पर सो रहे युवक के सीने में गोली मारकर हत्या कर दी गई। हमलावर भाग निकला।

आंवलखेड़ा में जूनियर हाईस्कूल के सामने चार दिन से सामूहिक बौद्ध कथा चल रही है। रात करीब साढ़े 12 बजे राजा बाबू स्टेज पर सो रहा था। पास में गांव के 7-8 लोग भी सो रहे थे। तभी अज्ञात बदमाश ने गोली मार दी। गोली की आवाज सुन पंडाल में सो रहे लोग जाग गए। उन्होंने स्टेज की तरफ देखा तो राजाबाबू के सीने से खून बह रहा था। उसकी मौत हो चुकी थी।

## जूते की फैक्ट्री में आग से एक करोड़ का माल राख

**आगरा, अमृत विचार :** मलपुरा थाना क्षेत्र के मुल्ला की प्याऊ स्थित जूता फैक्ट्री बाबा एक्सपोर्ट में सोमवार रात लगभग एक बजे आग लग गई। कुछ ही देर में पूरी फैक्ट्री जलकर खाक हो गई। सारा सामान जल गया। पांच घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। कारोबारी को एक करोड़ रुपये से अधिक के नुकसान का आंकलन किया गया है। आग की वजह शॉर्ट सर्किट बताई जा रही है। आग लगते ही चौकीदार ने आसपास के लोगों को सूचना दी। फैक्ट्री स्वामी को भी सूचित किया गया। फायर बिग्रेड ने पांच घंटे में आग पर काबू पाया गया। फैक्ट्री में एक करोड़ रुपए से ज्यादा के तैयार जूते और रॉ मैटीरियल था, जो राख हो गया। यह फैक्ट्री ताजगंज के पंचवटी कॉलोनी निवासी मनमीत सिंह की है। यह 20 साल पुरानी फैक्ट्री है।

## एयरफोर्स में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगे 31.49 लाख

**संभल/रजपुरा, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव सिंघौला चेत सिंह निवासी रामफल ने थाने में तहरीर देकर कहा कि मार्च 2022 में पड़ोसी गांव के एक व्यक्ति ने उसके बेटे विजय सिंह की सेना (एयरफोर्स) में नौकरी लगवाने का झांसा दिया। विजय सिंह उसके झांसा में आ गया। जिसके बाद गवां में स्थित प्लॉट बेचकर 20 लाख रुपये दे दिए। बाद में 11 लाख 49 हजार रुपये ऑनलाइन पे फोन किए थे। व्यक्ति ने विजय सिंह को फर्जी ज्वाइनिंग लेटर भी दिया। विजय सिंह को करीब 10 महीने तक नोएडा के एक पीजी में रखा और ट्रेनिंग का झांसा दिया गया। जब विजय सिंह को ठगी का अहसास हुआ तो वह करीब एक महीने में ही लौटकर वापस आ गया। रामफल ने ठगी करने वाले व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की गुहार लगाई है। थाना प्रभारी निरीक्षक अमरपाल सिंह ने बताया कि मामले को लेकर जांच की जा रही है। जांच के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

**कार्यक्रम** आईआईए का नया सत्र शुरू, 180 पदाधिकारियों ने ली शपथ, प्रदेश में उद्यमियों का शोषण किसी भी हालत में नहीं किया जाएगा बर्दाश्त

# एमएसएमई सेक्टर को बढ़ावा देना सरकार की है प्राथमिकता : राकेश सचान

**कार्यालय संवाददाता, लखनऊ**



एमएसएमई मंत्री राकेश सचान शपथ दिलाते हुए। ● अमृत विचार



नवगठित आईआईए की टीम के साथ एसोसिएशन के अध्यक्ष। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** प्रदेश के एमएसएमई मंत्री राकेश सचान ने कहा कि प्रदेश सरकार (माइक्रो, स्माल, मीडियम इंटरप्राइजेज) एमएसएमई सेक्टर को बढ़ावा देने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। यह सरकार की उच्च प्राथमिकता में से एक है।

कृषि क्षेत्र के बाद एमएसएमई ही ऐसा सेक्टर जो सर्वाधिक रोजगार प्रदान करता है। ऐसे में रोजगार सृजित करने वाले इस सेक्टर पर सरकार खास ध्यान रख रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में उद्यमियों का शोषण किसी भी हालत में न होने पाए, इस पर सरकार गंभीर है। वे सोमवार को आईआईए (इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन) की ओर से आयोजित गोमतीनगर विभूतिखंड स्थित संगठन के भवन में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में बोल रहे थे। इस दौरान एसोसिएशन के नवनियुक्त वर्ष 2024-25 के पदाधिकारियों ने शपथ भी ली। उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड एवं दिल्ली प्रदेश के आईआईए पदाधिकारियों ने शपथ ली।

एमएसएमई मंत्री ने कहा कि उद्योगों के विकास में आईआईए की अहम भूमिका है। प्रमुख सचिव आलोक कुमार से मांग पत्र को लेकर वार्ता की जाएगी। राज्य की सभी 90 लाख से ज्यादा एमएसएमई इकाइयों को सरकारी पोर्टल पर पंजीकृत कराया जा रहा है। इसके लिये ठोस प्रयास जारी हैं। उत्तर प्रदेश के एमएसएमई डाटा में सुधार एवं उद्यम रजिस्ट्रेशन को प्रोमोट करने के लिए उद्यमी आगे आएं। जल्द ही जिला उद्योग केन्द्रों के साथ मिलकर एक पखवाड़ा आयोजित किया जायेगा।

सस्ती दरों पर जमीन और बिजली उपलब्ध कराने में सरकार तेजी से लगी हुई है। 'प्लेज स्कीम' को लेकर उठाई गई कुछ दिक्कतों पर उन्होंने कहा कि 12 मीटर लिंक रोड को लेकर हुई समस्या पर सरकार गंभीर है।

### अध्यक्ष ने लक्ष्य तय किए, कहा आगे बढ़ेंगे

- आईआईए की गतिविधियों एवं चैप्टर का विस्तार देश के कम से कम 11 राज्यों में किया जायेगा जिससे आईआईए कि सदस्यता को 20,000 तक लाया जाए।
- माह दिसम्बर 2024 और जनवरी 2025 में देश के एमएसएमई उत्पादों की प्रदशनी 'बिल्ड भारत एक्सपो' का आयोजन दिल्ली एवं राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में उत्पादों को शामिल कर किया जायेगा।
- एमएसएमई के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए आईआईए के एक्सपोर्ट फैसिलिटेशन सेंटर को सुदृढ़ किया जायेगा।
- राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर एमएसएमई उद्यमी महासम्मेलनो का आयोजन किया जायेगा।
- देश की कम से कम 20 राज्य स्तरीय एमएसएमई संगठनो के साथ मिलकर सेक्टर के उत्थान के लिये ए-20 फोरम के माध्यम से विभिन मुद्दों पर चर्चा की जायेगी।

### औद्योगिक भूमि को फ्री होल्ड कराने की मांग

एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरज सिंघल ने बताया कि आईआईए अपने मिशन 'ट्रांसफॉर्मिंग एमएसएमई टू वर्ड इंडस्ट्री' 4.0 और 48 को आगे बढ़ाते हुए एमएसएमई को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा। यही नहीं प्रदेश में लीज होल्ड औद्योगिक भूमि को फ्री होल्ड कराने की मांग को सरकार तक पहुंचाया जाएगा। जिससे उद्योग प्रदेश में बिना किसी बाधा के रफ्तार पकड़ सके।

### पदाधिकारियों ने ली शपथ

उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड एवं दिल्ली से 180 नवनियुक्त पदाधिकारियों ने पद की शपथ ली। इसी के साथ आईआईए के वर्ष 2024-25 के नए सत्र का शुभारंभ 1 जुलाई से हो गया है। समारोह में आईआईए महासचिव आलोक अग्रवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष दिनेश गोयल, आईआईए महिला चैप्टर की चेयरपर्सन आनंदी अग्रवाल, लखनऊ चैप्टर के चेयरमैन विकास खन्ना, लखनऊ डिवीजनल के चेयरमैन राजीव बंसल, अयोध्या डिवीजन के चेयरमैन प्रमीत सिंह, नेशनल वाइस प्रेसिडेंट चेतन भल्ला आदि की मौजूदगी रही।

## फीस के लिए प्रताड़ना पर छात्र ने की खुदकुशी

**मैनपुरी, एजेंसी।** जिले के एक बड़े स्कूल के हॉस्टल में एक छात्र ने स्कूल प्रबंधन द्वारा फीस के लिए प्रताड़ित करने पर आत्महत्या कर ली। छात्र के पिता ने स्कूल के प्रबंधक ,वार्डन व टीचर पर उसके बच्चे की गला दबाकर हत्या करने का आरोप लगाया है।

एसपी विनोद कुमार ने बताया कि मंगलवार को किरन सोजिया स्कूल के प्रबंधक अशोक यादव ,वार्डन आदि के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस के अनुसार औंछा थाना क्षेत्र के नगला देवी का शिवम किरन सोजिया स्कूल में क्लास 10 का छात्र था। दो साल से हॉस्टल में रहकर पढ़ाई कर रहे शिवम को उसके पिता सोमवार को स्कूल छोड़ गए थे। बताते हैं कि फीस को लेकर छात्र को स्कूल प्रशासन ने कुछ कह दिया। पिता के स्कूल से जाने के बाद शिवम ने हॉस्टल में फंदे पर लटककरअपनी जान दे दी। पुलिस का कहना है कि छात्र के पिता के आरोपों की जांच की जा रही है।



# मौत की भगदड़

## सत्संग के बाद चीख और चीत्कार, बिछीं लाशें

### 50 हजार से ज्यादा अनुयायियों की थी भीड़, निकलने की जल्दी में मची भगदड़



हादसे में मारे गए लोगों के परिजनों से पोस्टमार्टम हाउस के बाहर बातचीत करते पुलिस अधिकारी। ● अमृत विचार

- चश्मीदीदों के मुताबिक, लोग एक-दूसरे को देख नहीं रहे थे, महिलाएं और बच्चे गिरते चले गए
- एटा मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराए गए घायल, शवों का कराया जा रहा पोस्टमार्टम

संवाददाता, हाथरस

**अमृत विचारः** हाथरस जिले के गांव रतिभानपुर में मंगलवार को साकार हरि बाबा का एक दिवसीय सत्संग चल रहा था। वहां पर बच्चों के साथ महिलाएं और पुरुष बाबा का प्रवचन सुन रहे थे। लगभग पौने 2 बजे सत्संग खत्म हुआ, बाबा के अनुयायी बाहर सड़क की ओर जाने लगे।

बताया जा रहा है कि लगभग 50 हजार की संख्या में अनुयायियों को सेवादारों ने जहां थे, वहीं रोक लिया। सेवादारों ने साकार हरि बाबा के काफिले को वहां से निकाला। उतनी देर तक वहां अनुयायी गर्मी और उमस में खड़े रहे। बाबा के काफिले के जाने के बाद जैसे ही सेवादारों ने अनुयायियों को जाने के लिए कहा, वहां भगदड़ की स्थिति बन गई। गर्मी, उमस और भीड़ में दम घुटने से अनुयायी वहीं पर बेहोश होकर गिर गए। हादसे में अब तक 120 लोगों की मौत होने की बात कही जा रही है। मरने और घायल होने वालों में महिलाओं की संख्या ज्यादा है, साथ ही बच्चों के भी हताहत होने की जानकारी मिल रही है। हादसे के बाद घायलों को सिकंदराराऊ सीएचसी और एटा की ओर एम्बुलेंस से उपचार के लिए भेजा गया। रतिभानपुर में हुए हादसे के बाद स्वास्थ्य विभाग ने अलर्ट जारी कर दिया है। इमरजेंसी से लेकर पोस्टमार्टम हाउस में स्टाफ को तैनात रहने के निर्देश दिए गए हैं। जिले के अलग-अलग स्थानों से एम्बुलेंस को घटना स्थल के लिए भेजा गया है।

इस सत्संग में शामिल होने गए चश्मदीदों ने बताया कि मौके पर कैसा मंजर था। एक युवती ने बताया कि सत्संग में बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ी हुई थी। सत्संग समाप्त हुआ और उसके बाद लोग वहां से जाने लगे। इसी दौरान निकलने की जल्दी में भगदड़ मच गई। लोग एक-दूसरे को देख ही नहीं रहे थे। महिलाएं और बच्चे गिरते चले गए। भीड़ उनके ऊपर से दौड़ रही थी। कोई बचाने वाला नहीं था। चारों ओर चीख पुकार मची हुई थी।

#### तीन किलोमीटर तक फैली थी वाहनों की संख्या

दरअसल, हर महीने की शुरुआत के पहले मंगलवार को भोले बाबा का सत्संग होता है। इस सत्संग में राजस्थान, मध्यप्रदेश, हरियाणा सहित कई राज्यों के लोग आए थे। भीड़ का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि वाहनों की संख्या तीन किलोमीटर तक फैली हुई थी।



## पुलिस में था दरोगा, नौकरी छोड़कर बना भोले बाबा

कार्यालय संवाददाता, कासगंज



**अमृत विचारः** जिन भोले बाबा के सत्संग के समापन पर हाथरस जिले में भगदड़ के बाद यह हादसा हुआ है, वे कासगंज जिले के पटियाली क्षेत्र तहसील क्षेत्र के गांव बहादुर नगर के रहने वाले हैं। पहले भी उनके सत्संग के बाद हादसे होते रहे हैं और जानें जाती रही हैं, लेकिन अनुयायियों में उनके प्रति अटूट आस्था बनी रही है। इस बार उनके सत्संग में मची भगदड़ से हुई तमाम मौतों के बाद अब तमाम परिवार टूट चुके हैं। पीड़ित परिवारों में मातम छाया हुआ है।

भोले बाबा पूर्व में पुलिस विभाग में सेवा दे चुके हैं, लेकिन उन्होंने स्वयं को भोले बाबा के नाम से संबोधित करने के लिए सत्संग का सहारा लिया और सत्संग करने लगे। धीरे-धीरे उन्हें लोग भगवान की तरह पूजने लगे। कासगंज जिले के गांव पटियाली तहसील क्षेत्र के गांव बहादुर नगर के रहने वाले भोले बाबा के सत्संग देश भर में होते हैं और वहां भीड़ उमड़ती है। यही कारण रहता है कि भीड़ के दौरान हादसों की आशंका भी बनी रहती है। हुआ भी यही। हाथरस में बड़ा हादसा हो गया। अब तमाम अनुयायी घायल होकर दर्द से कराह रहे हैं।

#### गत वर्ष गई थी 11 जानें

पिछले साल भोले बाबा का सत्संग पटियाली के बहादुर नगर में चल रहा था। यहां सत्संग से लौट रहे अनुयायी जब बदायूं मैनपुरी हाईवे पर पहुंचे तो ऑटो अनियंत्रित होकर बोलेरो कार से टकरा गया, जिसमें 11 अनुयायियों की मौत हुई थी। तब माहौल गमगीन बना रहा, लेकिन धीमे-धीमे अनुयायियों में फिर से आस्था जाग उठी।

#### बाबा के वालंटियर संभालते हैं व्यवस्था

भोले बाबा के सत्संग में बड़ी संख्या में अनुयायी उमड़ते हैं। यहां पुलिस तो व्यवस्था संभालती ही है, भोले बाबा के वालंटियर स्वयं भी व्यवस्था में जुटे रहते हैं। इस बार पुलिस के साथ-साथ वालंटियर की व्यवस्था भी फेल हो गई और यह बड़ा हादसा हो गया।

#### पहले भी हो चुके हैं कार्यक्रम

भोले बाबा का सत्संग शहर में बारह पत्थर मैदान पर कई बार हो चुका है। समीपवर्ती गांव मोहनपुरा में भी एक बार भोले बाबा का सत्संग हुआ था। भोले बाबा के सत्संग में लाखों की संख्या में अनुयायी उमड़ते हैं। स्टेशन से बस स्टैंड से लेकर सार्वजनिक स्थलों और कार्यक्रम स्थल पर भी बाबा के वालंटियर रहते हैं।

## बड़ा सवाल: हादसे का जिम्मेदार कौन, किस पर होगी कार्रवाई

संवाददाता, हाथरस

**अमृत विचारः** हाथरस जिले में भोले बाबा के सत्संग के समापन के दौरान मची भगदड़ से हुई मौतों का जिम्मेदार आखिर कौन है? यह एक बड़ा सवाल बन गया है। लापरवाही के मामले में किसके विरुद्ध मामला दर्ज होगा? हाथरस जिले में इस बड़े हादसे के बाद लोग एक-दूसरे से यही सवाल पूछ रहे हैं। लोग तरह-तरह की चर्चा कर रहे हैं। लोगों का कहना है कि इस तरह के आयोजनों से पहले आयोजकों को बेहतर व्यवस्थाएं करनी चाहिए। शायद व्यवस्था में कमी रहने के कारण यह हादसा हो गया।

भोले बाबा के सत्संग में पहले भी हादसे होते रहे हैं, लेकिन कभी भी किसी पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। किसी की जवाबदेही कभी भी तय नहीं की गई। इस बार जब एक बड़ा हादसा हुआ है तो कार्रवाई के संकेत तो दिखाई दे रहे हैं, लेकिन अभी किसी पर भी कार्रवाई होती नहीं दिख रही, न ही किसी का नाम सामने आ रहा है। वैसे तो लोगों का मानना है कि इस तरह के आयोजन के लिए आयोजक जिम्मेदार होने चाहिए और उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। हत्या के मामले के एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की जानी चाहिए। हालांकि, सरकार की तरफ से आयोजकों के खिलाफ मामला दर्ज किए जाने के निर्देश दे दिए गए हैं, लेकिन प्रशासन की ढिलाई पर अभी कोई जवाब-तलब नहीं हुआ है।



हादसे में मारे गए लोगों के परिजनों से बातचीत करते जिले के प्रशासनिक अधिकारी। ● अमृत विचार

#### प्रशासन से हुई चूकः आयोजन समिति

सत्संग आयोजन समिति से जुड़े महेश चंद्र ने कहा कि हमने जिला प्रशासन से अनुमति लेकर कार्यक्रम कराया था। कार्यक्रम में एक लाख से अधिक लोग मौजूद थे। जब कार्यकम खत्म हुआ तब भगदड़ मच गई। यह हादसा प्रशासन की कमजोरी की वजह से हुआ है। हाथरस में यह कार्यक्रम 13 साल बाद हुआ है। हमारे पास 3 घंटे की अनुमति थी। 1.30 बजे कार्यक्रम खत्म होने के बाद घटना हुई है। प्रशासन को अनगिनत श्रद्धालुओं के कार्यक्रम में आने की जानकारी दी गई थी। मौके पर एंबुलेंस नहीं थी। कार्यक्रम खत्म हुआ तो लोग एक साथ भागने लगे और भगदड़ मच गई। बरसात के मौसम में कीचड़ की वजह से लोग एक-दूसरे पर गिरने लगे थे।



प्रत्यक्षदर्शियों से हादसे बारे में जानकारी लेते पुलिस अधिकारी। ● अमृत विचार

## सत्संग में लगी थी ड्यूटी, शवों को देख कांस्टेबल को हुआ हृदयाघात

कार्यालय संवाददाता, एटा

- एटा के अवागढ़ थाने में क्यूआरटी ड्यूटी पर थी तैनाती

**अमृत विचारः** भोले बाबा के सत्संग में व्यवस्था संभालने के लिए ड्यूटी पर तैनात पुलिस आरक्षी की भी मौत हो गई। आरक्षी की मौत भगदड़ से नहीं, बल्कि हृदयाघात से हुई है। बताया जा रहा है कि सत्संग स्थल पर उन्होंने तमाम शवों को पड़ा देखा तो हार्टअटैक आ गया और वह अपनी जान गंवा बैठे। आरक्षी की मौत से उनके परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

अलीगढ़ जिले के थाना बन्ना देवी क्षेत्र के सिद्धार्थनगर निवासी रवि कुमार मृतक आश्रित में 2014 में आरक्षी पद पर भर्ती हुए थे। पुलिस लाइन एटा में भर्ती हुई और तैनाती अवागढ़ थाने में क्यूआरटी ड्यूटी पर थी। उन्हें भोले बाबा के सत्संग में व्यवस्था देखने के लिए लगाया गया था। वह मौके पर मौजूद थे। भगदड़ का माहौल था तो उन्होंने काफी प्रयास किया, लेकिन जब शवों को पड़ा देखा तो सुध-बुध खो बैठे और जमीन पर गिर पड़े। उन्हें आनन फानन में अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मत घोषित कर दिया। चिकित्सकों ने बताया कि हृदयाघात से आरक्षी की मौत हुई है।



घर से हंसते गाते निकले थे सत्संग के लिए। परिजनों को क्या पता था कि वह दोबारा मिलेंगे भी तो ऐसे हाल में.... भगदड़ में अपनों को खोने के बाद अस्पताल परिसर में विलाप करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

## बेटी खो बैठे मां-बाप, कासगंज के तीन अन्य अनुयायियों की भी मौत

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- गांव बहोट, प्यारमपुर, सलेमपुर नगला खन्जी में पसरा मातम

**अमृत विचारः** हाथरस में हुए हादसे में कासगंज जिले के चार सत्संगियों ने भी जान गंवाई है। शव एटा भेजे गए हैं, जहां पोस्टमार्टम गृह पर परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था।

गांव बहोट निवासी प्रियंका अपने पिता रामसेवक और मां गुड्डो देवी के साथसत्संग सुनने गई थी। वह भी भगदड़ में फंस गई और भीड़ के पैरों तले दबकर जान चली गई। काफी देर तक मां-बाप अपनी बेटी को ढूंढ़ते रहे। उसके बाद बेटी का शव पड़ा मिला। फिर तो माता-पिता का रो-रो कर बुरा हाल हो गया।



प्रियंका

हादसे में पटियाली के गांव प्यारमपुर निवासी सोमवाती पत्नी सत्य प्रकाश, रेवती पत्नी छोटे एवं गांव सलेमपुर निवासी मीनू देवी पत्नी मदन गोपाल की भी मौत हो गई। वही प्यामपुर निवासी गोविंद सागर की पत्नी ज्ञान देवी एवं निखिल पुत्र गोविंद सागर घायल हुए हैं। देर रात सोरों क्षेत्र के गांव नगला खन्जी निवासी 38 वर्षीय सीमा की उपचार के दौरान मौत हो गई है। गांव खरपरा गांव से भी दर्जनों लोग भोले बाबा का सत्संग सुनने के लिए सिकंदराराऊ गए हुए थे। ये सभी लोग सुरक्षित हैं।

#### खरपरा से भी गए थे दर्जनों लोग

कासगंज जिले के गांव खरपरा गांव से भी दर्जनों लोग भोले बाबा का सत्संग सुनने के लिए सिकंदराराऊ गए हुए थे। हालांकि, ये सभी लोग सुरक्षित हैं, लेकिन जिले के चार लोगों की मौत के बाद ये लोग गम में डूबे हैं।

## पड़ोसी जिलों में भी फूल गई स्वास्थ्य विभाग की सांस

- व्यवस्थाओं के नाम पर सिर्फ दिखाई दी औपचारिकता
- पोस्टमार्टम हाउस के बाहर घंटों पड़े रहे शव

संवाददाता, हाथरस

**अमृत विचारः** हाथरस के सिकंदराराऊ में हुए हादसे के बाद पड़ोसी जिलों एटा और अलीगढ़ जिले के स्वास्थ्य विभाग की भी सांस फूल गई। यहां संसाधन जवाब दे गए। घायलों के लिए स्ट्रेचर नहीं थे तो मृतकों के शव पोस्टमार्टम गृह के बाहर पड़े रहे। लोग अपने सगे-संबंधियों के शव को पहचानने में जुटे रहे। हालांकि, स्वास्थ्य विभाग का अलर्ट भी कोई राहत नहीं दे पाया।

जैसे ही हादसे की खबर शासन को मिली तो शासन ने पड़ोसी जिला एटा और अलीगढ़ के स्वास्थ्य विभाग को अलर्ट जारी किया। स्वास्थ्य विभाग भी सतर्क हो गया और व्यवस्थाएं चाक-चौबंद की जाने लगी। स्ट्रेचर की व्यवस्था बनाई जा रही थी, लेकिन जब घायल पहुंचने लगे तो स्ट्रेचरों कम पड़ गई। इतना ही नहीं, पोस्टमार्टम गृह में शवों के रखने का भी इंतजाम नहीं था। शवों को पोस्टमार्टम गृह के बाहर ही रखा गया। शव तितर-बितर पड़े थे। लोग स्वास्थ्य विभाग की व्यवस्थाओं को कोस रहे थे, लेकिन विभाग बेबस था।




हाथरस के सिकंदराराऊ अस्पताल परिसर में शव की पहचान करते परिजन।

#### दिखाई दी अमानवीयता

शवों को बेकद्री से फेंक दिया गया था, जिससे अमानवीयता भी दिखाई दे रही थी। हालांकि, जब लोगों में आक्रोश दिखाई दिया तो पोस्टमार्टम गृहों में शवों के रखने का इंतजाम किया गया। घंटों बाद शवों को पोस्टमार्टम गृह में रखा गया।

#### घायलों को उपचार देना प्राथमिकताः एडीजी

आगरा जोन की एडीजी अनुपमा कुलश्रेष्ठ ने कहा कि घायलों को उपचार देना पहली प्राथमिकता है। यह बहुत दर्दनाक हादसा है। इसको लेकर हम सबकी संवेदनाएं पीड़ित परिवारों के साथ हैं। सरकार स्वयं निगरानी कर रही है। कंट्रोल रूम सक्रिय है और हेल्पलाइन नंबर जारी कर दिए गए हैं। सभी एंबुलेंस लाइन अप कर दी गई है। मामले में जांच की जा रही है। अधिकांश मौत महिलाओं की हुई है। देर रात तक स्पष्ट हो सकेगा कुल कितनी मौतें हुई हैं। वैसे तो अब तक लंबे लगभग 90 मौत हो चुकी हैं।



अस्पताल में भर्ती भगदड़ में घायल हुई महिला से जानकारी लेते पुलिस अधिकारी। ● अमृत विचार

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 925 फ्लैग 1035 डीएमओ 825 बोल्ड 1100, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 920 फ्लैग 1070 बोल्ड 1120 डीएमओ 840।

## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन**-तुलसी 2075, राज श्री 1410, फ़ॉर्चून कि. 1775, रविन्द्रा 1990, फॉर्चुन ली. 1625, जय जवान 1525, सचिन 1535, सूरज 1550, अवसर 1655, राग गोल्ड 1615, गृहणी 1510, क्लासिक (किलो) 1715, मोर 1590, चक्र टिन 1890, ब्लू 1630, आशीर्वाद मस्टर्ड 1925, स्वास्तिक 2045, **किराना (प्रतिकु.)**-हल्दी निजामाबाद 19500, जीरा 35500, लाल मिर्च 20000-25500, धनिया 9000-11000, अजवायान 16000-24000, मेथी 7400, सौंफ 9000-13000, सोंठ 41000, (प्रति कि.) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 650-950, **चावल (प्रति कु.)**-डबल चाबी सेला 10150, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5150, शर्बती स्टीम 5200, डायमंड मंसूरी 4700, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9300, राजभोग 7350, हरी पत्ती (1 किलो, 5 किलो) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4700, खजाना 4700, **दाल दलहन**-मूंग दाल इंदौर 10900, मूंग धोवा काला क्राउन 10800, राजमा चित्रा 13700-14600, राजमा भूटान नया 12300, मलका काली 6950-7400 मलका दाल 7575-7900, मलका छाँटी 7450, दाल उड़द बिलासपुर 10200-10900, मसूर दाल छोटी 8900-9500, दाल उड़द दिल्ली 12200, उड़द साबुत दिल्ली 11900, उड़द धोवा इंदौर 13900, उड़द धोवा 11900-12900, दाल चना 8500, लाल हिंदुस्तान 8600, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 9000, चना अकोला 8200, डबरा 9000-11500, सच्चा हीरा 10600, मोटा हीरा 11900, अरहर गोला मोटा 15400, अरहर पटका मोटा 16100, अरहर कोरा मोटा 16400, अरहर पटका छोटा 16000-16200, अरहर कोरी छोटी 17200, **चीनी**-डालमियां 4060, पीलीभीत 4040, नवाबगंज 4030, बहेड़ी (नई) 4040 रुपये।

# मलिहाबादी दशहरी का दीवाना हुआ जर्मनी

## इंडो-जर्मन सरकार के सहयोग से ग्लोबल गैप दूर करके पहले निर्यात के लिए पसंद आया आम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- आज जर्मन के राजदूत व अपर कृषि सचिव टीम के साथ मलिहाबाद का करेंगे भ्रमण
- निर्यात करने वाले 10 बागवानों को प्रोत्साहित करके उनसे और निर्यात की करेंगे मांग

**अमृत विचार :** इंडो-जर्मन सरकार के सहयोग से यूरोपीय देशों में लखनऊ के मलिहाबादी दशहरी आम के निर्यात की राह आसान हो गई है।

एग्री कल्चर मार्केटिंग डेवलपमेंट (एएमडी) प्रोडेक्ट के तहत ग्लोबल गैप दूर करके पहली बार 14 जून को जर्मनी गया आम वहां के लोगों को खूब भाया है और बराबर निर्यात के लिए बुधवार को जर्मन के राजदूत डॉ. फिलिप एकरमैन, अपर कृषि सचिव फैज अहमद किदवई (कृषि मंत्रालय) टीम के साथ मलिहाबाद आएंगे। जो एग्री कल्चर मार्केटिंग डेवलपमेंट और कृषि विपणन एवं कृषि विदेश व्यापार निदेशालय के अधिकारियों के साथ बागों का भ्रमण करके आमों की विशेषता जानेंगे। साथ ही आम निर्यात करने वाले 10 बागवानों को प्रोत्साहित करके उनसे और निर्यात की मांग करेंगे।

**जर्मनी ने दिया था ग्लोब गैप का प्रशिक्षणः** यूरोपीय देशों में कृषि उत्पाद के कठिन निर्यात के मानकों के कारण फल और सब्जियों का निर्यात नहीं होता है। इसे ग्लोबल गैप कहते हैं, जिसे दूर करने के लिए जनवरी में जर्मनी के विशेषज्ञों ने लखनऊ समेत 14 जिलों के 25 एफपीओ को फल और सब्जी के लिए ग्लोबल गैप का विश्व स्तरीय प्रशिक्षण दिया था। प्रशिक्षण में उत्पाद की गुणवत्ता, आयात-निर्यात की जानकारी, लाइसेंस व कीटनाशक दवाओं के मानक व इस्तेमाल करना, बाजार की पहचान, पैकिंग आदि तौर-तरीके सिखाकर ग्लोबल गैप का प्रमाण पत्र दिया था। इसमें आम यूरोप के मानकों में खरा उतरा है। इसी तरह एएमडी सब्जियों का निर्यात कराएगा।

### इन एफपीओ को मिला था प्रशिक्षण



लखनऊ से निराला हर्बल बायो इनर्जी, सेक्रथ अर्थ बायो इनर्जी, नवज्योति किसान, इरादा बायो किसान फार्मर, मित्र जीवन बायो इनर्जी, जेवीकेएस बायो इनर्जी, टफारी फार्मर, रिस्ता फार्मर, पे अमृत आर्गेनिक, नवयुग फार्मर, अलीगढ़ से कोमलिका फार्मर, ओजोन फार्म, बलिया से दिदयम बायो इनर्जी, फतेहपुर से प्रगतिशील कृषक, ललितपुर से विकास पथ एग्रो, कासगंज से मेडिएरोमा एग्रो, उन्नाव औरास फार्मर, बाराबंकी से रामआसरे एग्रो, गाजीपुर से शिवांस कृषि, मेरठ से नीर आदर्श आर्गेनिक फार्मर, एटा से एग्री फार्म फ्रेश फार्मर, झांसी से उल्दन एग्रीकल्चर, रामपुर से रामपुर कृषक फार्मर, कानपुर देहात से एसआरएमजी प्रोड्यूसर व कृषक विकास प्रोड्यूसर कंपनी।

> लखनऊ के मैंगो पैक हाउस से पहली बार 1300 किलो मलिहाबादी दशहरी आम जर्मनी निर्यात किया है। इसका स्वाद वहां के लोगों को खूब पंसद आया है। अब किसी भी यूरोपीय देश में आम भेज सकते हैं।
>
> **-संजय कुमार,** सहायक निदेशक, कृषि विपणन एवं कृषि विदेश व्यापार निदेशालय।

# भारत खनिज ब्लॉक के लिए अफ्रीका लैटिन अमेरिका के साथ कर रहा बातचीत

नई दिल्ली, एजेंसी

- खान मंत्रालय की संयुक्त सचिव ने दी जानकारी

खान मंत्रालय की संयुक्त सचिव वीना कुमारी डरमल ने मंगलवार को कहा कि भारत महत्वपूर्ण खनिज ब्लॉक को सरकार-से-सरकार आधार पर हासिल करने के लिए अफ्रीका के साथ-साथ लैटिन अमेरिका के देशों के साथ बातचीत कर रहा है। लिथियम जैसे महत्वपूर्ण खनिज आज की तेजी से बढ़ती स्वच्छ ऊर्जा प्रौद्योगिकियों में आवश्यक घटक हैं, जिनमें पवन टर्बाइन, बिजली तंत्र तथा इलेक्ट्रिक वाहन शामिल हैं।

स्वच्छ ऊर्जा में तेजी से हो रहे बदलाव के साथ इन खनिजों की मांग भी तेजी से बढ़ रही है। भारत ऊर्जा भंडारण गठबंधन (आईईएसए) द्वारा आयोजित भारत ऊर्जा भंडारण सप्ताह (आईईएसडब्ल्यू) 2024 में डरमल ने कहा-हम सरकार से सरकार (जी2जी) के आधार पर या प्राथमिकता के आधार पर ब्लॉक प्राप्त करने के लिए अफ्रीका के साथ-साथ लैटिन अमेरिका के कई अन्य संसाधन संपन्न देशों के साथ चर्चा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि खान मंत्रालय भारत में महत्वपूर्ण खनिजों की खोज को अधिक से अधिक महत्व दे रहा है। संयुक्त सचिव ने कहा कि घरेलू मोर्चे पर सरकार ने छत्तीसगढ़ में एक लिथियम ब्लॉक की सफलतापूर्वक नीलामी की है। उन्होंने उम्मीद जतायी कि छत्तीसगढ़ सरकार जल्द ही लिथियम ब्लॉक से अन्वेषण तथा उत्पादन शुरू करने के लिए कदम उठाएगी।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 90,300 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 95,000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 100000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 73,750 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 55,000-55,200 |

**लखनऊ**

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 72,550 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 72,400 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 89,000 |
| चांदी तैयार | 89,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |

**बरेली**

| | |
|---|---|
| सोना जेवरात पक्के | 72,400 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 71,400 |
| चांदी पक्की | 885 (अनुमानित) |

**मुरादाबाद**

| | |
|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 72,600 |
| चांदी आभूषण | 89,400। |

## हल्द्वानी मंडी

**चावल**-शरबती 5400 मसूरी 4800-5000 बासमती 9000-9500 परमल 3500, **दाल दलहन**-काला चना 7400-7800 साबुत चना दाल 6500-7600 मूंग साबुत 10300- 10500 राजमा 11500-16000 दाल उड़द 10600-11200 साबुत मसूर दाल 7500- 7600 मसूर दाल 8000-8500 उड़द साबुत 11500 काबुली चना 12000 अरहर दाल- 16000-17000 लोबिया/करमानी 8500-8700 सोयाबीन 4400 मूंगफली 11700 मटर (सूखी) 5200-5300 मक्का 3000 ( दाम प्रति क्विंटल में)।

## मुरादाबाद मंडी

**दालों का भाव**-दाल चना : 75 से 78 रुपये मसूर : 60 से 68 रुपये मलका : 62 से 68 रुपये अरहर : 140 से 150 रुपये उड़द : 100 से 110 रुपये धोआ उड़द : 110 से 130 रुपयेमूंग धोआ : 104 -106 रुपये मूंग छिलका : 95 से105 रुपये मूंग साबुत : 90 से 105 रुपये।

# गैर-शुल्क बाधाओं के बारे में जानकारी जुटाने के लिए पोर्टल बना रही सरकार

नई दिल्ली, एजेंसी

वाणिज्य मंत्रालय निर्यातकों के सामने आने वाली गैर-शुल्क बाधाओं (एनटीबी) को दर्ज करने और उनके समाधान के लिए संबंधित देशों के साथ बातचीत करने के लिए एक मंच तैयार कर रहा है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को यह बात कही।

फिलहाल खास तौर पर छोटी वस्तुओं के लिए इन व्यापार बाधाओं से संबंधित सूचना मौजूद नहीं है। वरिष्ठ अधिकारी ने कहा-हम एक पोर्टल बना रहे हैं ताकि सभी गैर-शुल्क बाधाओं को प्राथमिकता दे सकें। इस पोर्टल पर कारोबारी अपनी शिकायतें दर्ज करा सकेंगे और मंत्रालय उस पर आगे की कार्रवाई करेगा। जिन मामलों में गैर-शुल्क बाधा बड़ी मात्रा में उत्पादों के व्यापार पर असर डाल रही है, उनके निवारण और कार्रवाई के लिए उन्हें प्राथमिकता दी जाएगी।

आर्थिक शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने एक रिपोर्ट में कहा है कि अमेरिका, चीन एवं जापान जैसे देशों में घरेलू निर्यातकों को गैर-शुल्क बाधाओं का सामना करना पड़ रहा है।

# सेबी ने हिंडनबर्ग को भेजा कारण बताओ नोटिस

नई दिल्ली, एजेंसी

- अमेरिकी कंपनी ने इसे बेतुका तथा डराने का प्रयास बताया

भारतीय पूंजी बाजार नियामक सेबी ने अमेरिकी 'शॉर्ट-सेलर' एवं निवेश शोध कंपनी हिंडनबर्ग रिसर्च को अडाणी समूह के शेयरों पर दांव लगाने में कथित उल्लंघन को लेकर किए दावों को लेकर कारण बताओ नोटिस जारी किया है। हिंडनबर्ग ने अडाणी समूह पर शेयरों के भाव में हेराफेरी और वित्तीय गड़बड़ियों का आरोप लगाते हुए एक रिपोर्ट जारी की थी।

अमेरिकी कंपनी ने बताया कि भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने उसे कारण बताओ नोटिस भेजा है। उसने इस नोटिस को बेतुका और पूर्व-निर्धारित उद्देश्य की पूर्ति के लिए गढ़ा गया बताया। उसने कहा कि यह भारत में सबसे शक्तिशाली लोगों द्वारा किए गए भ्रष्टाचार और धोखाधड़ी को उजागर करने वालों को चुप कराने तथा डराने का प्रयास है। अमेरिकी कंपनी ने कहा कि कारण बताओ नोटिस से कुछ प्रश्नों का समाधान हो गया है, क्या हिंडनबर्ग ने अडाणी को नुकसान पहुंचाने के लिए दर्जनों कंपनियों के साथ काम किया, जिससे करोड़ों डॉलर कमाए? नहीं ...हमारे पास एक निवेशक साझेदार था और लागतों के बाद हम शायद ही अदाणी शॉर्ट पर ब्रेक-ईवन से ऊपर आ पाएं।

### कोटक ने लाभ दिलाने के लिए विदेशी कोष बनाया: हिंडनबर्ग

अमेरिकी निवेश और शोध कंपनी हिंडनबर्ग रिसर्च ने दावा किया है कि उद्योगपति उदय कोटक द्वारा गठित बैंक और 'ब्रोकरेज' कंपनी ने विदेशी कोष बनाया और उसका रखरखाव किया तथा इस कोष का उपयोग 'अज्ञात निवेशक' ने अडाणी समूह के शेयरों में गिरावट से लाभ उठाने के लिए किया। हिंडनबर्ग ने जनवरी, 2023 में अदाणी समूह पर शेयरों के भाव में हेराफेरी और वित्तीय गड़बड़ियों का आरोप लगाते हुए एक रिपोर्ट जारी की थी।

## राष्ट्रीय

# संसद की ओर मार्च करने का प्रयास कर रहे छात्र हिरासत में

## नीट-यूजी विवादः केंद्रीय शिक्षा मंत्री को बर्खास्त करो और एनटीए को खत्म करो जैसे लगा रहे थे नारे

नई दिल्ली, एजेंसी

कई प्रतियोगी परीक्षाओं में अनियमितताओं के विरोध में संसद की ओर मार्च करने का प्रयास कर रहे 12 से अधिक छात्रों को मंगलवार को हिरासत में लिया गया।

इंडिया अगेंस्ट एनटीए के बैनर तले विभिन्न संगठनों से जुड़े छात्र यहां पटेल चौक मेट्रो स्टेशन पर एकत्र हुए और एनटीए विरोधी नारे लगाने लगे। केंद्रीय शिक्षा मंत्री को बर्खास्त करो और एनटीए को खत्म करो जैसे नारे लिखे पोस्टर और बैनर लेकर छात्रों ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा में पेपर लीक और भ्रष्टाचार के कथित मामलों के खिलाफ प्रदर्शन किया। दिल्ली पुलिस ने प्रदर्शनकारी छात्रों को उस समय हिरासत में ले लिया, जब वे अपनी मांगों को लेकर संसद की ओर मार्च करने की कोशिश कर रहे थे। एक पुलिस अधिकारी ने बताया, प्रेस क्लब में संवाददाता सम्मेलन करने के बाद छात्र पटेल चौक मेट्रो स्टेशन पर एकत्र हुए, जहां से उन्होंने संसद की ओर मार्च करना शुरू किया। ऐसा करने की कोशिश कर रहे 12 से अधिक छात्रों को हिरासत में लिया गया है।




नई दिल्ली में परीक्षाओं में अनियमितताओं के विरोध में संसद की ओर मार्च करतीं छात्राएं। • एजेंसी

### छात्र संगठनों ने नीट विवाद को लेकर केंद्र की आलोचना की

विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के घटक दलों के छात्र संगठनों ने मंगलवार को नीट-यूजी में कथित अनियमितताओं को लेकर भाजपा नीत केंद्र सरकार की आलोचना की और मेडिकल प्रवेश परीक्षा में शामिल हुए सभी 24 लाख उम्मीदवारों के लिए दोबारा परीक्षा आयोजित किये जाने की अपनी मांग दोहरायी। यहां प्रेस क्लब में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में छात्र संगठनों के राष्ट्रीय नेताओं ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित परीक्षा में विसंगतियों के खिलाफ एक साझा प्रस्ताव पर हस्ताक्षर किए और निष्पक्ष परीक्षा आयोजित कराने में विफल रहने के कारण परीक्षा एजेंसी को समाप्त करने की मांग पर जोर दिया। संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में वाम समर्थित ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन (आइसा), स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) और ऑल इंडिया स्टूडेंट्स फेडरेशन (एआईएसएफ) सहित समाजवादी छात्र सभा और कांग्रेस की छात्र शाखा भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) सहित छात्र संगठनों के राष्ट्रीय नेता मौजूद थे। उन्होंने आरोप लगाया कि एनटीए की "निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से परीक्षा आयोजित करने में असमर्थता" के कारण लाखों छात्रों का भविष्य खतरे में है और उन्होंने मांग की कि सभी उम्मीदवारों के लिए राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट)-स्नातक की नयी तारीखें तुरंत जारी की जाएं।

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित परीक्षाओं राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी), नीट-पीजी (स्नातकोत्तर) और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (यूजीसी नेट) में अनियमितता को लेकर इंडिया अगेंस्ट एनटीए के बैनर तले विभिन्न छात्र संगठन यहां जंतर-मंतर पर अनिश्चितकालीन धरना दे रहे हैं।

# नीट विवाद : न्यायालय आठ को याचिकाओं पर करेगा सुनवाई

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय विवादों से घिरी मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी से जुड़ी याचिकाओं पर आठ जुलाई को सुनवाई करेगा। इनमें पांच मई को हुई परीक्षा में अनियमितताओं का आरोप लगाने वाली तथा इसे नए सिरे से कराए जाने का अनुरोध करने वाली याचिकाएं भी शामिल हैं। उच्चतम न्यायालय की वेबसाइट पर आठ जुलाई के लिए अपलोड की गयी वाद सूची के अनुसार, प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला तथा न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ 26 याचिकाओं पर सुनवाई करेगी। देश भर के संस्थानों में एमबीबीएस, बीडीएस, आयुष और अन्य संबंधित पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए एनटीए द्वारा राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) परीक्षा आयोजित की जाती है।

# बिहार सरकार ने आरक्षण पर कोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में दी चुनौती

नई दिल्ली,एजेंसी

बिहार सरकार ने आरक्षण कानून में संशोधन को खारिज करने संबंधी पटना उच्च न्यायालय के फैसले को उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी है। संशोधित कानून के तहत नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली राज्य सरकार ने दलितों, आदिवासियों और पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण 50 प्रतिशत से बढ़ाकर 65 प्रतिशत करने का प्रावधान किया था।

उच्च न्यायालय ने 20 जून के अपने फैसले में कहा था कि पिछले साल नवंबर में राज्य विधानमंडल द्वारा सर्वसम्मति से पारित किए गए संशोधन संविधान के प्रतिकूल हैं और यह समानता के (मूल) अधिकार का हनन करता है। राज्य की याचिका अधिवक्ता मनीष कुमार के माध्यम से उच्चतम न्यायालय में दायर की गई है। उच्च न्यायालय की एक पीठ ने बिहार में सरकारी नौकरियों में रिक्तियों में आरक्षण (अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों के लिए) (संशोधन) अधिनियम, 2023 और बिहार (शैक्षणिक संस्थानों में दाखिले में) आरक्षण (संशोधन) अधिनियम, 2023 को चुनौती देने वाली कई याचिकाओं को मंजूर कर लिया था। उच्च न्यायालय ने 87 पन्नों के विस्तृत आदेश में स्पष्ट किया कि उसे कोई भी ऐसी परिस्थिति नजर नहीं आती जो राज्य को इंदिरा साहनी मामले में उच्चतम न्यायालय द्वारा निर्धारित आरक्षण की 50 प्रतिशत की सीमा का उल्लंघन करने में सक्षम बनाती हो।

## एक नजर

### धनखड़ और खरगे के बीच हुआ वाकयुद्ध

**नई दिल्ली।** राज्यसभा में मंगलवार को जगदीप धनखड़ और मल्लिकार्जुन खरगे के बीच उस समय कुछ देर के लिए वाकयुद्ध छिड़ गया जब सभापति ने व्यंग्यात्मक लहजे में कहा कि वरिष्ठ सदस्य जयराम रमेश को विपक्ष के नेता का स्थान ग्रहण कर लेना चाहिए। धनखड़ ने सदन की कार्यवाही के दौरान बार-बार टोका-टोकी करने का प्रयास कर रहे कांग्रेस सांसद जयराम रमेश को अनुशासित करने के प्रयास के तहत यह बात कही थी।

### हथियार व गोला बारूद का जखीरा बरामद

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में सुरक्षा बलों ने हथियारों और गोला-बारूद का जखीरा बरामद किया। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी साझा की। अधिकारियों ने कहा कि कुपवाड़ा पुलिस के विशिष्ट सूचना के आधार पर नंगारी जंगल, दर्दपोरा क्रालपोरा इलाके में सुरक्षा बलों द्वारा एक संयुक्त तलाशी अभियान शुरू किया गया था। इस दौरान सुरक्षा बलों ने बड़ी मात्रा में हथियार, गोला-बारूद और विस्फोटक सामान बरामद किए हैं। अधिकारियों ने कहा, तलाशी अभियान के दौरान आठ एके मैगजीन, 445 कारतूस, तीन मैगजीन के साथ एक पिस्तौल, 13 पिस्तौल कारतूस और एक हथगोला बरामद किया गया।

# हम नए आपराधिक कानूनों पर नहीं करेंगे टिप्पणी : चंद्रचूड़

नई दिल्ली, एजेंसी

- प्रधान न्यायाधीश बोले-इन कानूनों से उत्पन्न मुद्दे उच्चतम न्यायालय में हैं लंबित



तीन नए आपराधिक कानूनों को लेकर जारी बहस के बीच भारत के प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ ने मंगलवार को इन पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया और कहा कि इन कानूनों से उत्पन्न मुद्दे उच्चतम न्यायालय में लंबित हैं।

तीन नए कानून भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएसए) एक जुलाई से पूरे देश में लागू हो गए और इन कानूनों ने क्रमशः भारतीय दंड संहिता, दंड प्रक्रिया संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम का स्थान लिया। हाल ही में नए कानूनों पर रोक लगाने की मांग करते हुए शीर्ष अदालत में एक जनहित याचिका दायर की गई थी। इसमें इन कानूनों में कुछ प्रावधानों की संवैधानिक वैधता को चुनौती दी गई है। दिल्ली में निचली अदालत की नई इमारतों के लिए कड़कड़डूमा, शास्त्री पार्क और रोहिणी में शिलान्यास समारोह के बाद मीडिया से बातचीत में प्रधान न्यायाधीश ने कहा-ये मुद्दे उच्चतम न्यायालय में विचाराधीन हैं, हो सकता है कि अन्य उच्च न्यायालयों में भी लंबित हों। इसलिए मुझे ऐसी किसी चीज पर नहीं बोलना चाहिए, जिसके अदालत के समक्ष आने की संभावना हो। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि अदालतें केवल संविधान का पालन करती हैं और वादकारियों के अलावा किसी और की सेवा नहीं करती हैं। उन्होंने कहा, हमारी अदालतें केवल संप्रभु सत्ता का केंद्र नहीं हैं, बल्कि आवश्यक सार्वजनिक सेवा प्रदाता भी हैं।

**जलवायु परिवर्तन को नजरंदाज नहीं किया जा सकताः** सीजेआई डी वाई चंद्रचूड़ ने दिल्ली में हाल में पड़ी भीषण गर्मी के बाद भारी बारिश की ओर इशारा करते हुए मंगलवार को कहा कि जलवायु परिवर्तन को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता और कार्बन उत्सर्जन को कम करने के लिए हरित जीवन शैली अपनाने की आवश्यकता है।

# कोर्ट ने कविता को षडयंत्रकारियों में से एक करार दिया

नई दिल्ली, एजेंसी

**आबकारी घोटाला**

दिल्ली उच्च न्यायालय ने कथित शराब घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार एवं धनशोधन के दो मामलों में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) नेता के. कविता को जमानत देने से इनकार करते हुए कहा कि प्रथम दृष्टया वह दिल्ली आबकारी नीति 2021-22 तैयार करने और इसके क्रियान्वयन की आपराधिक साजिश के मुख्य षडयंत्रकारियों में से एक हैं।

उच्च न्यायालय ने जांच एजेंसियों द्वारा एकत्रित सामग्री का अवलोकन करते हुए कहा कि कविता प्रथम दृष्टया विभिन्न प्रक्रियाओं में रिश्वत के भुगतान और अपराध की आय से संबंधित विभिन्न प्रक्रियाओं और धनशोधन के अपराध में शामिल थीं। अदालत ने कहा कि अभी नियमित जमानत देने का कोई मामला नहीं बनता क्योंकि जांच महत्वपूर्ण चरण में है। दिल्ली उच्च न्यायालय ने महिला होने के आधार पर राहत के लिए कविता की याचिका खारिज कर दी और कहा कि एक सुशिक्षित और एक पूर्व सांसद के रूप में उनकी तुलना एक कमजोर महिला से नहीं की जा सकती और अदालत उनके खिलाफ गंभीर आरोपों को नजरअंदाज नहीं कर सकती है।

# नए आपराधिक कानूनों को वापस लेने का दिल्ली बार काउंसिल का अनुरोध

**नई दिल्ली।** दिल्ली बार काउंसिल ने एक जुलाई से लागू तीन नए आपराधिक कानूनों को वापस लेने का अनुरोध मंगलवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से किया। दिल्ली बार काउंसिल के उपाध्यक्ष संजीव नसियार ने कहा कि नए कानून लागू होने के समय पूर्ववर्ती सरकार का कार्यकाल समाप्त हो चुका था। नसियार ने देते हुए कहा, संवैधानिक औचित्य के रूप में इन कानूनों को नई निर्वाचित संस्थाओं की मंजूरी और अनुमोदन के बिना बदली हुई परिस्थितियों में लोगों पर नहीं थोपा जा सकता।इसमें कोई संदेह नहीं है कि ये संशोधन संवैधानिक सिद्धांतों और उच्चतम न्यायालय के फैसले की पूरी तरह से अवहेलना करते हैं। उन्होंने कहा, पुलिस हिरासत की अवधि को 15 दिनों से बढ़ाकर 60/90 दिन करने को कम से कम कहने के लिए तो दमनकारी है।

# बाढ़ से 6 .71 लाख लोग प्रभावित, 13 मछुआरों को वायुसेना ने बचाया

गुवाहाटी, एजेंसी

**असम में बाढ़ का कहर**

असम में बाढ़ की स्थिति मंगलवार को भी गंभीर बनी रही और इस साल बाढ़ की दूसरी लहर में 20 जिलों में 6.71 लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। भारतीय वायुसेना (आईएएफ) ने गंभीर रूप से प्रभावित डिब्रूगढ़ जिले से 13 फंसे हुए मछुआरों को बचाया है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

एक आधिकारिक बुलेटिन में कहा गया है कि ब्रह्मपुत्र सहित कम से कम 13 प्रमुख नदियां विभिन्न स्थानों पर खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं तथा कई जिलों में भारी से बहुत भारी वर्षा की चेतावनी जारी की गई है। असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एएसडीएमए) के अनुरोध पर डिब्रूगढ़ के हटिया अली से बाढ़ के पानी में फंसे मछुआरों को बचाया गया। अधिकारी ने कहा-एएसडीएमए ने भारतीय वायुसेना से फंसे हुए 13 मछुआरों को हवाई मार्ग से बाहर निकालने का अनुरोध किया। इसका सारा खर्च एएसडीएमए द्वारा वहन किया जाएगा। भारतीय वायुसेना ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर बचाव अभियान से संबंधित तस्वीरें साझा करते हुए लिखाः "वायुसेना ने असम के डिब्रूगढ़ के उत्तर में बाढ़ग्रस्त ब्रह्मपुत्र के एक छोटे से द्वीप से 13 लोगों को बचाया।



असम के मोरीगांव जिले में भारी बारिश के बाद बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में यात्रा करने के लिए नाव का उपयोग करते ग्रामीण। • एजेंसी

दो जुलाई 2024 को सूर्योदय के बाद, एएफएस मोहनबाड़ी से एक एमआई-17 IV हेलीकॉप्टर ने चुनौतीपूर्ण मौसम की स्थिति में उड़ान भरी और दलदली भूमि से बचाव अभियान चलाया। इसमें कहा गया है कि पायलट और फ्लाइट गनर के समन्वित प्रयासों से 13 बचे लोगों को शीघ्र और सुरक्षित विमान में चढ़ाना सुनिश्चित हुआ।

वायुसेना ने कहा कि बचाव के बाद मछुआरों को आपातकालीन प्राथमिक उपचार प्रदान किया गया। इससे पहले रविवार को, भारतीय वायुसेना ने धेमाजी जिले के जोनाई से राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) के आठ कर्मियों और एक राजस्व अधिकारी को बचाया था। ये लोग राहत अभियान के दौरान चार इलाके में फंस गए थे। बाढ़ की मौजूदा लहर में डिब्रूगढ़ जिला बुरी तरह प्रभावित हुआ है और ऊपरी असम का यह प्रमुख शहर लगातार छह दिन से जलमग्न है।

## खेल डायरी

### जमशेदपुर, शिलॉग डूरंड कप के नए मेजबान होंगे

**कोलकाता।** भारतीय फुटबॉल के घरेलू सत्र का पहला टूर्नामेंट डूरंड कप 27 जुलाई से 31 अगस्त तक चार स्थानों पर आयोजित किया जाएगा, जिसमें इंडियन सुपर लीग, आई-लीग और अन्य आमंत्रण टीमें प्रतिस्पर्धा करेंगी। एशिया के सबसे पुराने टूर्नामेंट के 133वें सत्र में राउंड-रॉबिन लीग और नॉकआउट प्रारूप में 43 मैच खेले जाएंगे, जिसमें शुरुआती और फाइनल मुकाबला कोलकाता के प्रतिष्ठित विवेकानन्द युवा भारती क्रीडांगन (साल्टलेक स्टेडियम) में खेला जाएगा। टूर्नामेंट में 24 टीमें भाग लेगी जिन्हें छह ग्रुप में बांटा गया है। हर ग्रुप की शीर्ष टीम के साथ अगली दो सर्वश्रेष्ठ टीमें क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई करेगी। आयोजकों ने मंगलवार को बताया कि पिछले साल की तरह इस बार भी विदेशी टीमें टूर्नामेंट का हिस्सा बनेंगी।

### हॉकी इंडिया पहली बार करेगा मास्टर्स कप की मेजबानी

**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने 40 साल से अधिक उम्र के पुरुष और महिला खिलाड़ियों के लिए मास्टर्स कप आयोजित करने की मंगलवार घोषणा की। इस टूर्नामेंट का मकसद अनुभवी हॉकी खिलाड़ियों के जुनून और कौशल का जश्न मनाने का है। हॉकी इंडिया से संबद्ध सभी राज्य सदस्य इकाइयां इस आयोजन में भाग लेने के लिए पात्र हैं। इस टूर्नामेंट में भाग लेने के इच्छुक 40 वर्ष से अधिक आयु के सभी पात्र खिलाड़ियों को अपनी संबंधित सदस्य इकाइयों से संपर्क करना होगा। इन खिलाड़ियों को हॉकी इंडिया की सदस्य इकाई की वेबसाइट के माध्यम से पंजीकरण करना होगा।

### भारत को ओलंपिक में पेनल्टी कॉर्नर गंवाने से बचना होगा : रस्किन्हा

**मुंबई।** पूर्व कप्तान वीरेन रस्किन्हा का मानना है कि अगर भारतीय पुरुष हॉकी टीम को आगामी पेरिस ओलंपिक में पोडियम पर पहुंचना है तो उसे अनावश्यक पेनल्टी कॉर्नर गंवाने की अपनी आदत से छुटकारा पाना होगा। आठ बार के स्वर्ण विजेता भारत ने तोक्यो ओलंपिक में कांस्य जीतकर 41 साल के सूखे को खत्म किया था। भारत पेरिस ओलंपिक में गत चैंपियन बेल्जियम, ऑस्ट्रेलिया, अर्जेंटीना, न्यूजीलैंड और आयरलैंड के साथ पूल बी में है। रस्किन्हा ने कहा अगर आप एक टीम के रूप में बचाव करते हैं और आक्रमण करते हैं, तो हर किसी को अपनी भूमिका निभानी होती है।

### चीन के बैडमिंटन खिलाड़ी की कोर्ट में मौत

**जकार्ता।** चीन के किशोर बैडमिंटन खिलाड़ी झांग झिजी की खेल के दौरान अचानक हृदयाघात से मौत हो गई। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार झांग झिजी की बैडमिंटन एशिया जूनियर चैंपियनशिप में खेल के दौरान गिर गए, बाद में खिलाड़ी को अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सको ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। रिपोर्ट के अनुसार इंडोनेशिया के बैडमिंटन एसोसिएशन अखिल इंडोनेशिया बैडमिंटन संघ (पीबीएसआई) ने कहा कि खिलाड़ी को खेलते समय दिल का दौरा पड़ा। देरी उपचार को लेकर अधिकारियों ने तीखी आलोचना हो रही है। पीबीएसआई के प्रवक्ता ने कहा कि मेडिकल टीमों को खेल के नियम के अनुसार कोर्ट में प्रवेश करने से पहले रेफरी की अनुमति की आवश्यकता होती है इसलिए मेडिकल टीम तुरन्त कोर्ट में नहीं पहुंच सकी। पीबीएसआई अब महासंघ से इस नियम का पुनर्मूल्यांकन करेगा ताकि इस तरह की परिस्थिति तुरंत कार्रवाई जा सके।

### एआईएफएफ ने नेरोका और टीआरएयू के आईलीग से रेलीगेशन की पुष्टि की

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने मंगलवार को नेरोका एफसी और टीआरएयू एफसी के आईलीग से रेलीगेशन (निचली लीग में खिसकना) की पुष्टि की। मणिपुर के ये दोनों क्लब 2023-24 सत्र में अंतिम दो स्थान पर रहे। मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बिरेन सिंह ने आग्रह किया था कि तीन मई 2023 को राज्य में शुरू हुए जातीय संघर्ष को देखते हुए इम्फाल के इन दोनों क्लबों को रेलीगेशन से छूट दी जाए लेकिन इसके बावजूद अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने यह फैसला किया। एआईएफएफ ने कहा, अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ ने आईलीग 2023-24 में नियमों के अनुसार रेलीगेशन लागू करने का फैसला किया है। 13 टीम की प्रतियोगिता में नेरोका एफसी 14 अंक और टीआरएयू एफसी 13 अंक के साथ अंतिम दो स्थान पर रहे और रेलीगेट हो गए। मोहम्मडन स्पोर्टिंग की टीम 52 अंक के साथ चैंपियन बनी।

# आखिरी चार में प्रज्ञानानंदा और गुकेश लगाएंगे जोर

**सुपरबेट क्लासिक शतरंज**

बुकारेस्ट (रोमानिया), एजेंसी

ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा और डी गुकेश सुपरबेट क्लासिक शतरंज टूर्नामेंट में एक दिन के विश्राम के बाद जब छठे दौर के मुकाबल में उतरेंगे तो तालिका में शीर्ष पर पहुंचने के लिए उन्हें आखिरी के चार दौर में अपने खेल के स्तर को और ऊंचा उठाना होगा।

नौ दौर के टूर्नामेंट में पांच दौर के बाद दोनों भारतीय तीन-तीन अंकों के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर हैं। अमेरिका के फैबियानो कारूआना उनसे आधा अंक आगे तालिका में शीर्ष पर है। फ्रांस के अलिरेजा फिरोजा और मैक्सिम वाचिएर-लाग्रेव, रूस के इयान नेपोम्नियाचची और अमेरिक के वेस्ले सो 2.5 अंकों के साथ चौथे स्थान पर हैं। यह चारों खिलाड़ी नीदरलैंड के अनीश गिरी और उजबेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसात्तोरोव से आधा अंक आगे हैं। स्थानीय खिलाड़ी डीक बोगदान-डेनियल 1.5 अंकों के साथ तालिका में सबसे नीचे हैं। प्रज्ञानानंदा टूर्नामेंट में अब तक अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने में नाकाम रहे है और बेहतर स्थिति में होने के बावजूद उन्होंने कुछ मुकाबलों को ड्रॉ खेला है।

# हताश हूं, इस हार को पचाना मुश्किल : मिलर

जोहानिसबर्ग, एजेंसी

टी-20 विश्व कप के फाइनल में भारत से मिली करीबी हार से निराश डेविड मिलर ने कहा कि इस परिणाम को पचा पाना मुश्किल है। बाएं हाथ के इस आक्रामक बल्लेबाज ने हालांकि उम्मीद जताई कि उनकी टीम इस हार के गम को भुला कर मजबूत वापसी करेगी।



दक्षिण अफ्रीका ने इस विश्व कप में चोकर्स के ठप्पे को काफी हद तक पीछे छोड़ते हुए बिना कोई मैच गंवाए फाइनल में जगह पक्की की थी। शनिवार को बारबाडोस में खेले गये फाइनल में उसे भारत से सात रन की शिकस्त मिली मिलर ने इंस्टाग्राम पर लिखा मैं बहुत निराश हूं, दो दिन पहले जो हुआ उसके पचा पाना काफी कठिन है। मेरे पास अपनी भावनाओं को बयां करने के लिए शब्द नहीं है। मुझे हालांकि इस टीम पर बेहद गर्व है। फाइनल से पहले दक्षिण अफ्रीका ने अपने अभियान में कई करीबी मैचों में जीत दर्ज की लेकिन टीम खिताबी मुकाबले में जीत के करीब होने के बाद आखिरी पांच ओवर में दबाव में आ गई। मिलर ने कहा इस टूर्नामेंट में हमारा सफर शानदार रहा। हमने पूरे महीने कई उतार-चढ़ाव देखे। हमने पीड़ा सही है। मैं हालांकि जानता हूं कि इस टीम में जज्बा है और वह अपना स्तर ऊंचा करती रहेगी। दक्षिण अफ्रीका को आखिरी पांच ओवर में 30 रन चाहिए थे लेकिन जसप्रीत बुमराह और हार्दिक पंड्या की शानदार गेंदबाजी ने मैच के रुख को भारत की ओर मोड़ दिया। पंड्या ने आक्रामक बल्लेबाजी करने वाले हेनरिच क्लासेन को आउट किया तो वही बुमराह ने मार्को यानसेन को चलता किया। आखिरी ओवर में दक्षिण अफ्रीका को 16 रनों की जरूरत की लेकिन पंड्या की पहली गेंद पर सूर्यकुमार यादव ने लांग ऑफ बाउंड्री के पास मिलर का शानदार कैच लपक कर मैच पर भारत का नियंत्रण बना दिया।

## द्रविड़ ने खुलासा किया, एकदिवसीय विश्व कप में हार के बाद रोहित ने कैसे पद छोड़ने से रोका, बोले- शुक्रिया रो

# ... तो ऐतिहासिक पल का हिस्सा न होता

ब्रिजटाउन (बारबडोस), एजेंसी



- अपने विदाई भाषण में के वक्त भावुक हुए भारतीय टीम के निवर्तमान मुख्य कोच राहुल द्रविड़
- वनडे विश्व कप के साथ ही समाप्त हो गया था द्रविड़ का कार्यकाल, फिर से नहीं किया आवेदन

भारतीय क्रिकेट टीम के निवर्तमान मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने यहां टी-20 विश्व चैंपियन बनने के बाद टीम को दिए अपने विदाई भाषण में खुलासा किया कि अगर उन्हें एकदिवसीय विश्व कप फाइनल में हार के बाद पद पर बने रहने का अनुरोध करते हुए कप्तान रोहित शर्मा का फोन नहीं आया होता तो वह इतिहास का हिस्सा नहीं होते। द्रविड़ का कार्यकाल एकदिवसीय विश्व कप के साथ समाप्त हो गया था। भारत लगातार 10 मैच जीतने के बाद फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से हार गया था। कोचिंग स्टाफ को हालांकि शनिवार को समाप्त हुए टी-20 विश्व कप के अंत तक विस्तार मिला था।

भारत ने द्रविड़ के मार्गदर्शन में अपना दूसरा टी-20 विश्व कप जीता लेकिन उन्होंने इस भूमिका में बने रहने के लिए फिर से आवेदन नहीं किया। उन्होंने शनिवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ फाइनल में टीम की सात रन की जीत के बाद केनसिंग्टन ओवल ड्रेसिंग रूम में अपने भाषण के दौरान कोच के रूप में बने रहने का आग्रह करने में रोहित की भूमिका का उल्लेख किया। द्रविड़ ने मंगलवार को बीसीसीआई द्वारा साझा किए गए एक वीडियो में कहा, रो (रोहित) नवंबर में मुझे फोन करने और टीम के साथ जुड़े रहने के लिए कहने के लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। मुझे लगता है कि आप सभी के साथ काम करना मेरे लिए सौभाग्य और खुशी की बात है, लेकिन रो, समय देने के लिए भी धन्यवाद... हमने बातचीत करने, चर्चा करने, सहमत होने और असहमत होने में बहुत समय बिताया लेकिन आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। उन्होंने कहा, आप सभी को ये पल याद होंगे। हम हमेशा कहते हैं, यह रनों के बारे में नहीं है, यह विकेटों के बारे में नहीं है, आप अपने करियर को कभी याद नहीं रखते हैं, लेकिन आप इस तरह के पलों को याद रखते हैं, इसलिए आओ और इसका लुत्फ उठाओ। मैं आप लोगों पर बहुत गर्व करता हूं, जिस तरह से आपने वापसी की, जिस तरह से संघर्ष किया, जिस तरह से हमने एक टीम के रूप में काम किया... लचीलापन दिखाया। पिछले कुछ वर्षों में कुछ निराशा हुई, जहां हम करीब आए लेकिन कभी रेखा को पार नहीं कर पाए।

### बीसीसीआई और पर्दे के पीछे के लोगों के काम की सराहना की

द्रविड़ ने कहा आप सभी ने बहुत सारे बलिदान किए हैं, अपने परिवारों को आज यहां इसका आनंद लेते हुए देखने के लिए, आपके परिवार के कई सदस्य घर पर हैं, बस उन सभी बलिदानों के बारे में सोचें, जो आप अपने बचपन से लेकर अब तक ड्रेसिंग रूम का हिस्सा बनने के लिए करते आए हैं। आपके माता-पिता, आपकी पत्नी, आपके बच्चों, आपके भाई, आपके कोच, बहुत से लोगों ने बहुत सारे बलिदान किए हैं और इस पल में इस स्मृति का आनंद लेने के लिए आपके साथ बहुत मेहनत की है। आप लोगों के साथ इस स्मृति का हिस्सा बनने पर बहुत गर्व है। आमतौर पर मुखर रहने वाले द्रविड़ ने माना कि उनके पास कहने के लिए शब्द नहीं हैं लेकिन उन्होंने निवर्तमान कोचिंग स्टाफ के प्रति सम्मान के लिए टीम की प्रशंसा की। मेरे पास आमतौर पर शब्दों की कमी नहीं होती लेकिन आज जैसे दिन पर, जब मैं इसका हिस्सा बना, मैं आप सभी का, मेरे कोचिंग स्टाफ और मेरे सहयोगी स्टाफ के प्रति दिखाए गए सम्मान, दयालुपन और आपके प्रयासों के लिए जितना आभारी हूं, उतना कम है। द्रविड़ ने कहा एक बेहतरीन टीम के पीछे एक सफल संगठन भी होता है और हमें बीसीसीआई और पर्दे के पीछे के लोगों के काम की सराहना करनी चाहिए।

## जल्द होगी भारतीय टीम की घर वापसी

ब्रिजटाउन (बारबडोस), एजेंसी

- बारबडोस की प्रधानमंत्री को छह से 12 घंटे में हवाई अड्डे खुलने की उम्मीद

टी-20 विश्व चैंपियन भारतीय क्रिकेट टीम मंगलवार शाम को चार्टर विमान से स्वदेश रवाना होगी। बारबडोस की प्रधानमंत्री मिया मोटली ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि यहां हवाई अड्डा अगले छह से 12 घंटों में चालू हो जाएगा जिसे श्रेणी चार के तूफान के कारण बंद किया गया था।

रोहित शर्मा की अगुआई वाली टीम, उसका सहयोगी स्टाफ, बीसीसीआई के कुछ अधिकारी और खिलाड़ियों के परिवार तूफान बेरिल के कारण पिछले दो दिन से यहां फंसे हुए हैं। टीम ने शनिवार को फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को सात रन से हराकर खिताब जीता। एक सूत्र के अनुसार दल के ब्रिजटाउन से शाम छह बजे (स्थानीय समय) रवाना होने और बुधवार को शाम 7.45 बजे (भारतीय समयानुसार) पर दिल्ली पहुंचने की उम्मीद है। खिलाड़ियों को बाद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा सम्मानित किया जाएगा लेकिन इसके कार्यक्रम को अभी अंतिम रूप नहीं दिया गया है।

### लक्ष्मण के मार्गदर्शन में भारतीय टीम जिम्बाब्वे रवाना

**मुंबई।** राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) के प्रमुख वीवीएस लक्ष्मण के मार्गदर्शन में युवा भारतीय क्रिकेट टीम छह जुलाई से हरारे में शुरू होने वाली पांच मैचों की टी-20 अंतर्राष्ट्रीय श्रृंखला के लिए जिम्बाब्वे रवाना हो गई। टीम की कमान शुभमन गिल संभालेंगे जबकि युवा खिलाड़ी रियान पराग और अभिषेक शर्मा को पिछले आईपीएल में उनके प्रदर्शन के बाद पहली बार भारतीय टीम में शामिल किया गया है। टी-20 विश्व कप के लिए रिजर्व सलामी बल्लेबाज रहे कप्तान गिल ब्रेक पर थे और वह अमेरिका से सीधे हरारे में टीम से जुड़ेंगे। बीसीसीआई ने विमान में सवार लोगों की तस्वीरें एक्स पर पोस्ट कीं जिनमें अभिषेक, पराग, रुतुराज गायकवाड़, आवेश खान, रवि बिश्नोई, वाशिंगटन सुंदर, तुषार देशपांडे और एनसीए प्रमुख लक्ष्मण शामिल हैं। टीम के पांच सदस्य शिवम दुबे, संजू सैमसन, यशस्वी जायसवाल, रिंकू सिंह और खलील अहमद या तो टी20 विश्व कप विजेता टीम का हिस्सा थे या रिजर्व खिलाड़ी के रूप में टीम के साथ थे। हरारे के स्पोर्ट्स क्लब में होने वाली पांच मैचों की श्रृंखला 6 जुलाई से शुरू होगी। अन्य मैच 7, 10, 13 और 14 जुलाई को खेलें जाएंगे। जिम्बाब्वे के साथ पहले और दूसरे टी-20 के लिए भारतीय टीम में शुभमन गिल (कप्तान), रुतुराज गायकवाड़, अभिषेक शर्मा, रिंकू सिंह, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), रियान पराग, वाशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, आवेश खान, खलील अहमद, मुकेश कुमार, तुषार देशपांडे, साई सुदर्शन, जितेश शर्मा (विकेट कीपर) और हर्षित राणा को शामिल हैं।

# पुरुष एकल के पहले दौर में हारे सुमित

लंदन, एजेंसी

भारत के स्टार टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल को विंबलडन टूर्नामेंट 2024 में पुरुष एकल के पहले दौर के मुकाबले में सर्बिया के मिओमिर केकमैनोविच से हार का सामना करना पड़ा है।

सोमवार देर रात खेले गए मैच में सार्बियाई खिलाड़ी केकमैनोविच ने दो घंटे और 48 मिनट में नागल को 6-2, 3-6, 6-3, 6-4 से हराया। नागल के शानदार खेल की बदौलत मुकाबला चार सेटों तक खिंचा। सुमित ने पहला सेट 2-6 से हारने के बाद शानदार वापसी करते हुए दूसरा सेट 6-3 से जीता। हालांकि इसके बाद केकमैनोविच ने तीसरा सेट 3-6 से जीतकर 2-1 की बढ़त कर दिया। केकमैनोविच ने तीसरा सेट 3-6 और चौथे सेट में 6-4 से जीत लिया। नागल और सर्बिया के डुसन लाजोविच की जोड़ी अब पेड्रो मार्टिनेज और जौम मुनार से युगल मुकाबले में प्रतिस्पर्धा करेगी।



केकमैनोविचक के खिलाफ शॉट खेलते सुमित नागल। » एजेंसी

### अपने अंतिम विंबलडन में युगल मुकाबले खेलेंगे मरे

**लंदन।** दो बार के विंबलडन चैंपियन एंडी मरे ऑल इंग्लैड क्लब पर अंतिम बार उतरते हुए सिर्फ युगल मुकाबलों में खेलेंगे। मरे की एक हफ्ते से कुछ अधिक समय पहले पीठ की सर्जरी हुई है और मंगलवार को उन्होंने एकल मुकाबलों से हटने का फैसला किया। मरे ने सेंटर कोर्ट पर टॉमस मैकेक के खिलाफ मुकाबले से कुछ घंटों पहले एकल वर्ग से हटने का फैसला किया। मरे की प्रबंधन टीम ने एक बयान में कहा दुर्भाग्य से, एक सप्ताह पहले ही ऑपरेशन के बाद से उबरने की प्रक्रिया पर कड़ी मेहनत करने के बावजूद, एंडी ने इस साल एकल नहीं खेलने का बहुत कठिन निर्णय लिया है। बयान के अनुसार जैसा कि आप कल्पना कर सकते हैं, वह बेहद निराश हैं लेकिन उन्होंने पुष्टि की है कि वह जेमी के साथ युगल में खेलेंगे और विंबलडन में आखिरी बार प्रतिस्पर्धा करने के लिए उत्सुक हैं।

# वॉन और फ्लिंटॉफ के बेटे अंडर-19 में इंग्लैंड के लिए कर सकते हैं पदार्पण

लंदन, एजेंसी

- श्रीलंका के खिलाफ 8 को पदार्पण कर सकते हैं दोनों खिलाड़ी

इंग्लैंड के माइकल वॉन और एंड्रयू फ्लिंटॉफ की जोड़ी के अपने टेस्ट करियर को समाप्त करने के पंद्रह साल बाद उनके बेटों के श्रीलंका के खिलाफ दो टेस्ट मैचों से आयु वर्ग स्तर पर पारंपरिक प्रारूप में अपनी यात्रा शुरू करने की उम्मीद है।

पूर्व एशेज विजेता इंग्लैंड के कप्तान वॉन के बेटे आर्ची वॉन को मंगलवार को 14 सदस्यीय टीम में शामिल किया जिसमें 16 वर्षीय रॉकी फ्लिंटॉफ भी शामिल हैं जिन्होंने पहले ही युवा एकदिवसीय मुकाबलों में अंतरराष्ट्रीय पदार्पण कर लिया है। टीम में पारिवारिक संबंध साफ नजर आते हैं। इंग्लैंड के मौजूदा लेग स्पिनर रेहान के भाई फरहान अहमद और इंग्लैंड के पूर्व बल्लेबाज जो डेनली के 17 वर्षीय भतीजे जेडन डेनली को भी टीम में जगह मिली है। शीर्ष क्रम के बल्लेबाज और ऑफ स्पिनर 18 वर्षीय आर्ची ने इस सत्र की शुरुआत में अपने पहले पेशेवर अनुबंध में समरसेट का प्रतिनिधित्व किया। पिछले हफ्ते आयु वर्ग स्तर पर उन्होंने इंग्लैंड अंडर-19 एकदिवसय टीम के खिलाफ अभ्यास मैच में यंग लायंस आमंत्रण एकादश के लिए 83 गेंदों में 85 रन बनाकर सबका ध्यान खींचा। इंग्लैंड अंडर-19 टीम 8 से 11 जुलाई तक और 16 से 19 जुलाई तक दो टेस्ट मैचों में श्रीलंका अंडर-19 से भिड़ेगी।

# नीरज ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए किया प्रेरित : सुमरिवाला

मुंबई, एजेंसी

- भारतीय एथलेटिक्स महासंघ के अध्यक्ष बोले- काफी शांतचित और एकाग्र है नीरज

भारतीय एथलेटिक्स महासंघ के अध्यक्ष आदिल सुमरिवाला ने मंगलवार को यहां कहा कि ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता नीरज चोपड़ा शांतचित खिलाड़ी हैं, जो दबाव को कभी हावी नहीं होने देते है और दूसरे भारतीय खिलाड़ियों को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करते हैं। नीरज पुरुषों की भाला फेंक में मौजूदा विश्व चैंपियन भी हैं।

सुमारिवाला ने स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट एसोसिएशन ऑफ मुंबई द्वारा आयोजित एक चर्चा में भारत के सुपरस्टार एथलीट के बारे में कहा, एक तरफ नीरज नीरज है और दूसरी तरफ बाकी सब (एथलीट) हैं। जहां तक नीरज का सवाल है तो वह काफी शांतचित और एकाग्र है। अगर आप उससे पूछें, क्या आपको डर लगता है? तो वह कहेगा, डर तो सबको लगता है लेकिन तनाव नहीं लेना चाहिए। सुमरिवाला ने कहा, मैं प्रतिस्पर्धा में जाने से पहले हमेशा इन खिलाड़ियों से वार्मअप क्षेत्र में बातचीत करता हूं। वह कहता है कोई तनाव नहीं है।

# छह साल में पहली बार ओसाका को मिली जीत

विंबलडन, एजेंसी

नाओमी ओसाका ने सोमवार को विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट में छह साल में पहली जीत दर्ज की जब वह डियाने पैरी को हराकर महिला एकल के दूसरे दौर में जगह बनाने में सफल रहीं। आसोका पांच साल विंबलडन में खेली भी नहीं। बारह महीने पहले आसोका अपनी बेटी शाई के जन्म के कारण टूर का हिस्सा भी नहीं थी। उनकी बेटी मंगलवार को एक साल की हुई। आसोका ने पहले दौर के कड़े मुकाबले में पैरी को 6-1, 1-6, 6-4 से हराया।

जनवरी में टूर पर वापसी से पूर्व 15 महीने तक बाहर रहीं ओसाका की विश्व रैंकिंग इस समय 113 है जबकि वह दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी रह चुकी हैं। पैरी की विश्व रैंकिंग 53 है। दो बार की अमेरिकी और ऑस्ट्रेलियाई ओपन विजेता ओसाका 2019 में पहले दौर में हार के बाद पहली बार विंबलडन में हिस्सा ले रहीं थी। कोको गॉफ, 2021 की अमेरिकी ओपन विजेता ऐमा राडुकानु और तीन बार के ग्रैंडस्लैम विजेता कार्लोस अल्कारेज भी जीत दर्ज करने में सफल रहे। अल्कारेज ने पुरुष एकल में खिताब की रक्षा के अभियान की शुरुआत एस्टोनिया के क्वालीफायर मार्क ला याहल के खिलाफ 7-6, 7-5, 6-2 की जीत के साथ की। गॉफ ने कैरोलिन डोलेहाइड को 6-1, 6-2 से हराया जबकि राडुकानु ने रेनाटा जाराजुआ को 7-6, 6-3 से शिकस्त दी।

### अजारेंका और चोटिल सबालेंका विंबलडन से हटीं

**लंदन।** बेलारुस की टेनिस महिला खिलाड़ियों एरिना सबालेंका और विक्टोरिया अजारेंका को कंधे की चोट के कारण विंबलडन टूर्नामेंट से हटना पड़ा है। मीडिया से बातचीत में सबालेंका ने कहा हम अपनी टीम के साथ हरसंभव प्रयास कर रहे थे कि मैं यहां अपना पहला मैच खेल सकू लेकिन मैं इसके लिए प्रतिशत तैयार नहीं हू। इसके बाद सबालेंका ने सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पर लिखा, मैंने स्वयं को तैयार करने का हर संभव प्रयास किया लेकिन दुर्भाग्य से मेरा कंधा साथ नहीं दे रहा है। मैंने आज अभ्यास का पूरा नहीं कर पाई। मेरी टीम ने समझाया कि खेलने से चीजें और भी खराब हो जाएंगी। सोमवार को अभ्यास बीच में ही समाप्त करने के बाद साबलेंका ने टूर्नामेंट से अपना नाम वापस ले लिया और इसके बाद में उनकी हमवतन विक्टोरिया अजारेंका भी कंधे की चोट के कारण विंबलडन से हट गईं।

# शूटआउट में जीता पुर्तगाल, क्वार्टरफाइनल में

**यूरो कप 2024**

फ्रैंकफर्ट, एजेंसी

यूरोकप 2024 के राउंड ऑफ 16 में पुर्तगाल ने पेनल्टी शूटआउट में स्लोवेनिया को 3-0 से हराकर क्वार्टरफाइनल में प्रवेश कर लिया है। सोमवार को खेले गए रोमांचक मुकाबले में पुर्तगाल के कप्तान क्रिस्टियानो रोनाल्डो के पास अतिरिक्त समय में दो गोल करने का मौका था लेकिन वह चूक गए और मैदान में रोते हुए देखे गए।

पेनल्टी शूटआउट में पुर्तगाल के गोलकीपर डिओगो कोस्टा के लगातार तीन गोल बचाकर अपनी टीम क्वार्टरफाइनल में पहुंचाया। पुर्तगाल अगले दौर में फ्रांस से भिड़ेंगे। फ्रांस बेल्जियम को 1-0 से हराकर अगले दौर में पहुंचा है। मैच के बाद रोनाल्डो ने कहा मेरे पास खेल का फैसला करने का मौका था, लेकिन मैं चूक गया और ओब्लाक ने शानदार बचाव किया। पुर्तगाल के गोलकीपर कोस्टा ने कहा, यह मेरे करियर का अब तक का सबसे अच्छा मैच था। मैंने पेनल्टी शूटआउट के दौरान स्वयं पर भरोसा किया। बेशक, हमने शूटरों का विश्लेषण किया था, लेकिन खिलाड़ी अक्सर मैदान पर मन बदल लेते हैं, इसलिए मैंने अपने अंतर्ज्ञान पर भरोसा किया। पुर्तगाल के कोच रॉबर्टो मार्टिनेज ने कोस्टा की प्रशंसा करते हुए कहा कोस्टा हमारा गुप्त हथियार है। उसने आज अपनी ताकत दिखाई।



पेनल्टी शूटआउट में गोल दागते क्रिस्टियानो रोनाल्डो। ● एजेंसी

### बेल्जियम को हराकर क्वार्टरफाइनल में पहुंचा फ्रांस

**डसेलडोर्फ (जर्मनी)।** रेंडल कोलो मुआनी के शॉट पर आत्मघाती गोल से फ्रांस ने बेल्जियम को 1-0 से हराकर यूरो 2024 फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। दो दिग्गज पड़ोसी टीमों और दुनिया की दूसरे (फ्रांस) तथा तीसरे (बेल्जियम) नंबर की टीमों के बीच हुआ यह प्री क्वार्टर फाइनल मुकाबला उम्मीदों पर खरा नहीं उतरा और मैच में सिर्फ एक गोल हो पाया।

**कोपा अमेरिका 2024**

### उरूग्वे के खिलाफ 0-1 की हार से बाहर हुआ अमेरिका

**कन्सास सिटी (अमेरिका)।** अमेरिका को मथास ओलिवेरा के दूसरे हाफ में दागे विवादास्पद गोल के कारण उरूग्वे के खिलाफ 0-1 से शिकस्त का सामना करना पड़ा जिससे टीम कोपा अमेरिका फुटबॉल टूर्नामेंट से बाहर हो गई। इसके साथ ही अमेरिकी सॉकर महासंघ पर 2026 विश्व कप से पहले कोच ग्रेग बरहाल्टर को हटाने का दबाव भी बढ़ गया है।

### बोलीविया को हरा कर पनामा क्वार्टरफाइनल में

**ओरलैंडो।** पनामा को ग्रुप सी मैच में बोलीविया को 3-1 से हराकर दूसरे स्थान पर रहते हुए पहली बार कोपा अमेरिका फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने में सफल रहा। पनामा क्वार्टर फाइनल में ग्रुप डी के विजेता से भिड़ेगा जो ब्राजील या कोलंबिया हो सकता है। एडवर्डो गुइरेरो ने 79वें मिनट में पनामा को 2-1 की बढ़त दिलाई जबकि सेजार यानिस ने इंजरी टाइम के पहले मिनट में एक और गोल दागकर टीम की 3-1 से जीत सुनिश्चित की।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित। **संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।**

## दक्षिण पंथियों को हराने के लिए 190 उम्मीदवारों ने वापस लिए नाम

**पेरिस, एजेंसी**

**फ्रांस में चुनाव**

- **दूसरे दौर के चुनाव के लिए उम्मीदवारों की सूची जमा की**
- **आरएन को जीत से रोकने के लिए इमैनुएल मैक्रों ने बनाया प्लान**

फ्रांसीसी उदारवादी राजनीतिक गठबंधन एन्सेम्बल व न्यू पॉपुलर फ्रंट के वामपंथी चुनावी गठबंधन के कम से कम 190 उम्मीदवार दक्षिणपंथी नेशनल रैली (आरएन) को हराने में मदद करने के लिए संसदीय चुनाव के दूसरे दौर से हट गए हैं।

फ्रांस के अखबार ले मोंडे ने मंगलवार को रिपोर्ट में यह जानकारी दी। तीन सौ से अधिक फ्रांसीसी चुनावी जिलों में मतदान के पहले दिन के नतीजों से पता चला कि दाएं, बाएं और राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के राजनीतिक गठबंधन के तीन मुख्य ब्लॉक के उम्मीदवार दूसरे दौर में आगे बढ़ गए थे। कथित तौर पर मैक्रों के विचार के लिए उनके गठबंधन और वामपंथी ब्लॉक के उम्मीदवारों की आवश्यकता थी जो आकस्मिक चुनाव के पहले दौर के बाद अपने जिले में तीसरे स्थान पर आए थे। ताकि दक्षिणपंथी उम्मीदवारों को रोकने के लिए दूसरे दौर से हट जाएं, क्योंकि जो उम्मीदवार दूसरे स्थान पर था। दूसरे दौर के चुनाव के लिए अपने उम्मीदवारों की सूची मगंलवार शाम 6:00 बजे तक जमा करा दिए।

## मानसून के मौसम में डेंगू के डंक से सावधान

देश के कई राज्यों में मानसून ने दस्तक दे दी है। इस मौसम में कई सारी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। डेंगू इन्हीं बीमारियों में से एक है जो मानसून में सबसे ज्यादा लोगों को प्रभावित करता है। यहां तक की डेंगू बुखार कभी-कभी जानलेवा भी साबित हो जाता है। बारिश के मौसम में घर के आसपास और पड़ोस में बारिश के कारण हुए जलभराव से डेंगू मच्छर पनप सकता है। यह मच्छर साफ पानी में पैदा होता है, यदि आपके घर में खुले स्थानों पर पानी भरा है तो डेंगू का मच्छर पैदा हो जाएगा, इसलिए अपने आसपास जमा पानी को खाली करते रहें। कुछ बातों को ध्यान में रख आप इससे अपना बचाव कर सकते हैं।

### डेंगू के लक्षण

आमतौर पर डेंगू बुखार के लक्षणों में एक साधारण बुखार होता है और किशोरों एवं बच्चों में इसकी आसानी से पहचान नहीं की जा सकती। डेंगू में 104 फारेनहाइट डिग्री का बुखार होता है, जिसके साथ इनमें से कम से कम दो लक्षण होते हैं : सिर दर्द, मांसपेशियों व हड्डियों और जोड़ों में दर्द, जी मिचलाना, उल्टी लगना, आंखों के पीछे दर्द, ग्रंथियों में सूजन, त्वचा पर लाल चकते होना इत्यादि। इसमें तीन प्रकार के बुखार होते हैं, जिनसे व्यक्ति को खतरा होता है, जो इस प्रकार हैं – हल्का डेंगू बुखार, डेंगू रक्तस्रावी बुखार और डेंगू शॉक सिंड्रोम। तीनों में डेंगू शॉक सिंड्रोम सबसे खतरनाक होता है। यहां तक कि यह मौत का कारण भी बन सकता है।





### यह भी हैं कारगर उपाय

- **मच्छर रोधी क्रीम :** डाइथाइलटोलुआमाइड (डीईईटी) के कम से कम 10 प्रतिशत कंसंट्रेशन वाला रेपेलेंट प्रभावी रहता है। लंबे समय तक जोखिम हो तो फिर उच्च कंसंट्रेशन वाले रेपलेंट की आवश्यकता होती है।
- **व्यक्तिगत स्वच्छता :** जब आप किसी वायरस से संक्रमित होते हैं, तो आप अन्य बीमारियों के प्रति अतिरिक्त संवेदनशील हो जाते हैं। डेटॉल लिक्विड हैंडवॉश का प्रयोग करें, जो कीटाणुओं को दूर रखने का काम करता है।
- **ठहरे हुए पानी को कीटाणुरहित करें :** एडीज मच्छर साफ और स्थिर पानी में पनपता है। पानी के बर्तन या टंकी को हर समय ढककर रखें और यदि आवश्यक हो तो एक उचित कीटाणुनाशक का उपयोग करें।

### डेंगू का उपचार

डेंगू बुखार का कोई विशिष्ट उपचार नहीं है, क्योंकि डेंगू एक वायरस है। यथासमय देखभाल से मदद मिल सकती है, जो कि इस बात पर निर्भर करता है कि बीमारी कितनी गंभीर है। डेंगू बुखार होने आप चिकित्सा परामर्श लेकर स्वस्थ हो सकते हैं। हमारे शरीर के अधिकांश तरल पदार्थों का उल्टी और तेज बुखार के दौरान ह्रास हो जाता है। तरल पदार्थों के सेवन से आसानी से डिहाइड्रेट नहीं होगा।

### डेंगू के कारण

डेंगू चार वायरसों के कारण होता है, जो इस प्रकार हैं – डीईएनवी-1, डीईएनवी-2, डीईएनवी-3 और डीईएनवी-4। जब यह पहले से संक्रमित व्यक्ति को काटता है तो वायरस मच्छर के शरीर में प्रवेश कर जाता है। और बीमारी तब फैलती है जब वह मच्छर किसी स्वस्थ व्यक्ति को काटता है, और वायरस व्यक्ति के रक्तप्रवाह के जरिये फैलता है। एक बार जब कोई व्यक्ति डेंगू बुखार से उबर जाता है, तो वह विशिष्ट वायरस से प्रतिरक्षित होता है, लेकिन अन्य तीन प्रकार के वायरस से नहीं। यदि आप दूसरी, तीसरी या चौथी बार संक्रमित होते हैं तो गंभीर डेंगू बुखार, जिसे डेंगू रक्तस्रावी बुखार के रूप में भी जाना जाता है, के विकसित होने की संभावना बढ़ जाती है।

### एक नजर

#### इमरान खान की पत्नी को अग्रिम जमानत दी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की एक भ्रष्टाचार रोधी अदालत ने जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पत्नी बुशरा बीबी को भ्रष्टाचार मामले में मंगलवार को अग्रिम जमानत दे दी। खान और बुशरा बीबी सहित अन्य आरोपियों पर अल-कादिर ट्रस्ट भ्रष्टाचार मामले में देश के खजाने को लगभग 50 अरब रुपये का नुकसान पहुंचाने का आरोप है।

#### पाकिस्तान में दो अभियानों में नौ आतंकवादी मारे गए

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने देश के उत्तर-पश्चिमी प्रांत खैबर पख्तूनख्वा (केपी) प्रांत में दो अभियानों में नौ आतंकवादियों को मार गिराया है। पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने एक बयान में कहा कि सुरक्षा बलों ने खुफिया जानकारी के आधार पर केपी के खैबर और लक्की मारवात जिलों में अभियान चलाया।

#### मंगोलिया की संसद ने नया स्पीकर चुना

**उलान बटोर।** मंगोलिया की संसद, जिसे स्टेट ग्रेट खुराल भी कहा जाता है, ने पिछले शुक्रवार को हुए नियमित संसदीय चुनावों के बाद मंगलवार को दशजेग्वे अमरबायसगलान को अपना नया अध्यक्ष चुना। अमरबयासगलन (43) ने 2022 से मुख्य कैबिनेट सचिव और 2016 से सत्तारूढ़ मंगोलियाई पीपुल्स पार्टी (एमपीपी) के महासचिव के रूप में अपनी सेवा दी है।

#### मिसाइल हमले में पांच यूक्रेनी लड़ाकू विमान हुए नष्ट

**मॉस्को।** रूसी सशस्त्र बलों ने सोमवार को यूक्रेन के पोल्टावा क्षेत्र में एक हवाई क्षेत्र पर मिसाइल हमला किया, जिसमें पांच यूक्रेनी एसयू-27 लड़ाकू विमान नष्ट हो गए। रूसी रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को यहां यह जानकारी दी। मंत्रालय ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया चैनल के माध्यम से बताया कि इस्कैंडर-एम ऑपरेशनल-टैक्टिकल मिसाइल सिस्टम के हमले ने मायरहोरोड हवाई क्षेत्र में विमान पार्किंग क्षेत्र को निशाना बनाया तथा यूक्रेनी सशस्त्र बलों से संबंधित पांच एसयू-27 लड़ाकू विमानों को नष्ट कर दिया।

## ट्रंप पर अदालत का फैसला शासन को कमजोर करने वाला : बाइडेन

### आपराधिक मुकदमे से छूट के सुप्रीम कोर्ट के फैसले को एक खतरनाक मिसाल बताया

**वाशिंगटन, एजेंसी**



अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने अपने पूर्ववर्ती डोनाल्ड ट्रंप को आपराधिक मुकदमे से आंशिक छूट देने वाले सुप्रीम कोर्ट के फैसले को एक खतरनाक मिसाल बताया है। ट्रंप द्वारा सोमवार को अदालत के फैसले को लोकतंत्र के लिए बड़ी जीत बताने के बाद बाइडेन ने कहा कि फैसले ने कानून के शासन को कमजोर कर दिया है और यह अमेरिकियों के लिए एक भयानक अन्याय है।

अदालत ने इससे पहले दिन में पाया कि राष्ट्रपति को आधिकारिक कृत्यों के लिए छूट प्राप्त रहती है, लेकिन अनौपचारिक कृत्यों के लिए उन्हें छूट नहीं मिलती और मामले को वापस ट्रायल जज के पास भेज दिया। बीबीसी की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि इस फैसले से 2020 के चुनाव परिणाम को पलटने की कथित कोशिश के लिए ट्रंप के खिलाफ उन आपराधिक मामले में देरी होगी, जिसमें बाइडेन को जीत मिली थी। ट्रायल जज को अब यह निर्धारित करना होगा कि राष्ट्रपति के रूप में ट्रंप ने कौन से आपराधिक कार्य किए थे, जिसमें कई महीने लग सकते हैं।

रिपोर्ट में बताया गया है कि नवंबर के राष्ट्रपति चुनाव से पहले कोई भी मुकदमा शुरू होने की संभावना नहीं है। राष्ट्रपति बाइडेन ने सोमवार देर रात एक टेलीविजन बयान में कहा इस राष्ट्र की स्थापना इस सिद्धांत पर हुई थी कि अमेरिका में कोई राजा नहीं है। हम में से प्रत्येक कानून के समक्ष समान है। कोई भी, कोई भी कानून से ऊपर नहीं है। अमेरिका का राष्ट्रपति भी नहीं। आज के (अदालत के) फैसले का लगभग निश्चित रूप से मतलब है कि राष्ट्रपति क्या कर सकता है, इसकी वस्तुतः कोई सीमा नहीं है।

### भारत के साथ हम आर्थिक और सुरक्षा सहयोग को कर रहे हैं मजबूत

**वाशिंगटन/नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिकी विदेश विभाग के उप प्रवक्ता वेदांत पटेल ने कहा है कि भारत और अमेरिका के बीच संबंध पहले से और अधिक मजबूत हुए हैं। भारत चाहे ईरान और रूस के साथ संबंधों को आगे बढ़ा रहा है, लेकिन अमेरिका कई प्रमुख क्षेत्रों में विशेष रूप से आर्थिक संबंधों और सुरक्षा सहयोग में उसके (भारत) साथ अपने संबंधों को मजबूत कर रहा है। पटेल से जब पूछा गया कि ईरान और रूस के साथ भारत के संबंधों के मद्देनजर अमेरिका भारत के साथ अपने गहरे होते संबंधों से कैसे निपटेगा, तो उन्होंने कहा भारत एक ऐसा देश है जिसके साथ हम कई प्रमुख क्षेत्रों में अपने संबंधों को गहरा कर रहे हैं, खासकर जब यह हमारे आर्थिक संबंधों और सुरक्षा सहयोग को मजबूत करने से संबंधित है। अमेरिकी राष्ट्रपति को कुछ हफ्ते पहले जी7 पर प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात का अवसर मिला था। पटेल ने पिछले साल जून में मोदी की वाशिंगटन की राजकीय यात्रा के बारे कहा आप इस तथ्य से अनजान नहीं हैं कि हमने पिछली गर्मियों में मोदी की राजकीय यात्रा के लिए भारत की मेजबानी की थी।

## सही समय पर फिलिस्तीन को मान्यता देगा सिंगापुर

**सिंगापुर।** सिंगापुर सैद्धांतिक रूप से फिलिस्तीन को एक देश के रूप में मान्यता देने के लिए तैयार है और यह कदम उचित समय पर उठाया जाएगा। विदेश मंत्री विवियन बालाकृष्णन ने मंगलवार को संसद में यह बात कही। बालाकृष्णन ने इस बात पर जोर दिया कि देश ने स्थायी शांति प्राप्त करने के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रासंगिक प्रस्तावों के अनुरूप, वार्ता के माध्यम से द्वि-राष्ट्र समाधान की वकालत की है।

डॉ. बालाकृष्णन ने कहा विशेष रूप से, एक प्रभावी फिलिस्तीनी सरकार की आवश्यकता है जो इजराइल के अस्तित्व के अधिकार को स्वीकार करे और आतंकवाद को स्पष्ट रूप से अस्वीकार करे। दैनिक समाचारपत्र द स्ट्रेट्स टाइम्स ने मंत्री के हवाले से अपनी रिपोर्ट में कहा दोनों पक्षों के वैध अधिकार हैं और दोनों देशों के लोगों को सुरक्षित सीमाओं के भीतर शांति और सम्मान के साथ रहने का अधिकार है। सिंगापुर द्वारा 10 मई को संयुक्त राष्ट्र के एक प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया गया था, जिसमें संयुक्त राष्ट्र में फिलिस्तीन को सदस्य देश के रूप में शामिल करने का समर्थन किया गया है।

## विश्वास मत का सामना करेगी प्रचंड सरकार

**काठमांडू, एजेंसी**

**नेपाल में सियासी संकट**

- **नेपाली कांग्रेस व सीपीएन-यूएमएल के बीच गठबंधन, नई सरकार बनाने का प्रयास**

नेपाल के सबसे बड़े दलों में शामिल नेपाली कांग्रेस और सीपीएन-यूएमएल के बीच नई गठबंधन सरकार बनाने के लिए सहमति बनने के बीच प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल प्रचंड ने पद से इस्तीफा नहीं देने का फैसला किया है। नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी केंद्र) के सचिव गणेश शाह ने बताया कि पार्टी पदाधिकारियों की मंगलवार को प्रधानमंत्री कार्यालय में हुई बैठक में प्रचंड ने कहा कि वह पद से इस्तीफा देने के बजाय संसद में विश्वास मत का सामना करना पसंद करेंगे। गणेश शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री प्रचंड (69) ने अपने डेढ़ साल के कार्यकाल के दौरान संसद में तीन बार विश्वास मत हासिल किया है। यह घटनाक्रम ऐसे समय में हुआ है, जब नेपाल के दो सबसे बड़े दलों - नेपाली कांग्रेस और सीपीएन-यूएमएल ने प्रधानमंत्री प्रचंड को सत्ता से बेदखल करने के लिए एक नई राष्ट्रीय सर्वसम्मति सरकार बनाने के वास्ते आधी रात को एक समझौता किया। नेपाल के प्रतिनिधि सदन में सबसे बड़ी पार्टी नेपाली कांग्रेस के पास 89 सीट जबकि सीपीएन-यूएमएल के पास 78 सीट हैं।



### नई गठबंधन सरकार के लिए किए हस्ताक्षर

नेपाली कांग्रेस के अध्यक्ष शेर बहादुर देउबा और नेपाल की कम्युनिस्ट पार्टी-एकीकृत मार्क्सवादी लेनिनवादी (सीपीएन-यूएमएल) के अध्यक्ष एवं पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने नई गठबंधन सरकार बनाने के लिए सोमवार मध्यरात्रि को समझौते पर हस्ताक्षर किए। देउबा (78) और ओली (72) संसद के शेष कार्यकाल के लिए बारी-बारी से प्रधानमंत्री पद साझा करने पर सहमत हुए हैं।

## केन्या में विरोध प्रदर्शन, 39 की मौत

**नैरोबी, एजेंसी**



### नए टैक्स के खिलाफ जनता में गुस्सा

केन्या में सरकार द्वारा नए टैक्स लगाने से जनता काफी गुस्से में है और बड़े स्तर पर विरोध प्रदर्शन आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में मंगलवार को भीड़ संसद में प्रवेश कर गई और वहां आगजनी की। इसके बाद सांसदों को संसद भवन से सुरक्षित निकाला गया। प्रदर्शनकारी नए टैक्स का विरोध कर रहे हैं जिससे डायपर जैसी वस्तुओं की कीमत बढ़ जाएगी।

पूर्वी अफ्रीकी देश केन्या में विवादास्पद कर वृद्धि विधेयक के खिलाफ विरोध प्रदर्शनों में करीब 39 लोग मारे गए हैं और 361 अन्य घायल हुए हैं। केन्या नेशनल कमीशन ऑन ह्यूमन राइट्स (केएनसीएचआर) ने सोमवार को मृतकों के बारे में जानकारी दी।

इससे पहले केएनसीएचआर ने शनिवार को बताया था कि केन्या में चल रहे हिंसक विरोध प्रदर्शनों के दौरान करीब 30 लोग मारे गये थे। मानवाधिकार समूह ने केन्याई सुरक्षा बलों पर प्रदर्शनकारियों की भीड़ पर सीधे गोलियां चलाने का भी आरोप लगाया है। आयोग ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा हमारे रिकॉर्ड से पता चलता है कि देश भर में विरोध प्रदर्शनों में 39 लोग मारे गए हैं और 361 अन्य घायल हुए हैं। विरोध प्रदर्शनों के दौरान देश में 32 लोगों के लापता होने का मामला सामने आया है और 627 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। जून के मध्य से केन्या में विरोध प्रदर्शन शुरू हुआ है। जब सरकार ने ब्रेड, चीनी परिवहन, मोबाइल व विदेशी मुद्रा लेनदेन पर 16 प्रतिशत वैट लगाने के साथ कारों व तेल पर उत्पाद शुल्क लगाने वाला विधेयक पेश किया था।

## अमेरिका यूक्रेन को हथियारों के लिए देगा 2.3 अरब डॉलर

**वाशिंगटन।** रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने मंगलवार को कहा कि अमेरिका जल्द ही यूक्रेन के लिए 2.3 अरब अमेरिकी डॉलर की अतिरिक्त सुरक्षा सहायता की घोषणा करेगा, जिसमें टैंक रोधी हथियार, इंटरसेप्टर और पैट्रियट और अन्य वायु रक्षा प्रणालियों के लिए युद्ध सामग्री शामिल होगी। यूक्रेन के रक्षा मंत्री रूस्तम उमेरोव ने अमेरिका रक्षा मुख्यालय पेंटागन में ऑस्टिन से मुलाकात की थी जिसके बाद यह घोषणा हुई है। यह डोनेत्स्क क्षेत्र में रूसी सेना से लड़ने में मदद के लिए कीव की अपील पर मजबूत प्रतिक्रिया है। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने रविवार को कहा था कि रूस ने पिछले हफ्ते में ही यूक्रेन में 800 से अधिक शक्तिशाली ग्लाइड बम गिराए हैं। उन्होंने रूस के अंदर सैन्य ठिकानों पर हमला करने के लिए पश्चिमी हथियारों के इस्तेमाल पर प्रतिबंधों में ढील का आग्रह किया।

## भारतीय स्त्री रोग विशेषज्ञ धोखाधड़ी मामले में दोषी

**शिकागो, एजेंसी**

भारतीय अमेरिकी प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ मोना घोष ने बीमाकर्ताओं को उन सेवाओं व प्रक्रियाओं के लिए प्रतिपूर्ति दावे प्रस्तुत करने की बात स्वीकार की जो प्रदान नहीं की गई थीं या चिकित्सकीय रूप से आवश्यक नहीं थीं। उन्हें शिकागो के चिकित्सक को संघीय स्वास्थ्य देखभाल धोखाधड़ी के आरोपों में दोषी ठहराया गया है।

मेडिकेड एवं निजी बीमाकर्ताओं को गैर-मौजूद सेवाओं के बिल देने के लिए 20 साल की जेल की सजा सुनाई गई है। अटॉर्नी कार्यालय के अनुसार, मोना घोष प्रोग्रेसिव वूमेन हेल्थकेयर की मालिक और संचालिका थीं। अमेरिकी अटॉर्नी कार्यालय ने कहा घोष ने धोखाधड़ी से कार्यालय और टेलीमेडिसिन यात्राओं की जटिलता को बढ़ा-चढ़ाकर बताया तथा बिलिंग कोड का उपयोग करके दावे प्रस्तुत किए। वहीं इलिनोइस के एक अन्य चिकित्सक को भी 27 जून को दो मामलों में दोषी ठहराया, प्रत्येक मामले में 10 साल की सजा की उम्मीद है।

### भारतीय मूल के गुरु पर यौन उत्पीड़न का मुकदमा

**लंदन।** भारतीय मूल के गुरु राजेंद्र कालिया के खिलाफ इस सप्ताह लंदन के उच्च न्यायालय में यौन उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए कई महिलाओं ने लाखों पाउंड के हर्जाने के लिए मुकदमा दर्ज कराया है। महिलाओं का दावा है कि वे उसकी शिष्याएं थी जबकि कालिया का दावा है कि वह इंग्लैंड की एक धार्मिक सोसाइटी का मुख्य पुजारी है। कालिया (68) पहले से चल रहे एक मुकदमे में प्रतिवादी हैं जिसमें उस पर अपने उपदेशों और शिक्षाओं के साथ-साथ चमत्कार का कथित प्रदर्शन कर अनुयायियों के कार्यों को अनुचित रूप से प्रभावित करने का आरोप लगाया गया है।

## अमरनाथ के लिए 6,500 तीर्थयात्रियों का नया जत्था रवाना

**जम्मू।** दक्षिण कश्मीर हिमालय में स्थित अमरनाथ गुफा मंदिर के लिए 6,500 से अधिक तीर्थयात्रियों का नया जत्था मंगलवार को कड़ी सुरक्षा के बीच जम्मू से रवाना हुआ। सोमवार को 23,000 से अधिक तीर्थयात्रियों ने 3,880 मीटर की ऊंचाई पर स्थित गुफा मंदिर में बाबा बर्फानी के दर्शन किए।

**चलती बस से कूदने पर 10 तीर्थयात्री घायल :** जम्मू-कश्मीर के रामबन जिले में अमरनाथ यात्रा से लौट रहे कम से कम 10 तीर्थयात्री चलती बस से कूदने पर घायल हो गए। यह घटना उस वक्त हुई, जब चालक ने यात्रियों को बताया कि बस के ब्रेक फेल हो गए हैं। सैन्यकर्मियों और पुलिस कर्मियों ने बस को रोक लिया, जिससे जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर संभावित दुर्घटना टल गई। अधिकारियों ने बताया कि बस में 40 तीर्थयात्री सवार थे।

## बॉलीवुड हलचल

### एटली की आगामी फिल्म में एक साथ होंगे कमल हसन, सलमान

**मुंबई।** सुपरहिट निर्देशक एटली अपनी अगली फिल्म में सलमान खान और कमल हसन को एक साथ कास्ट करने के लिये तैयार हैं। उनकी आखिरी ब्लॉकबस्टर जवान फिल्म 2023 में रिलीज हुई थी, जिसमें एसआरके, दीपिका पादुकोण और नयनतारा अभिनय करते नजर आए थे। एटली पूरी तरह से तैयार है अपनी अगले फिल्म की शुरुआत करने के लिए जिसका नाम अभी तक अज्ञात है। उन्होंने पहले सलमान खान और रजनीकांत को एक साथ कास्ट करने का सोचा था लेकिन अब सूत्रों ने बताया कि एटली कमल हसन और सलमान खान को एक साथ मेगा प्रोजेक्ट में ला सकते हैं। सूत्रों ने मीडिया को बताया कि दोनों मेगास्टार कथित तौर पर आगामी एक्शन थ्रिलर के लिये चर्चा कर रहे हैं और उन्हें इसकी कहानी पसंद आयी है। एटली की अगली फिल्म की कुछ प्रक्रिया जुलाई के अंत तक पूरी की जानी है, जिसके बाद वह आगे कार्रवाई शुरू करेंगे।

### शाहरुख खान को 'करियर अचीवमेंट अवॉर्ड' से किया जाएगा सम्मानित



**मुंबई।** अभिनेता शाहरुख खान को लोकार्नो फिल्म महोत्सव के 77वें संस्करण में करियर अचीवमेंट सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। आयोजकों ने मंगलवार को इसकी घोषणा की। खान पार्डो अला कैरियर असकोना-लोकार्नो टूरिज्म से सम्मानित होने वाले पहले भारतीय होंगे। इससे पहले, इतालवी फिल्म निर्माता फ्रांसेस्को रोसी, अमेरिकी गायक-अभिनेता हैरी बेलाफोनेट और मलेशियाई निर्देशक साई मिंग-लियांग इस पुरस्कार से सम्मानित किए जा चुके हैं। खान (58) को 10 अगस्त को स्विट्जरलैंड के लोकार्नो स्थित पियाजा ग्रांडे में यह पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। सात अगस्त से शुरू होने वाले इस महोत्सव में संजय लीला भंसाली निर्देशित 2002 की फिल्म देवदास भी दिखाई जाएगी। खान 11 अगस्त को फोरम स्पेज़ियो सिनेमा में आम जनता के लिए खुली बातचीत में भी शामिल होंगे। लोकार्नो फिल्म महोत्सव के कलात्मक निदेशक जियोना ए नाज़ारो ने कहा कि इस समारोह में शाहरुख का स्वागत करना एक सपने के सच होने जैसा है। उन्होंने कहा भारतीय सिनेमा में उनका योगदान बेमिसाल है।

### वरूण धवन को पसंद आयी कल्कि 2898 एडी

**मुंबई।** बॉलीवुड के चॉकलेटी हीरो वरूण धवन को फिल्म कल्कि 2898 एडी बेहद पसंद आई है। नाग अश्विन द्वारा निर्देशित, कल्कि 2898 एडी में अमिताभ बच्चन, कमल हसन, प्रभास, दीपिका पादुकोण और दिशा पाटनी सहित कई शानदार कलाकार हैं। वैजयंती मूवीज द्वारा निर्मित यह फिल्म 27 जून दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज हुई है।बॉलीवुड से लेकर साउथ स्टारर्स तक फिल्म की तारीफ कर रहे हैं। इसी बीच वरूण धवन ने भी कल्कि 2898 एडी की तारीफ की है। वरुण धवन ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर लिखा,कल्कि वह सब कुछ है, जिसका सपना हमने भारतीय सिनेमा के लिए देखा था।

**खगोल विज्ञान** | जे0011 3217 नाम दिया गया है इस आकाशगंगा का नाम

## अंतरिक्ष में नई रेडियो आकाशगंगा की खोज

**संवाददाता, नैनीताल**

**अमृत विचार:** खगोलविदों ने एक नई रेडियो आकाशगंगा की खोज की है। यह विशाल आकार की आकाशगंगा है। जिसे जे0011 3217 नाम दिया गया है। यह एक तरफा द्वितीयक लोब सहित विशिष्ट विशेषताओं को प्रदर्शित करती है।

ब्रह्मांड में आकाशगंगाओं का अपना अलग महत्व व स्थान हैं। रेडियो आकाशगंगाओं के बारे में कम ही लोग जानते समझते हैं। मगर वैज्ञानिक मानते हैं कि अंतरिक्ष की प्रत्येक वस्तु व जानकारी सभी को होनी चाहिए।

रेडियो आकाशगंगाओं की बात करें तो वह अपने केंद्रीय कोर से भारी मात्रा में रेडियो तरंगें उत्सर्जित करती हैं। इन आकाशगंगाओं के केंद्रों में ब्लैक होल गैस और धूल जमा होती रहती हैं। जिससे रेडियो तरंग दैर्ध्य में दिखाई देने वाले उच्च-ऊर्जा जेट उत्पन्न होते हैं, जो विद्युत आवेशित कणों को उच्च वेग तक गति प्रदान करते हैं। वैज्ञानिकों के अनुसार यह अपने सक्रिय चरण यानी 100 मिलियन वर्ष तक चलने के दौरान एक विशिष्ट रेडियो आकाशगंगा में कोर, लोब, जेट और हॉटस्पॉट जैसी विशेषताएं खुद में रखती हैं और इस चरण के बीत जाने के बाद उनकी गतिविधि के संकेत आम तौर पर गायब हो जाते हैं। इसकी वजह से सक्रिय गैलेक्टिक न्यूक्लियस (एजीएन) का स्रोत बंद हो जाता है। यह खोज प्री-प्रिंट सर्वर में प्रकाशित हुई है।

भारत के मिदनापुर सिटी कॉलेज की शोभा कुमारी के नेतृत्व में खगोलविदों की टीम ने इस आकाशगंगा का पता लगाने वाली रिपोर्ट प्रस्तुत की है।



- **आकाशगंगाओं के केंद्रों में ब्लैक होल गैस व धूल जमा होती रहती हैं**

### आकाशगंगाओं की विस्तृत जानकारी जुटानी होंगी

**नैनीताल :** आकाशगंगाओं का संसार अजूबा है। जिनकी विस्तृत जानकारी जुटाना बाकी है। तकनीकी विकास व अध्ययन की सुविधाओं के विस्तार के साथ अप्रत्याशित जानकारी सामने आ सकती हैं। इसके लिए व्यापक स्तर पर प्रयास की जरूरत वैज्ञानिक महसूस करते हैं।